RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 99
लखनऊ, शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



घोषित प्रत्याशियों के पाला बदलने से कांग्रेस हुई असहज
चौपाल-7

www.dailypioneer.com

# सपा सरकार बनी तो गुंडाराज लौटेगा: शाह

## ● कहा, सपा और बसपा ने सिर्फ जातिवाद और तुष्टीकरण को ही आगे बढ़ाया

**भाषा।** मथुरा, नोएडा

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में यदि उनकी (अखिलेश की) पार्टी सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश में गुंडाराज फिर वापस आए जाएगा। घर-घर प्रचार के दौरान यहां प्रभावी मतदाताओं को संबोधित करते हुए शाह ने सपा और बहुजन समाज पार्टी पर वंशवाद और जातिवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

राज्य विधानसभा चुनाव के लिए घर-घर प्रचार अभियान की शुरुआत से पहले शाह ने यहां बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए। सपा की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि क्या तब गुंडाराज नहीं था? क्या बाहुबली लोगों को परेशान नहीं करते थे? बहन-बेटियों का उत्पीड़न नहीं होता था? सपा नेता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आजम खान को गिरफ्तार किया गया और उन पर दर्ज मुकदमों में अपराध दंड संहिता की धाराएं कम पड़ गईं। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर आलोचना



मथुरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

करने के लिए अखिलेश यादव पर तंज कसा और कहा कि उन्हें इस बारे में शिकायत करने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहाकि अखिलेश बाबू आप कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हो। आप को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।

आपको कानून व्यवस्था पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा के शासनकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रदेश की बागडोर एक बार फिर अखिलेश के हाथ में गई तो राज्य में फिर से गुंडाराज व्याप्त हो जाएगा। लेकिन अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह विकास को बढ़ावा देगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सपा और बसपा की पिछली सरकारों ने कुछ विशेष जातियों के लिए ही काम किया। उनमें से कोई भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास का नक्शा नहीं खींच सकीं। यह काम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ही किया। उन्होंने कहाकि भाजपा किसी जाति विशेष की नहीं बल्कि पूरे समाज की पार्टी है। वर्ष 2017 में जनता ने उन सभी दलों को नकार दिया जो जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करते थे। क्या वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए बाकी पूरे समाज की अनदेखी की जा सकती है? शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों के दौरान केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार के पांच साल के शासनकाल में भ्रष्टाचार नहीं हुआ। यहां तक कि राहुल बाबा भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा सकते। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कन्नौज और कानपुर में इत्र के कारोबारियों के यहां पड़े छापों की आड़ में तंज करते हुए कहा कि अखिलेश बाबू आप के समर्थकों के घर से नोटों से भरे बोरे निकल रहे हैं लेकिन भाजपा पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप (शेष पेज 9)

### सपा ने 56 प्रत्याशियों की जारी की तीसरी सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** की ओर से गुरुवार को 56 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। इसमें पूर्वांचल के ज्यादातर पार्टी विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। सपा की 56 प्रत्याशियों की लिस्ट में सोशल इंजीनियरिंग का ध्यान रखा गया है। लिस्ट में 7 ब्राह्मण, 7 यादव, 8 मुस्लिम, आठ अनुसूचित जाति और चार ठाकुर समाज के लोगों को टिकट दिया गया है। बीजेपी से सपा में जाने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को मऊ की घोसी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने सीएम योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर की सात विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है लेकिन गोरखपुर सदर से प्रत्याशी का अभी ऐलान नहीं किया गया है। (विस्तृत पेज 2)

### चौधरी चरण सिंह मेरे आदर्श, जाट समुदाय भाजपा से नाराज नहीं रह सकता: राजनाथ



**गाजियाबाद (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अपना आदर्श करार देते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि जाट समुदाय भाजपा से नाराज रह ही नहीं सकता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले जाट समुदाय के बीच पहुंचने के एक दिन बाद राजनाथ ने मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में यह बयान दिया। इस क्षेत्र में जाट समुदाय के लोग बड़ी संख्या में हैं। शाह की मुलाकात को जाट समुदाय के लोगों को भाजपा के पक्ष में आकर्षित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। जाट समुदाय के लोगों ने केंद्र सरकार के विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल तक चले विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही पूर्व प्रधानमंत्री (शेष पेज 9)

# पूरी तरह टाटा की हुई एयर इंडिया

## ● टाटा एंड संस सत्तर साल बाद एयरलाइंस के साथ फिर भरेगी सपनों की उड़ान

## ● राष्ट्रीय एयरलाइंस की दो दशक तक चली विनिवेश प्रक्रिया अब हुई पूरी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन का स्वागत करते एयर इंडिया के सीएमडी विक्रम देव दत्त

**टाटा** समूह ने 70 साल बाद आधिकारिक तौर पर एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया एसएटीएस का अधिग्रहण कर लिया। टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार को मुलाकात के तुरंत बाद सरकार ने टाटा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड को 100% शेयर हस्तांतरित कर दिए। सरकार ने कंपनी का प्रबंधन नियंत्रण भी नए मालिकों को हस्तांतरित कर दिया और इसी के साथ कर्ज में डूबी एयरलाइन को टाटा समूह की कंपनी को बेचने की प्रक्रिया पूरी हो गई।

चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा समूह एयर इंडिया को वापस पाकर बहुत खुश है और कंपनी इसे विश्व स्तरीय एयरलाइन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रतन एन. टाटा ने भी सरकार का धन्यवाद दिया। बाद में चंद्रशेखरन एयर इंडिया के कर्मचारियों के पास पहुंचे और उनसे उस एयरलाइन को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। एयर इंडिया के कर्मचारियों के स्वागत पत्र में चंद्रशेखरन ने एयरलाइन के शानदार अतीत का जिक्र किया और भविष्य के लिए कहा कि पूरा देश अब यह देखने के लिए इंतजार कर रहा है कि हम एक साथ मिलकर क्या हासिल करेंगे।

इससे पहले, प्रबंधन अधिग्रहण को औपचारिक रूप देते हुए नए निदेशक मंडल की बैठक हुई। सरकार द्वारा अपने शेयरों को एयर इंडिया के नए मालिक को हस्तांतरित करने के बाद वित्त मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि एयर इंडिया रणनीतिक विनिवेश लेनदेन गुरुवार को पूरा हो गया है। सरकार को टाटा संस की स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड से 2,700 करोड़ कंसीड्रेशन मिला है। सरकार ने एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड (एआईएक्सएल) में 15,300 करोड़ का कर्ज बरकरार रखा है, जबकि एयर इंडिया, (शेष पेज 9)

### नागरिक उड्डयन क्षेत्र होगा और मजबूत: सिंधिया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की विनिवेश प्रक्रिया पूरी होने पर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि एयर इंडिया नए मालिकों की देखदेख में खूब फले-फूलेगी और भारत में एक संपन्न तथा मजबूत नागरिक उड्डयन क्षेत्र बनने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की क्षमता और भविष्य में गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से विनिवेश करने के संकल्प को साबित करता है।

# सीमा मुद्दे पर भारत के साथ वार्ता का नवीनतम दौर सकारात्मक: चीन

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** ने भारत के साथ सैन्य-स्तरीय वार्ता के नवीनतम दौर को सकारात्मक और रचनात्मक बताया और कहा कि बीजिंग सीमा मुद्दे को समुचित ढंग से संभालने के लिए नई दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा। साथ ही चीन ने पड़ोसियों को धमकाने संबंधी अमेरिका के आरोप का खंडन किया है। भारत और चीन के बीच 14वें दौर की सैन्य वार्ता 12 जनवरी को हुई थी जिसमें दोनों पक्ष पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के शेष मुद्दों पर पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुंचने के लिए सैन्य और राजनयिक माध्यम से बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए थे।

चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने एक सवाल के जवाब में कहा, चीनी पक्ष का मानना है कि वार्ता का यह दौर सकारात्मक और रचनात्मक रहा और चीन बातचीत के माध्यम से सीमा मुद्दे को समुचित ढंग से संभालने के लिए भारतीय पक्ष के साथ मिलकर काम करेगा। वार्ता से



पहले, भारतीय अधिकारियों ने 14वें दौर की वार्ता में पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स पर सैनिकों के पीछे हटने से संबंधित मुद्दों को हल करने की उम्मीद जताई थी।

वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने बृहस्पतिवार को प्रेस वार्ता में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी की उन टिप्पणियों की तीखी आलोचना की, जिसमें उन्होंने चीन पर अपने पड़ोसियों को डराने-धमकाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। भारत के साथ सीमा पर चीन के आक्रामक व्यवहार पर एक सवाल के जवाब में, साकी ने 12 जनवरी को कहा था कि अमेरिका स्थिति पर नजर रखे हुए है। साकी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नल वू कियान ने कहा कि कुछ अमेरिकी राजनेता बलपूर्वक शब्द का उपयोग करने के बहुत शौकीन हैं और वे यह भूल गए हैं कि अमेरिका बलपूर्वक कूटनीति का (शेष पेज 9)

### अरुणाचल के लापता युवक को चीन ने भारतीय सेना को सौंपा

**नई दिल्ली (भाषा)।** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने बृहस्पतिवार को बताया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने अरुणाचल प्रदेश के लापता युवक को भारतीय सेना को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि युवक को बृहस्पतिवार को अरुणाचल प्रदेश में वाचा-दमई इंटरेक्शन प्वाइंट पर भारतीय सेना को सौंप दिया गया। अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले से 19 वर्षीय मिराम तारोन 18 जनवरी को लापता हो गया था। मंत्री ने एक ट्वीट में बताया कि लड़के की चिकित्सकीय जांच सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी (शेष पेज 9)

# देश के 407 जिलों में संक्रमण दर 10 फीसदी से ज्यादा

## ● कोविड प्रतिबंध 28 फरवरी तक बढ़े

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को मौजूदा कोविड-19 रोकथाम उपायों को 28 फरवरी तक बढ़ा दिया। मंत्रालय ने वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमण में तेजी से वृद्धि और 407 जिलों में संक्रमण दर के 10 प्रतिशत से अधिक रहने को लेकर यह फैसला किया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 22 लाख से अधिक हो गई है, हालांकि ज्यादातर मरीज जल्दी ठीक हो रहे हैं और कम मरीज अस्पतालों में हैं।

मौजूदा कोविड प्रतिबंधों को 28 फरवरी तक बढ़ाते हुए भल्ला ने मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा, यह अब भी चिंता का विषय है कि 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 407 जिलों में संक्रमण की दर 10 प्रतिशत से अधिक है... इसलिए, कोविड के मौजूदा रुख को देखते हुए सावधानी और सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। भल्ला ने एक बार फिर कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी सावधानियों का पालन करना चाहिए और ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर, 2021 को एक पत्र में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उल्लिखित मानक ढांचे तथा स्थिति के आकलन के आधार पर, स्थानीय और जिला प्रशासन को त्वरित और उचित रोकथाम उपाय जारी रखना चाहिए। भल्ला ने कहा कि स्थानीय स्तर पर संक्रमण के मामले और मरीजों के अस्पतालों में (शेष पेज 9)

### पहले चरण के लिए 500 लोगों तक के साथ आज से की जा सकेंगी जनसभाएं

**नई दिल्ली (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत राजनीतिक दल और उम्मीदवार शुक्रवार से अधिकतम 500 लोगों के साथ खुले स्थानों पर जनसभाएं कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने 22 जनवरी को भौतिक रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया था। हालांकि आयोग ने उन क्षेत्रों में 500 लोगों तक की सीमा के साथ भौतिक सभाएं करने की अनुमति दी थी जहां पहले दो चरणों में मतदान होने हैं। आयोग ने कहा था कि 10 फरवरी को पहले चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में राजनीतिक दल और उम्मीदवार 28 जनवरी से भौतिक जनसभाएं कर सकते हैं। चुनाव निकाय ने पहले ही राजनीतिक दलों को अधिकतम 300 लोगों या किसी हॉल की क्षमता का 50 प्रतिशत के साथ इनडोर बैठकें करने की अनुमति दी थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए पहले चरण में 58 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने कहा था कि दूसरे चरण के मतदान के लिए एक फरवरी से जनसभाएं की जा सकती हैं। दूसरे चरण का चुनाव 14 फरवरी को है।

# राम मंदिर के निर्माण कार्य का तीसरा चरण शुरू, मई तक होगा पूरा

**भाषा।** नई दिल्ली

**अयोध्या** में राम मंदिर के निर्माण कार्य का तीसरा चरण शुरू हो गया है और इसके मई तक पूरा हो जाने की संभावना है। मंदिर के ट्रस्ट ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ट्रस्ट ने एक बयान में कहा, मंदिर का निर्माण कार्य तय योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है और दिसंबर 2023 तक भक्तों को भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर मिल सकेगा। मंदिर के निर्माण कार्य के पहले दो चरणों में, नींव आदि तैयार किए गए थे।

ट्रस्ट ने कहा कि तीसरा चरण शुरू हो गया है जिसमें प्लिंथ (चबूतरे)का निर्माण भी शामिल है। बयान के अनुसार मंदिर की मजबूती को ध्यान में रखते हुए दक्षिण भारत के सबसे मजबूत प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थर का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया है। ग्रेनाइट पत्थर के साथ प्लिंथ का निर्माण कार्य 24 जनवरी को शुरू हो गया। इस प्रकार तीसरे चरण का निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। मंदिर भवन के लिए



आधार का काम करने वाले चबूतरे पर मंदिर के मुख्य ढांचे का निर्माण किया जाएगा। प्लिंथ के निर्माण में 5 फुट, 2.5 फुट व 3 फुट आकार के करीब 17,000 ग्रेनाइट पत्थरों का उपयोग किया जाएगा।

हर ऐसे पत्थर का वजन करीब ग 2.50 टन है। ग्रेनाइट पत्थर लगाने का काम मई तक पूरा हो जाने की संभावना है। प्लिंथ का काम पूरा होने के बाद मंदिर के मुख्य ढांचे का वास्तविक निर्माण शुरू होगा। लार्सन एंड टुब्रो कंपनी मंदिर का निर्माण कार्य कर रहा है और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स इस कार्य में उसकी मदद कर री है। उच्चतम न्यायालय के नौ नवंबर, 2019 के फैसले के बाद, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को फरवरी 2020 में मंदिर निर्माण का कार्यभार दिया गया था।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,276 | ↓ 581 | |
| निफ्टी | 17,110 | ↓ 167 | |
| सोना | 48,215 | ↓ 563 | /10g |
| चांदी | 62,792 | ↓ 1186 | /kg |

### क्विक न्यूज

**दूरसंचार कंपनियों को 30 दिन वाले प्रीपेड प्लान पेश करने के निर्देश**

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि दूरसंचार ऑपरेटरों को प्रीपेड ग्राहकों के लिए 30 दिनों की वैधता वाले रिचार्ज प्लान पेश करने होंगे। इस कदम से ग्राहक द्वारा एक साल में किए गए रिचार्ज की संख्या में कमी आने की उम्मीद है। इस समय दूरसंचार कंपनियां प्रीपेड खंड में 28 दिनों की वैधता वाले रिचार्ज प्लान देती है, जिससे ग्राहकों को एकसाल में 13 रिचार्ज करने पड़ते है। ट्राई ने एक अधिसूचना में कहा, प्रत्एक दूरसंचार सेवाप्रदाता 30 दिनों की वैधता वाले कम से कम एक प्लान वाउचर, एक विशेष टैरिफ वाउचर और एक कॉम्बो वाउचर की पेशकश करेगा। दूरसंचार कंपनियों को इस आदेश का अनुपालन अधिसूचना की तारीख से 60 दिन के भीतर करना होगा।

### जूही चावला को 5जी केस में हाईकोर्ट से राहत, सिर्फ दो लाख का जुर्माना लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जूही चावला को 5जी केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को जूही पर लगाये गये 20 लाख के जुर्माने को 90 प्रतिशत कम कर दिया है। अब जूही को दो लाख रुपये जुर्माने के तौर पर जमा करवाने होंगे। जूही के साथ ही दो अन्य पर भी जुर्माने को घटाकर दो लाख रुपये कर दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने 5 जी वायरलेस नेटवर्क स्थापित करने के खिलाफ दायर मुकदमे को खारिज करने के दौरान एकल न्यायाधीश की ओर से की गई टिप्पणियों को भी खारिज कर दिया। विदित हो कि जूही ने 5जी नेटवर्क के खिलाफ ये कहते हुए याचिका दायर की थी कि इससे मनुष्यों के साथ ही पशु पक्षियों पर भी गलत असर पड़ेगा। इस पर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मामले को खारिज करते हुए (शेष पेज 9)

# भारत और मध्य एशिया के देशों की चिंताएं एक समान: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान के हालिया घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा को भारत और मध्य एशिया के देशों के लिए एकसमान चिंता का विषय करार दिया और बृहस्पतिवार को कहा कि सुरक्षा और समृद्धि के उद्देश्य को हासिल करने के लिए भारत और मध्य एशिया के देशों का आपसी सहयोग अनिवार्य है। डिजिटल माध्यम से पहले भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए अपने आरंभिक संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि एक समन्वित और स्थिर विस्तारित पड़ोस के लिए मध्य एशिया, भारत के विजन का केंद्र है।

इस शिखर सम्मेलन में कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जुमरात तोकाएव, उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोएव, ताजकिस्तान के राष्ट्रपति इमामअली रहमान, तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति



भारत और मध्य एशियाई देशों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेतागण

गुरबांगुली बर्दीमुहम्मदेवो और किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सद्र जापारोप ने भाग लिया। अफगानिस्तान के हाल के घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए हम सभी की चिंता और उद्देश्य एक समान हैं। अफगानिस्तान के घटनाक्रम से हम सभी चिंतित हैं। इस संदर्भ में भी हमारा आपसी सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए और महत्वपूर्ण हो गया है। ज्ञात हो कि अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के बाद भारत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार क्षेत्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाता रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि किसी भी कीमत पर अफगानिस्तान की भूमि का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं होना चाहिए। भारत का जोर अफगानिस्तान में मानवीय सहायता पहुंचाने पर भी रहा है। तालिबान के नियंत्रण के बाद अफगानिस्तान में मानवीय संकट गहरा गया है। समय-समय पर इसकी झलक भी विभिन्न माध्यमों से दुनिया के सामने आती रही हैं। सम्मेलन में मध्य एशिया के देशों के बीच रिश्तों को नई उंचाई प्रदान करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों और क्षेत्रीय सुरक्षा के मौजूदा हालात पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मध्य एशिया के देशों के कूटनीतिक संबंधों ने 30 सार्थक वर्ष पूरे कर लिए हैं और पिछले तीन दशकों में आपसी सहयोग ने कई सफलताएं भी हासिल की है।

उन्होंने कहा कि आज यह रिश्ते अब इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गए हैं कि सभी को आने वाले सालों के लिए एक महत्वाकांक्षी दूरदृष्टि परिभाषित करनी चाहिए और वह दूरदृष्टि ऐसी हो, जो बदलते विश्व में लोगों की, विशेषकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। द्विपक्षीय स्तर पर मध्य एशिया के सभी देशों के साथ भारत के संबंधों की घनिष्ठता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कजाकिस्तान जहां भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार बन गया है, वहीं उज्बेकिस्तान के साथ उनके गृह राज्य गुजरात सहित भारत के विभिन्न राज्यों की सक्रिय भागीदारी भी है। उन्होंने कजाकिस्तान में हाल में हुई जान-माल की हानि पर भी संवेदना (शेष पेज 9)

### अफगानिस्तान पर संयुक्त कार्य समूह बनाने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत और पांच मध्य एशियाई देशों ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर अफगानिस्तान को लेकर एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय की सचिव (पश्चिम) रीनत संधू ने यह जानकारी दी। संधू ने कहा कि शिखर सम्मेलन में मोदी ने अगले 30 साल के लिए खाका तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हुआ कि भारत और मध्य एशियाई देशों के नेता हर दो साल में शिखर सम्मेलन स्तर की बैठक करेंगे और 2024 में अगला शिखर सम्मेलन होने की संभावना है। संधू ने कहा कि बैठक में नेताओं ने अफगानिस्तान पर करीबी परामर्श जारी रखने को लेकर सहमति जताई। वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर अफगानिस्तान के संबंध में एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का भी फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि भारत और मध्य एशियाई देश आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संधू ने कहा कि भारत और मध्य एशिया के इच्छुक देशों के बीच आतंकवाद रोधी संयुक्त अभ्यास किया जाएगा।

# यूपी के विकास के लिए हमने मेधा का पलायन रोका

● हम पर आरोप लगाने वालों ने केवल प्रदेशवासियों को डराया है

## यूपी के विवि में 14 देशों के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज विपक्ष मुद्दा विहीन है, उनके नेता केवल गलतबयानी कर प्रदेशवासियों को गुमराह करने का ही काम कर रहे हैं। बीते पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास के हर पैमाने पर छलांग लगाई है। भाजपा ने प्रदेश की पहचान ईज आफ डूइंग बिजनेस से बनाई है। शैक्षिक माहौल बदलकर, निवेश लाकर हमने यूपी की छवि सुधारी है। आज मेधा का पलायन रुका है। इस बार भाजपा अपना ही रिकार्ड तोड़ेगी। सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल मिलकर भी तीन अंकों तक नहीं पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश से मेधा का पलायन होता था। पांच साल में हमने जो शिक्षा में कार्य किया है। उससे अब



14 से ज्यादा देशों के लोग यहां आकर अध्ययन और अध्यापन कर रहे हैं। सुखी मन अध्यापक, तनावमुक्त विद्यार्थी, रोजगारपरक शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा चार उद्देश्य हैं। अगर 100 मोबाइल देश में बनते हैं तो 70 उत्तर प्रदेश में बनते हैं। एशिया का सबसे बड़ा डाटा सेंटर भी उत्तर प्रदेश में है। उन्होंने कहा कि पहले नकल और परीक्षा केंद्र आवंटन उद्योग बन गया था। हमने व्यवस्था को आनलाइन किया। एक लाख 94 हजार सीसीटीवी कैमरे लगवाए। परिणाम यह हुआ कि परीक्षा पारदर्शी हुई। कालेजों और विद्यालयों में पढ़ाई के लिए पूरे वर्ष का टाइमटेबल बनाया गया। आजादी के बाद पहली बार पाठ्यक्रम में परिवर्तन कर रोजगारपरक बनाया गया। डॉ शर्मा ने कहा कि कोरोना संक्रमण में आनलाइन शिक्षा और परीक्षा में देश का नेतृत्व किया। आनलाइन लाइब्रेरी बनाई गई। माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत के शिक्षकों की नियुक्ति की गई। प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले संस्कृत के विद्यार्थियों को एक लाख रुपये और टैबलेट दिया गया। संस्कृत निदेशालय के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो रही है। साथ ही बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति पारदर्शी तरीके से हुई है। माध्यमिक विद्यालय में करीब 6000 पदों का सृजन एक साथ हुआ। 250 माध्यमिक विद्यालयए 78 डिग्री कालेज बनाए गए हैं और 12 विवि के गठन की प्रक्रिया की ओर अग्रसर हैं। संकल्प पत्र में जो वादे किए उससे ज्यादा कार्य किया। वहीं वित्तविहीन शिक्षकों की विसंगतियों को दूर करने की प्रक्रिया में हैं।

# सपा ने 56 प्रत्याशियों की जारी की तीसरी सूची

● अरविंद सिंह गोप दरियाबाद तो राकेश वर्मा कुर्सी से लड़ेंगे चुनाव

●विनय तिवारी चिल्लूपार सीट से लड़ेंगे चुनाव

## दारा सिंह चौहान घोसी, राम अचल राजभर को अकबरपुर से दिया टिकट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** की ओर से गुरुवार को 56 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। इसमें पूर्वांचल के ज्यादातर पार्टी विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। सपा की 56 प्रत्याशियों की लिस्ट में सोशल इंजीनियरिंग का ध्यान रखा गया है। लिस्ट में 7 ब्राह्मणए 7 यादवए 8 मुस्लिमए आठ अनुसूचित जाति और चार ठाकुर समाज के लोगों को टिकट दिया गया है। बीजेपी से सपा में जाने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को मऊ की घोसी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने सीएम योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर की सात विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है लेकिन गोरखपुर सदर से प्रत्याशी का अभी ऐलान नहीं किया गया है। इस सीट से सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ चुनावी मैदान में हैं। बाहुबली अभय सिंह को अयोध्या की गोसाईगंज से टिकट दिया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाराबंकी की विधानसभा सीटों पर बड़ा बदलाव कर दिया है। उनके इस निर्णय से सियासी समीकरण बदल गए हैं। बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा से सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप को टिकट मिला है जबकि कुर्सी विधानसभा से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व बेनी प्रसाद के पुत्र व पूर्व मंत्री राकेश वर्मा प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इसके अलावा रामनगर विधानसभा से पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई और बाराबंकी से धर्मराज सिंह यादव उर्फ सुरेश यादव को, बसपा से आने वाले रामअचल राजभर को अकबरपुर से और भाजपा से आए रमाकांत यादव को फूलपुर पवई से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे को उनकी परंपरागत सीट इटवा से मैदान में उतारा गया है। बसपा से आए लालजी वर्मा को कटेहरी और राकेश पांडे को जलालपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी को उनकी परंपरागत सीट बांसडीह से मैदान में उतारा गया है। समाजवादी पार्टी की ओर से अब तक प्रत्याशियों की 3 लिस्ट जारी कर जा चुकी है। पहली लिस्ट में 159, दूसरी सूची में 39 और तीसरी लिस्ट में 56 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जा चुकी है। इस तरह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने विधानसभा की कुल 403 में से अब तक 254 सीटों के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं। अब 149 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शेष है। लखीमपुर खीरी की धौरहरा सीट से वरुन चौधरी, मोहम्मदी से दाउद अहमद, हरदोई की सवाइजपुर से पदमराज सिंह पम्पू, बालामऊ सुरक्षित सीट से रामबली वर्मा, अमेठी की तिलोई सीट से मो नईम गुर्जर, प्रतापगढ़ की बाबागंज सुरक्षित सीट से गिरिजेश, कौशांबी की चायल सीट से पूजा पाल, इलाहाबाद की फूलपुर सीट से मुर्तजा सिद्दीकी, अंबेडकरनगर की आलापुर सुरक्षित सीट से त्रिभुवन दत्त, जलालपुर से राकेश पाण्डेयए बहराइच की महसी सीट से केके ओझा, बलरामपुर की गैसड़ी सीट से डॉक्टर एसपी यादव, बलरामपुर सुरक्षित सीट से जगराम पासवान, सिद्धार्थनगर की कपिलवस्तु सुरक्षित सीट से विजय कुमार, डुमरियागंज से सईदा खातून, बस्ती की कप्तानगंज सीट से अतुल चौधरी, गोरखपुर की कैंपियरगंज सीट से काजल निषाद, पिपराइच सीट से अमरेंद्र निषाद, गोरखपुर ग्रामीण से विजय बहादुर, सहजनवा से यशपाल रावत और खजनी सुरक्षित सीट से रूपवती, बांसगांव सुरक्षित सीट से डॉक्टर संजय कुमार और चिल्लूपार से बाहुबली हरिशंकर तिवारी के पुत्र विनय तिवारी को प्रत्याशी बनाया है। देवरिया की पथरदेवा सीट से ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, रामपुर कारखाना सीट से गजाला लारी, भाटपार रानी सीट से आशुतोष उपाध्याय, आजमगढ़ की अतरौलिया सीट से संग्राम सिंह यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद, आजमगढ़ से दुर्गा प्रसाद यादव, निजामाबाद से आलम बदी, फूलपुर पवई से रमाकांत यादव, दीदारगंज से कमला कांत राजभर और लालगंज सुरक्षित सीट से बेचई सरोज को सपा ने टिकट दिया है।

# प्रयागराज में छात्रों पर लाठीचार्ज की अखिलेश ने की निंदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में भाजपा सरकार ने नौजवानों को सिर्फ लाठीचार्ज और बेरोजगारी का अभिशाप दिया है। हर साल 70 लाख नौकरी का वादा करने वाली भाजपा की सरकार 4 लाख नौकरी देने की फर्जी घोषणा की लेकिन उनके नाम पता नहीं बताती है। लाखों नौजवान कोरोना संक्रमण के दौर में अपनी नौकरियां गवां चुके है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार भी नौजवानों को कोरे आश्वासन देती रही है और भटकाने के लिए झूठे आंकड़ों के विज्ञापन छपवाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में अपने रोजगार के लिए हक की आवाज बुलन्द करने वाले बेगुनाह छात्रों पर पुलिस ने जिस बर्बरता से प्रहार किया वह घोर निंदनीय है। नौजवानों ने भी इस बार इरादा कर लिया है कि वह भाजपा के ऐतिहासक पतन का उदाहरण होगा। यूपी टीइटी परीक्षा में अभ्यर्थियों के साथ सरकार अन्याय करने से बाज नहीं आई है। सत्ता के संरक्षण में अंधी हो चुकी पुलिस की निर्ममता के उदाहरण बढ़ते ही जा रहे हैं। लखीमपुर में पिछले दिनों एक 16 साल के बच्चे को चोरी के जुर्म में थाने के अंदर पीट-पीट कर मार दिया गया। वीभत्सता के ऐसे चेहरे भाजपा सरकार में आम हो चुके है। लखीमपुर में ही शांतिप्रिय किसान प्रदर्शनकारियों को एक केन्द्रीय मंत्री के बेटे ने जीप चढ़ाकर कुचल दिया। युवाओं को रोजगार के अलावा लैपटॉप और वाईफाई का फ्री कनेक्शन का वादा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किया था। उसने इन वादों को भी वैसे ही कूड़े के ढेर में डाल दिया जैसे उसने संकल्पपत्र के पहले पन्ने में किसानों के साथ किए गए वादों का हश्र किया है।

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री शिव जी
नाजिर सदर/पेशकार
ए.डीएम सिटी, कलेक्ट्रेट
जनपद–संतकबीरनगर

## बसपा ने तीसरे चरण को लेकर जारी की सूची

# अखिलेश के खिलाफ कुलदीप को उतारा

● शिवपाल की सीट जसवंतनगर से बृजेंद्र प्रताप सिंह मैदान में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा चुनाव को लेकर गुरुवार को बसपा ने तीसरे चरण के लिए 53 प्रत्याशियों की सूची पार्टी ने जारी की है। जारी सूची में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के खिलाफ बसपा ने करहल सीट से कुलदीप नारायन को मैदान में उतारा है। प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव की सीट जसवंतनगर से बृजेंद्र प्रताप सिंह बसपा के टिकट पर मैदान में हैं।

इससे पहले गुरुवार को पार्टी की तरफ से दूसरे चरण की बची कर सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किये गए जबकि पूर्व में घोषित दो सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी बदल दिए हैं। दूसरे चरण को लेकर बरेली जिले की नवाबगंज सीट से यूसुफ खान, फरीदपुर सुरक्षित से शालिनी सिंह, बरेली से ब्रह्मानंद शर्मा और शाहजहांपुर की ददरौल सीट से चंद्रकेतु मौर्या को टिकट दिया गया है। बिजनौर की धामपुर सीट से पूर्व प्रत्याशी के स्थान पर मूलचन्द्र चौहान को और मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से मोहम्मद रिजवान को टिकट दिया गया है। हाथरस जिले की हाथरस सुरक्षित सीट से संजीव कुमार काका, सादाबाद से डॉ अरविंद शर्मा, सिकंदराराऊ से ठाकुर अवधेश कुमार सिंह, फिरोजाबाद की टूंडला सुरक्षित सीट से अमर सिंह जाटव, जसराना से सूर्य प्रताप सिंह, फिरोजाबाद से बबलू कुमार राठौर, शिकोहाबाद से अनिल कुमार यादव, सिरसागंज से ठाकुर राघवेंद्र सिंह, कासगंज से इंजीनियर प्रभु दयाल सिंह, राजपूत अमापुर सीट से सुभाष चंद्र शाक्य, पटियाली सीट से नीरज मिश्रा, अलीगंज सीट से सऊद अली खान उर्फ जुनैद मियां, एटा से अजय सिंह यादव, मरहरा से योगेश कुमार शाक्य, जलेसर सुरक्षित से आकाश सिंह जाटव, मैनपुरी सीट से गौरव नंद, भोगांव से अशोक सिंह चौहान, किशनी से प्रभु दयाल जाटव, करहल सामान्य से कुलदीप नारायन को टिकट मिला है। कायमगंज सुरक्षित सीट से दुर्गा प्रसाद, फर्रुखाबाद से विजय कुमार कटियार, छिबरामऊ सीट से वहीदा बानो जूही, तिर्वा से अजय कुमार वर्मा, कन्नौज सुरक्षित से समरजीत सिंह दोहरे, जसवंतनगर सीट से बृजेंद्र प्रताप सिंह, इटावा से कुलदीप गुप्ता, भरथना से कमलेश अंबेडकर, दिबियापुर सीट से अरुण कुमार दुबे, औरैया सुरक्षित से रवि शास्त्री दोहरे, रसूलाबाद सुरक्षित सीट से सीमा संखवार, अकबरपुर रनिया से विनोद कुमार पाल, सिकंदरा से लाल जी शुक्ला, बिल्हौर सुरक्षित सीट से मधु सिंह गौतम, बिठूर से रमेश सिंह यादव, कल्याणपुर से अरुण कुमार मिश्रा, गोविंद नगर से अशोक कुमार कालिया, सीसामऊ से रजनीश तिवारी, किदवई नगर से मोहन मिश्रा, कानपुर कैंट से मोहम्मद सफी खान, महाराजपुर सीट से सुरेंद्र पाल सिंह चौहान, घाटमपुर सुरक्षित सीट से प्रशांत अहिरवार, माधवगढ़ से शीतल कुशवाहा, कालपी से श्याम पाल उर्फ छुन्ना पाल, उरई सुरक्षित से सतेंद्र प्रसाद अहिरवार, बबीना से दशरथ सिंह राजपूत, झांसी नगर से कैलाश साहू, मऊरानीपुर सुरक्षित से रोहित रतन अहिरवार, गरौठा से वीर सिंह गुर्जर, ललितपुर से चंद्र भूषण सिंह, महरौनी सुरक्षित से किरन, हमीरपुर से रामफूल निषाद, राठ सुरक्षित से प्रसन्न भूषण अहिरवार, महोबा सीट से संजय कुमार साहू को टिकट दिया गया है।

# प्रियंका ने पीड़ित प्रतियोगी छात्रों से बात की



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने प्रयागराज में पुलिसिया दमन के पीड़ित प्रतियोगी छात्रों से बात की। अपनी वर्चुअल बातचीत के दौरान उन्होंने पीड़ित छात्रों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। मलूम हो कि मंगलवार को प्रयागराज में छात्रों ने नौकरी न मिलने को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। घंटों ट्रैक पर भी डेरा डाला। बाद में पुलिस ने हॉस्टल में घुसकर छात्रों संग मारपीट की, लाठीचार्ज किया। इस मामले में 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है, वहीं तोड़फोड़ की वजह से 1000 लोगों पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। बातचीत के दौरान छात्रों ने भी कांग्रेस नेत्री के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर प्रियंका ने डरे हुए छात्रों को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहाए मैं हर मंच सेए हर फोरम में आपकी बात उठाऊंगी। प्रियंका ने कहा कि सरकार आपको नौकरी नहीं दे रही और आप पर दमनात्मक कार्रवाई भी करती है। ऐसे माहौल में जब नेता वोट मांगने आएं तो उनकी जवाबदेही तय करिए। भर्ती प्रक्रियाओं को सालों साल लटकने से बचाने का हल है, जॉब कैलेंडर। हमने अपने युवा घोषणा में जॉब कैलेंडर की बात की है। अपनी बातचीत के दौरान प्रियंका गांधी ने जल्द ही प्रयागराज आकर छात्रों से मिलने का वादा भी किया।

# लोकदल ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**लखनऊ।** विधान सभा चुनाव को लेकर रालोद ने गुरुवार को 12 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। सूची के मुताबिक बिजनौर के नूरपुर से डॉक्टर सुखविंदर कुमार, मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा से हरीश कुमार, अमरोहा की धनौरा से हरिज्ञान सिंह, नौगांवा सादात से अनुज कुमार, शाहजहांपुर से जलालाबाद सीट से रामादेवी, पीलीभीत की बीसलपुर सीट से गया प्रसाद, संभल से अमन सिंह, चंदौसी सुरक्षित से रविंद्र कुमार, बिजनौर की नहट से जितेंद्र सिंह, इटावा से कमलेश पांडे, हाथरस से बेबी धनगर, बरेली की फरीदपुर सीट से अमिष सागर को टिकट दिया गया है।

# कांग्रेसः 89 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## 35 महिलाओं को दिया टिकट

**कांग्रेस** पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए 89 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इसमें 37 महिलाएं शामिल हैं। वहीं इस सूची में 21 मुसलमान, 27 ओबीसी, 18 एससी वर्ग के प्रत्याशी शामिल हैं। 27 सवर्णों में 13 ब्राह्मण और 11 राजपूत शामिल हैं। ताजा सूची के बाद अब कांग्रेस के 255 टिकट घोषित हो चुके हैं और इनमें 103 महिलाएं शामिल हैं। कांग्रेस ने जिन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं उसमें बेहट से पूनम कम्बोज, नकुड़ रंधीर सिंह, सहारनपुर संदीप राना, देवबंद राहत खलील, रामपुर मनिहारिन ओमपाल सिंह, गंगोह अशोक सैनी, बढ़ापुर हाजी अहसान अली अंसारी, धामपुर हुसैन अहमद अंसारी, बिजनौर अकबरी बेगम, चंदनपुर उदय त्यागी, नूरपुर बाला देवी सैनी, कांठ मो इसरार सैफी, कुंदरकी दरक्षा अहसान खान, स्वार राम रक्षपाल सिंह, मिलक कुमार एकलव्य वाल्मीकि, नौगांव सादात रेखा सुखराज रानी, हसनपुर असीम हुसैन साबरी, हाथरस सरोज देवी, सादाबाद मथुरा प्रसाद कुशवाहा, सिकंदरा राव डा छवि वार्ष्णेय, फिरोजाबाद संदीप तिवारी, अमांपुर दिव्या शर्मा, पटियाली मो इमरान अली, अलीगंज सुभाष चंद्र वर्मा, मारहरा तारा राजपूत, जलेसर नीलिमा राज, भोगांव ममता राजपूत, गुन्नौर विजय शर्मा, सहसवान राजवीर सिंह यादव, बिलसी अंकित चौहान, शेखुपुर फराह नईम, दातागंज आतिफ खान जख्मी, भोजीपुरा सरदार खान, फरीदपुर विशाल सागर, बिथरी चैनपुर अल्का सिंह, बरेली कृष्ण कांत शर्मा, बरेली कैंट मो इस्लाम अंसारी, मोहाली आशीष मिश्र, हरगांव डा ममता वर्मा, लहरपुर अनुपमा द्विवेदीए, मोहम्मदाबाद ऊषा देवी वर्मा, सिधौली कमला रावत, मिश्रिख सुभाष चंद्र राजवंशी, सवायजपुर रावर्धन सिंह राजू, हरदोई आशीष कुमार सिंह, गोपामऊ सुनीता देवी, सांडी अकांक्षा वर्मा, बालामऊ सुरेन्द्र कुमार, सफीपुर शंकर लाल गौतम, सदर अभिषेक सिंह राणा, तिरवा नीलम शाक्य, भरथना स्नेहलता दोहरे, बिधूना सुमन व्यास, डिबियापुर मनोज कुमार पाल, रसूलाबाद मनोरमा शंखवार, अकरबरपुर रनिया अमरीश सिंह गौर, सिकंदरा नरेश कटियार, भोगनीपुर गोविंद निषाद, बिठूर अशोक कुमार निषाद, मऊरानीपुर भगवान दास कोरी, गरौठा नेहा संजीव निरंजन, चरखारी निर्दोष दीक्षित, चित्रकूट निर्मला भारती, जहानाबाद कमला प्रजापति, बिंदकी अभिमन्यु सिंह, फतेहपुर मो मोहसिन खान, पट्टी सुनीता सिंह पटेल, कुर्सी जमील अहमद, बाराबंकी गौरी यादव, रुदौली दयानंद शुक्ला, मिल्कीपुर नीलम कोरी, बीकापुर अखिलेश यादव, टाण्डा सैय्यद मिराजुद्दीन किछौछी, अलापुर सत्यवदा पासवान, जलालपुर डा रागिनी पाठक, नानपारा डा अब्दुल, पयागपुर मेजर राना शिवम सिंह, भिनगा वंदना शर्मा, श्रावस्ती ज्योति वर्मा, गैंसड़ी इश्तियाक अहमद खान, बलरामपुर बबिता आर्या, शोहरतगढ़ चौ रवीन्द्र प्रताप उर्फ पप्पू, बांसी किरन शुक्ला, इटवा अरशद खुर्शीद, बस्ती सदर देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पिपराइच मेनिका पाण्डेय, पथरदेवा अम्बर जहां बांसडीह से पुनीत पाठक को टिकट दिया है।

पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता

सरदार सिंह शिवराज सिंह महाविद्यालय रघुवरनगर, धोंधी–सीतापुर–261207

आवश्यकता है

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (बी.एड. विभाग)
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व चार फोटो एवं आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0 9653089100, 8090992449

आवश्यकता

सीतापुर शिक्षा संस्थान, कनवाखेड़ा रस्यौरा, सीतापुर (सम्बद्ध लखनऊ विवि, लखनऊ)

आवश्यकता : – बी0कॉम (02 पद सहा. आचार्य) तथा बी0एस–सी0 (पी.सी.एम. तथा बायो ग्रुप) पाठ्यक्र हेतु (05 पद सहा0 आचार्य)योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय नियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के साथ अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियॉ एवं दो फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 14 दिन के अन्दर आवेदन करें।
नोट :– सम्बन्धित विषय से परास्नातक के साथ पी0एच0डी0 अथवा नेट की अर्हता अनिवार्य।
सम्पर्क सूत्र :–
1. 9450908295, 2. 8931828126
E-Mail. ID :-
sss.kanwakhera@gmail.com

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों, शुभचिंतकों, मित्रों सहित समाजवादी पार्टी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्राम कर्री के समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



कौशल चौधरी
जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान कर्री
समाजवादी पार्टी
जनपद–संतकबीरनगर।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त जनपदवासियों, समस्त व्यापारियों, शुभचिंतको, मित्रों एवं अग्रहरि समाज के समस्त भाईयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के सभी व्यापारियों के साथ खड़ी है।
श्रवण अग्रहरि
जिलाध्यक्ष
अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल
जनपद–संतकबीरनगर

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों एवं राष्ट्रीय लोकदल के समस्त पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई।



अजय सिंह सैंथवार
वरिष्ठ नेता व प्रदेश प्रवक्ता
राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश

खलीलाबाद नगर सहकारी बैंक लि0
खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हम अपने खाताधारकों, सदस्यों, अंशधारकों, सहकर्मियों, शुभचिंतकों एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं तथा हार्दिक अभिनंदन करते हैं।
हमारी विशेषताएंः
(1)–सभी शाखाएं पूर्णतः CBS, RTGS, NEFT सुविधा से युक्त।
(2)–अन्य बैंकों से अधिक ब्याज।
(3)–ATM की सुविधा उपलब्ध।
(4)–दैनिक जमा योजना (डेली डिपाजिट स्कीम) लागू
हमारी शाखाएं :
(1)–मुख्य शाखा–गोला बाजार खलीलाबाद
(2)–कलेक्ट्रेट खलीलाबाद
(3)–मेंहदावल–संतकबीरनगर
(4)–धनघटा–संतकबीरनगर
(5)–सेमरियावां–संतकबीरनगर



राजेश प्रकाश मिश्र
सचिव/सामान्य प्रबन्धक
खलीलाबाद
नगर सहकारी बैंक लि0
खलीलाबाद–संतकबीरनगर



इन्द्रजीत मिश्र
अध्यक्ष/पूर्व सांसद
खलीलाबाद
नगर सहकारी बैंक लि.
खलीलाबाद–संतकबीरनगर

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई
मद्रास चश्मा घर
कम्प्यूटराइज्ड आई टेस्टिंग
गांधी नगर पक्का बाजार – बस्ती



गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
Majid Khan
9415037145
VIRGO LAMINATES
AADHUNIK PLYWOOD HARDWARE
Adhunik Market Gandhi Nagar Basti, 272001

नवयुग मेडिकल सेन्टर प्रा0 लि0
मालवीय रोड, बस्ती
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY HOSPITAL
डा. नवीन कुमार
M.B.B.S. DCH (M.A. New Delhi)
(फिजिशियन एवं अल्ट्रा)
डा. श्रीमती शशि श्रीवास्तवा
M.B.B.S. D.C.O.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डा. श्रीमती श्वेता श्रीवास्तवा
M.B.B.S. D.C.O.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डा. अभिजात कुमार
M.B.B.S. M.S., F.M.A.S.
(सर्जन)
डा. पी.के. श्रीवास्तव
M.B.B.S. DCH (M.A. New Delhi)
(बाल रोग विशेषज्ञ)
डा. पी.के. श्रीवास्तव
M.B.B.S. D.C.O.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क नं0 – 7388037152, 9198916147
सुविधाएं : 4 डी अल्ट्रा साउण्ड 300 Ma X ray. E.C.O., Maternity Laproscopic Surgery, 24 hour Emergency Ambulance Lithoripay

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# गणतंत्र दिवस पर सीएम योगी ने किया ध्वजारोहण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 73वें गणतंत्र दिवस पर अपने सरकारी आवास 5ए कालिदास मार्ग पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर सीएम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीए सरदार वल्लभभाई पटेलए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सहित देश की आजादी तथा बाहरी और आन्तरिक सुरक्षा हेतु सभी ज्ञात.अज्ञात शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने प्रदेश को सुरक्षा से समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को भी विनम्र श्रद्धांजलि दी।

# सूचना निदेशालय परिसर में फहराया गया तिरंगा

● सूचना निदेशक ने दी शुभकामनायें, लोकतन्त्र को मजबूत करने के लिएअधिक से अधिक मतदान करने का किया आवाह्न



**लखनऊ।** गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर सूचना निदेशक शिशिर ने पं दीन दयाल सूचना निदेशालय परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजाभिवादन के साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर भारतीय संविधान के संकल्पों को दोहराया गया। सूचना निदेशक ने भारतीय संविधान के महत्व व उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जहां भारतीय संविधान की विशेषताओं का उल्लेख किया। वहीं देश को आजादी दिलाने वाले अमर बलिदानियों के जीवन संस्मरणों की याद ताजा की। उन्होंने सभी को गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए देश को आजादी दिलाने वाले अमर शहीदों को नमन किया। श्री शिशिर ने लोकतन्त्र की मतबूती के लिए सभी से मतदान अवश्य करने और लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने का अवाहन किया। उन्होंने सभी से कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की अपील भी की। उन्होंने स्काउट गाईड के बच्चों द्वारा मतदाता दिवस व कोविड काल में किये गये योगदान की सराहना की।

# राज्यपाल ने ध्वजारोहण के बाद ली सलामी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर उपस्थित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। ध्वजारोहण के बाद राज्यपाल ने विधान भवन पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली व परेड का अवलोकन किया। परेड में सेना, पुलिस, पीएसी, होमगार्डस, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों द्वारा झांकी भी निकाली गयी। विधानभवन के सामने आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने परेड की सलामी ली। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

# गणतंत्र दिवस परेड में सीएमएस ने जीते सर्वाधिक 12 पुरस्कार

● प्रथम स्थान पर रही सीएमएस झाँकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल की अनूठी झाँकी 'मंगलमय है वह जगह जहाँ प्रभु महिमा गाई जाती है' ने इस वर्ष गणतन्त्र दिवस परेड में प्रथम स्थान अर्जित किया है। इसके अलावा सीएमएस छात्रों ने गणतन्त्र दिवस परेड के विभिन्न कार्यक्रमों 11 पुरस्कार अर्जित कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के छात्रों ने ड्रिल 'भारत का टीकाकरण' में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया तो वहीं दूसरी ओर सीएमएस आनन्द नगर कैम्पस ने 'सबको अवसर, सबको उन्नति' ड्रिल में द्वितीय स्थान अर्जित किया। सीएमएस अलीगंज (प्रथम कैम्पस) बालकों के मार्च पास्ट में प्रथम रहा जबकि सीएमएस गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ने बालिकाओं के मार्च पास्ट में प्रथम स्थान पर बाजी मारी।

# राजभवन में शिव प्रतिमा का किया अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने गणतंत्र दिवस पर राजभवन परिसर में भगवान शिव की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। यह भव्य प्रतिमा 4 फुट ऊंची है जो ग्रेनाइट के 10 फुट लम्बे और 7 फुट चौड़े चबूतरे पर लगायी गयी है और प्रतिमा के पृष्ठ में 7 फुट ऊंचे पहाड़ के निर्माण सहित अन्य मनोरम निर्माण किए गए हैं। एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन स्थित राजभवन चिकित्सालय के निकट नवनिर्मित अमूल कूल कार्नर का उदघाटन किया। राज्यपाल से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रस्तुतीकरण करने वाले महाराष्ट्र के कलाकारों ने शिष्टाचार भेंट की।

**COLLEGE OF INNOVATIVE MANAGEMENT & SCIENCE**
(Running: BBA, BCA, B.Com, B.Com.(H), B.Ed.)
Associated by University of Lucknow, Lucknow

Application are invited for the post of **Lecturer** in following Course
**(1) Bachelor of Business Administration (BBA)**
**Eligibility Criteria:** As per Lucknow University Norms Eligible candidates are requested to send their bio-data with photocopies of all documents through email/registered post within 07 days from date of advertisement.
**Address: Management Park, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow - 226010 Contact No. 9889010040, 8417003515, 0522-3500547**
**www.cims.edu.in, cimsedu7@gmail.com**




**Format C-7**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**

**(As per the Commission's direction issued in pursuance of the order dated 24.03.2020,of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)**

**Name of Political Party :** AAM AADMI PARTY

***Name of the Election :** LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION-2022

**Name of the Sate/UT :** UTTAR PRADESH

| Sl.No | | | Name of the constituency : **Saharanpur** | Name of the constituency : **Rampur** | Name of the constituency : **Muradabad** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents : | | Name of the Candidate : **Yogesh Kumar Dahiya** | Name of the Candidate : **Faisal Khan** | Name of the Candidate : **Arun Prakash Singh** |
| | a) | Nature of the offences | **a,b,c,d : 420,467,468,471,120B of IPC e) 506 of IPC, f) U/s 420,406,504,506- IPC** | **a) 147,341,7 of IPC, b) 147,341,353,504,506-IPC, c) 147,148,149,307,452,323,188,504,506-IPC, d) 500,504 -IPC, e) 7,147,148,352,504-IPC, f) 147,149,153,341,353-IPC, g) 143,188,341-IPC, h) 147,186-IPC, i) 171,126(2)-RPAct.** | **a) 188 -IPC b) 124A -IPC c) 174 Railway Act** |
| | b) | Case No. | **a) 98/AC/14, b) 98/BC/14, c) 98/CC/14, d) 98/C/14, e) NCR/11/11, f) 32/2022** | **FIR: a)1606/2010, b) 1607/2010, c) 95A/2014, d) 98/2016, e) 751/2016, f) 230/2019, g) 1000/2019, h) 14/2019, i) 16/2017** | **a) 5322/2017 b) 380/16 c) 2956/2018 RPF** |
| | c) | Name of the Court | **a,b,c,d, f : CJM, Saharanpur e) ACJM, Saharanpur** | **a,b,d,e.f.g,i : CJM- Rampur. c & h : ACJM Rampur.** | **a) ACJM-05, Muradnagar b) CJM, Moradabad c) ACJM Railway, Moradabad** |
| | d) | Whether charges have been framed or not: Yest /No | No | No | No |
| | e) | Date of conviction (if any) : | NA | NA | NA |
| | f) | Details of punishment undergone (if any) | NA | NA | NA |
| | g) | Any other Information required to be given | NA | NA | a,c- NA, b-FR |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate, Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mer " winnablilty" atg the polis (not more than 100 words) | | He has worked tirelessly while maintaining his integrity & character & upholding the values ideal for an AAP candidate. FIRs are politically motivated. | A young, dynamic and bold leader who has questioned the wrong doings of a cabinet minister & resultantly we believe that the cases were instituted falsely against him. | A party volunteer working to implement the vision of AAP in the state of UP. FIRs are politically motivated. |
| 3. | Reasons as to why other individuals withour criminal antecedents could not to be selected as candidates (not more than 100 words) | | He worked to implement the vision of AAP, in comparison to any other person from the area. | No other prospect with similar popularity among the constituents. | No other candidate with similar ground support. |

| Sl.No | | | Name of the constituency : **Jalalabad** | Name of the constituency : **Badapur** | Name of the constituency : **Muradabad Grameen** | Name of the constituency : **Chhata** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents : | | Name of the Candidate : **Santram Singh Chauhan** | Name of the Candidate : **Nirmal Mishra** | Name of the Candidate : **Ishrat Ali** | Name of the Candidate : **Prahlad Singh Chaudhary.** |
| | a) | Nature of the offences | **a) 447,323-IPC, b) 427,323 -IPC** | **IPC 506 -3A SC ST Act** | **120 B,420,406 506** | **a) 3,4-PDPP Act** |
| | b) | Case No. | **a) 5227/17, b) 457/17** | **259/2018** | **C C No. 0002/16** | **FIR no: 416/2018** |
| | c) | Name of the Court | **ACJSD** | **2nd ADJ (SC ST Act)** | **High Court, Allahabad.** | **a) J.M Chhata Mathura.** |
| | d) | Whether charges have been framed or not: Yest /No | No | No | No | No |
| | e) | Date of conviction (if any) : | NA | NA | NA | NA |
| | f) | Details of punishment undergone (if any) | NA | NA | NA | NA |
| | g) | Any other Information required to be given | NA | NA | NA | NA |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate, Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mer " winnablilty" atg the polis (not more than 100 words) | | A dedicated ground worker with immense support vociferously raising his voice against the injustice perpetuated by the system. | A grass-root worker working at the village level. The candidate complained about corruption in the Govt Girl center college Afzalgarh, false cases were leveraged against him. | The Candidate has worked tirelessly while maintaining his integrity & character. | A social worker of 20 years. A person of repute with strong credentials of working for the marginalized section. Very popular and loved by all. |
| 3. | Reasons as to why other individuals withour criminal antecedents could not to be selected as candidates (not more than 100 words) | | The Candidate enjoys more support in comparison to any other prospect from the constituency. | He is determined to fight against the corrupt practices of the established forces & no such prospect exists. | No other candidate with a similar zeal to stand up against injustice. | No other candidate was found of similar stature. |

# प्रयागराज में छात्रों की पिटाई का छात्र संगठनों ने किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रेलवे** भर्ती बोर्ड की नान टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी एनटीपीसी भर्ती सीबीटी-1 परीक्षा का प्रयागराज में विरोध करने वाले छात्रों को पुलिस की ओर से पीटे जाने को लेकर गुरुवार को लखनऊ में विरोध हुआ। समाजवादी छात्र सभा, आल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा और नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया एनएसयूआई ने लखनऊ यूनिवर्सिटी के गेट नंबर एक के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प भी हुई। बाद में छात्र संगठनों ने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। आज दोपहर एक बजे गेट नंबर एक के बाहर छात्र संगठन एकजुट हुए और पुलिसिया उत्पीडन् के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ ही देर में छात्र नेता सड़क पर आ गए। इससे सड़क पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। इसके बाद छात्र संगठन आईटी चौराहे की ओर से चल पड़े लेकिन उन्हें यूनिवर्सिटी के गेट नंबर दो के पास रोक लिया गया। यहीं पर छात्र विरोध प्रदर्शन करने लगे।


कार्यालय उप निदेशक (वि0/यॉ0)
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**
किसान मण्डी भवन, द्वितीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
पत्रांक – नि0ख0/लखनऊ/ई-निविदा/2022-3807 दिनांक : 27-01-2022
**अति-अल्पकालीन ई-निविदा शुद्धि पत्र (द्वितीय आमंत्रण)**
इस कार्यालय पत्रांक-नि0ख0/लखनऊ/ई-निविदा/2022-3709 दिनांक 12.01.2022 के माध्यम से दिनांक 27.01.2022 को ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी किन्तु निविदायें प्राप्त न होने के कारण दिनांक 04.02.2022 को पुनः आनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.02.2022 की अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.02.2022 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी। शेष नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।
नोट : 2022_RKUMP_675201_1 दिनांक 27.01.2022. वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर नियम शर्तों सहित उपलब्ध है।
उपनिदेशक (निर्माण)


# गैंगरेप के आरोपी बस्ती के महंत बाबा सच्चिदानन्द की शिष्या प्रमिला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने गैंगरेप के आरोपी बस्ती के महंत बाबा सच्चिदानंद उर्फ दयानंद और परमानंद की शिष्या और वर्ष 2017 से फरार चल रही प्रमिला बाई उर्फ पारूल गोयल पत्नी अनूप बंसल निवासी रघुविरगंज थाना कोतवाली हापुड़ को हरिद्वार के कस्बा रूड़की से गिरफ्तार किया है। सच्चिदानंद और उसके दो साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

गौरतलब है कि संत लोक आश्रम रिलेजिक ट्रस्ट सेनरा लालगंज स्ती में यौन शोषण का मामला दिसंबर 2017 में तब प्रकाश में आया था जब आश्रम से कुछ युवतियों को धक्के मारकर निकाल दिया गया। इसके बाद युवतिया रात में एसपी दफ्तर पहुंचीं। वहां तत्कालीन कोतवाल महिला पुलिस के साथ पहुंचे और पीड़ितों को बयान के लिए कोतवाली ले गए। तत्कालीन एसपी के निर्देश पर देर रात कथित बाबा के अलावा उसके तीन शिष्यों परमचेतानंद, विश्वासानंद, ज्ञान वैराग्यानंद तथा प्रमिला बाई सहित दो मुख्य सेविकाओं पर यौन शोषण व सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। प्रमिला बाई इसी के बाद से फरार चल रही थी। उसकी तलाश में छानबीन कर रही एसटीएफ को उसके हरिद्वार के कस्बा रूड़की थाना गंगनहर क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला गीतांजलि बिहार गणेशपुर में स्थित अपने आवास में अपने पति के साथ निवास करने की सूचना मिली। इस सूचना पर एसटीएफ द्वारा स्थानीय पुलिस से जानकारी साझा कर संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रमिला बाई को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पूर्व मंत्री आजम खान की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एमपी-एमएलए** कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मानहानि व विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास करने के एक मामले में निरुद्ध पूर्व मंत्री मोण् आजम खान की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम आजम के अपराध को गंभीर करार दिया है।

बीते पांच जनवरी को मुल्जिम मो आजम खान को इस मामले में सीतापुर जेल से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से न्यायिक अभिरक्षा में लिया गया था। एक फरवरी 2019 को इस मामले की एफआईआर आल इंडिया मुस्लिम काउंसिल के अल्लामा जमीर नकवी ने थाना हजरतगंज में आईपीसी की धारा 500 व 505 के तहत दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक आजम खान ने मंत्री रहते हुए अपने लेटर हेड व सरकारी मोहर का दुरुपयोग कर भाजपा, आरएसएस व मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी को मीडिया में बदनाम किया। राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर छवि धूमिल कर इनकी मान.प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाया। अपने मनगढंत बयानों से विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास किया।

## आगरा में युवा संसद में भूपेश बघेल होंगे शामिल

**लखनऊ।** चुनाव आयोग की नई गाइडलाइन आने के बाद कांग्रेस भर्ती विधान युवा घोषणा पत्र को लेकर युवाओं के बीच जागरूकता के लिए युवा संसद का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में 28 जनवरी को आगरा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवा संसद में शामिल होंगे और युवाओं से संवाद करेंगे। प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि युवा संसद में विभिन्न जिलों में युवाओं के साथ भर्ती विधान को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही युवा संसद में युवाओं को कांग्रेस पार्टी के नेता, पदाधिकारी प्रतिज्ञा पत्र, भर्ती विधान समेत अन्य कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। बघेल युवा संसद में शामिल होंगे। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन उपस्थित रहेंगे।

## आरएलडी के प्रदेश कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने ध्वजा रोहण किया। राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने कहा कि देश आज होने के बाद कई बार संषोधन के पश्चात भारतीय संविधान को अंतिम रूप दिया गया था जो आज के दिन 26 जनवरी 1950 को अधिकारिक रूप से अपनाया गया उसी दिन देश को अपना अस्तित्व प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि हमें विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश होने का गर्व है लेकिन कुछ गैर जिम्मेंदार राजनीतिज्ञों और अपराधियों द्वारा लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है इसलिए कुछ लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ गया है परन्तु तानाशाही की सरकारे ज्यादा दिन तक नहीं टिकती।

## पुलिस को चकमा देकर कैदी फरार

**लखनऊ।** जिला जेल में ब्लेड से अपना गला काटने वाला हत्यारोपित कैदी सत्यवीर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को चकमा देकर केजीएमयू से फरार हो गया। उसने सप्ताह भर पहले 18 जनवरी को जिला जेल में ब्लेड से अपना गला काट लिया था। हालत गंभीर होने पर उसे पहले बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके बाद उसे केजीएमयू में रेफर कर दिया गया था। केजीएमयू के सर्जरी वार्ड में वह भर्ती था। मामले में पुलिस ने कैदी सत्यवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं सुरक्षा में तैनात दोनों सिपाहियों के खिलाफलापरवही बरतने का मुकदमा दर्ज किया गया है। सत्यवीर को तीन साल पहले 18 नवंबर 2018 को विभूतिखंड थाने से हत्या के मामले में जेल भेजा गया था। सत्यवीर के खिलाफविभूतिखंड थाने के अलावा गोंडा के अलावा कई अन्य थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं।

## 10 हजार का ईनामी जेल भेजा गया

**निगोहा।** लखनऊ आईजी सर्विलांस टीम व निगोहा पुलिस की संयुक्त टीम ने 10 हजार के ईनामी शातिर अपराधी को उसके साथी संग मीरानपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों के विरूद्व गोवध निवारण अधिनियम के चार मुकदमें मोहनलालगंज, निगोहा, बछरावा में दर्ज थे। निगोहॉ थाना प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह ने अपराधियों के विरूद्व आर्म्स एक्ट सहित पूर्व में दर्ज गौवध निवारण अधिनियम के मुकदमो में न्यायालय में पेश किया गयाएजहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

## पुलिस की कार्रवाई में खुली शराब के धंधे की पोल

**लखनऊ।** चुनाव आयोग और पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देशन में अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत अलीगंज और चिनहट पुलिस सहित अलग-अलग थानों की पुलिस ने कई शराब तस्करों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी प्राची सिंह के निर्देश पर इंदिरा नगर पुलिस ने ग्राम जरहरा इंदिरा नगर निवासी विनोद कुमार निगम को गिरफ्तार कर 67 देशी शराब का पव्वा व 4030 रुपए की नकदी बरामद किया है जबकि इंदिरा नगर पुलिस ने ही सुगामऊ गांव निवासी गुल्ले को गिरफ्तार कर 10 लीटर अवैध शराब बरामद किया है। इसके अलावा अलीगंज पुलिस ने आलोक नगर अलीगंज निवासी विजय आनंद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17 लीटर अवैध कच्ची शराब व 32 पव्वा अंग्रेजी शराब बरामद किया है जबकि हसनगंज पुलिस ने पतौरा गंज हसनगंज निवासी मासू सोनकर को पकड़कर उसके पास से 48 पव्वा देशी शराब बरामद किया है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लखनऊ।** दोस्तो के साथ निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों दोस्तों द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने की बात कह रहे हैं। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। घटना गुरुवार दोपहर एक बजे की हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मँझोरिया गांव अनीश यादव अचानक मोटरसाइकिल से कूदकर भागने लगा। वह दौड़ता हुआ श्रीराम कृष्ण दूध डेरी के पास पहुचकर गिर पड़ा। उसके पीछे विश्रामपुर के रहने वाले मंगल और खानीपुर के रहनेवाले बिट्टा भी मोटरसाइकिल से पंहुचे। उन्हें देखकर वह जोर जोर से उनके द्वारा मार डालने के बात कहता हुआ बेहोश हो गया। जिसकी सूचना जब गांव पहुचीं तो परिजन उसे लेकर गांव आ गए। जहां उसने कुछ समय बाद दम तोड़ दिया। परिजनों द्वारा गले व सिर में चोट के निशान के आधार पर उसके दोस्तों द्वारा उसे मारने की बात कह रहे हैं।

## आलमनगर में हुआ झंडा रोहण



**लखनऊ।** 73 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर वार्ड सआदतगंज आलम नगर के पार्षद मोनू कनौजिया ने झंडे वाला तिराहा भागवंतनगर में झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था जिसे बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने बनाया था। आज इसी संविधान के वजह से हमारा देश पूर्ण गणतंत्र हैं। इस अवसर पर एकता सोसाइटी के टीके चौधरी, श्रवण शर्मा, लक्ष्मी नारायण, पंकज सोनी, ओपन परेडा, आशीष गुप्ता, आनंद गुप्ता, प्रगति गुप्ता, रवि गुप्ता, विन्देश्वरी, सुशीला, सुनीता गुप्ता, रानी गौतम, रोहित, आयोध्या चौधरी, अवधेश त्रिपाठी, बबलू सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## महानगर जनकल्याण समिति ने किया झंडारोहण



**लखनऊ।** 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेपी सिंह सचिव महानगर जनकल्याण समिति ने कोविड संक्रमण ने दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण मे झंडारोहण किया। बड़ी संख्या मे स्थानीय नागरिकों, डा बीपी सिंह प्रबंध निदेशक मिडलैंड हास्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट व सहयोगी चिकित्सक, कर्मचारियों गुलाब सिंह, डाइरेक्टर वारियर्स डिफेंस एकेडमी एवं फेक्लटी सदस्यों, छात्रों सहित विभिन्न समाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ प्रबुद्धजनों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।


Fullerton Grihashakti
Iraada hai toh Raasta hai
**फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय : तल 5 एवं 6, बी-विंग, सुप्रीम आईटी पार्क, सुप्रीम सिटी, पोवाई, मुंबई-400076
पंजी. कार्यालय : मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयाल, चेन्नई-600095

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के प्रावधानों के तहत
अधोहस्ताक्षरी ने फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (एफआईएचएफसी) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के तहत और अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना(एं) जारी की थी/थीं, जिसमें/जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। अधोहस्ताक्षरी का तर्कसंगत विश्वास है कि कर्जदार मांग सूचना(ओं) की तामील से बच रहा/रहे हैं, अतएव सूचना की तामील नियमों के अनुसार चस्पा करने और प्रकाशन द्वारा अमल में लाई जा रही है। मांग सूचना(ओं) की विषय-वस्तु का सार नीचे दिया गया है :-

| क्र.सं. | कर्जदार/सह-कर्जदारों सम्पत्ति धारकों का नाम, जैसा भी मामला है | धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और कुल बकाया राशि |
|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता सं. : 610407210450303<br>(1) मोहम्मद अजीम शाद, पुत्र जाकिर हुसैन (कर्जदार)<br>(2) जाकिर हुसैन, पुत्र खलील अहमद (सह-कर्जदार)<br>पता 1 : आर/ओ. 732, मलूकपुर, बाजार, मलूकपुर चौकी, बरेली, उत्तर प्रदेश-243 003. | तिथि : 21-01-2022 एवं<br>रू. 40,81,857.12 (रू. चालीस लाख इक्यासी हजार आठ सौ सत्तावन तथा पैसे बारह मात्र)<br>एनपीए तिथि : 31-12-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्लॉट स्थित खेत नंबर 276 एम, 277 एम, जगतपुर, लाला बेगम बहार, चुंगी, तहसील सदर एवं जिला बरेली, उत्तर प्रदेश, परिमाप 100 वर्ग गज | |
| 2 | ऋण खाता सं. : 610607210609436<br>1. देवेश कुमार यादव पुत्र मुन्नी सिंह यादव (कर्जदार)<br>2. मोनिका यादव पत्नी देवेश कुमार यादव (सह-कर्जदार)<br>पता 1 : आर/ओ. प्लॉट नंबर 40 पर निर्मित मकान, खसरा नंबर 837-एस, विकास विहार कालोनी, छोटा मारवारा, गोमती नगर, उत्तर प्रदेश-226 010 | तिथि : 21-01-2022 एवं<br>रू. 62,68,218.80 (रू. बासठ लाख अड़सठ हजार दो सौ अठारह तथा पैसे अस्सी मात्र)<br>एनपीए तिथि : 31-12-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्लॉट नंबर 85 एवं 86 पर निर्मित मकान मय भूमि परिमाप 199.814 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 1013, स्थित मारवारा (छोटा मारवारा) परगना तहसील एवं जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश चौहद्दी निम्नानुसार :- पूरब : अन्य की भूमि, पश्चिम : 24 फीट चौड़ी रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर 87, दक्षिण : प्लॉट नंबर 87 | |

कर्जदार(रों) को एतद्द्वारा मांग सूचना(ओं) का अनुपालन करने और उसमें तथा यहां ऊपर वर्णित मांग राशि इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर, भुगतान की तिथि तक लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस प्रभार, लागत और खर्चों सहित चुकाने की सलाह दी जाती है। कर्जदार नोट करें कि एफआईएचएफसी एक प्रतिभूत लेनदार है तथा कर्जदार(रों) द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा कर्जदार(रों) द्वारा बंधक रखी गई प्रतिभूत आस्ति(यों) के रूप में अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियों के ऐवज में प्रतिभूत ऋण है। यदि कर्जदार पूरी बकाया राशि निर्धारित समयसीमा के भीतर चुकाने में असफल रहते हैं, तो एफआईएचएफसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने की हकदार होगी, जिसमें प्रतिभूत आस्ति(यों) का कब्जा लेना, परंतु उसी तक सीमित नहीं, अपितु भुगतान वसूली के लिए उसको बिक्री द्वारा हस्तांतरित करना अथवा अधिनियम और तदधीन विरचित नियमों के तहत उपलब्ध अन्य उपाय करना शामिल है। एफआईएचएफसी को बिक्री अथवा हस्तांतरण के अधिकार प्रयोग से पहले प्रतिभूत आस्ति(यों) को कुर्क तथा/अथवा सील करने का भी अधिकार है। प्रतिभूत आस्ति(यों) की बिक्री करने के बाद, एफआईएचएफसी को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि बंधक सम्पत्तियों के मूल्य से एफआईएचएफसी की पूरी बकाया राशि वसूल नहीं हो पाती है। यह उपाय, एफआईएचएफसी को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध अन्य सभी उपायों के अतिरिक्त है।
कर्जदार(रों) का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान की ओर तथा अधिनियम की धारा 13 (13) आकृष्ट किया जाता है, जिसके द्वारा कर्जदार एफआईएचएफसी की पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी भी प्रतिभूत आस्ति(यों) का हस्तांतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से (व्यवसाय की आम विधि को छोड़कर) करने अथवा निपटान अथवा संव्यवहार करने हेतु प्रतिबंध/पाबंदी लगी है और उपरोक्त का पालन नहीं करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है तथा कर्जदार, यदि वे ऐसा चाहते हैं, अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय के सामान्य कार्यसमय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।
स्थान : बरेली/लखनऊ, उत्तर प्रदेश हस्ता./-
तिथि : 28-01-2022 प्राधिकृत अधिकारी, फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


# गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस ने लिया संविधान की रक्षा करने का संकल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने झंडारोहण किया गया और प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। लल्लू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस मौके पर हम एक बार फिर से संविधान की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। संविधान की मजबूती ही देश, प्रदेश और समाज को आगे बढ़ाएगी। कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा अपनी अंतिम सांस तक हम समाज के गरीब, मजदूर, किसान, युवा की लड़ाई लड़ते रहेंगे। देश-प्रदेश के हर वंचित, शोषित तबके के साथ कांग्रेस पार्टी खड़ी हुई है। इस मदमस्त सत्ता से देश की रक्षा संविधान ही कर सकता है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी का हर सिपाही अपनी अंतिम सांस तक संविधान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ता रहेगा।

# यूपी में थमे कोविड की तीसरी लहर के कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी में** कोरोना की तीसरी लहर की रफ्तार थमती दिख रही है। ताजा स्थिति के मुताबिक एक ओर जहां दैनिक पॉजिटिविटी दर में गिरावट देखी जा रही है वहीं नए केस और एक्टिव केस की संख्या भी दिनों-दिन कम होती जा रही है। विगत 24 घंटों में 1 लाख 93 हजार 419 कोरोना टेस्ट किए गए जिसमें 8901 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 16786 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को टीम-9 के साथ कोविड के हालात की समीक्षा करते हुए सुधार के संकेतों को सुखद बताया। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव की हमारी ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति सफलता देने वाली रही है। प्रदेश में तीसरी लहर पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। नए केस मिलने की संख्या दिनों.दिन कम हो रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या उत्साहवर्धक है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 72 हजार 393 है। इनमें से 98 फीसदी से अधिक लोग मामूली लक्षणों के साथ घर पर ही स्वास्थ्यलाभ ले रहे हैं। एक्टिव केस और पॉजिटिविटी दर में लगातार गिरावट आ रही है। यह अच्छे संकेत हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह संक्रमण सामान्य फ्लू की तरह है। अत: इससे डरने की नही सतर्क.सावधान रहने की जरूरत है। सीएम ने निर्देश दिए कि लोगों को कोविड प्रोटोकॉल के पालन हेतु जागरूक किया जाए। सीएम ने कहा कि प्रदेशवासियों को कोविड टीकाकवर उपलब्ध कराने का हमारा महत्वपूर्ण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि मतदान से पहले हर प्रदेशवासी को टीके का सुरक्षा कवर जरूर मिल जाए।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालपी-जालौन**










**"स्वच्छ कालपी सुन्दर कालपी"**
**" 26 जनवरी 2022, गणतंत्र दिवस" के पावन पर्व पर समस्त नगर वासियों एवं शुभचिन्तकों को नगर पालिका परिषद कालपी की ओर से हार्दिक बधाई "**

नगर में सफाई, रोशनी, जल प्रदूषण नियंत्रण, विधान सभा सामान्य निर्वाचन-22 में मतदान, चौमुखी विकास एवं कोचिड-19 की गाइड लाइन का पालन हेतु नगर के नागरिकों से निम्नलिखित अपेक्षा की जाती है कि : –

1. स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर को साफ-सुथरा रखने में नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें।
2. पालिका के चिन्हित स्थलों/कूड़ादानों में ही अपने घरों का कूड़ा-कचरा डालें।
3. अपने घर के आस-पास नालियों एवं रास्तों में गन्दगी न फैलायें एवं प्लास्टिक/पॉलीथीन का प्रयोग बिल्कुल न करें।
4. कोविड-19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये मास्क का उपयोग करें, आपस में शोसल डिस्टेन्सिंग अपनायें तथा बार-बार हांथों को साबुन से धोयें अथवा सेनेटाइज करें।
5. आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।
6. रोड पटरी पर जानवरों को न बांधे, घरों के बाहर निर्माण सामग्री न रखें, आवागमन में सहयोग प्रदान करें।
7. नगर की स्ट्रीट लाइटों को क्षति न पहुंचायें अनावश्यक रूप से दिन में लाईट जलने पर पालिका को सूचित करें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
9. भवनकर, लाईसेन्स शुल्क, किराया दुकान एवं व्यापार एवं व्यवसाय शुल्क आदि की समय से अदायगी कर नगर के विकास में सहयोग प्रदान करें।
10. नगर पालिका द्वारा नगर में कराये जा रहे विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें यदि कोई समस्या हो तो पालिका को तत्काल सूचित करें।
11. मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु गन्दा पानी न रहने दें।
12. नगर पालिका की नजूल भूमि एवं नाला-नालियों पर अतिक्रमण न करें तथा रास्तों में जानवर न बांधे।






(हरिभूषण सिंह चौहान) लेखाकार/प्रधान लिपिक नगर पालिका परिषद कालपी –जालौन
समस्त सदस्यगण/ समस्त स्टाफ नगर पालिका परिषद कालपी –जालौन
(के0के0 सिंह) पं0 अधिशासी अधिकारी/S.D.M. नगर पालिका परिषद कालपी –जालौन
बैकुंठी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कालपी –जालौन


# कुछ नकारात्मक सोच वाले देश को ले जाना चाहते हैं पीछे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव तथा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रध्वज फ्हराकर सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुलायम सिंह ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में जिन्होंने कुर्बानियां दी उनको हम श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। इतिहास में वे अमर रहेंगे। उन्होंने अपील की कि शहीदों के परिवारों को कोई दिक्कत हो तो उनकी भरपूर मदद करें। अखिलेश यादव ने कहा कि देश को आजादी लम्बे संघर्ष और हजारों नौजवानों के त्याग, बलिदान से मिली है। इस आजादी और लोकतंत्र तथा संविधान को बचाने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा देश में कुछ नकारात्मक सोच और समाज को बांटने वाले देश को पीछे ले जाना चाहते हैं। एक समय डॉ लोहिया और डॉ अम्बेडकर मिलकर काम करना चाहते थे पर परिस्थितियोंवश वैसा नहीं हो सका। अब हम समाजवादी अम्बेडकरवादी मिलकर ऐसी सरकार बनाएंगे जो गरीबोंए किसानोंए नौजवानों की बेहतरी के बारे में सोचेगी। श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार ने किसानों को अपमानित किया है। अन्नदाता का बेटा सीमा की रक्षा कर रहा है। यहां किसानों पर बल प्रयोग कर प्रताड़ित जा रहा है। उनके आंदोलन को कुचलने के लिए क्या-क्या नहीं किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस विधानसभा चुनाव को सभी अपना चुनाव समझे। यह भाग्य निर्णायक होगा। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा के नेता अपने बयानों से चुनाव को दूसरी दिशा में ले जाना चाहते हैं।

# एलयू से लेकर केजीएमयू सहित शिक्षण संस्थानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लखनऊ।** 73 वें गणतंत्र दिवस पर लविवि से लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विवि, एकेटीयू, शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि सहित सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण धूमधाम से मनाया गया। लविवि में ध्वजारोहण के बाद विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विवि परिवार के लिए अपने संदेश की शुरुआत देश की अनेकता में अखंडता को याद करते हुए की। किंग जार्ज चिकित्सा विवि में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए गणतन्त्र दिवस की 73 वीं वर्षगाठ मनाई गई। इस अवसर पर चिकित्सा विवि के प्रांगण में विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल बिपिन पुरी द्वारा विवि के चिकित्सकों, अधिकारियों, छात्रों एवं कर्मचारियों के मध्य ध्वजारोहण किया गया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विवि में प्रात: 7 बजे विवि की एनसीसी यूनिट, योग विभाग और योगा वेलनेस सेंटर द्वारा संयुक्त रूप से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह समेत विवि के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स ने एक साथ सूर्य नमस्कार किया।

# आम आदमी पार्टी ने जारी किया घोषणापत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- 300 यूनिट बिजली फ्री, पुराने बिल माफ
- महिलाओं को पूरे प्रदेश में फ्री बस यात्रा दी जाएगी

**आम** आदमी पार्टी ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केजरीवाली गारंटी पत्र घोषणा पत्र में सरकार बनने के बाद जनता को दी जाने वाली सुविधाएं, योजनाओं और लाभों की जानकारी दी। सरकार बनने के बाद 300 यूनिटी बिजली फ्री दी जाएगी, सारे पुराने बिल माफकिये जाएंगे और 24 घंटे बिजली दी जाएगी। सरकार बनने के बाद 10 लाख नौकरियां हर साल देंगे। बेरोजगारों को हर माह 5 हजार रुपये देंगे जब तक उसकी नौकरी नहीं लग जाती है। माताओं-बहनों के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये आम आदमी पार्टी की सरकार के बाद देगी। किसानों के जितने भी पुराने कर्जे बकाया है। सरकार बनने के बाद पूरे बजट का 25 प्रतिशत शिक्षा के ऊपर हम खर्च करेंगे। यह हमारी प्राथमिकताओं में है। किसान के फसल का दाम 24 घंटे के अंदर उसके खाते में होगा। गन्ने का दाम हर साल बढ़ाया जाएगा गन्ने का भुगतान भी किसान को तत्काल किया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने अन्य मुद्दों पर भी ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड और पूर्वांचल की समस्याओं का अध्ययन करके उनके विकास के लिये आम आदमी पार्टी विशेष नीति बनाएगी। संजय सिंह ने कहा कि महिलाओं के लिए बस की यात्रा दिल्ली की तर्ज पर पूरी तरह से नि:शुल्क की जाएगी। सारे रेडी पटरी वालों को उचित स्थान जारी करके परिचय पत्र जारी करेंगे और 10 लाख रुपये तक का इंश्योरेस किया जाएगा। वकीलों के लिए चैम्बर, वकीलों को 10 लाख रुपये तक का लाइफ इंश्योरेंस, बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन शुल्क को प्रदेश सरकार देगी। हम उत्तर प्रदेश में दिल्ली की तर्ज पर राशन वितरण डोर टू डोर पहुंचाने की योजना लागू करेंगे। शिक्षा मित्र के सभी साथियों को नियमित किया जाएगा। शिक्षण भर्ती खोली जाएगी जो इस सरकार ने लटकाए हैं। हमने ऐलान किया है कि सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाएगी। स्वास्थ्यए आउटसोर्सिंग के नाम पर जो शोषण किया जाता है वो व्यवस्था खत्म की जाएगी। कौशल विकास की प्रशिक्षण योजना लागू करेंगे। दिल्ली की तर्ज पर यूपी के गांव में ग्राम क्लीनिक और शहरों में मोहल्ला क्लीनिक बनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश में फरिश्ते स्कीम हम लागू करेंगे। ऐक्सिडेंट विक्टिम पॉलिसी दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का इलाज सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त किया जाएगा।

# कारागार कर्मियों को प्रदान किए पदक व प्रशंसा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- आदर्श बन्दी बैंड की साज सज्जा के लिए की दो लाख रुपए देने की घोषणा

**कारागार** मुख्यालय के सिंह द्वार पर 73 वें गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम परंपरागत जोशो खरोश और भव्यता के साथ मनाया गया। इस बार गणतंत्र दिवस पर डीजी जेल आनंद कुमार के कोविड संक्रमित होने पर आइसोलेशन में होने के कारण अवनीश कुमार अवस्थी अपर मुख्य सचिव गृह गोपन एवं कारागार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आदर्श कारागार के बन्दियों के आदर्श बन्दी बैड द्वारा बजाए गए राष्ट्रगान की धुन पर अपर मुख्य सचिव ने सर्वप्रथम कारागार मुख्यालय भवन पर प्रात: 8. 30 बजे झंडारोहण किया। इसके उपरांत उन्होंने कारागार विभाग के 6 वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ साथ कारागार मुख्यालय में कार्यरत 28 अन्य अधिकारियों कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के पदक, प्रशस्ति पत्र, प्रशंसा पत्र और अलंकरण से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग ने हाल के वर्षों में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं और जनसामान्य में विभाग के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। गणतंत्र दिवस मनाने और देश से प्यार करने का वास्तविक महत्व तब है जब हम कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संवैधानिक मूल्यों के प्रति कृतसंकल्पित हों। उन्होंने प्रदेश की जेलों में निरुद्ध सभी बन्दियों सहित कारागार कार्मिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने आदर्श कारागार के आजीवन कारावास से सजायाफ्ता बन्दियों के आदर्श बन्दी बैंड की साज सज्जा के लिए 2 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की।

# रायबरेली में जहरीली शराब से नौ की मौत

## दो दर्जन से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती महाराजगंज के पहाड़पुर गांव का मामला

संवाददाता। महराजगंज/रायबरेली

**बीते** मंगलवार को क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में शराब पीने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान चली गई और तकरीबन दो दर्जन से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जहरीली शराब पीने से हुई मौतों की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैला गई और रात्रि में ही पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया डीएम एसपी ने रात में ही गांव में पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी बुधवार की भोर ही लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह व मंडलायुक्त रंजन कुमार ने भी मौका मुआयना किया वहीं घटना को लेकर शराब के दुकानदार और सेल्समैन के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज हुई है। इस बीच मंगलवार देर रात से शुरू हुई मौतों का सिलसिला बृहस्पतिवार तक जारी प्रशासन ने 9 लोगों की मौत की ही पुष्टि की है। वही मामले में शासन शासन द्वारा जिला आबकारी अधिकारी आबकारी इंस्पेक्टर सहित आबकारी सिपाही धीरेंद्र श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। दूसरी ओर, रायबरेली के कप्तान श्लोक कुमार ने लापरवाही बरतने पर महराजगंज कोतवाल नारायण कुशवाहा थुलवासा चौकी इंचार्ज राजकुमार और 4 सिपाहियों को निलंबित कर दिया है।

रायबरेली जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव की है। जहां की रहने वाली सुखरानी के घर एक कार्यक्रम था नाते रिश्तेदार सहित तकरीबन सौ सवा सौ लोग शामिल हुए थे कार्यक्रम में शामिल कई लोगों द्वारा पहाड़पुर स्थित ठेके से देसी शराब लाकर पी गई थी, मंगलवार को ही संबंधित ठेके से ही अन्य लोगों द्वारा भी शराब खरीद कर पी गई थी सभी भोजन वगैरह करके सोने के लिए लेटे लेकिन कुछ ही देर में उनकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद देर रात सभी को महराजगंज सीएचसी और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जान गंवाने वालों में पंकज सिंह पुत्र अशोक सिंह रामसुमेर पुत्र गजाधर सरोज कुमार पुत्र राम प्यारे बंसी पुत्र मालिक सुखरानी पत्नी रामधनी चंद्र पाल पुत्र बलऊ यह 6 लोग एक ही गांव पहाड़पुर के रहने वाले हैं, एवं कल्लू पुत्र बुधई निवासी बहादुरनगर कासिम और राज बाबू थुलवासां स्थित भट्टे पर मजदूरी करने के लिए आए थे जिसमें से एक छतरपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला था वही दूसरा हमीरपुर जिले का और तकरीबन दो दर्जन लोगों की हालत अभी भी ख़राब है। सभी को जिले अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की।





## पुलिस व आबकारी विभाग के 9 अधिकारी-कर्मचारी निलंबित

**लखनऊ।** रायबरेली नकली शराब कांड में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है इसके साथ ही इन सभी को तत्काल आरोप पत्र देने के निर्देश दिए गए हैं। आबकारी विभाग के अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से रायबरेली और आसपास के जिलों में सिर्फ टेट्रा पैक देशी शराब की बिक्री की जाएगी। जिम दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उनमें पुलिस विभाग के महाराजगंज के एसएचओ नारायण कुमार कुशवाहा, चौकी प्रभारी धुलवासा राजकुमार, कांस्टेबल रत्नेश कुमार राय, ब्रजेश कुमार यादव, शिवनारायण पाल, विजय राम और आबकारी विभाग के रायबरेली के डीईओ राजेश्वर मौर्य, आबकारी निरीक्षक अजय कुमार, कांस्टेबल धीरेन्द्र श्रीवास्तव को निलम्बित किया गया है। राज्य सरकार ने जिला प्रशासन को नकली शराब की आपूर्ति में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन पर आईपीसी और आबकारी कानूनों की कड़ी धाराओं के अलावा एनएसए और गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामले दर्ज होंगे। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इसकी गहराई से जांच की जा रही है और असली दोषियों की तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है। अवैध व नकली विंडीज ब्रांड की देशी शराब के स्रोत की जांच की जा रही है। रायबरेली में नकली शराब पीने से सात लोगों की मौत हो चुकी है और 22 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

## आरेडिका में मना गणतंत्र दिवस



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरेडिका के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक वीएम श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश कल्याण निगम लिमिटेडए उत्तर रेलवे भारत स्काउट एण्ड गाइड के प्लाटून आदि ने भाग लिया ।महाप्रबंधक ने 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एमसीएफपरिवार के लोगों को बधाई दी। अपने अभिभाषण में उन्हांने कहा कि 72 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 26 जनवरीए1950 को भारत वर्ष के सभी नागरिकों को न्याय तथा समानता प्रदान करने हेतु भारत को संपूर्ण प्रभुत्व.संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए दुनिया के सबसे बड़े लिखित संविधान को हम भारतवासियों ने अंगीकार किया था। हमारा यह कर्तव्य है कि हम आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखते हुए आज की वैश्विक महामारी को ध्यान में रखकर दो गज दूरी का पालन करते हुए काम करं और देश की उन्नति में अपना योगदान दें। आगे उन्होने आरेडिका की उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन किया इसी क्रम में उन्होने कहा कि कोविड.19 जैसी वैश्विक आपदा के बावजूद एमसीएफअपने विकास की श्रृंखला में लगातार आगे बढ रहा है। उन्होंने अपने अभिभाषण में लोगों से कोरोना के दोनों टीके लगवाने की अपील की जिसमें 15 से 18 वर्ष के बच्चे भी शामिल हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक संगठन द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस में गीतए समूह गान और नृत्य प्रस्तुत किया गया।गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आरेडिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान हेतु प्रतिभाग किया ।इस अवसर पर एमसीएफके पीसीएमई शमशेर सिंह कलसी सहित उच्च अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**रेलमंत्री अष्विनी वैष्णव ने की छात्रों से अपील:** यह संज्ञान में आया है कि एनटीपीसी पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यार्थी रिजल्ट को लेकर विरोध. प्रदर्शन, ट्रेन संचालन में व्यवधान आदि गतिविधियों में संलिप्त हो रहे हैं। एनटीपीसी का रिजल्ट अधिसूचना की शर्तों के अनुसार है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने छात्रों से अपील की है किए रेल आपकी संपत्ति है और आपका भविष्य भी है इसे जलाकर नष्ट न करें। हमारी पूरी व्यवस्था पारदर्शी है, हम नेकनीयती से काम कर रहे हैं और आपके सारे मुद्दों को संवेदनशील तरीके से हल करेगें। छात्र एवं आस.पास के लोग गुमराह न हों और ऐसे तत्वों के प्रभाव में न आएं जो अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए आपका इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

पुलिस की रही मुस्तैदी

# पहले दिन बिके 90 परचे नामांकन एक भी नहीं





संवाददाता। सीतापुर

**चौथे** चरण में शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया में पहले दिन 90 पर्चा बिके जिसमें महोली 5 सीतापुर 14, हरगांव 7, लहरपुर 6, बिसवां 15, सेवता 7, महमूदाबाद 22, सिधौली 6, मिश्रिख 8 पर्चा खरीदे गए। महोली से सुशील कुमार ले गए अनूप कुमार गुप्ता एक सेट, अनुराग ले गए अनूप गुप्ता एक सेट, दीप्ती वर्मा,

### हरगांव से सुरेश राही, रामहेत भारती और सदर से सचिन जायसवाल ने खरीदा पर्चा

आप दो सेट, बहुजन समाज मुक्ति पार्टी से तेज नरायण विश्वकर्मा। सीतापुर सदर से आनंद जायसवाल, आप एक सेट, सचिन जायसवाल राधेश्याम जायसवाल एक सेट, सचिन जायसवाल एक सेट, रूपेंद्र कुमार एक सेट, मोनिका पंडित एक, महेश्वरी दयाल गुप्ता एक सेट, बाबू राम गौतम, अशोक कुमार राठौर, गया प्रसाद, पंकज मिश्रा, राकेश कुमार, निर्दल, दिनेश कुमार जायसवाल, राम शंकर, राम नारायण, निर्दल, हरगांव से सुरेश राही, बीजेपी एक सेट, रानू चौधरी बीएसपी एक सेट, खुशीराम चौधरी आंबेडकर समाज पार्टी एक सेट। सुमन निर्दल एक सेट, अर्जुन लाल भाकपा मार्क्सवादी एक सेट, रमेश राही निर्दल एक सेट। सपा रामहेत भारती एक सेट। लहरपुर से सुनील वर्मा बीजेपी एक सेट, मो जुनैद अंसारी, बसपा एक सेट, अनुपमा द्विवेदी, कांग्रेस एक सेट, अनिल कुमार वर्मा सपा एक सेट, अतुल वर्मा सपा एक सेट, राकेश कुमार निर्दल, एक सेट। बिसवां से सहजराम निर्दल, एक सेट, अफ्ज़ाल कौसर सपा एक सेट, अनुज कुमार निर्दल- एक सेट, महेंद्र सिंह यादव, बीजेपी एक सेट, अनिरूद्ध निर्दल, छोटे लाल, निर्दल, हासिम अली, बसपा एक सेट, बलराम सिंह तीन सेट, मोहम्मद फारूख चार सेट, मुकेश कुमार शुक्ला दो सेट, सरोज कुमार सिंह एक सेट। सेवता आशीष प्रताप सिह राष्ट्र उदय पार्टी एक सेट, ज्ञान तिवारी भाजपा दो सेट, अंजू तिवारी निर्दल एक सेट, सपा महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू दो सेट, लखिया निषाद एक सेट विकास शील इंसान पार्टी। महमूदाबाद से बीजेपी आशा मौर्या चार सेट, सपा नरेंद्र सिंह वर्मा तीन सेट, सपा नीतू वर्मा दो सेट, आप राजकुमार पोरवाल दो सेट, बीएसपी मीसम अम्मार रिजवी चार सेट रमेश चंद्र निर्दल दो सेट, धीरेंद्र निर्दल दो सेट, प्रीती निर्दल दो सेट। सिधौली से हरगोविंद भार्गव चार सेट, लालजी भार्गव दो सेट, मिश्रिख से मनोज राजवंशी, राम स्वरूप ने पर्चा खरीदा है।

## गणतंत्र दिवस पर खुशियों से झूमा सीतापुर

**सीतापुर।** सीतापुर में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक 73वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। न्यायालय परिसर में जिला जज कुलदीप कुमार द्वितीय ने ध्वजारोहण किया। कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम विशाल भारद्वाज ने तिरंगा फहराने के बाद गणतंत्र दिवस की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसपी ऑफिस में पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम कार्यक्रम व परेड पुलिस लाइन में आयोजित हुई। डीएम ने ध्वजारोहण किया फिर एसपी के साथ परेड की सलामी ली। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके अलावा सभी पीएसी बटालियनों, जिला कारागार, नगर पालिका समेत सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने के बाद जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और डीआईजी-पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने सराहनीय कार्यों के लिए पुलिस अधिकारियों तथा कर्मियों को प्रशंसा चिंह, सराहनीय सेवा सम्मान चिंह, उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। यूपी 112 प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह, यूपी 112 कार्यालय के मुख्य आरक्षी देवेंद्र कुमार, आरक्षी अमित कुमार साहू, शहर कोतवाली के उपनिरीक्षक राम प्रसाद, कांस्टेबल विशेष भाटी, राजकुमार, मुख्य आरक्षी जंग बहादुर, मंसूर अली, कीर्ति बाजपेयी, किरन यादव, होमगार्ड सुरेश प्रसाद, रामहेत को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उत्कृष्ट कार्यो के लिए सीओ सिटी पीयूष सिंह, सीओ सदर प्रवीण कुमार यादव, सीओ लहरपुर सुशील कुमार सिंह, सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद, सीओ पुलिस लाइंस, सेल, राजकुमार साव, सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय, सीओ सिधौली यादुवेंद्र यादव, सीओ मिश्रिख सुशील कुमार यादव, सीओ महोली अमन सिंह, सीएफओ एनपी सिंह, सीओ गोपनीय तेज बहादुर सिंह, एएसपी उत्तरी कार्यालय के निरीक्षक रजनेश कुमार, एएसपी दक्षिणी कार्यालय के निरीक्षक कुलदीप कुमार गुप्ता, अभिसूचना इकाई की प्रभारी अपाला सिंह, एएचटीयू प्रभारी अफसर परवेज, आईजीआरएस सेल प्रभारी जयप्रकाश यादव, रेडियो उपनिरीक्षक हरि प्रकाश सिंह, मीडिया सेल प्रभारी नवनीत मिश्रा, दिग्विजय पांडेय, रिट सेल प्रभारी दिलीप कुमार चौबे, सर्विलांस-साइबर सेल प्रभारी अजय रावत, स्वाट टीम प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह समेत कई पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।



जिलाजज को सम्मानित करते डीएम-एसपी।

## ठेकेदारों ने 'माननीयों' पर भी लगाया आरोप

### कहा, टेंडर में बड़े पैमाने पर की गई धांधली मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार की खोली पोल

**बस्ती।** यह पहली बार नहीं हैं, जब ठेकेदारों ने माननीयों पर धन की उगाही करने का आरोप नहीं लगाया हैं, इससे पहले भी कईबार ठेकेदार संघों की ओर से सत्ता का दुरुपयोग कर सरकारी धन का बंदरबांट करने का आरोप लगा चुके हैं, चूंकि माननीय है, और सत्तापक्ष से जुड़े हैं, कि इस लिए न तो जांच होती है, और न कार्रवाई। यही कारण रहा कि पीडब्लूडी में माननीयों ने जैसा चाहा वैसा ही हुआ, अगर चाह लिया कि अमूक ठेकेदार को ठेका नहीं मिलना है, तो नहीं मिला, भले ही उसने 20 से 25 फीसद बिलो दर ही क्यों न डाला हो। वहीं पर जिसे चाह लिया उसे टेंडर मिल गया, भले ही उसने दो फीसद बिलो दर ही क्यों न डाला हो। देखा जाए तो ठेकेदार पिछले पांच से माननीयों और अधिकारियों की मनमानी को लेकर चिल्ला रहे हैं, मगर उनकी आवाज ही नहीं सुनी जाती, ऐसा लगता है, कि ऐसा निर्देश हो कि ठेकेदारों की न सुनी जाए। हालांकि इसका प्रभाव चुनाव में पड़ना लाजिमी है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में ठेकेदार एसोसिएशन के महामंत्री गोविंद नाथ पांडेय ने कहा कि वैसे तो पांचों विधानसभाओं में टेंडर के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, मगर हर्रैया और कप्तानगंज विधानसभाओं में अधिक हो रहा है। कहा कि इन दोनों विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों पर दबाव बनाकर टेंडर में बड़े पैमाने पर धन की उगाही हो रही है। अपने चहेते ठेकेदार को ठेका देने के लिए सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कहा कि इन दोनों विधानसभाओं में अगर टेंडर की जांच की हो जाए तो पता चलेगा कि किस तरह माइनस दो फीसद बिलो दर डालने वाले ठेकेदार को टेंडर मिल गया, और 20 से 25 फीसद बिलो वाले को नहीं मिला। जिसके चलते ठेकेदार भूखमरी की कगार तक पहुंच गएं है। उन्होंने लिखा है, कि एक ही आईपी एडेस से सैकड़ों टेंडर डाले गए, और उसी आईपी एडेस से टेडर में सपोर्ट भी किया गया। माननीयों की करतूत को पीएम, राष्टीय अध्यक्ष, गृहमंत्री एवं प्रमुख सचिव शासन को भी बताया गया।

## गणतंत्र दिवस पर हिण्डाल्को ने दक्षिणांचल वासियों को दी सीटी-स्कैन की सौगात




**सोनभद्र।** हिण्डाल्को प्रबंधन सदा से ही अपने सहकर्मियों एवं उनके परिजनों तथा आस-पास के निवासियों को बेहतर एवं अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधायें देने में तत्पर रही है। फिर चाहे वो कोविड काल में जिला अस्पताल के लिए आक्सिजन कन्सनट्रेटर की व्यवस्था हो करहिया में सालों से बंद पड़े आक्सिजन प्लांट को शुरू करवाना हो या जिला अस्पताल तथा हिण्डाल्को अस्पताल में आक्सिजन प्लांट की स्थापना व सेन्ट्रल आक्सिजन सिस्टम लगवाना सभी में मानवता के प्रति कम्पनी की मानवीय दृष्टिकोण की झलक मिलती है। इसी क्रम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिण्डाल्को अस्पताल में अत्याधुनिक 32 स्लाइड वाली सीटी-स्कैन यूनिट का शुभारंभ किया गया। हिण्डाल्को क्लस्टर के सीओ ओएन. नागेश, लक्ष्मी नागेश, क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह एवं सीमा मलहोत्रा ने पूजन-हवन करके सीटी-स्कैन यूनिट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हिण्डाल्को हास्टिपल के रेडियोलाजिस्ट डा0 पायल ने हिण्डाल्को हास्पिटल में लगाये गए सीटी-स्कैन यूनिट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 32 स्लाइड वाली यह सीटी-स्कैन मशीन दस से पंद्रह मिनट में ही एचआरसीटी चेस्ट टेस्ट के द्वारा कोविड इन्फेक्शन के बारे में प्रारम्भिक स्तर पर ही जानकारी दे देगी।इस अवसर पर हिण्डाल्को हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ भास्कर दत्ता सहित अन्य चिकित्सक व हिण्डाल्को के उच्चाधिकारी बी.जे. अलेक्जेन्डर,एन.एन. राय,जे.पी. नायक,विनोद ठाकुर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी रिहंद में गणतन्त्र दिवस समारोह



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद के सोन-शक्ति स्टेडियम में बुधवार को कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के साथ पुरस्कार वितरण के बीच 73वां गणतन्त्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया । समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक देबब्रत पॉल ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर किया । तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया । पुनः मुख्य अतिथि ने अन्य सहअतिथियों के साथ शांति का प्रतीक गुब्बारे को आकाश में छोड़ कर शांति का संदेश लोगों को दिया। रिहंद परियोजना पर्यावरण की दिशा में सदा से सजगता की भूमिका का निर्वहन करता चला आ रहा है। एक ओर जहां हम व्यवसायिक तौर पर तेजी से आगे बढ़ रहे है वही दूसरी तरफमहिला स्वावलंबन, स्वरोजगार प्रशिक्षण को वरियता देते हुये हम अपने क्षेत्र के सामुदायिक विकाश के लिए सतत रूप से प्रयासरत है । इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने समारोह में शामिल टुकड़ियों का निरीक्षण कर उनकी सलामी ली । अगली कड़ी में परियोजना कर्मियों को विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य हेतु बीयूएच मेरिटोरियस अवार्ड से पुरस्कृत किया श्रमिकों को एनटीपीसी रिहंद की ओर से सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार दिया गया । मुख्य अतिथि श्री पॉल द्वारा गांधी पार्क में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करनमन किया गया । स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा मैत्री वालीबॉल मैच का आयोजन भी किया गया, जिसका दर्शकों ने लुत्फउठाया ।

## निजीकृत शिक्षा मंच को लेकर विस्तार की योजना

**लखनऊ।** एक अग्रणी एज्युकेशन टेक्नालॉजी कंपनी श्स्पीडलैब्सश् ने अगले छह महीनों में अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स आधारित व्यक्तिगत शिक्षा प्लेटफॉर्म को लेकर के 12 और परीक्षा की तैयारी क्षेत्र में मौजूदा, 200 शहरों से देश भर के 800 शहरों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने का आयोजन किया है। स्पीडलैब्स वर्तमान में एक लाख से अधिक छात्रों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है और 200 शहरों में मौजूद 2500 से अधिक शिक्षकों ध् कोचिंग भागीदारों के साथ जुड़ा हुआ हैए जिसे जल्द ही भारत के 23 राज्यों में स्थित 800 शहरों तक फैलाया जाएगा । वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स प्रैक्टिस प्लेटफॉर्म पर छात्रों के लिए 3 लाख से अधिक प्रश्न उपलब्ध हैं। छात्र इन प्रश्नों को हल करने की प्रैक्टिस कर सकते हैं और शिक्षकों द्वारा उनका मूल्यांकन करा सकते हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर उनके सीखने के प्रदर्शन में सुधार होगा । स्पीडलैब्स के संस्थापक एवं सीईओ विवेक वार्ष्णेय ने शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स और व्यक्तिगत शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमारा प्लेटफॉर्म आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स आधारित एडैप्टिव प्रैक्टिस, एनालिटिकल डैशबोर्ड, व्यक्तिगत सुधार योजना उपलब्ध कराता है।

## बेलदार श्रमिको के साथ डॉ. अय्यूब ने की बैठक



**संतकबीरनगर।** पीस पार्टी द्वारा बेलदार श्रमिक बैठक कुल्हाड़ी चौहान और पंच राम चौहान के नेतृत्व में पीस पार्टी मुख्यालय धौरहरा में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अय्यूब सर्जन ने कहा कि आजादी के बाद सभी दलों ने पूरे समाज को वोट तो लिया लेकिन उनके साथ समान व्यवहार और अधिकार नहीं दिया गया। दलितों के नाम पर बनी बसपा ने केवल अपने जाटव चमार समाज को फायदा पहुंचाया, अन्य बाल्मीकि रघुदास चमार, पत्थर कट, धोबी और बेलदार समाज को दलित समाज का फायदा नहीं दिया और समान अधिकार न मिलने के कारण सब इधर-उधर चले गए। पिछड़े समाज के नाम पर बनी समाजवादी पार्टी, चपरासी से लेकर वरिष्ठ पदों तक सभी पिछड़े समाज को छोड़ कर अपने जाति यादव समाज 50 प्रतिशत हिस्सेदारी दिया, पिछड़े लोगों को पिछड़े समाज का फायदा नहीं पहुंचाया। इस अवसर पर पंच राम चौहान, कुल्हाडी देवी ने डॉ0 अय्यूब का स्वागत किये। झांकी चौहान, आरती चौहान, सुनील चौहान, प्रकाश चौहान भारी सख्या में बेलदार समाज के लोग उपस्थित रहे।

# फिर छा गए यूपी के सिंघम अनिरुद्ध सिंह

राजेन्द्र प्रकाश। चंदौली

**यूपी** के सिंघम कहे जाने वाले तेज तर्रार डिप्टी एसपी अनिरुद्ध सिंह के शौर्य और पराक्रम के लिए एक बार फिर सम्मान मिला है। उन्हें अपराध और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग के लिए डीजीपी सिल्वर मेडल के लिए चयनित किया गया और उन्हें यह सम्मान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन मिला। उन्होंने इस सम्मान को बदायूं की जनता को समर्पित किया है ।

चंदौली के सकलडीहा सर्किल के सीओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि उनका यह मेडल बदायूं जिले के धनुपुरा.भोजपुर की महिलाओं और मेरे उन दोस्तों को समर्पित है जिन्होंने यहां अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों को इस दलदल से न सिर्फनिकालने बल्कि मुख्य धारा से जोड़ने में मदद की। उन्होंने बताया कि कभी.कभी लगता था, मैं हार जाऊंगा लेकिन मैंने हार नहीं मानी, चाहे मेरा वहां से स्थानांतरण हो या कोई अन्य परिस्थिति और मैं अपने काम में लगा रहा, जिसका परिणाम यह रहा कि आज महिला और पुरुष दोनों अपराध छोड़ मुख्य धारा में जुड़कर सम्मान का जीवन जी रहे हैं। बताते चले कि अनिरुद्ध सिंह यूपी के जालौन जिले के निवासी हैं। उनकी पढ़ाई इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से हुई और 2001 में इनकी यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर के रूप में तैनाती हुई। उनकी पहली पोस्टिंग वाराणसी में थी इसके बाद जौनपुर, चंदौली समेत कई जिलों में तैनात रहे । इस दौरान अनिरुद्ध सिंह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप फेमस हो गए और सबसे पहला एनकाउंटर 2004 में मुख्तार अंसारी के शूटर झुन्ना राय का किया । 2007 में अनिरुद्ध सिंह ने यूपी के एक लाख के इनामी नक्सली संजय कोल का एनकाउंटर किया था उसके बाद अनिरुद्ध सिंह सुर्खियों में आने के साथ ही कई एनकाउंटर किए । 2010 में उन्हें आउट आफ टर्न प्रमोशन मिला और सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर हो गए। अब तक वे 26 अपराधियों का इनकाउंटर कर चुके हैं । 2019 में अनिरुद्ध सिंह को प्रमोशन मिला और यह डिप्टी एसपी हो गए। डिप्टी एसपी के रूप में पहली पोस्टिंग वाराणसी में थीए लेकिन कुछ ही दिनों बाद उनका ट्रांसफर बदायूं हो गया। बदायूं में पुलिस ड्यूटी के साथ.साथ तमाम तरह की सोशल एक्टिविटीज भी की। इन्होंने तकरीबन ढाई हजार ऐसे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा जो मुख्यत: अवैध शराब का कारोबार करते थे इसमे बावरिया गैंग के लोग भी शामिल थे।एनकाउंटर स्पेशलिस्ट से फेमस हुए अनिरुद्ध सिंह पुलिस महकमे में सिंघम के रूप में भी छा गए। उन्हें पुलिस में नौकरी के साथ.साथ फिल्मों और वेब सीरीज में भी काम करने का मौका मिला। मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी कैंट में पोस्टिंग के दौरान गंस ऑफ बनारस फिल्म की शूटिंग चल रही थी शूटिंग देखने आए लोगों की काफी भीड़ हो गयी इसी दौरान इंस्पेक्टर अनिरुद्ध सिंह वहां पहुंचे और भीड़ को काबू में किया । फिल्मी हीरो जैसे लुक वाले इस पुलिस ऑफिसर को देखकर वहां मौजूद फिल्म के निर्देशक शेखर सूरी ने उन्हें पुलिस ऑफिसर का रोल ऑफर कर दिया । इस फिल्म के बाद अनिरुद्ध सिंह को साउथ की एक फिल्म डॉक्टर चक्रवर्ती, वेब सीरीज दी रेडलैंड में भी पुलिस ऑफिसर का रोल निभाने का मौका मिला। चंदौली में तैनाती के दौरान हाल ही में सपा विधायक से झड़प के बाद ये खूब चर्चा में आ गए। बीते 5 दिसंबर को जिले के रामगढ़ में प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम था सपा के सकलडीहा क्षेत्र से विधायक प्रभु नारायण यादव अपने पार्टी कार्यकर्ता के साथ समस्याओं को लेकर सीएम से मिलने की कोशिश कर रहे थे इस दौरान रोकने पर उन्होंने पुलिस के साथ धक्का.मुक्की भी हुई। सपा कार्यकर्ताओं को काबू में करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया इतने में विधायक प्रभु नारायण यादव ने मौके पर तैनात डिप्टी एसपी अनिरुद्ध सिंह के साथ धक्का.मुक्की की, जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया । डिप्टी एसपी अनिरुद्ध सिंह रील और रियल लाइफके तो सिंघम हैं ही इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी बादशाहत है ट्विटर, फेसबुक पर बड़ी संख्या में फॉलोवर्स के अलावा अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर भी उनके चाहने वालों की बड़ी संख्या है । फेसबुक की बात करे तो उनके पेज पर 50 हजार फॉलोवर्स हैंण् इसके अलावा वे सामाजिक कार्यों और असहाय लोगों की मदद के लिए एक फेसबुक ग्रुप बनाया है, जिसमें भी करीब 4 हजार लोग शामिल है । इसके अलावा उनके युट्यूब पर भी करीब 1 लाख सब्सक्राइबर हैं् यहीं नहीं उनके ट्विटर पर भी सवा लाख फॉलोवर हैं ।



### शौर्य और पराक्रम के लिए मिला डीजीपी सिल्वर मेडल

# चुंबन पर विवाद

## शेट्टी–गेरे मामला

**आज** जब हम भारतीय गणतंत्र की 73वीं वर्षगांठ मना चुके हैं, क्या हम स्वतंत्रता और नायकत्व से थोड़ा अलग हट कर स्वयं से यह सवाल पूछ सकते हैं कि चुंबन के मामले में हमारा क्या दृष्टिकोण है? यह बात मुंबई की एक अदालत ने पूछी जब उसने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी व हालीवुड अभिनेता रिचर्ड गेरे के चुंबन संबंधी एक मामले का निपटारा किया। 2007 में एड्स जागरूकता प्रोत्साहित करने वाले एक आयोजन में गेरे ने अचानक शेट्टी का हाथ चूम लिया था। इसके बाद उन्होंने जल्दी से उनको गले लगा लिया और उनको पीछे की ओर थोड़ा झुका दिया। बाद में उन्होंने बताया कि यह उनकी मूवी 'शैल वी डांस' का एक डांस है और उनको गाल पर चूम लिया। इस पर बहुत से भारतीय गुस्सा थे। उन्होंने इसे अशोभनीय बताया। उन्होंने शेट्टी पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने चुंबन पर आपत्ति नहीं की। उन्होंने दोनों के खिलाफमामला दर्ज करा दिया। उनके खिलाफमामला फौरन खारिज हो गया। गेरे ने यह कहते हुए माफी मांग ली कि उनका कोई बुरा इरादा बिल्कुल नहीं था। लेकिन शेट्टी के खिलाफमामला चलता रहा और यह उनके गले में लटके पत्थर जैसा हो गया। चुंबन पर आपत्ति न करने के कारण उनको षडयंत्रकारी या अपराध उकसाने वाला कहा गया। भारी बोझ से लदी भारतीय न्यायिक प्रणाली को यह मामला 'निपटाने' में इतने साल लग गए। उसने कहा कि यह 2007 में ही स्पष्ट था कि उनको बरी कर दिया गया है। इस मामले को उसी दिन खारिज कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन यह इतने साल चलता रहा। पीछे की ओर नजर डालें तो सवाल उठता है कि हम 2007 में किस चीज से चिन्तित थे? इसका जवाब देना आसान नहीं है क्योंकि हम प्रेम संबंधी वास्तविक व आभासी घटनाओं पर विचार करते समय अपनी संवेदनशीलताओं को उनमें मिला देते हैं। पहले हम इनका विरोध करते हैं, और बाद में आनन्द उठाते हैं।



याद करें जब अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने मुंबई में 1980 में प्रिंस चार्ल्स को चूम लिया था? इस पर कट्टरपंथियों ने कई दिन शोर मचाया था। क्या शबाना आजमी को कट्टरपंथी मुसलमानों का गुस्सा उस समय नहीं झेलना पड़ा था जब नस्लवाद-विरोधी नायक नेल्सन मंडेला ने केपटाउन के एक आयोजन में 1993 में उनको चूम लिया था? उस समय कोई सोशल मीडिया नहीं था नहीं तो इसके विजुअल उसी तरह वाइरल हो जाते जिस प्रकार 2016 में गिरिजा श्रीनिवास के वीडियो वाइरल हुए थे। इस पंचायत सदस्य ने कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को चूम लिया था। क्या हम व्यावहारिक या कट्टरपंथी हैं कि चुंबन के ये मामले हमें झकझोर देते हैं। याद करें कि 1930 के दशक में भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला देविका रानी द्वारा कर्मा में हिमांशु राय के साथ गहन चुंबन दृश्य देने पर क्या प्रतिक्रिया हुई थी। बालीवुड ने सुनिश्चित किया कि हमारी बातचीत आधुनिकता के नाम पर इस सीमा तक न गिरे कि फिल्मों में चुंबन के दृश्य नियमित रूप से दिखें। बॉबी ने दर्शकों को उत्तेजित किया, सत्यम शिवम् सुंदरम ने उनको उत्तेजित किया और यही काम धूम2 ने किया। राजा हिंदुस्तानी ने पारिवारिक फिल्मों में चुंबन की शुरुआत की। हे राम नामक फिल्म में भी ऐसा दृश्य था। यदि अधिकांश भारतीय दर्शकों ने नहीं तो भी बालीवुड ने निश्चित रूप से लगातार बदलते संबंधों पर ध्यान दिया है। शबाना आजमी और नंदिता दास ने फायर में लेस्बियन प्रेम प्रदर्शित किया था। साकिब सलीम ने बांबे टाकीज़ में रणदीप हुड्डा के ओठों पर चुंबन किया था। चुंबन प्रेम की अभिव्यक्ति है। प्रत्येक चुंबन का संबध यौनिकता से होना जरूरी नहीं है, यह सभ्य व सहज भी हो सकता है। यदि फिल्मों की हर बात पर गुस्सा होने वाला सेंसर बोर्ड चुंबन दृश्यों की अनुमति दे सकता है तो हमें पूर्वाग्रही या अत्यधिक आलोचनात्मक होना उचित नहीं है।

# आयकर का विकल्प खर्च पर टैक्स

यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी।



**सुभाष चंद्र पांडेय**
(लेखक केंद्र सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)




अगले वित्त वर्ष का बजट आने वाला है और गुलाबी प्रेस इस समय टिप्पणियों व सुझावों से भरा है। वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक बेहतरी की उम्मीदें बहुत हैं। कुछ लोगों के लिए बजट का अर्थ टैक्स लगाने, खासकर व्यक्तिगत आयकर से है। आम शिकायत है कि निश्चित आय वाले वेतनभोगी व पेंशनधारक वर्ग को आयकर का बोझ उठाना पड़ता है, जबकि अनिश्चित आय वाले पेशेवरों व बिजनेसों को काफी कानूनी लूपहोल मिलते हैं जिससे वे आयकर अदा करने से बच जाते हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो आय पर टैक्स लगाने के विचार के ही खिलाफ हैं क्योंकि इससे कम खर्च करने और अधिक खर्च करने वालों पर समान रूप से बोझ पड़ता है और वास्तव में बचत हतोत्साहित होती है। इस दिलचस्प बहस को विभिन्न प्रकार से देखा जा सकता है। 10 जनवरी, 2021 की विस्तारित अंतिम सीमा तक वित्त वर्ष 2019-20 में 5.95 करोड़ रिटर्न फाइल किए गए। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 29 दिसंबर, 2021 तक पांच करोड़ से अधिक आईटीआर फाइल हुए थे। इस प्रकार 130 करोड़ की कुल जनसंख्या में से केवल 1.46 करोड़ ही वास्तव में 2019-20 वित्त वर्ष के लिए टैक्स दे रहे थे। 2017-18 में फाइल 5.87 करोड़ आईटीआर में से 5.53 करोड़ व्यक्तिगत करदाता, 11.3 अविभाजित हिंदू परिवार, 12.7 लाख फर्म तथा 8.4 लाख कंपनियों से थे। 51.33 लाख करोड़ की सकल आय में बिजनेस का हिस्सा 24.37 लाख करोड़ तथा वेतन-पेंशन आय का 20.04 करोड़ था।

कर योग्य वेतन व पेंशन के रिटर्न 15.55 लाख करोड़ थे जिनका कर दायित्व लगभग 3.95 लाख करोड़ था। वेतन-पेंशन आय आयकर का एक बड़ा हिस्सा है, पर इसका वर्चस्व नहीं है। 2018-19 में कुल आयकर प्राप्ति 11.37 लाख करोड़ थी जिसमें से केवल कंपनियों ने 6.64 लाख करोड़ का भुगतान किया था। ऐसे में यह तर्क सही नहीं ठहरता कि वेतन-पेंशन आय की तुलना में बिजनेस व पेशेवर आय से ज्यादा करापवंचन होता है। बड़े खर्च की निगरानी कर करापवंचन रोकने के प्रयास जारी हैं और विदेश यात्रा, बिजली उपभोग, आदि से उच्च उपभोग का पता चलता है। पैन- आधार जोड़ने के बाद कर अधिकारी ज्यादा उपभोग और निवेश का पता आसानी से लगा लेते हैं। क्या खर्च पर टैक्स से 11 लाख करोड़ से अधिक धनराशि मिल सकती है जिससे खर्च पर टैक्स लगाया जा सके? वर्तमान मासिक जीएसटी संग्रह 1.3 लाख करोड़ है जो वार्षिक संग्रह के रूप में 15.6 लाख करोड़ से अधिक हो सकता है।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि कर संग्रह को ज्यादा सक्षम व समतापूर्ण बनाने के लिए आय पर कर लगाया जाए या खर्च पर लगाया जाए? एक व्यक्ति का खर्च दूसरे की आय होता है और इसका उलट भी सही है। चाहे आप कर्मचारी के वेतन पर टैक्स लगाएं या सेवायोजक के वेतन खर्च पर, इसका प्रभाव समान होगा। जैसे कि कर अधिकारियों के लिए कुछ आय का पता लगाना कठिन होता है, उसकी तरह कुछ खर्च भी हैं। कुछ लोगों की आय बड़े हिस्सों में होती है, जबकि अन्य की छोटे-छोटे टुकड़ों में। कुछ खर्च बड़े होते हैं, जबकि अन्य छोटे-छोटे भुगतानों के रूप में। ऐसे में यह तय करना होगा कि खर्च पर टैक्स खर्च के किस वर्ग पर लगाया जाए।

थामस हाब्स ने सत्रहवीं शताब्दी में ही आय के बजाय खर्च पर टैक्स लगाने का सिद्धान्त पेश किया था। उनका विचार था कि कम खर्च करने वालों और अधिक खर्च करने वालों पर समान आय कर लगाना अनुचित है। कुछ अर्थशास्त्रियों ने बचत को टैक्स से बाहर रखने का प्रस्ताव किया है, पर किसी औद्योगिक देश ने कभी खर्च पर टैक्स लागू नहीं किया। कैंब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निकोलस कालडर ने 1955 में खर्च पर टैक्स की मजबूत पैरवी की। उनका प्रस्ताव था कि ब्रिटेन में ज्यादा आयकर देताओं पर लगने वाले सरटैक्स की जगह खर्च पर टैक्स हो सकता है। भारत और सीलोन ने कुछ साल तक खर्च पर टैक्स का कालडर का सुझाव कुछ साल लागू किया, पर अंततः इसे 1966 में छोड़ दिया गया। यह टैक्स कालडर के सुझावों से अलग था और इससे मिलने वाले थोड़े राजस्व पर प्रक्रिया व प्रशासन का खर्च अधिक था। भारत में बहुत सीमित क्षेत्र में 1987 में खर्च पर टैक्स पुनः शुरू करने पर कालडर पर फिर ध्यान गया। खर्च टैक्स कानून के अनुसार, उच्चस्तरीय होटल को किए जाने वाले भुगतान पर 10 प्रतिशत खर्च टैक्स लिया गया जिनके कमरे का किराया 3,000 रुपये प्रतिदिन से अधिक था। खर्च पर टैक्स के पैरोकारों का मानना है कि आयकर का बोझ वेतनभोगी-पेंशनर वर्ग पर अधिक पड़ता है और आयकर समाप्त होने से उनको बहुत राहत मिलेगी। उनको टैक्स रिटर्न भरने से मुक्ति मिलेगी, लेकिन इससे चार्टर्ड एकाउंटेंटों को बहुत नुकसान होगा तथा राष्ट्रीय आय में कमी आएगी।

आयकर विभाग लाखों रिटर्न की जांच करता है जिसके बाद पूछताछ, स्पष्टीकरण, रिफंड तथा लंबे पत्र व्यवहार का सिलसिला शुरू होता है। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि खर्च पर टैक्स से ज्यादा रिकार्ड नहीं रखने पड़ेंगे। अधिकांश आय एकसाथ होती है, जबकि खर्च ज्यादा बिखरे होते हैं। खासकर नकद में होने पर बिक्री-खरीद के करोड़ों अनुबंधों का पता लगाना आसान नहीं है। नकद में ज्यादा आय प्राप्त करना नकद में खर्च की तुलना में ज्यादा कठिन है। छोटा कर आधार खर्च पर टैक्स को आयकर समाप्त होने पर नुकसान होने वाले राजस्व की भरपाई नहीं कर सकेगा। इसी प्रकार यदि जीएसटी जैसे उपाय न किए जाएं तो व्यापक खर्च पर टैक्स ज्यादा प्रतिगामी होगा तथा उसके प्रभाव नकारात्मक होंगे।

पैसे का हर बार हस्तांतरण तथा हर हस्तांतरण या भुगतान हमेशा खर्च नहीं होता है। जब कोई बैंक वेतन या पेंशन या डिविडेंट बांटने के लिए पैसा देता है तो खर्च केवल सेवायोजक या कंपनी करती है और बैंक मध्यस्थ होता है। पैसा बैंक का नहीं होता है। नकद पैसा देने वाला पोस्टमैन कोई खर्च नहीं करता है। इस प्रकार सभी भुगतान खर्च पर टैक्स के दायरे में नहीं हैं। हम खर्च पर टैक्स की बात कर रहे हैं, लेनदेन पर टैक्स की नहीं। यदि हम वेतन, पेंशन, ब्याज, किराया भुगतान को खर्च पर टैक्स में शामिल कर दें तो प्राप्तकर्ता को न केवल प्रभावी आयकर देना पड़ेगा, बल्कि प्राप्त आय को खर्च करने पर फिर टैक्स देना पड़ेगा। विभिन्न प्रकार के खर्च पर विभिन्न दरों से टैक्स लगाना ज्यादा जटिल काम होगा। ऐसे में कर विवाद निपटाना भी जटिल होगा।

यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी। इससे शेयरधारकों और कर्मचारियों के व्यक्तिगत खर्च कार्पोरेट व प्रमोटरों के खर्च में शामिल हो जाएंगे तथा कार्पोरेट का मुनाफा कम होगा क्योंकि वह उसके कर्जदाताओं, भूस्वामियों व कर्मचारियों को चला जाएगा। बड़े देशों ने खर्च पर टैक्स इसलिए भी पसंद नहीं किया है क्योंकि इससे खर्च हतोत्साहित होगा तथा प्रगति में बाधा आएगी। कर विभाग को बताने वाले खर्च के हतोत्साहित होने के कारण समग्र आर्थिक विकास पर और बुरा प्रभाव पड़ेगा। इससे लोग सरकार के इन प्रयासों का भी विरोध करेंगे जो उनकी आय जांचने के बारे में होते हैं। सरकार द्वारा खर्च का पता लगाने का प्रयास करने पर लोग उत्पीड़ित अनुभव करेंगे तथा सरकार का विरोध करेंगे। इस प्रकार मेरे विचार से खर्च पर टैक्स का विचार करने का समय बीत गया है।

# लोकतांत्रिक राज्य बनाम तानाशाही हुकूमतें



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



सरकारी रीढ़ की परवाह किए बिना, ऑस्ट्रेलिया में लोकप्रिय मनोदशा अजीब पहेली का सार है : चीन के साथ संघर्ष के लिए कोई भूख नहीं है। इंडो-पैसिफिक जल में चीन के डराने वाले विस्तारवाद के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने कोविड -19 की उत्पत्ति की एक स्वतंत्र जांच के सुझावों के साथ वापसी की थी - एक उग्र बीजिंग ने आर्थिक संबंधों को समाप्त करके तुरंत जवाब दिया, और कैनबरा ने परमाणु पनडुब्बियों की मांग करके और गठन किया। एयूकेशूएस (ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के बीच साझेदारी)। ऑस्ट्रेलिया के शांतिवाद और परमाणु प्रौद्योगिकी की चेतावनी को देखते हुए, आधिकारिक रुख का यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था, हालांकि सामाजिक उदासीनता के अनुरूप नहीं, क्योंकि चीन के साथ किसी भी संभावित संघर्ष में ऑस्ट्रेलिया के लिए भागीदारी शुल्क व्यापक रूप से बहुत अधिक होने की कल्पना की जाती है। चीनी समाज को अपने विस्तारवादी शासन के विपरीत विचारों को रखने की अनुमति नहीं है, इसलिए ताइवान, जापान, ऑस्ट्रेलिया या यहां तक ??कि भारत की ओर निर्देशित युद्ध के ड्रम हमेशा के लिए धड़क रहे हैं। यदि अशांत मध्य पूर्वी रंगमंच में अमेरिका के लिए संघर्ष की भूख स्पष्ट रूप से आईएसआईएस के कब्जे वाले क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करने के लिए निर्णायक लड़ाई में ईरानी-सीरियाई विजय की अनकही स्वीकृति के साथ कम हो गई थी, तो अफगानिस्तान से नम्र उड़ान ने तस्वीर को पूरा किया। कार्यालय में एक वर्ष, जो बिडेन ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि दुनिया भर में ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम हल नहीं कर सकते हैं - हाथ पर मुद्दा तथाकथित दुनिया में सबसे शक्तिशाली सेना की क्षमता थी। अफगानिस्तान में तालिबान मुजाहिदीन को हराने के लिए।

इससे पहले भी, 2020 में खूनी भारत-चीनी सीमा गतिरोध के दौरान, डोनाल्ड ट्रम्प की स्पष्ट रूप से मांसपेशी राजनीति के कारण पोटस ने केवल मध्यस्थता या मध्यस्थता की पेशकश की थी क्योंकि वह तैयार, इच्छुक और सक्षम थे! वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा मानदंडों और यथास्थिति को बदलने के लिए लगातार चीनी प्रयास भारत को रोकने के लिए छोड़ दिया गया था। आज, ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में नियमित रूप से घुसपैठ करने वाले चीनी लड़ाकू विमानों की एक रिकॉर्ड संख्या के रूप में, सावधान ताइवानी वास्तव में विचार करते हैं- क्या अमेरिका दिखाएगा? मामले में शी जिनपिंग पूर्ण एकीकरण के ऐतिहासिक कार्य के अपने खतरे को अच्छा रखने का फैसला करते हैं। भले ही बाइडेन प्रशासन ने आधिकारिक स्थिति के साथ अपनी पारंपरिक रणनीतिक अस्पष्टता को स्पष्ट रूप से छोड़ दिया है और ताइवान की सैन्य रूप से रक्षा करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है, चीन द्वारा हमला किया जाना चाहिए, उस प्रतिबद्धता की विश्वसनीयता थोड़ी संदिग्ध है, हाल के इतिहास को देखते हुए और संघर्ष के लिए भूख की स्पष्ट कमी। हाल ही में, कजाकिस्तान के मध्य एशियाई गणराज्य में दंगे भड़क उठे, और दुनिया ने सांस रोककर देखा कि कौन सी अंतरराष्ट्रीय शक्ति कदम रखेगी। एक दूसरे के खिलाफ अलोकतांत्रिक, दमनकारी और अनुदार कजाख शासन था (अपने स्वयं के सत्ता संघर्षों को दिया गया था और अभिजात वर्ग के बीच साज़िश) पीड़ित जनता के खिलाफ जिन्होंने सुधार और आर्थिक कठिनाइयों से राहत की सख्त मांग की। अपेक्षित रूप से, सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को मारकर क्रूरता और अनुपातहीन रूप से जवाब दिया, यहां तक कि 20,000 डाकुओं, अच्छी तरह से समन्वित आतंकवादी समूहों द्वारा सशस्त्र आक्रमण, कट्टरपंथी इस्लामी समूहों आदि के बेजोड़ दावों को सरकार द्वारा बेतरतीब ढंग से पोस्ट किया गया था। बेशर्म शूट टू किल ऑर्डर। अमेरिका, जिसका वास्तव में इस क्षेत्र में कोई लाभ नहीं है, को गहराई से चिंतित जैसे बयानबाजी के लिए छोड़ दिया गया था, जबकि सामूहिक सुरक्षा खतरा संगठन (सीएसटीओ) के तत्वावधान में रूसियों ने 2500 सैनिकों को स्थिति को स्थिर करने के लिए भेजा था। यहां तक कि चीनियों ने भी रंग क्रांति (पश्चिम समर्थित लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों के लिए व्यंजना) के अंशों को दूर करने के लिए आतंकवाद का विरोध के लिए समर्थन की पेशकश की। मूल रूप से, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के निरंकुश शासन ने एक इरादे का प्रदर्शन किया और एक अचूक संदेश भेजा कि जब भी निरंकुश संकट में हों, तो वे साथी निरंकुश लोगों से मदद मांग सकते हैं क्योंकि वे थके हुए मुक्त दुनिया के विपरीत संघर्ष की भूख को बनाए रखेंगे।

पड़ोसी यूक्रेन में बुद्धि का समवर्ती युद्ध तेज हो रहा है, रूसी सैनिकों ने संभावित आक्रमण के लिए तैयारी करते हुए, सीमाओं पर खतरनाक रूप से जमा किया है। इससे पहले 2014 में भी, रूस ने यूक्रेन से क्रीमिया को जबरन कब्जा कर लिया था और अमेरिका के नेतृत्व वाले वेस्ट ने तब से प्रतिबंधों के साथ बदतमीजी की, कोई फायदा नहीं हुआ। अब भी, बिडेन ने स्वीकार किया है कि यूक्रेन पर हमला करने से रूस का सामना करने के लिए अमेरिका एकतरफा बल का उपयोग करने जा रहा है ... अभी कार्ड पर नहीं है, असंबद्ध रूप से जोड़ा कि गंभीर परिणाम होंगे। फिर भी, यूक्रेन में किसी को भी उस तरह की बैक-अप योजना के बारे में आश्वस्त नहीं किया जाएगा क्योंकि वे जानते हैं कि रूस को रोल करना चाहिए, कुछ भी नहीं और कोई भी इसे रोक नहीं पाएगा। बिडेन ने यह स्वीकार करते हुए प्रकाशिकी को खराब कर दिया कि उनके सहयोगी रूस द्वारा यूक्रेन की एक मामूली घुसपैठ का जवाब कैसे दें, इस पर विभाजित थे, अकेले पूर्ण आक्रमण को छोड़ दें।

इस बीच, रूस (या चीन) जैसे अर्ध-तानाशाही शासन अपने कथित हितों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय निंदा के बारे में दो हूट परवाह करते हैं; इस मामले में, नाटो में शामिल होने के लिए यूक्रेन की बोली को रोकना।

असुरक्षित एक-पक्षीय शासन, चीन की तरह, अपनी सीमा पार आक्रामकता के साथ एक अमूल्य संदेश एम्बेड करते हैं, जिसका उद्देश्य उनके अपने घरेलू दर्शकों के लिए उतना ही है जितना कि उन देशों के लिए है जिन पर हमला किया गया है। महामारी के युग ने पहले से ही मुक्त दुनिया की आर्थिक स्थिति को खराब कर दिया है, और लोकतंत्र में मतदाताओं की सभी महत्वपूर्ण राय किसी बाहरी हस्तक्षेप के लिए नहीं हैं। हालांकि, चीनी या रूसी शासन जो अपने नैतिक आचरण के लिए किसी के प्रति जवाबदेह नहीं हैं, और आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत अच्छी तरह से स्थापित हैं, संघर्ष के लिए एक बड़ी भूख बनाए रखते हैं। वन-एगेंस्ट-वन (अमेरिका बनाम चीन), प्लस एक और (रूस) के त्रिकोणीय तनाव का विकास, अंततः, सभी संघर्षों की भूख के बारे में होगा।

## आप की बात

### कठिन है भाजपा की डगर

**इतना** तो दिख रहा है। इस बार यूपी विधान सभा चुनाव, सत्तारूढ़ भाजपा को नाको चने चबवा देने वाला है। क्योंकि कुछ सप्ताह पहले तक, ये लोग कह रहे थे, हम एक तरफ़ा रूप से यूपी जीत रहे हैं। 350 से ऊपर हमारी सीटें आ रही हैं। 26 जनवरी को भी जब कुछ जाट नेताओं के साथ, गृह मंत्री अमित शाह ने, दिल्ली स्थित जाट सांसद परवेश वर्मा के घर बैठक करते हैं। उसके बाद भी ये लोग पुरे आशावादी भाव के साथ दावा करते हैं की जाट भाई बहन शुरू से बीजेपी के साथ थे,हैं और रहेंगे। मगर थोड़ी ही देर में परवेश वर्मा को संवादाताओं से, न सिर्फ, ये कहते हुए सुना बल्कि करवद्ध हो कर आरएलडी के श्री जयंत चौधरी को याचना के मुदा में वापस बीजेपी के साथ आ जाने के लिए गिड़गिड़ाते हुए देख कर लगा। इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इनका हालत एकदम खस्ता है। किसानों से पंगा लेकर इनलोगों ने अपने लिए मुसीबत मोल लिया है। इसीलिए तो शायद इस बार साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल भी फ्लॉप साबित होने जा रहा है। पूरी देश की तरह यूपी के लोगों का भी केवल कागजी विकास हुआ है। तभी तो उप मुख्यमंत्री जैसे हस्तियों को भी गांवों से खदेड़ा जा रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### लोकलुभावन वादे

**सुप्रीम** कोर्ट में एक याचिका दायर कर ऐसे राजनीतिक दलो पर कार्रवाई करनी की मांग की गई है। जो सत्ता में आने पर तरह तरह की सुविधाएं देने का वादा करते है। याचिका में निर्वाचन आयोग को यह अधिकार देने की मांग की गई है जो दल वादा करे ।उनका चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया जाए। आज देश मे सत्ता में आने के लिये दलों द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये रेवड़ियां बाटने की बातें करते है। चुनाव जीतने के लिये मुफ्त उपहार देकर राजनीतिक दलों की प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिये बड़ा खतरा होने के साथ संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने वाला भी है।अक्सर किये गए वादे सरकार आने पर भी पूरे नही होते।आज राजनीतिक दलों को देश के सबसे बड़े मुद्दे लचर प्रशासनतन्त्र को सुधारने और आजाद भारत मे लोगो तक सुशासन पहुचाने का वादा करना चाहिये।आजादी के दीवानों ने बलिदान लोगो को अंत्योदय और सर्वोदय के लिये किया था।लेकिन आज लोकतंत्र में जनता सुशासन के लिये तरस रही है।निम्नश्रेणी का कर्मी जनता का अपमान कर रही है। अधिकारीवर्ग अपने को शासक समझ कर जनता के साथ व्यवहार करते हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### सीमा पर सजगता जरूरी

**बर्फबारी** भले ही पर्यटकों को लुभाए मगर सीमा पार घात लगाने वालों के लिए यह एक बड़ा उत्तम अवसर होता है जब उन्हें घुसपैठ करने का मौका मिलता है। ताजे हालतों में इस बार भी बड़ी संख्या में आतंकवादी टकटकी लगाए सीमा के पार बैठे हैं। सेना की चौकसी के चलते आतंकवादियों के मंसूबों का पूरा हो पाना संभव नहीं लगता। हर साल बर्फबारी का सीजन हमारे लिए सजगता बरतने का संदेश लेकर आता है। इसी समय पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादी भारत में घुसने की फिराक में रहते हैं। इस वर्ष भी लगभग 135 आतंकवादी भारतीय सीमा के पास घात लगाकर बैठे हैं ताकि मौका मिलते ही वे अंदर प्रविष्ट हो जाएं और अपने मंसूबों को अंजाम दे लेकिन भारतीय सेना की कड़ी चौकसी उनके लिए अवसर नहीं छोड़ रही है। पिछले सालों में इस सीजन में घुसपैठ में घटनाओं में कमी हमारी सजगता का ही परिणाम है। इस तरह की घटनाओं को पूरी तरह खत्म करने के लिए सेना के हाथ पूरी तरह खुले रहना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**दिल्ली** सरकार के अच्छे कामों पर वीडियो बनाएं और सोशल मीडिया पर शेयर करें, लोगों से केजरीवाल को मौका देने की अपील करें।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हमारे** देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ के सभी सदस्यों के बीच एकता का संरक्षण हो।

– **वोलोदीमिर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**पीएम** नरेंद्र मोदी जी ने मेरी तबीयत जानने के लिए फोन किया। मैं उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं।

– **शरद पवार**
राकांपा प्रमुख

पायनियर
उत्तर प्रदेश चुनाव





# फार्मूला वही पर साथ नया

## मतदाताओं को कितनी पसंद भाएगी यह युगलबंदी?

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**2017** के यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पटखनी देने के लिए अखिलेश यादव और राहुल गांधी गठबंधन करके साथ मैदान में उतरे थे। इसे यूपी के लड़कों से लेकर यूपी को ये साथ पसंद है तक ले जाया गया। नतीजे आये तो पता चला कि 2017 के चुनाव में सपा 232 सीट से घटकर 47 पर और कांग्रेस सात सीटों पर सिमट गई। इस बार 2022 के यूपी विधानसभा के पहले चरण के मतदान में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इस बार भी दो युवाओं की जोड़ी साथ है। फर्क इतना है कि इस बार अखिलेश तो हैं पर उनके साथ राहुल गांधी की जगह जयंत चौधरी ने ले ली है।

पश्चिमी यूपी के जाटलैंड में सियासी आधार माने जाने वाली आरएलडी के सितारे भले ही आज गर्दिश में हों लेकिन एक दौर में किंगमेकर की भूमिका अदा करती रही है। मुजफ्फरनगर दंगे से बिगड़े जाट-मुस्लिम समीकरण के किसान आंदोलन से फिर एक बार साथ आने के कयास लगाए जा रहे हैं। यह बात दीगर है कि यह कयास सार्थक साबित होगा या फिर दंगों की टीस चुनावी बेला में फिर उभर जाएगी। इसके बारे में सिर्फ नतीजे ही बयां कर सकेंगे। फिलहाल जाट-मुस्लिम समीकरण को साथ लेकर आरएलडी के साथ सपा ने गठबंधन कर चुनाव में उतरने का फैसला किया है। जयंत-अखिलेश एक साथ मिलकर पश्चिमी यूपी में माहौल बनाने का प्रयास भी कर चुके हैं। कई चुनावी जनसभाएं दोनो नेताओं ने अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में साथ साथ की हैं।

अखिलेश को यकीन है कि किसान आंदोलन के बाद जाट-मुस्लिम समीकरण पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। जिसको लेकर गठबंधन में अभी तक आरएलडी के खाते में 33 सीटें आई हैं। सभी दलों ने पहले



और दूसरे चरण को लेकर अपने अपने पत्ते भी खोल दिये हैं। कोरोना के चलते वर्चुअल प्रचार का दौर जारी है। हर प्रत्याशी अपने अपने हिसाब से सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के बीच अपनी बात रख रहा है। डोर टू डोर कैम्पेनिंग भी चल रही है। अब यह तो चुनावी नतीजे ही बता पाएंगे कि इस बार दो युवाओं की जोड़ी कितना करिश्मा कर पाती है।

### 2012 के विधानसभा चुनाव में सपा को 21 व रालोद को नौ सीटें

**2012** के विधानसभा चुनाव की बात करें तो पहले चरण के अंतर्गत आने वाली 58 सीटों में से सपा के खाते में 21 सीटें आई थीं। जबकि 10 ऐसी सीटें रहीं जिन पर सपा दूसरे स्थान पर रही। वहीं 2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आरएलडी मिलकर मैदान में उतरी लेकिन कोई बड़ा सियासी करिश्मा नहीं दिखा सकी। 2012 चुनाव में आरएलडी ने नौ सीटें जीती जबकि कांग्रेस ने पांच सीटें जीती थी। वहीं दो सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। आरएलडी नौ सीटों दूसरे नंबर पर रही।

### 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा को एक, आरएलडी को भी एक सीट

**यूपी** के लड़कों की जोड़ी जिस अंदाज में मैदान फतेह करने उतरीं थी कुछ उसी अंदाज में सिमट भी गई। पहले चरण की 58 सीटों में से समाजवादी पार्टी के खाते महज एक सीट कैराना की आई जबकि पार्टी 14 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। वहीं कांग्रेस की स्थिति यह रही कि वह 5 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। यानी पार्टी के खाते में एक भी सीट नही आई। बात अगर आरएलडी की करें तो इस चुनाव में घर की सीट छपरौली को ही बचा पाई। दो सीटों पर पार्टी उपविजेता की भूमिका में नजर आई।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सपा को है बड़ी उम्मीद

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव 2022 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी को बड़ी उम्मीदें हैं। सही मायने में सपा की यह उम्मीदें किसान आंदोलन के बाद से जगी हैं। यह वही पश्चिमी उत्तर प्रदेश है जिसने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को काफी बुरी तरह से नकार दिया था और भाजपा को जीत के रथ पर चढ़ाने का काम किया।

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिमी यूपी की 80 फीसदी यानि 109 सीटें जीती थीं। समाजवादी पार्टी के हिस्से मात्र 21 सीटें आई थीं। कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। बीएसपी को तीन सीटें मिली थीं जबकि आरएलडी को सिर्फ एक सीट से संतोष करना पड़ा था। दो साल बाद 2019 में लोकसभा चुनाव हुए तो इस बार भी पश्चिमी यूपी ने बीजेपी को निराश नहीं किया। 27 लोकसभा सीटों में से 19 सीटें बीजेपी की झोली में डाल दी थीं।

दरअसल बीजेपी के लिए पश्चिमी यूपी का समीकरण काम कर रहा था लेकिन किसान आंदोलन से शुरू हुई नाराजगी से ये समीकरण बिगड़ता दिख रहा है और बदले हुए हालात का फायदा उठाने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने हाथ मिला लिया है। यदि हम पश्चिमी यूपी के मतदाताओं पर नजर डालें तो देखने को मिलेगा की पश्चिमी यूपी में करीब 27 फीसदी मुस्लिम हैं। 17 फीसदी जाट हैं। दलितों की संख्या 25 फीसदी है। गुर्जर करीब चार और राजपूत आठ फीसदी हैं।

पश्चिमी यूपी में 26 जिले आते हैं जहां विधानसभा की 136 सीटें हैं। पहले चरण में 10 फरवरी को 11 जिलों की 58 और दूसरे चरण में 14 फरवरी को नौ जिलों में 55 सीटों पर वोटिंग होनी है। बाकी के जो छह जिले हैं उनमें तीसरे चरण में चुनाव है। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल की नजर





मुस्लिम और जाट वोटों पर है जो कुल वोटों का करीब 44 फीसदी है। पश्चिमी यूपी में 25 फीसदी अनुसूचित जाति के वोटर हैं जिन पर मायावती की पार्टी बीएसपी की नजर है। बीजेपी को घेरने के लिए इन्हीं जातियों के गणित के हिसाब से समाजवादी पार्टी गठबंधन और मायावती की पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवारों की जो पहली लिस्ट जारी की उसमें से कुछ नामों को लेकर माहौल गर्म है और बीजेपी उन्हीं नामों के सहारे समाजवादी पार्टी को हिंदू विरोधी बताने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव को शायद पहले से मालूम था कि उनके टिकट बंटवारे पर सवाल उठेंगे और हो सकता है इसीलिए इस विवाद से अलग समाजवादी पार्टी और आरएलडी के गठबंधन ने एक अलग समीकरण बनाने की कोशिश भी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले व दूसरे चरण में जिन सीटों पर चुनाव होना है। उनमें से प्रथम चरण के अंतर्गत आने वाली सीटों में मात्र कैराना व मेरठ सीट ही मौजूदा समय में समाजवादी पार्टी के पास हैं जबकि दूसरे चरण के अंतर्गत आने वाली 55 सीटों में से नजीबाबाद,नगीना, ठाकुरद्वार,मुरादाबाद, ग्रामीण, बिलारी, सहारनपुर, कुंदरकी, असमोली, संभल, चमरौआ,अमरोहा, जलालाबाद, सहसवान,रामपुर व नूरपुर कुल 15 विधानसभा सीट ही 2017 में समाजवादी पार्टी के खाते में आई थी शेष पर उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस दृष्टि से देखा जाए तो पश्चिम उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को जबरदस्त तरीके से मेहनत करनी पड़ेगी।

# पश्चिम में बागियों की धार कुंद करेगी शाह की रणनीति



**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

## कैराना से जनसपर्क के जरिए जाट, ब्राह्मण, जाटव नेताओं से संवाद कर रहे केंद्रीय गृहमंत्री

**चुनाव में** टिकट न मिलने से हर दल के लोग नाराज होते हैं लेकिन बीजेपी इस चिरपरिचित समस्या से निपटने के लिए अपनी पुरानी रणनीति के अनुसार ही काम कर रही है। 2017 के विधान सभा चुनाव में पार्टी के चाणक्य कहे जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह डेमेज कंट्रोल किया था उसी प्रकार शाह ने पश्चिम यूपी से प्रचार अभियान के साथ-साथ बागी तेवरों को शांत करने का काम भी शुरू कर दिया है। हालांकि बीजेपी को बागियों से भीतरघार की संभावना नजर आ रही है।

कमल खिलाने के लिए अपने चुनावी चाणक्य गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम यूपी के लिए मोर्चा संभाला है। वेस्ट यूपी में टिकट नहीं मिलने से बागी हुए अपनों को मनाकर अमित शाह फतह की रणनीति बनाने का काम कर रहे है। 21 जनवरी को अमित शाह मेरठ में वेस्ट यूपी की सभी 71 विधानसभा सीटों के भाजपा प्रत्याशियों से बात कर उन्हें जीत का मंत्र दिया। टिकट वितरण के बाद पार्टी में शुरू हुई अंदरुनी कलह को रोकने के लिए अमित शाह मैदान में उतरे हैं। 2017 की ही तरह अमित शाह ने अपनी रणनीति के तहत कुछ जाति के बड़े नेताओं से संवाद किया है और बागी प्रत्याशियों को अपने पाले में करने की कवायद भी तेज हो गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं में अंदरुनी कलह काफी दिनों से चल रही है लेकिन टिकट वितरण के बाद कलह खुलकर सामने आ गई।

गृह मंत्री अमित शाह लगातार पिछले तीन चुनावों से यूपी में भाजपा के विकास की पटकथा लिख रहे हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव 2017 विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव में अमित शाह ने लगातार यूपी आकर मंथन किया। जनता से लेकर कार्यकर्ताओं को भाजपा की रणनीति की जानकारी देकर चुनाव में बीजेपी के लिए माहौल बनाया है। इस बार भी अमित शाह पर चुनाव की बड़ी जिम्मेदारी है। पश्चिम यूपी के इस चरण में चुनाव धीरे-धीरे गाढ़ा रंग ले रहा है और बीजेपी के कद्दावर नेताओं कैराना, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ जैसे शहरों में घर-घर जनसर्पक तेज कर दिया है। इस बीच बीजेपी से जिन्हें टिकट नहीं मिला है वह अब अपनी ही पार्टी के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार है। पश्चिम की जिन सीटों पर बागी मैदान में उतर आए हैं वहां बीजेपी का प्लान बी काम कर रहा है।

विपक्षी दलों के साथ अपनों ने भी बढ़ाई मुश्किलें: मेरठ के हस्तिनापुर सीट पर बीजेपी से पूर्व विधायक गोपाल काली ने अपने बेटे को निर्दलीय चुनाव लड़ाने की घोषणा की थी लेकिन वह समय से पर्चा नहीं दाखिल कर पाए। अब वह खुलकर बीजेपी के खिलाफ सोशल मीडियाा पर प्रचार कर रहे हैं। गोपाल काली राज्यमंत्री दिनेश खटीक के खिलाफहैं। हस्तिनापुर सीट पर गोपाल काली टिकट की दावेदारी में थे लेकिन टिकट न मिलने से नाराज हैं। जब दिनेश खटीक को राज्यमंत्री बनाया गया था तब भी गोपाल काली ने मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोला था। गोपाल काली बीजेपी के पुराने नेता है और संघ में भी सक्रिय रहे हैं। गोपाल काली बीजेपी से 1991 में विधानसभा और 1994 में उपचुनाव लड़े थे। मेरठ की सिवालखास सीट पर बीजेपी ने मौजूदा विधायक जाट जितेंद्र सतवाई का टिकट काटकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह को टिकट दिया है। उनको लेकर पार्टी में विरोध शुरू हो गया।

जितेंद्र सतवाई अब घर बैठे हैं और उनके करीबी जो बीजेपी के लिए काम रहे थे वह भी नाराज होकर घर बैठ गए हैं। मेरठ में बीजेपी की शहर सीट बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी की मानी जाती थी। 2017 में वाजपेयी हार गए थे। इस बार उहोंने खुद ही चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। इस बार पार्टी ने वाजपेयी के शिष्य कमलदत्त शर्मा को टिकट दिया है लेकिन कमलदत्त शर्मा के विरोध में राज्यमंत्री सुनील भराला के समर्थक आ गए। भराला ने भी चुनाव से किनारा कर लिया है। पश्चिम यूपी के प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा का कहना है कि थोड़ी बहुत नाराजगी लोकतंत्र में हमेशा होती है। बीजेपी अनुशासित संगठन है। टिकट को लेकर कोई विरोध नहीं है। जल्द ही सभी एकजुट होकर चुनाव लड़ाएंगे और यूपी में फिर बीजेपी की सरकार बनाएंगे। अमरोहा से पूर्व मंत्री चेतन चौहान की पत्नी संगीता चौहान टिकट की दावेदार थीं लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया। वह मुरादाबाद मंडल में इकलौती बीजेपी विधायक हैं जिनका पार्टी ने टिकट काटा है। इस तरह बुलंदशहर की सदर सीट से पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिरोही की पत्नी ऊषा चौहान का टिकट काट दिया गया। इसके साथ ही सिकंदराबाद सीट से मौजूदा विधायक विमला सोलंकी का भी टिकट उम्र की सीमा को देखते हुए नहीं दिया गया है। डिबाई से महिला विधायक डा अनीता लोधी राजपूत का टिकट काटने से भी नाराजगी हैं। उनकी जगह बीजेपी के पूर्व विधायक स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह के बड़े भाई सीपी सिंह को टिकट दिया गया है। आगरा से पूर्व सांसद प्रभु दयाल कठेरिया ने प्रदेश उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। तीन बार के सांसद प्रभु दयाल कठेरिया अपने बेटे के लिए टिकट मांग रहे थे लेकिन टिकट नहीं मिलने से नाराज कठेरिया ने बागी सुर छेड़ा है। प्रभु दयाल कठेरिया के बेटे अरुण कांत ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। प्रभु दयाल कठेरिया ने साल 2012, 2014 और 2017 में अपने लिए टिकट मांगा था। इस सीट से बीजेपी ने बेबी रानी मौर्य को टिकट दिया है। बरेली में पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल को टिकट नहीं मिलने से नाराजगी है। मंत्री के बेटे ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की है। मनीष ने ट्वीटर पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। राजेश अग्रवाल वर्तमान में बीजेपी के कोषाध्यक्ष हैं। माना जा रहा था कि उनके बेटे को टिकट जरूर मिलेगा लेकिन बीजेपी ने टिकट के लिए दूसरा चेहरा चुना है। इस सीट से आरएसएस के करीबी संजीव अग्रवाल को टिकट मिला है। बरेली की बिथरी चैनपुर सीट से राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल को टिकट नहीं दिया है। बीजेपी ने इस सीट से आरएसएस के नजदीकी डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा को टिकट दिया है। पप्पू भी घर बैठ गए हैं।

# गेम चेन्जर की भूमिका में छोटे दल

**कमल दुबे।** लखनऊ











**देश के** सबसे बड़े राज्य की चुनावी जंग में बड़ी पार्टियों की कामयाबी बहुत कुछ छोटे दलों पर निर्भर रहती है। यही वजह है कि शीर्ष पार्टियां जातीय तथा सामाजिक दायरे में खास असर रखने वाली छोटी पार्टियों की अहमियत को अनदेखा नहीं कर पाती। ये छोटे-छोटे दल अपने दम पर पूरे नतीजों पर तो बहुत असर नहीं डालते लेकिन किसी बड़ी पार्टी के साथ जुड़ जाएं तो सारे गेम चेन्जर बन जाते हैं। यही वजह है कि मुख्य लड़ाई में नजर आ रहीं भाजपा और सपा जाति और समाज के हिसाब से प्रभावशाली छोटे दलों को अपने साथ जोड़ने की मुहिम में लगातार जुटी हैं। रालोद, अपना दल, सुभासपा, पीस पार्टी व निषाद पार्टी जैसे दल पिछले चुनावों में अपना प्रभाव दिखाते आए हैं। विधानसभा चुनाव की बढ़ती सरगर्मी के बीच बड़े दल छोटे दलों को साध रहे हैं तो छोटे दलों ने बड़ों से सौदेबाजी चल रही है।

विधानसभा चुनाव में भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस पूरी ताकत से तैयारी के दावे कर रही हैं लेकिन मुख्य लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। ये दोनों ही दल क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण साधने के लिए अपनी-अपनी जाति व समाज में काम करने वाले अलग-अलग क्षेत्रों के प्रभावशाली छोटे दलों को अपने साथ जोड़ने की मुहिम में पूरी ताकत से लगे हुए हैं। जिस भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद दो वर्ष तक एनडीए की पुरानी सहयोगी पार्टीअपना दल की मुखिया अनुप्रिया पटेल को मंत्री नहीं बनाया, उसी ने विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही न सिर्फ अनुप्रिया को केंद्र में राज्यमंत्री बनाया बल्कि महत्वपूर्ण वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में जिम्मेदारी भी दी। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए के सहयोगी बने निषाद पार्टी के नेता संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद भाजपा के टिकट पर सांसद बन गए। भाजपा ने विधानसभा चुनाव की गहमागहमी बढ़ते ही संजय निषाद को भी एमएलसी बना दिया। संजय ने अपनी ताकत दिखाने के लिए रैली की तो मुख्यमंत्री योगी व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ गृहमंत्री अमित शाह तक पहुंचे। इसी तरह हिस्सेदारी मोर्चा के घटक दलों भारतीय मानव समाज पार्टी, मुसहर आंदोलन (गरीब पार्टी), शोषित समाज पार्टी, मानवहित पार्टी, भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी, पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी, भारतीय समता समाज पार्टी और प्रगतिशील समाज पार्टी को जोड़ने का काम किया है। इन पार्टियों ने भाजपा के समर्थन में चुनाव में काम करने का एलान किया है।

छोटे दलों को जोड़ने की जंग में सपा भी पीछे नहीं है। अखिलेश अब तक रालोद, सुभासपा, महान दल, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी, गोंडवाना पाटी, अपना दल कमेरावादी तथा कांशीराम बहुजन मूल निवास पार्टी से हाथ मिला चुकी है। अखिलेश यादव रालोद, सुभासपा तथा कांशीराम बहुजन मूल निवास पार्टी की रैलियों में शामिल होकर उनकी ताकत की थाह ले चुके हैं। चुनावी विशेषज्ञों का मानना हैं कि छोटे दलों के लिए चुनाव केवल जीतने के लिए नहीं अपने वर्गों की भावना की अभिव्यक्ति का माध्यम भी है। इन्हें लगता है कि बड़े दल उनके हितों से जुड़े मुद्दों को महत्व नहीं दे रहे हैं इसलिए चुनाव में अपने मुद्दों के साथ सामने आते हैं। इनका ऐसा आधार नहीं होता कि ये खुद के बलबूते राजनीतिक ताकत हासिल कर लें। इसके लिए ये बड़े दलों से जुड़ने की कोशिश करते हैं और फिर सौदेबाजी शुरू हो जाती है। भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी निषाद पार्टी के लिए सीटों का निर्धारण भले ही न हुआ हो, लेकिन पार्टी अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद कम से कम 24 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर चुके हैं। मछुआरा समाज में शामिल सभी जातियों को अनुसूचित जातियों में आरक्षण दिए जाने के मुद्दे पर भाजपा के साथ आए संजय को इस बात का भरोसा है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने पर सभी मांगों का समाधान होगा।

पिछले दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव में बुरी तरह से मात खाए रालोद की चाहत इस बार आसमान छूने की है। जाटों के प्रभाव वाली 136 सीटों पर रालोद का असर है। मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़ यानी छह मंडल के 26 जिलों में रालोद का प्रभाव है। माना जा रहा है सपा के साथ रालोद की 37 सीटों पर बात बन चुकी है। वर्ष 2017 के चुनाव की बात करें तो 277 सीटों पर रालोद ने उम्मीदवार उतारे थे लेकिन महज छपरौली का दुर्ग ही बच पाया। हालांकि छपरौली से जीते विधायक सहेंद्र रमाला भी भाजपा में चले गए। यही हाल लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में रहा। दोनों ही बार रालोद का खाता ही नहीं खुला।

सपा से अलग होने के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया बनाई। उन्होंने पूरे प्रदेश में संगठनात्मक ढांचा तैयार किया। अपनी ताकत का एहसास भी कराया। पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्र में संगठन तैयार कर चुकी थी। इसी बीच सपा से गठबंधन हो गया। प्रसपा को कितनी सीटें मिलेंगी अभी तय नहीं है। कुर्मी जाति पर खासा प्रभाव रखने वाले अपना दल का गठन 1995 में हुआ था। 2002 में तीन विधानसभा सीटों पर जीत के साथ खाता खोला था। हालांकि पार्टी का गठन करने वाले डॉ. सोनेलाल पटेल ने कभी चुनाव नहीं जीता। वर्ष 2007 के विस चुनाव में भाजपा के साथ चुनाव लड़ने पर भी उसे एक भी सीट पर जीत नहीं मिली था। अलबत्ता 2012 के चुनाव में वाराणसी की रोहनिया सीट पर ही सफलता मिल पाई थी। वर्ष 2017 के विस चुनाव में भाजपा गठबंधन के साथ 9 सीटें जीतीं। लोकसभा चुनाव पहली बार अपना दल को 2014 में दो सीटों पर जीत मिली थी। 2019 में इन दोनों सीटों पर पार्टी कब्जा बरकरार रखा है। प्रदेश की करीब 203 सीटों पर कुर्मी जाति का अच्छा खासा प्रभाव है। पार्टी ने पूर्वांचल और बुंदेलखंड के 32 जिलों की करीब 76 सीटें ऐसी चिह्नित की हैं जिन पर कुर्मी और इनकी उपजातियों की संख्या एक लाख से लेकर दो लाख तक है।

# घोषित प्रत्याशियों के पाला बदलने से कांग्रेस हुई असहज

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ

**प्रदेश** में पिछले तीन दशक से अधिक समय से सत्ता का वनवास झेल रही कांग्रेस इस विधानसभा चुनाव में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाशने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महासचिव प्रियंका वाड्रा जहां लगातार पार्टी संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का दावा कर रही हैं वहीं दूसरी ओर एक के बाद एक पार्टी के घोषित प्रत्याशियों द्वारा टिकट मिलने के बाद पाला बदल लेने से कांग्रेस की स्थिति चुनाव से पूर्व ही असहज होती जा रही है। इतना ही नहीं कांग्रेस में चल रही उठापटक के बाद प्रियंका के नेतृत्व पर भी अंदर खाने से सवाल उठने शुरू हो गए हैं। पिछले छह महीने के भीतर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता यूपी में पार्टी का साथ छोड़कर चले गए हैं और दूसरे दलों से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका उन नेताओं से लगा है जिनका टिकट पार्टी ने फइनल कर दिया था और टिकट मिलने के बाद उन्होंने दूसरे दलों की सदस्यता ली है। अब कार्यकर्ता भी कहने लगे हैं कि कांग्रेस के नीतिनिर्धारकों को उम्मीदवारों की पहचान नहीं है। जो नेता जमीन पर काम कर रहे हैं उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। लिहाजा नेता पार्टी को अलविदा कह रहे हैं।

सबसे पहले रामपुर की चमरौआ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए पूर्व विधायक युसूफअली ने पार्टी छोड़ दी। जिसके बाद वो सपा में शामिल हो गए थे लेकिन अखिलेश ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इसके बाद रामपुर जिले की ही स्वार टांडा से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए गए हैदर अली खान उर्फ हमजा मियां ने पार्टी छोड़ दी। हमजा रामपुर से सांसद रहीं बेगम नूरबानो के पोते हैं। काजिम अली रामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हैं और आजम खान के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। हमजा मियां ने कांग्रेस छोड़ अपना दल एस की सदस्यता ले ली है। अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने



उन्हें स्वारटांडा से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इनके अलावा बरेली कैंट सीट से घोषित कांग्रेस उम्मीदवार सुप्रिया ऐरन और उनके पति और पूर्व सांसद प्रवीण ऐरन ने भी पार्टी छोड़ सपा की सदस्यता ले ली।

## पूरब से पश्चिम तक असंतोष, दिग्गज भी कर रहे किनारा

पूर्वांचल में कांग्रेस की आवाज बुलंद करने वाले दिग्गज नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने भी पार्टी से किनारा कर लिया है। कांग्रेस छोड़ने वाले कुछ और ऐसे बड़े नाम हैं जिनका अपना जनाधार है। यह लोग न सिर्फ चुनाव जीतते रहे हैं बल्कि पार्टी को भी जिताते रहे हैं लेकिन अब इनका मानना है कि कांग्रेस पार्टी में फिलहाल दम नहीं है। इमरान मसूद सहारनपुर बेल्ट में प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में जीते कांग्रेस के दो विधायक नरेश सैनी बेहट और मसूद अख्तर सहारनपुर की जीत में इमरान का ही प्रभाव माना जाता है। नरेश सैनी भाजपा और मसूद अख्तर अब सपा में जा चुके हैं।

पश्चिमी यूपी में कांग्रेस के दिग्गज नेता और जाट समुदाय का चेहरा माने जाने वाले पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक और उनके बेटे पूर्व विधायक पंकज मलिक भी चुनाव से पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। प्रियंका के करीबी रहे ललितेशपति त्रिपाठी कांग्रेस को अलविदा कहकर टीएमसी में शामिल हो गए। प्रियंका बुंदेलखंड में जिन कांग्रेस नेताओं के दम पर पार्टी को मजबूत करने के लिए मशक्कत कर रही थीं उन सभी ने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व विधायक व प्रियंका की सलाहकार समिति के सदस्य विनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, महोबा के पुराने कांग्रेसी खानदान के मनोज तिवारी भी सपा में शामिल हो गए। कांग्रेस ने इन तीनों ही नेताओं को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी की थी। ऐसे ही कानपुर देहात में कांग्रेस के मजबूत चेहरा माने जाने वाले पूर्व सांसद राजाराम पाल भी पार्टी छोड़कर साइकिल पर सवार हो गए हैं। कांग्रेस सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहे जितिन प्रसाद ने भाजपा का दामन थामा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व बदायूं से पूर्व सांसद सलीम शेरवानी उन्नाव की पूर्व सांसद अन्नू टंडन, मिर्जापुर के पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, सीतापुर की पूर्व सांसद कैसर जहां, अलीगढ़ के पूर्व सांसद विजेन्द्र सिंह पूर्व मंत्री चौधरी लियाकत पूर्व विधायक राम सिंह पटेल पूर्व विधायक जासमीन अंसारी, अंकित परिहार और रमेश राही जैसे नेता कांग्रेस छोड़ चुके हैं।

### सात में चार विधायक भी छोड़ चुके हैं साथ

**2017** के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इन सात विधायकों में चार कांग्रेस छोड़कर दूसरे दलों में शामिल हो चुके हैं। इनमें तीन विधायकोंने बीजेपी का दामन थामा है तो एक सपा में शामिल हुए हैं। रायबरेली से विधायक अदिति सिंह, हरचंदपुर विधायक राकेश सिंह और सहारनपुर के बेहट से विधायक नरेश सैनी बीजेपी में शामिल हो चुके हैं, जिन्हें बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया है। सहारनपुर देहात से कांग्रेस विधायक मसूद अख्तर पार्टी के दिग्गज नेता इमरान मसूद के साथ सपा में चले गए हैं। अब केवल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और तमकुहीराज से विधायक अजय कुमार लल्लू व कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और कानपुर कैंट से विधायक सोहिल अख्तर अंसारी ही बचे हैं।

# राष्ट्रीय पुरस्कारों को लेकर दलगत आधार पर कोई विवाद नहीं होना चाहिएः कर्ण सिंह

**●आजाद को पद्मभूषण दिए जाने पर कहा कि अगर साथी सम्मानित हो तो सराहना कर बधाई देनी चाहिए**

भाषा। नई दिल्ली

**गुलाम** नबी आजाद को पद्म भूषण दिए जाने की घोषणा के बाद से कांग्रेस के कुछ नेताओं के बीच हुई कलह की पृष्ठभूमि में पार्टी के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कारों को लेकर दलगत आधार पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए और अगर अपना कोई एक साथी सम्मानित हो रहा हो तो उस पर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां करने की बजाय उसकी सराहना करते हुए बधाई देनी चाहिए। सिंह ने यह बयान उस वक्त दिया जब आजाद को पद्म भूषण दिए जाने की घोषणा के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने उन पर कटाक्ष किया था। कर्ण सिंह ने एक बयान में कहा, इन राष्ट्रीय पुरस्कारों को लेकर दलगत आधार पर विवाद नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं गुलाम नबी आजाद को उस वक्त से जानता हूं जब उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी और 1971 में ऊधमपुर संसदीय क्षेत्र से मेरे दूसरे चुनाव प्रचार में वह शामिल हुए थे। उनके अनुसार, आजाद अपनी कड़ी मेहनत से आगे बढ़ते गए और अपने समर्पण तथा प्रशासनिक योग्यता के दम पर पी वी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकारों में कैबिनेट मंत्री रहे। सिंह ने कहा कि सात वर्षों तक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए आजाद ने एक सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अगर अपना कोई एक साथी सम्मानित हो रहा हो तो उस पर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां करने की बजाय उसकी सराहना करते हुए बधाई देनी चाहिए।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने की घोषणा के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने उन पर कटाक्ष किया था, हालांकि पार्टी के जी 23 समूह में शामिल कई नेताओं ने आजाद को बधाई दी और कहा कि उनके योगदान को स्वीकार किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने बुधवार को अपनी ही पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा था कि यह विडंबना है कि कांग्रेस को आजाद की सेवाओं की जरूरत नहीं है, जबकि राष्ट्र उनके योगदान को स्वीकार कर रहा है। पद्म सम्मानों की घोषणा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद को सार्वजनिक मामलों में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से नवाजा जाएगा। रमेश ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की ओर से पद्म भूषण सम्मान को अस्वीकार किए जाने को लेकर आजाद पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया था, यही सही चीज थी करने के लिए। वह आजाद रहना चाहते हैं गुलाम नहीं।

## आजाद को पद्म सम्मान देने का फैसला राजनीति पर आधारितः मोइली

भाषा। बेंगलुरु

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण देने का नरेंद्र मोदी सरकार का फैसला राजनीति पर आधारित है, न कि गुण-दोष पर आधारित। उन्होंने कहा कि यदि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री समझते हैं कि इससे कांग्रेस पार्टी के हितों को नुकसान होगा तो उन्हें यह सम्मान स्वीकार नहीं करना चाहिए।

मोइली ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने एक राजनीतिक फैसला किया है। उन्होंने राजनीतिक तौर पर एक निर्णय लिया है, न कि गुण-दोष या किसी अन्य आधार पर। अब उन्हें (आजाद को इस सम्मान को ग्रहण करने या न करने के बारे में) फैसला करना है। उन्होंने कहा कि इसे स्वीकार करने से पहले आजाद को सोचना चाहिए कि क्या ऐसा करना पार्टी हित में है या नहीं।

# राज्यपाल ने ममता पर लगाया संविधान का अतिक्रमण करने का आरोप

**●मुख्यमंत्री के क्रियाकलाप से एनएचआरसी की शासक का कानून वाली टिप्पणी सही साबित होती हैः धनखड़**

भाषा। कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ममता बनर्जी सरकार पर ताजा हमला करते हुए मुख्यमंत्री पर संविधान का अतिक्रमण करने का आरोप लगाया और दावा किया कि बनर्जी के क्रियाकलाप एनएचआरसी की समिति की उस टिप्पणी को सही ठहराते हैं कि राज्य में कानून का शासन नहीं बल्कि शासक का कानून है। राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच के लिए गठित समिति का हवाला दिया।

बनर्जी को मंगलवार को लिखे पत्र में, धनखड़ ने राज्य सरकार पर, राज्यपाल को वांछित जानकारी उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया और कहा कि यह बनर्जी का संवैधानिक दायित्व है कि वह राज्य के प्रशासनिक मामलों से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराएं। धनखड़ का पत्र बृहस्पतिवार को सार्वजनिक किया गया जिसमें कहा गया, संविधान का लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की वह टिप्पणी सही साबित होती है कि राज्य में कानून का शासन नहीं बल्कि शासक का कानून चलता है। पत्र में उन्होंने कहा कि अगर राज्यपाल कोई सूचना मांगते हैं तो वह उनसे छुपाई नहीं जा सकती और ऐसा करना यह संकेत देता है कि राज्य सरकार संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार नहीं चल रही।

# भाजपा ने पूर्व मंत्री सांपला व कांग्रेस छोड़कर आए दो नेताओं को टिकट दिया

**पंजाब चुनाव**

भाषा। चंडीगढ़

**पंजाब** में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को 27 उम्मीदवारों वाली अपनी दूसरी सूची जारी की जिसमें कांग्रेस से पार्टी में आए दो नेताओं और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय सांपला को प्रत्याशी घोषित किया गया है। भाजपा, पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव ढींढसा के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। सहयोगी दलों के साथ किए गए सीटों के बंटवारे के अनुसार, भाजपा 65 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी ने बृहस्पतिवार को दो वर्तमान विधायकों फतेहजंग सिंह बाजवा और हरजोत कमल को टिकट दिया जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। कादियान से विधायक बाजवा इस बार बटाला से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने उनके बड़े भाई प्रताप सिंह बाजवा को कादियान से प्रत्याशी घोषित किया है। हरजोत कमल अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र मोगा से चुनाव लड़ेंगे जहां से कांग्रेस ने अभिनेता सोनू सूद की बहन मालविका सूद को टिकट दिया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला फगवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा भाजपा ने राकेश ढींगरा को लाम्बी से प्रत्याशी बनाया है।



सूरत में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकालते हुए

# मोदी विरोध की सनक अब भारत विरोध में हुई तब्दीलः नकवी

**● पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के बयान पर भाजपा का प्रहार**

भाषा। नई दिल्ली

**सांस्कृतिक** राष्ट्रवाद पर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा दिए गए एक बयान के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को उन्हें आड़े हाथों लिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध की सनक अब भारत विरोध में तब्दील हो गई है। इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल द्वारा डिजिटल तरीके से आयोजित एक पैनल चर्चा में अंसारी ने कहा था कि हाल के वर्षों में उन्होंने उन प्रवृत्तियों और प्रथाओं के उद्भव का अनुभव किया है, जो नागरिक राष्ट्रवाद के सुस्थापित सिद्धांत को लेकर विवाद खड़ा करती हैं और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की एक नई एवं काल्पनिक प्रवृत्ति को बढ़ावा देती हैं।

उन्होंने आगे कहा था, वह नागरिकों को उनके धर्म के आधार पर अलग करना चाहती हैं, असहिष्णुता को हवा देती हैं और अशांति एवं असुरक्षा को बढ़ावा देती हैं। इस बयान के लिए अंसारी को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि जब देश गणतंत्र दिवस का जश्न मना रहा था और श्रीनगर के लाल चौक पर झंडा फहराया जा रहा था, उस समय देश के संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति द्वारा देश की छवि को लगातार खराब करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि वह भी एक ऐसे मंच से, जिसने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की साजिश का बीड़ा उठा रखा है। नकवी ने कहा, वहां पर भारत में असहिष्णुता की बात कही जा रही थी... भारत के राष्ट्रवाद पर सवाल खड़े किए गए... यह वह संस्था है, जिसका संबंध आईएसआई के साथ है... उसका संबंध ऐसे तमाम संगठनों के साथ है, जो पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश और षड्यंत्र में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा, भारत विरोधी ब्रिगेड की... मोदी विरोधी सनक अब भारत विरोध की हद तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी संवैधानिक प्रतिबद्धता है और जो लोग इससे अनभिज्ञ हैं, मोदी विरोध के लिए भारत विरोध की पराकाष्ठा तक पहुंच गए हैं।

## भगवान के बारे में टिप्पणी कर विवादों में फंसी अभिनेत्री श्वेता तिवारी

**भोपाल।** टेलीविजन अभिनेत्री श्वेता तिवारी अपने अंतःवस्त्र के बारे में टिप्पणी के दौरान कथित तौर पर भगवान का जिक्र करने के लिए विवादों में घिर गई हैं। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस को उनकी टिप्पणी की जांच करने और 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

श्वेता ने बुधवार को भोपाल में अपनी वेब सीरीज शो स्टॉपर के प्रमोशन के दौरान यह बयान दिया। मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत के दौरान जब उन्होंने यह टिप्पणी की तो वहां उनके साथी कलाकार भी मौजूद थे। अभिनेत्री के इस बयान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें वह अपने अंतःवस्त्र के बारे में बातचीत करते हुए कथित तौर पर भगवान का जिक्र कर रही हैं।

अभिनेत्री के बयान के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहा कि मैंने इसे सुना है और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। मैंने भोपाल के पुलिस आयुक्त को इसकी जांच करने और 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। उसके बाद हम देखेंगे कि मामले में क्या कार्वाई की जा सकती है।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधानपरिषद सदस्य ने पार्टी छोड़ने का फैसला किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानपरिषद में विपक्ष का नेता नहीं बनाए जाने से नाखुश वरिष्ठ कांग्रेस नेता सी एम इब्राहिम ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी और पद छोड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता सिद्धरमैया पर बार बार निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही अपने अगले राजनीतिक कदम की घोषणा करेंगे। वैसे वह लंबे समय तक सिद्धरमैया के करीबी रहे हैं। इब्राहिम ने कहा कि मैं खुश हूं कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मुझे उस बोझ से मुक्त कर दिया जो मेरे ऊपर था, अब मैं अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हूं।

मैं शीघ्र ही राज्य में अपने शुभचिंतकों से बात करूंगा। यहां अब कांग्रेस मेरे लिए बंद अध्याय है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह सिद्धरमैया की खातिर और उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के लिए कांग्रेस से जुड़े थे। उन्होंने इस संबंध में अपने प्रयास गिनाए।

उन्होंने कहा कि बस इस व्यक्ति (सिद्धरमैया) की खातिर मैंने देवगौड़ा जैसे नेता और जनता दल को छोड़ा, लेकिन उन्होंने मुझे क्या दिया?

# पांच दंपती आजमा रहे हैं राजनीतिक तकदीर

**गोवा विधानसभा चुनाव**

भाषा। पणजी

**गोवा** विधानसभा चुनाव में कई राजनीतिक दलों के मैदान में उतरने से जहां मुकाबला बहुकोणीय हो गया है, वहीं पांच दंपतियों के किस्मत आजमाने से भी यह रोचक बन गया है। यदि वे सभी जीत जाते हैं तो गोवा की 40 सदस्यीय विधानसभा के एक चौथाई सदस्य पति-पत्नी होंगे।

फिलहाल सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दो दंपतियों को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं अपने एक ऐसे नेता को टिकट दिया है जिनकी पत्नी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी अखाड़े में होंगी। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने भी एक-एक दंपती को टिकट दिया है।

भाजपा नेता और स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे वालपोई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं जबकि उनकी पत्नी देविया ने पोरिएम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर नामांकन पत्र भरा है। दिलचस्प बात यह है कि फिलहाल देविया के ससुर प्रतापसिंह राणे पोरिएम से कांग्रेस विधायक हैं। कांग्रेस ने इस निर्वाचन क्षेत्र से फिर उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। देविया राणे अपना पहला चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने एटानासियो मोंसेरेट को पणजी विधानसभा सीट से एवं उनकी पत्नी जेनिफर को तालीगाव निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। जेनिफर ने 2017 में कांग्रेस के टिकट पर तालीगाव से विधानसभा चुनाव जीता था जबकि उनके पति मोंसेरेट मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के निधन के बाद 2019 में पणजी में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विजई हुए थे। दोनों कांग्रेस के आठ अन्य विधायकों के साथ 2019 में भाजपा में शामिल हो गए थे।

उपमुख्यमंत्री चंद्रकांत कावलेकर और उनकी पत्नी सावित्री कावलेकर भी चुनाव मैदान में हैं। चंद्रकांत कावलेकर अपनी पारंपरिक क्रेपेम सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं जबकि सावित्री पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर सांग्वेम से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने माइकल लोबो तथा उनकी पत्नी डेलिया को क्रमशः कालनगुट और सियोलिम से प्रत्याशी बनाया है। पूर्व मंत्री माइकल अपनी पत्नी को भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर पार्टी छोड़कर कांग्रेस में आ गए थे।

## भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए हिंदुओं को कठपुतली के रूप में इस्तेमाल कर रहीः टीएमसी नेता

**पणजी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उपाध्यक्ष पवन वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी असली हिंदुत्व के लिए खड़ी है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पकालिक राजनीतिक लाभ पाने के लिए हिंदुओं का कठपुतली के रूप में इस्तेमाल करती है। वर्मा ने यहां पत्रकारों से कहा कि लोगों को बांटने के लिए धर्म का इस्तेमाल करना गोवा, गोवावासियों और गोवापन का अपमान है। वर्मा ने आरोप लगाया, मैं आपको संक्षेप में बताना चाहता हूं कि टीएमसी वास्तविक हिंदुत्व के लिए खड़ी है, जो समावेशिता, सहिष्णुता, बहुलवाद, मिलनसारिता और विविधता के पक्ष में है। दुर्भाग्य से भाजपा का हिंदुत्व विकृत रूप में है और वह नफरत, कट्टरता, बहिष्कार, विभाजन और हिंसा के लिए धर्म का इस्तेमाल करने का प्रयास करती है। वर्मा ने कहा कि टीएमसी संविधान के तहत सभी धर्मों के सम्मान के लिए खड़ी है और यह सम्मान भारत की विरासत है। उन्होंने कहा, जब टीएमसी जैसी राजनीतिक पार्टी कहती है कि वह वास्तविक हिंदुत्व के लिए खड़ी है, तो अर्थ यह है कि वह सद्भाव, समावेशिता, शांति और सामाजिक स्थिरता के लिए सभी धर्मों का सम्मान करने को लेकर प्रतिबद्ध है। वर्मा ने कहा कि टीएमसी की संस्थापक और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विचार है कि चुने हुए प्रतिनिधियों को लोगों के हित के लिए काम करना चाहिए, चाहे उनका धर्म कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी का मतदान प्रतिशत पिछले विधानसभा चुनाव में 44 प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत हो गया क्योंकि सभी धर्मों के लोगों ने पार्टी को वोट दिया था।



मुंबई में माहिम बीच पर सफाई अभियान चलाते वालंटियर्स

# गिरिडीह में नक्सलियों ने रेल लाइन उड़ायी



भाषा। गिरिडीह (झारखंड)

**प्रतिबंधित** भाकपा (माओवादी) के उग्रवादियों ने 24 घंटे के अपने बिहार और झारखंड बंद के दौरान बुधवार रात गिरिडीह जिले में विस्फोट कर रेल लाइन के एक हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे वहां रेल परिचालन करीब छह घंटे तक बंद रहा, जो बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे बहाल किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ कमांडेंट हेमंत कुमार ने बताया कि चिचाकी और चौधरी बांध रेलवे स्टेशन के बीच बुधवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे विस्फोट की सूचना पर रेल परिचालन रोक दिया गया था। आज पटरी को ठीक करने के बाद सुबह करीब साढ़े छह बजे रेल परिचालन बहाल किया गया। हेमंत ने बताया कि विस्फोट के कारण पटरियों का पैनल क्लिप टूट गया था। नक्सलियों ने लाइन में विस्फोट किया था। हालांकि, रेल पटरी को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा था। प्रतिबंधित संगठन ने झारखंड पुलिस द्वारा अपने शीर्ष नेता प्रशांत बोस उर्फ किशन दा की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को 24 घंटे के बंद का आह्वान किया था। बोस पर एक करोड़ रुपए का इनाम था। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु देर रात ही घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को मामले की जांच के निर्देश दिए। इस घटना के बाद नई दिल्ली-हावड़ा लाइन पर एक दर्जन ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा।

## मालेगांव से सभी 28 कांग्रेस पार्षद राकांपा में शामिल : मलिक

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने दावा किया है कि महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में महापौर सहित कांग्रेस के सभी 28 पार्षद बृहस्पतिवार को राकांपा में शामिल हो गए। राकांपा के प्रवक्ता नवाब मलिक ने कहा कि मालेगांव के महापौर सहित कांग्रेस के 28 पार्षद मुंबई में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और राकांपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। हालांकि कांग्रेस ने कहा कि मालेगांव नगर निगम (एमएमसी) में पार्टी के 28 सदस्यों में से 27 राकांपा में शामिल हो गए हैं। राकांपा और कांग्रेस दोनों राज्य में शिवसेना के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार में सहयोगी हैं। 84 सदस्यीय निकाय में राकांपा के पहले से ही 20 पार्षद हैं। एमएमसी में शिवसेना के 13, भाजपा के 9, एआईएमआईएम के 7, जद (एस) के 6 और एक निर्दलीय सदस्य है। पाटिल और पवार दोनों ने कहा कि मालेगांव में अगले विधानसभा चुनाव में राकांपा का विधायक होगा और पार्टी शहर के विकास के लिए काम करेगी।

## कर्नाटक सरकार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर नकेल कसेगी

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार ने राज्य में काम कर रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर नकेल कसने की योजना बनाई है। गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों से देश की आंतरिक सुरक्षा को खतरा होने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अवैध प्रवासियों का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा एक सर्वेक्षण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पुलिस को राज्य के कुछ हिस्सों में, खासकर कोडागु और चिक्कामंगलुरु जिलों में उनके कॉफी बागानों में मजदूरों के रूप में काम करने की जानकारी मिली है। ज्ञानेंद्र ने कहा, उनका पता लगाने और पकड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी प्रवासी भारत में घुसने के बाद असम और पश्चिम बंगाल में राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड भी बनवा लेते हैं। यह एक बड़ा रैकेट है और इस नेटवर्क पर नकेल कसने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। ज्ञानेंद्र ने यह भी कहा कि राज्य में हाल के दिनों में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और पुलिस इस मुद्दे को हल करने के लिए बैंक प्रबंधन के सम्पर्क में है।

कर्नाटक सरकार ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए राज्य कर्मियों को प्रशिक्षण देने के वास्ते गुजरात के अपने समकक्ष के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए हैं। मंत्री ने कहा, हम अपने साइबर प्रकोष्ठ के 60 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए गुजरात भेज रहे हैं। मादक पदार्थों के खतरे को लेकर ज्ञानेंद्र ने कहा कि कर्नाटक पुलिस केन्द्रीय एजेंसियों के सम्पर्क में है और ऐसी गतिविधियों को रोकने के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय को मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने विधानसभा द्वारा पारित किए धर्मांतरण रोधी विधेयक पर कहा कि सरकार का इरादा अध्यादेश लाने का है, लेकिन साथ ही सरकार आगामी बजट सत्र में इसे उच्च सदन में पारित कराने पर भी विचार कर रही है। विधेयक अभी विधान परिषद में पारित नहीं हो पाया है।

# कांग्रेस, राकांपा और एमआईएमआईएम ने टीपू सुल्तान विवाद पर भाजपा को घेरा

भाषा। मुम्बई

**मुम्बई** में एक पुनर्निर्मित उद्यान का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर रखने के कथित कदम का भाजपा द्वारा विरोध किए जाने के बीच कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि यहां तक कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी 2017 में कर्नाटक विधानसभा में 18 वीं सदी के मैसूर के शासक की प्रशंसा की थी। भाजपा ने बुधवार को यह आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था कि इस पुनर्निर्मित उद्यान का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर रख दिया गया है। उसने यह दावा करते हुए इस नामकरण का विरोध किया कि टीपू सुल्तान ने हिंदुओं पर अत्याचार किया था,इसलिए उनका नाम किसी सरकारी केंद्र के लिए अस्वीकार्य है।

हालांकि मालवनी में इस उद्यान का उद्घाटन करने वाले महाराष्ट्र के मंत्री असलम शेख ने कहा था कि हमेशा से इस उद्यान का नाम टीपू सुल्तान के नाम पर था और कोई नया नामकरण नहीं किया गया है। भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सचिन सावंत ने कहा, 2017 में कर्नाटक विधानसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने टीपू सुल्तान के कार्यों का जिक्र किया था। क्या भाजपा यह पूरी तरह भूल गई है। राजनीतिक हस्तियों को चित्रित करने में धर्म को लाना एवं नफरत एवं ध्रुवीकरण का जहर फैलाना भाजपा की विकृत राजनीति है। उन्होंने दावा किया कि हर चीज को श्वेत-श्याम के रूप में प्रस्तुत करने की भाजपा की राजनीति की शैली विकृत है तथा ऐसे दृष्टिकोण को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए।

सावंत ने कहा, कोल्लूर में श्री मूकाम्बिका मंदिर में प्रतिदिन शाम को साढ़े सात बजे टीपू सुल्तान के नाम पर आरती की जाती है।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस, जिनकी होलोग्राम प्रतिमा का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया, ने टीपू को शहीद बताया था और उनके मैसूर बाघ को अपनी आजाद हिंद फौज के झंडे का हिस्सा बनाया था एवं वर्दी पर भी उसकी आकृति बनवाई थी। टीपू सुल्तान 18 वीं सदी के मैसूर के शासक थे और उनकी जान ब्रिटिश के विरुद्ध लड़ाई लड़ते हुए गई।

मंत्री शेख ने दावा किया है कि यह उद्यान 15 सालों से टीपू सुल्तान के नाम से जाना जाता था। हालांकि उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी एवं शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि बृहन्मुम्बई महानगरपालिका द्वारा (टीपू सुल्तान के नाम पर उद्यान का नाम रखने का)ऐसा कोई फैसला नहीं किया गया जबकि महानगरपालिका शहर में किसी सरकारी स्थल का नाम रखने का एकमात्र प्राधिकार है।

राकांपा के मुख्य प्रवक्ता और राज्य के मंत्री नवाब मलिक ने कहा, टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों के सामने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और वह आक्रांताओं के विरुद्ध लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए। भाजपा ऐसे योद्धाओं का विरोध कर रही है। कर्नाटक में भाजपा नेता बी एस येदियुरप्पा टीपू सुल्तान की जयंती मनाया करते थे लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने उसे रद्द कर दिया।

# वैश्विक बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 581 अंक टूटा

भाषा। मुंबई

**वैश्विक स्तर पर** कमजोर रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 581 अंक लुढ़क गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मार्च से नीतिगत दर को सख्त किए जाने के संकेतों के बीच बाजार में गिरावट रही। कारोबारियों के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 581.21 अंक यानी एक प्रतिशत लुढ़ककर 57,276.94 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 167.80 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,110.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक का शेयर 4.17 प्रतिशत लुढ़ककर सर्वाधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा टेक महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज, विप्रो, टीसीएस, टाइटन और इन्फोसिस के शेयर भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, एसबीआई, मारुति, कोटक बैंक, सन फार्मा और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। इनमें 2.81 प्रतिशत की तेजी रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने बुधवार को नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं किया लेकिन मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए ब्याज दर बढ़ाने के संकेत दिए। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पावेल ने कहा कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए मार्च में ब्याज दर बढ़ाई जा सकती है और वृहत स्तर पर जारी बांड खरीद कार्यक्रम को समाप्त किया जा सकता है। निवेशकों के बीच इस बात की आशंका है कि नीतिगत दर में वृद्धि के बाद भारत जैसे उभरते देशों से विदेशी पूंजी निकासी बढ़ेगी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, फेडरल रिजर्व ने प्रमुख नीतिगत दर में बदलाव नहीं किया लेकिन आक्रमक रुख अपनाने के बयान से वैश्विक बजारों में गिरावट आई जिसका प्रतिकूल असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। उन्होंने कहा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजारों से लगातार मुनाफावसूली कर रहे हैं। कुछ शेयरों में तेजी रही। पीएसयू बैंक सूचकांक दोपहर के कारोबार में पांच प्रतिशत मजबूत हुए। वाहन शेयरों के समर्थन से बाजार में अच्छा सुधार आया। आईटी और दवा शेयरों में मुनाफावसूली देखी गई, जबकि तिमाही परिणाम के बीच कपड़ा शेयरों की मांग रही।







रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि वैश्विक बाजारों में अधिक उतार-चढ़ाव से घरेलू बाजार में गिरावट रही। उन्होंने कहा, एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक का परिणाम आ चुका है, हम उम्मीद करते हैं कि बाजार में अब कुछ स्थिरता आएगी। हालांकि, कंपनियों के तिमाही परिणाम और आगामी बजट से बाजार पर कुछ असर देखने को मिल सकता है। मिश्रा ने कहा, बैंक शेयरों में हाल की तेजी निश्चित रूप से उत्साहजनक है लेकिन अच्छी तेजी के लिए अन्य क्षेत्रों के समर्थन की जरूरत है...।

एशिया के अन्य बाजारों में चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.16 प्रतिशत गिरकर 89.82 डॉलर प्रति बैरल रहा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 31 पैसे टूटकर 75.09 पर आ गई। शेयर बाजार में आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 7,094.48 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## अब यूनिटधारकों की मंजूरी के बाद ही बंद की जा सकेगी कोई योजना

### सेबी ने एमएफ नियमों को मजबूत किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**बाजार** नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड निवेशकों के हितों की रक्षा के मकसद से म्यूचुअल फंड के न्यासियों के लिए किसी योजना को बंद करने का निर्णय करते समय यूनिटधारकों की सहमति लेने को अनिवार्य कर दिया है। उन्हें वैसे समय यूनिटधारकों से सहमति लेनने की जरूरत होगी जब न्यासी बहुमत के आधार पर किसी योजना को बंद करने का निर्णय करते हैं।नए नियमों के तहत म्यूचुअल फंड न्यासियों को उस समय बहुसंख्यक यूनिटधारकों की सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता होगी, जब अधिकतर न्यासी किसी योजना को बंद करने या तय समय वाली योजना (क्लोज-एंडेड योजना) के यूनिट को समय से पहले भुनाने का निर्णय करते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को एक अधिसूचना में कहा कि न्यासियों को प्रति यूनिट एक वोट के आधार पर उपस्थित और मतदान करने वाले यूनिटधारकों के साधारण बहुमत से सहमति प्राप्त करनी होगी। योजना बंद करने की परिस्थिति को लेकर नोटिस के प्रकाशन के 45 दिनों के भीतर मतदान का परिणाम प्रकाशित करना होगा।सेबी ने कहा कि यदि न्यासी सहमति प्राप्त करने में विफल रहते हैं, संबंधित योजना मतदान के परिणाम के प्रकाशन के बाद दूसरे कारोबारी दिन से लेन-देन गतिविधियों के लिए खुली रहेगी। सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों में संशोधन करते हुए कहा कि न्यासी निर्णय के एक दिन के भीतर नियामक को नोटिस देंगे। नोटिस में उन परिस्थितियों का ब्योरा होगा, जिसके कारण योजना को बंद करने का निर्णय किया गया। साथ ही अखिल भारतीय स्तर के दो दैनिक अखबारों और उस जगह पर क्षेत्रीय भाषा में छपने वाले अखबार में इसकी जानकारी देनी होगी, जहां म्यूचुअल फंड का गठन हुआ। नियमों में संशोधन करने का फैसला जुलाई में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद आया है। न्यायालय ने फैसले में कहा था कि न्यासियों को योजनाओं को बंद करने के अपने फैसले के कारणों का खुलासा करने के लिए नोटिस प्रकाशित करने के बाद इस बारे में बहुसंख्यक यूनिटधारकों की सहमति लेने की आवश्यकता होगी। न्यायालय का यह फैसला फ्रैंकलिन टेंपलटन म्यूचुअल फंड की छह योजनाओं को बंद करने के मामले में आया था।

## बजट में अर्थव्यवस्था में व्यापक असमानता को पाटने व रोजगार सृजन पर होना चाहिए जोर : सुब्बाराव

भाषा। नई दिल्ली

**रिजर्व बैंक के** पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को आगामी बजट में रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था में व्यापक असमानता को पाटने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने की जरूरत को देखते हुए कर कटौती की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। सुब्बाराव ने यह भी कहा कि अनुभव से पता चलता है कि संरक्षणवादी दीवारों के साथ निर्यात को बढ़ावा देने की नीति शायद ही कभी प्रतिस्पर्धी होती है, इसलिए आयात शुल्कों को घटाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, वृद्धि को गति देना हर बजट का मकसद होता है और इस बजट का भी यह उद्देश्य होना चाहिए।



लेकिन, इस बजट में अर्थव्यवस्था में व्यापक असमानता को पाटने पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए। सुब्बाराव ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम करने वाले निम्न-आय वर्ग के लिए भारी संकट पैदा कर दिया है, जबकि दूसरी ओर उच्च-आयवर्ग न केवल अपनी आमदनी बढ़ाने में सक्षम है, बल्कि वास्तव में उनकी बचत और संपत्ति बढ़ी है। उन्होंने हाल में आई विश्व असमानता रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, इस तरह की व्यापक असमानता न केवल नैतिक रूप से गलत और राजनीतिक रूप से नुकसानदेह है, बल्कि इससे हमारी दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाएं भी प्रभावित होंगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट 2022-23 संसद में पेश करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धि को गति देना हर बजट का मकसद होता है और इस बजट का भी यह उद्देश्य होना चाहिए, लेकिन इस बार अर्थव्यवस्था में व्यापक असमानता को पाटने पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें रोजगार आधारित वृद्धि की जरूरत है। अगर इस बजट के लिए कोई थीम है, तो वह रोजगार होनी चाहिए। पूर्व गवर्नर ने कहा कि मंदी के कारण नौकरियां कम हुई हैं। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियों के श्रम प्रधान अनौपचारिक क्षेत्र से पूंजी प्रधान औपचारिक क्षेत्र की ओर केंद्रित होने से भी रोजगार का संकट पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि रोजगार पैदा करने के लिए वृद्धि जरूरी है, लेकिन इतना ही पर्याप्त नहीं है। निर्यात बढ़ाने से न सिर्फ विदेशी मुद्रा मिलेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके अलावा सुब्बाराव ने कहा कि इस साल देश के कर संग्रह में आया उछाल अगले साल खत्म हो जाएगा, क्योंकि अनौपचारिक क्षेत्र फिर से पटरी पर आने लगेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने की लगातार जरूरत को देखते हुए कर कटौती की गुंजाइश बहुत कम है।

## सेबी ने नियमों में बदलाव किया, तत्कल संदेश सेवा से भेजेगा नोटिस, समन

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अब प्रतिभूति बाजार के नियमों का उल्लंघन करने वालों को नोटिस और समन तत्काल संदेश सेवा (इंस्टैंट मैसेजिंग सर्विस) के जरिए भेजेगा। इस कदम से यह प्रक्रिया तेज हो सकेगी। अभी नियामक इस तरह के नोटिस या समन रजिस्टर्ड डाक, कूरियर या इलेक्ट्रॉनिक मेल के जरिए भेजता है। इसके अलावा नियामक ने प्रतिभूति बाजार के ऐसे लेनदेन जो जांच के घेरे में हैं, के मामले में जांच प्राधिकरण (आईए) द्वारा सूचना और दस्तावेज मांगने से संबंधित अधिकारों को लेकर नियमों में भी बदलाव किया है। सेबी की ओर से मंगलवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इन बदलावों के लिए धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार प्रतिबंध (पीएफयूटीपी) नियमों में संशोधन किया गया है। पीएफयूटीपी के तहत सेबी द्वारा जारी समन या नोटिस संबंधित व्यक्ति या उसके अधिकृत एजेंट को दिए जाएंगे। ये नोटिस फैक्स या इलेक्ट्रॉनिक मेल या इलेक्ट्रॉनिक इंस्टैंट मैसेजिंग सेवा के साथ इलेक्ट्रॉनिक मेल या कूरियर या स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से भी भेजे जाएंगे। नियामक ने इस बारे में कुछ शर्तें भी तय की हैं। यदि इनमें से किसी तरीके से समन या नोटिस विफल हो जाता है, तो उसे संबंधित व्यक्ति के परिसर के बाहरी दरवाजे पर चिपकाया जाएगा। इसके अलावा इसे संबंधित व्यक्ति के परिसर के किसी अन्य हिस्से या ऐसे मकान पर भी नोटिस चस्पा किया जा सकता है जहां वह व्यक्ति रहा था या उसने वहां से कारोबार किया था। नोटिस या समन संबंधित व्यक्ति के परिसर के दरवाजे पर नहीं लगाए जाने की स्थिति में इसे कम से कम दो अखबारों में प्रकाशित करना होगा। इनमें एक अंग्रेजी अखबार होगा और दूसरा संबंधित क्षेत्र की भाषा का समाचार पत्र। जांच प्राधिकरण (आईए) के अधिकारों के संबंध में नियामक ने कहा कि आईए को कुछ अधिकारों के इस्तेमाल के लिए सेबी के चेयरमैन या सदस्यों की उचित मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। ये अधिकार किसी व्यक्ति या बैंक या किसी अन्य प्राधिकरण से रिकॉर्ड या सूचना मांगने से संबंधित हैं।

## एनटीपीसी ने देश में तीन हजार मेगावॉट क्षमता की ऊर्जा भंडारण इकाई लगाने के लिए बोलियां मांगीं

**नई दिल्ली( भाषा )।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की इकाई एनटपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. (एनआरईएल) ने नवीकरणीय ऊर्जा की चौबीसों घंटे की आवश्यकता को पूरा करने के लिए देश में किसी भी स्थान पर 3,000 मेगावॉट क्षमता की अंतर-राज्ईय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) से जुड़ी ऊर्जा भंडारण सुविधा स्थापित करने को कंपनियों के चयन हेतु बोलियां आमंत्रित की हैं। बोली दस्तावेज के अनुसार, एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी 24 घंटे नवीकरणीय ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण सुविधा स्थापित करने की इच्छुक है। एनटीपीसी ने पवनासौर ऊर्जा की न्यूनतम 500 मेगावॉट के साथ 3,000 मेगावॉट क्षमता की अंतरराज्ईय पारेषण प्रणाली से जुड़ी ऊर्जा भंडारण सुविधा को लेकर कंपनियों के चयन को बोलियां मांगी हैं। दस्तावेज के अनुसार, वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के जरिए कैपेक्स माध्यम के तहत क्षमता स्थापित की जाएगी। बोली प्रक्रिया के बाद एनआरईएल 25 साल की अवधि के लिए चयनित बोलीदाताओं के साथ सालाना निश्चित शुल्क के आधार पर ऊर्जा भंडारण सेवा समझौता करेगी। एनटीपीसी/ एनआरईएल की किसी भी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना से उत्पन्न बिजली का उपयोग ऊर्जा भंडारण सेवा (ईएसएस) परियोजना की चार्जिंग के लिए किया जाएगा।

## आईसीएआई ने संसदीय समिति के समक्ष सीए कानून संशोधन विधेयक पर चिंता जताई

**नई दिल्ली( भाषा )।** चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीएत्र की शीर्ष संस्था आईसीएआई ने एक संसदीय समिति को ज्ञापन सौंपकर देश में लेखाकारों को प्रशासित करने वाले कानून में संशोधन के लिए प्रस्तावित विधेयक के कुछ प्रावधानों के बारे में चिंता जताई है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने भाजपा सांसद जयंत सिन्हा की अगुवाई वाली वित्त संबंधी संसद की स्थाई समिति को ज्ञापन सौंपा है, जो इस विधेयक पर विचार कर रही है। ज्ञापन में आईसीएआई ने अनुशासन समिति के गठन से संबंधित प्रावधानों पर भी अपने विचार व्यक्त किए हैं। लोकसभा ने 21 दिसंबर को चार्टर्ड अकाउंटेंट, लागत एवं संकर्म लेखाकार और कंपनी सचिव संशोधन विधेयक को समीक्षा के लिए स्थाई समिति के पास भेजा था। इस विधेयक के जरिए चार्टर्ड अकाउंटेंट, लागत लेखाकार और कंपनी सचिव को प्रशासित करने वाले कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव है। आईसीएआई के अध्यक्ष निहार एन जंबुसरिया ने बृहस्पतिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, हमने वित्त संबंधी संसद की स्थाई समिति को अपना ज्ञापन सौंप दिया है।

## क्विक न्यूज

### हरित हाइड्रोजन नीति का अगले दस दिन में अनावरण किया जाएगा: आरके सिंह

**नई दिल्ली (भाषा)।** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले 10 दिन मे हरित हाइड्रोजन नीति का अनावरण किया जाएगा, जिसमे ऊर्जा के इस स्वच्छ स्रोत के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 25 वर्ष तक निःशुल्क पारेषण जैसे प्रोत्साहन शामिल है। उद्योग मंडल सीआईआई की ओर से स्मार्ट मीटरिंग विषय पर आयोजित ऑनलाइन सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, हम अगले दस दिन मे हरित हाइड्रोजन नीति लेकर आएंगे। हम 25 वर्ष तक निःशुल्क पारेषण देगे। आप राजस्थान में हाइड्रोजन बनाने के लिए बिजली पैदा कर सकते है या इसे गुवाहाटी मे बरौनी रिफायनरी (हाइड्रोजन बनाने के लिए) भेज सकते है। सिंह ने यह भी कहा कि नीति मे डॉलर मूल्यवर्ग की बोलियां, अक्षय ऊर्जा पार्को मे भूमि की पेशकश और हरित हाइड्रोजन या अमोनिया की खातिर बंकर बनाने के लिए बंदरगाहो के पास भूमि आवंटन की सुविधा होगी। उन्होने कहा, हम चाहते है कि भारत हरित हाइड्रोजन के निर्यातक के रूप मे उभरे।

### हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा आईजेडए के कार्यकारी चेयरमैन चुने गए

**नई दिल्ली (भाषा)।** हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा को अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ (आईजेडए) का कार्यकारी चेयरमैन चुना गया है। एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि मिश्रा यह पद संभालने वाले भारत और एशिया के पहले व्यक्ति है। वही मिश्रा ने कहा, आईजेडए के कार्यकारी चेयरमैन का पद संभालना मेरे लिए गौरव की बात है। मै अपने पूर्ववर्तियो की तरह उत्कृष्टता की परंपरा को जारी रखूंगा। उन्होने कहा, आईजेडए के पास पेशेवरो की एक असाधारण टीम है और मै जिंक की वैश्विक मांग को बढ़ाने और मानव स्वास्थ्य, फसल पोषण, टिकाऊविकास और आधुनिक जीवन के लिए इसकी अनिवार्यता को बढ़ावा देने को मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। आईजेडए एक गैर-लाभकारी संगठन है जो वैश्विक जस्ता उद्योग का प्रतिनिधित्व करता है। इसका मिशन शोध एवं विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विशिष्ट विशेषताओ के जरिए जिंक उत्पादो और बाजारो को प्रोत्साहन देना है।

### भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वर्ष 2030 तक दस लाख लोगों को रोजगार देने की क्षमता: रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र मे 2030 तक लगभग 10 लाख लोगो को रोजगार देने की क्षमता है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में सबसे अधिक नौकरियां लघु स्तर की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओ से पैदा होगी। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू), प्राकृतिक संसाधन रक्षा परिषद (एनआरडीसी) और हरित रोजगार के लिए कौशल परिषद (एससीजीजे) द्वारा बृहस्पतिवार को जारी स्वतंत्र अध्ययन मे यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र संभावित रूप से 2030 तक लगभग 10 लाख लोगो को रोजगार दे सकता है। यह इस क्षेत्र द्वारा पहले लगाए 1.1 लाख के अनुमान से दस गुना अधिक है। सीईईडब्ल्यू-एनआरडीसी-एससीजीजे विश्लेषण ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र मे रोजगार पर महामारी के प्रतिकूल प्रभाव का भी जिक्र किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2020-21 मे ज्यादातर नए कर्मचारी छत पर लगाने वाली सौर श्रेणी मे काम कर रहे थे। वित्त वर्ष 2019-20 की तुलना मे इस क्षेत्र की क्षमता सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी है।

### कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग के सीएमडी पार्थसारथी, सीएफओ हरि गिरफ्तार ईडी ने काले धन को सफेद करने के मामले में की कार्रवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने काले धन को सफेद करने के मामले में कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड (केएसबीएल) के सीएमडी सी पार्थसारथी और ग्रुप सीएफओ जी कृष्णा हरि को गिरफ्तार किया है। ईडी के अनुसार यह मामला ग्राहकों से कथित तौर पर 2,873 करोड़ रुपए से अधिक की प्रतिभूतियों के हेर-फेर से जुड़ा है। ईडी ने बृहस्पतिवार को एक बयान मे कहा कि एजेंसी ने 20 जनवरी और 25 जनवरी को हैदराबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत के समक्ष पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पहले से ही बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में बंद दो लोगों को पेश किया था। अदालत ने उन्हे 27 से 30 जनवरी तक चार दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया है। पीएमएलए के आपराधिक प्रावधानो के तहत दायर ईडी का यह मामला निजी क्षेत्र के एचडीएफसी समेत कई अन्य बैंकों द्वारा दर्ज की गई कई तेलंगाना पुलिस प्राथमिकी पर आधारित है। निवेशकों का आरोप है कि ग्राहकों की प्रतिभूतियों को कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड द्वारा अवैध रूप से डायवर्ट किया गया था। बाद में इन्हे बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के साथ ऋण के लिए गिरवी रखा गया था जो बाद में डिफॉल्ट हो गए थे।

### केनरा बैंक का तीसरी तिमाही शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 1,502 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर मे समाप्त तीसरी तिमाही मे एकल आधार पर दोगुना से अधिक होकर1,502 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। प्रावधान के लिए राशि कम होने से बैंक का शुद्ध लाभ बढ़ा है। केनरा बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारो को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही मे बैंक ने 696 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। वही इससे पिछली जुलाई-सितंबर, 2021 की तिमाही के तुलना मे 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही मे बैंक का शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़ा है। जुलाई-सितंबर तिमाही मे बैंक का मुनाफा1,333 करोड़ रुपए रहा था। बैंक ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर 2021 तिमाही के दौरान हालांकि उसकी कुल आय मामूली रूप से घटकर 21,312 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की इसी अवधि मे यह 21,365 करोड़ रुपए थी।

### गूगल मैप से अब उपयोगकर्ता आसानी से खोज सकेंगे पता

**नई दिल्ली (भाषा)।** गूगल ने गूगल मैप्स पर भारत के लिए अपनी तरह की पहली सुविधा की शुरुआत बृहस्पतिवार को की जिसमे उपयोगकर्ता अपने घरों का प्लस कोड्स पता जानने के लिए अपनी वर्तमान लोकेशन का इस्तेमाल कर सकते है। प्लस कोड्स मुक्त, खुले स्रोत से प्राप्त होने वाले डिजिटल पते होते है जो उन स्थानों की भी सटीक जानकारी बता सकते है जिनका सही-सही आपैचारिक पता नही होता। गली और इलाके के नाम के बजाए प्लस कोड अक्षांश और देशांतर पर आधारित होते है और इन्हे अक्षरों और संख्याओ की छोटी श्रृंखला के रूप मे प्रस्तुत किया जाता है। इस तरह, इससे सही जगह पर पहुंचा जा सकता है और यह दुकानो का पता लगाने और उनतक पहुंचने को भी आसान बनाते है। प्लस कोड्स की शुरुआत 2018 मे हुई थी और तब से इसे देश मे गैर सरकारी संगठनो और सरकारो ने बड़े पैमाने पर अपनाया है। गूगल मैप्स की प्रोडक्ट मैनेजर अमांडा बिशप ने कहा, हम उपयोगकर्ताओ को सशक्त बनाना चाहते है। इसी क्रम मे वे अपनी दैनिक जरूरतो के लिए प्लस कोड पतो का सीधे इस्तेमाल कर सकेंगे।

## पेज एक का शेष

### सपा सरकार...

नहीं है। शाह ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य मथुरा को दिव्यता, भव्यता देना और इसे आधुनिक तीर्थ स्थल बनाना है। देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान इस दिशा में बहुत काम हुआ है। उन्होंने सपा के मुफ्त बिजली के वादे पर भी तंज कसा और कहा कि उन्होंने पहले ये क्यों नहीं किया। इससे पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार करते हुए अमित शाह ने गोवर्धन मार्ग के नजदीक सतुआ गांव में पर्चे बांटे। इस दौरान महिलाओं और बच्चियों ने मथुरा की तंग गलियों में स्थित अपने घरों की छत से उन पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान शाह एक महिला की गोद में बैठे एक बच्चे को माला पहनाते भी नजर आए।

### चौधरी चरण...

(चौ. चरण सिंह) उनके आदर्श थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब उनकी पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि को किसान दिवस घोषित किया था। उन्होंने आगे कहा कि जाट समुदाय भाजपा से नाराज नहीं रह सकता। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी जातिगत राजनीति में भरोसा नहीं करती। उन्होंने आगे कहा, हम केवल न्याय-आधारित राजनीति में भरोसा करते हैं। भाजपा छोड़कर हाल ही में समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले स्वामी प्रसाद मौर्या के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राजनाथ ने कहा कि उनकी पार्टी इसकी परवाह नहीं करती। उन्होंने यह भी दावा किया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के तहत राज्य में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है। अपने सम्बोधन से पहले उन्होंने इस क्षेत्र के सिंकरी कला गांव में महामाया मंदिर में पूजा की। वह उस पेड़ के पास भी गए जहां ऐसा माना जाता है कि ब्रिटिश काल में लोगों को उससे लटकाकर फांसी दी गई थी।

### पूरी तरह...

एआईएक्सएल के 100% शेयर और एआईएसएटीएस में राष्ट्रीय एयरलाइंस की 50% हिस्सेदारी भी टैलेस को हस्तांतरित कर दी गई है। केंद्र को अंततः एयर इंडिया के विनिवेश प्रक्रिया पूरी करने में दो दशक का समय लग गया। इससे पहले चंद्रशेखरन ने गुरुवार को एयर इंडिया के टाटा समूह को आधिकारिक रूप से सौंपे जाने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के फौरन बाद चंद्रशेखरन एयर इंडिया मुख्यालय पहुंचे। पिछले साल अक्टूबर में टाटा समूह ने 18,000 करोड़ की बोली लगाकर एयर इंडिया को हासिल किया था। टाटा 2,700 करोड़ नकद चुकाएगा और एयरलाइन के कर्ज के 15,300 करोड़ का अधिग्रहण करेगा। टाटा संस की एयर एशिया में 84 फीसदी हिस्सेदारी है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 5.2% है। विस्तारा में भी उसकी 51% हिस्सेदारी है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 8.3% है। एयर इंडिया के स्थिर होने के साथ, टाटा 26.7% बाजार हिस्सेदारी के नियंत्रण में हो सकता है और इंडिगो के बाद दूसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी हो सकता है। इस बीच, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में ऋणदाताओं का एक संघ घाटे में चल रही एयर इंडिया के सुचारू संचालन के लिए टाटा समूह को ऋण प्रदान करने पर सहमत हो गया है। जहांगीर रतनजी दादाभाई (जेआरडी) टाटा ने 1932 में एयरलाइन की स्थापना की थी और इसका नाम टाटा एयरलाइंस रखा था। वर्ष 1946 में टाटा संस के विमानन प्रभाग को एयर इंडिया के रूप में सूचीबद्ध किया गया था और 1948 में यूरोप के लिए उड़ानों के साथ एयर इंडिया इंटरनेशनल को लांच किया गया था।

### सीमा मुद्दे...

आविष्कारक है। चीन के रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर वू कियान के हवाले से कहा गया है, चीन-भारत सीमा मुद्दा दोनों देशों के बीच का मामला है और दोनों पक्ष किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप का विरोध करते हैं।

### अरुणाचल के...

की जा रही हैं। उन्होंने ट्वीट किया, चीन के पीएलए ने अरुणाचल प्रदेश के मिराम तारोन को भारतीय सेना को सौंप दिया। चिकित्सकीय जांच सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। बाद में एक अन्य ट्वीट में, उन्होंने पीएलए के साथ मामले को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने और युवक को सुरक्षित वापस लाने के लिए सेना को धन्यवाद दिया। बाद में एक अन्य ट्वीट में, रिजिजू ने पीएलए के साथ मामले को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने और युवाओं को सुरक्षित वापस लाने के लिए सेना को धन्यवाद दिया। उन्होंने सैनिकों का साथ खड़े युवक की तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा, चीन की पीएलए ने अरुणाचल प्रदेश के युवक श्री मिराम तारोन को आज अरुणाचल प्रदेश में वाचा-दमई इंटरेक्शन पॉइंट पर भारतीय सेना को सौंप दिया। मंत्री ने कहा, मैं पीएलए के साथ मामले पर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ने और हमारे युवक को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद देता हूं। लोकसभा सांसद रिजिजू ने मंगलवार को बताया था कि चीन ने 20 जनवरी को भारतीय सेना को सूचित किया था कि उन्हें अपनी ओर एक लड़का मिला है और उसकी पहचान की पुष्टि के लिए और जानकारी मांगी थी। रिजिजू ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा था, पहचान की पुष्टि करने में चीन की मदद के लिए, भारतीय सेना ने उनके साथ उसका व्यक्तिगत विवरण और तस्वीर साझा की है। चीन के जवाब का इंतजार है। बयान में कहा गया था, कुछ लोगों ने बताया है कि चीन के पीएलए ने उसे हिरासत में लिया है। रिजिजू ने कहा था कि युवक के वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब एक क्षेत्र से लापता होने के बाद भारतीय सेना ने तुरंत 19 जनवरी को चीन से सम्पर्क किया। उसके गलती से चीन के क्षेत्र में दाखिल होने या पीएलए के उसको हिरासत में लेने पर उसका पता लगाने तथा उसकी वापसी के लिए सहयोग मांगा। मंत्री ने कहा कि चीन ने आश्वासन दिया था कि वे उसकी तलाश करेंगे और स्थापित नियमों के तहत उसे वापस सौंप देंगे।

### देश के...

भर्ती होने की स्थिति के आधार पर स्थानीय प्रतिबंधों को लागू करना और हटाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि जांच, संक्रमित लोगों के संपर्कों का पता लगाना, उपचार, टीकाकरण और कोविड-उपयुक्त व्यवहार के पालन की पांच-सूत्री रणनीति पर लगातार ध्यान केंद्रित रखना चाहिए। भल्ला ने कहा कि सभी सार्वजनिक क्षेत्रों और सभाओं में मास्क पहनना और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे कोविड मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

### जूही चावला...

कहा था कि ये केस अभिनेत्री की तरफ से पब्लिसिटी के लिए किया गया लगता है। इसके साथ ही कोर्ट ने जूही पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच के पास ये मामला पहुंचा और उन्होंने जूही पर लगा जुर्माना दो लाख करने की बात कही लेकिन इसके लिए एक शर्त भी रखी। कोर्ट ने कहा कि जुर्माना कम किया जा सकता है लेकिन इसके लिए जूही को कुछ काम करने होंगे। कोर्ट ने कहा कि क्योंकि वे एक सेलिब्रिटी हैं और ऐसे में अब उन्हें सामाजिक कार्य करने होंगे। इसी शर्त पर जुर्माने को 20 लाख रुपये से घटाकार 2 लाख रुपये किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने दिल्ली की राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को नोटिस जारी कर अपील पर जवाब भी मांगा था। सुनवाई के दौरान जूही के वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने भी सामाजिक कार्य करने की बात पर सहमति व्यक्त की थी।

### भारत और...

प्रकट की। ईंधन की कीमतों को लेकर वहां हाल ही में प्रदर्शन हुआ था, उसने हिंसात्मक रुख अख्तियार कर लिया था। उन्होंने कहा, किर्गिस्तान के साथ हमारी शिक्षा और उच्च स्तरीय शोध के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी है। हजारों भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे हैं जबकि ताजिकिस्तान के साथ हमारा सुरक्षा के क्षेत्र में पुराना सहयोग है और हम इसे निरंतर और अधिक सुदृढ़ कर रहे हैं। इसी प्रकार, तुर्कमेनिस्तान क्षेत्रीय संपर्क के क्षेत्र में भारतीय विजन का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो अश्गाबात समझौते में हमारी भागीदारी से स्पष्ट है। सम्मेलन के तीन प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहला उद्देश्य स्पष्ट करता है कि भारत और मध्य एशिया का आपसी सहयोग क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा, भारत की तरफ से मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मध्य एशिया भारत के एक समन्वित और स्थिर विस्तारित पड़ोस के लिए भारत के विजन का केंद्र है। उन्होंने कहा कि दूसरा उद्देश्य आपसी सहयोग को एक प्रभावी ढांचा देना है। उन्होंने कहा, इससे विभिन्न स्तरों पर और विभिन्न हितधारकों के बीच नियमित संवाद का एक ढांचा स्थापित होगा। मोदी ने कहा कि तीसरा उद्देश्य आपसी सहयोग के लिए एक महत्वकांक्षी रूपरेखा तैयार करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके माध्यम से ही हम अगले तीन सालों में क्षेत्रीय संपर्क और सहयोग के लिए एक समन्वित रुख अपना सकेंगे। इस अवसर पर सम्मेलन में शामिल पांच राष्ट्रपतियों ने सम्मेलन की मेजबानी के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की और कहा कि कूटनीतिक संबंधों की 30वीं वर्षगांठ पर आयोजित यह वार्ता कूटनीतिक रिश्तों को नई उंचाई पर ले जाएगा। भारत और मध्य एशियाई देशों के बीच शीर्ष नेताओं के स्तर पर इस तरह का यह पहला संवाद था। विदेश मंत्रालय के मुताबिक यह सम्मेलन मध्य एशियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते संपर्क को प्रतिबिंबित करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में मध्य एशियाई देशों का पहला ऐतिहासिक दौरा किया था। इसके बाद द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर संवाद होता रहा है। पिछले साल 18-21 दिसंबर को विदेश मंत्रियों के स्तर पर भारत-मध्य एशिया संवाद का आयोजन नई दिल्ली में हुआ जिससे भारत और मध्य एशियाई देशों के बीच संबंधों को गति मिली। इससे पहले, 10 नवंबर, 2021 को नई दिल्ली में अफगानिस्तान के संदर्भ में क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद का आयोजन हुआ जिसमें मध्य एशियाई देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों के सचिवों ने भाग लिया।

# यूक्रेन संकट से निपटने को तैयार है अमेरिका

● विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने किया दावा

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को रूस से कहा कि उनका देश यूक्रेन संकट से निपटने के लिए किसी भी तरह से तैयार है।

रूस में अमेरिका के राजदूत जॉन सुलिवन के मॉस्को में रूस की सरकार को कुछ दस्तावेज सौंपने के तुरंत बाद विदेश मंत्रालय के फोगी बॉटम मुख्यालय में ब्लिंकन ने पत्रकारों से कहा, सब बता दिया गया है, इससे एक गंभीर कूटनीतिक रास्ता खुलता है...रूस को इसे चुनना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा, हमारे द्वारा दिए गए दस्तावेजों में अमेरिका, हमारे सहयोगियों तथा भागीदारों की रूस के उन कदमों को लेकर चिंताएं शामिल हैं, जिनसे सुरक्षा कमजोर होती है। इनमें रूस द्वारा उठाई गई चिंताओं का एक सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक मूल्यांकन और उन क्षेत्रों के लिए हमारे अपने प्रस्ताव जहां हम साझा आधार खोजने में सक्षम हो सकते हैं आदि भी शामिल हैं। ब्लिंकन ने कहा, हम यह स्पष्ट करते हैं कि ऐसे मूल सिद्धांत हैं, जिन्हें हम बनाए रखने और जिनकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें यूक्रेन की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने और देशों को अपनी सुरक्षा व्यवस्था तथा गठबंधन के संबंध में फैसला लेने का अधिकार शामिल है। हमने यूक्रेन में बलों की तैनाती की स्थिति के संबंध में संभावित पारस्परिक पारदर्शी उपायों के साथ-साथ यूरोप में सैन्य अभ्यास तथा युद्धाभ्यास के संबंध में विश्वास बढ़ाने को लेकर भी अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका बातचीत को तैयार है। ब्लिंकन ने कहा, हम कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं और यदि रूस, यूक्रेन के प्रति अपनी आक्रामकता को कम करता है, भड़काऊ बयानबाजी को रोकता है और पारस्परिक भावना से यूरोप में सुरक्षा के भविष्य के बारे में चर्चा करता है, तो हम आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं जहां संचार एवं सहयोग की संभावना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की प्रतिक्रिया यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों एवं भागीदारों के साथ पूरी तरह से समन्वित है, जिनके साथ वह कई हफ्तों से लगातार परामर्श कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, हमने उनकी राय मांगी और उसे रूस को सौंपे गए अंतिम दस्तावेज में शामिल किया गया है। ब्लिंकन के बयान के कुछ देर बाद ही नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने ब्रसेल्स में कहा कि गठबंधन ने रूस को संचार में सुधार, सैन्य घटनाओं या हादसों से बचने के तरीकों की जांच करने और हथियार नियंत्रण पर चर्चा करने के प्रस्ताव के साथ एक अलग जवाब भेजा है। उन्होंने कहा, हम उन सिद्धांतों से समझौता नहीं कर सकते हैं और ना ही करेंगे, जिन पर हमारे गठबंधन की सुरक्षा और यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका की सुरक्षा टिकी हुई है। यह राष्ट्रों का सम्मान करने और अपना रास्ता चुनने के उनके अधिकार के बारे में है।

## यूक्रेन पर अमेरिका के जवाब से आशावाद की बहुत कम गुंजाइश बचती है : रूस



**मास्को।** रूस ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन संकट को हल करने के लिए रूस की मुख्य मांगों पर अमेरिका के इनकार से आशावाद के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है। साथ ही कहा कि बातचीत अभी भी मुमकिन है। रूस ने यूक्रेन की सीमा के पास 1,00,000 से अधिक सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है जिससे इस क्षेत्र में युद्ध की आशंका तेज हो गई है। रूस ने लगातार इस बात से इनकार किया है कि वह हमले की योजना बना रहा है, लेकिन अमेरिका और उसके नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) सहयोगियों का मानना है कि रूस युद्ध की ओर बढ़ रहा है तथा इसके लिए तैयारी कर रहा है। रूस ने कई मांगें रखी हैं जिसके बारे में उसका कहना है इससे यूरोप में सुरक्षा की स्थिति में सुधार होगा। जैसा कि अपेक्षित था, अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन ने बुधवार को मास्को के मुख्य बिंदुओं पर किसी भी तरह की रियायत को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन को नाटो में शामिल होने से स्थाई रूप से प्रतिबंधित करने से इनकार कर दिया और कहा कि पूर्वी यूरोप में सैनिकों और सैन्य उपकरणों की संबद्ध तैनाती के मुद्दे पर कोई वार्ता नहीं होगी। हालांकि, तनाव घटाने के मकसद से अमेरिका ने उन क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार की है जहां रूस की कुछ चिंताओं का समाधान किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है, न कोई बदलाव होगा। उन्होंने फिर से आगाह किया कि यूक्रेन में रूस के किसी भी घुसपैठ के बड़े परिणाम होंगे और उसे गंभीर आर्थिक नुकसान झेलना होगा। क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका की प्रतिक्रिया और नाटो से इसी तरह की प्रतिक्रिया के बाद आशावाद के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है। साथ ही, उन्होंने कहा कि बातचीत जारी रखने की संभावनाएं बरकरार हैं, यह हमारे और अमेरिकियों, दोनों के हित में है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिकी प्रतिक्रिया में ऐसे कुछ तत्व शामिल हैं जिससे कम महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर बातचीत की शुरुआत हो सकती है। लेकिन इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी जवाब वाले दस्तावेज में रूस की मुख्य मांगों पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं है। रूस की मुख्य मांगों में नाटो का विस्तार रोकने और क्षेत्र से ऐसे हथियारों को हटाने से है, जिससे रूस को खतरा हो सकता है। लावरोव ने संवाददाताओं से कहा कि शीर्ष अधिकारी अब अमेरिकी जवाब के बाद अपने प्रस्ताव राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सौंपेंगे। पेसकोव ने कहा कि रूस का जवाब जल्द सामने आएगा। पेसकोव ने यह भी कहा कि पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन तय करेंगे कि पिछले महीने दो बार की बातचीत के बाद उन्हें एक और वार्ता करने की आवश्यकता है या नहीं।



जेरूसलम के पुराने शहर में स्थित अल अक्सा मस्जिद परिसर में बर्फबारी के बाद मजा लेते हुए फिलिस्तीनी

## यूरोपीय संघ ने फाइजर की कोविड रोधी दवा के इस्तेमाल का सुझाव दिया

**एम्स्टर्डम।** यूरोपीय संघ की औषधि नियामक संस्था द यूरोपियन मेडिसिन्स एजेंसी (ईएमए) ने सुझाव दिया है कि कोविड-19 के इलाज के लिए फाइजर द्वारा निर्मित दवा को यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल की अनुमति दी जाए। एजेंसी ने पहली बार कोविड के उपचार के लिए किसी दवा के इस्तेमाल का सुझाव दिया है।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने अफगानिस्तान की सम्पत्ति पर रोक हटाने का आग्रह किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बुधवार को अफगानिस्तान के लोगों के लिए मानवीय सहायता को बढ़ावा देने और देश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिए प्रतिबंधित नौ अरब डॉलर की सम्पत्ति पर से रोक हटाने का आग्रह किया। गुतारेस ने सुरक्षा परिषद से कहा, अपना कर्तव्य पूरा करने का समय आ गया है। कोई कदम नहीं उठाया गया तो कई लोगों की जिंदगी खतरे में आ जाएगी और निराशा तथा अतिवाद बढ़ेगा। गुतारेस ने कहा कि अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था में तत्काल निवेश किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि देश की रोकी गई राशि को जारी किया जाए, उसके सेंट्रल बैंक के साथ फिर से जुड़ना और निवेश करने के अन्य तरीके खोजना, जिसमें चिकित्सकों, शिक्षकों, सफाई कर्मचारियों, बिजली का काम करने वालों और अन्य सिविल सेवकों के वेतन का भुगतान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कोष जारी करना शामिल है।

## अफगानिस्तान को लेकर भारत का दृष्टिकोण वहां के लोगों के साथ विशेष संबंध पर आधारितः तिरुमूर्ति

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा है कि अफगानिस्तान के प्रति उसका दृष्टिकोण हमेशा अफगान लोगों के साथ उसके विशेष संबंध द्वारा निर्देशित रहा है और नई दिल्ली संघर्षग्रस्त देश के लोगों के लिए बहुत जरूरी मानवीय सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने बुधवार को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन पर सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के सबसे बड़े क्षेत्रीय विकास भागीदार के रूप में भारत अन्य हितधारकों के साथ समन्वय करने के लिए इच्छुक है ताकि अफगान लोगों को अति आवश्यक मानवीय सहायता के त्वरित प्रावधान को सक्षम बनाया जा सके। तिरुमूर्ति ने कहा, अफगान लोगों के साथ हमारे विशेष संबंध और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव 2593 में वर्णित निर्देश अफगानिस्तान के प्रति भारत के दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। हम अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

## सीरिया से जॉर्डन में प्रवेश करते 27 मादक पदार्थ तस्करों को मार गिराया

**अम्मान।** जॉर्डन की सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि सैनिकों ने पड़ोसी सीरिया से देश (जॉर्डन) में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे 27 संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को मार गिराया है। सेना की वेबसाइट पर प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि उसने सीरिया से जॉर्डन में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी की कई संदिग्ध कोशिशों को नाकाम कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए है। इस दौरान कई लोग घायल भी हुए है। इस महीने की शुरुआत में सेना ने कहा था कि सीरिया से लगी सीमा पर तस्करों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई थी।

## अमेरिका में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की दौड़ में तीन जज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन देश की सर्वोच्च अदालत में पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश की नियुक्ति करने के अपने चुनावी वादे पर अमल के लिए तैयार है। उच्चतम न्यायालय में संभावित एक रिक्ति को भरने के लिए वह कम से कम तीन अश्वेत महिला न्यायाधीशो के नामो पर विचार कर रहे हैं। बाइडन के करीबी सहयोगियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के चार अधिकारियो ने नाम जाहिर नही करने की शर्त पर बताया, न्यायमूर्ति स्टीफन ब्रेयर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त होने की तैयारी कर रहे है। उनके उत्तराधिकारी के चयन के लिए जारी शुरुआती चर्चा सर्किट जज केटंजी ब्राउन जैक्सन, डिस्ट्रिक्ट जज जे मिशेल चाइल्ड्स और कैलिफोर्निया के उच्चतम न्यायालय की न्यायमूर्ति लियोनंड्रा क्रूगर पर केंद्रित है। जैक्सन और क्रूगर को लंबे अरसे से संभावित दावेदार के रूप मे देखा जाता रहा है। बाइडन जनवरी 2021 में राष्ट्रपति पद पर काबिज होने के बाद से ही संघीय पीठो के लिए अलग-अलग समुदायो के न्यायाधीशो को नामित करने की कवायद मे जुटे है। वह संघीय अपीली अदालत मे पांच अश्वेत महिला न्यायाधीशो की नियुक्ति कराने मे सफल रहे है, जबकि तीन अतिरिक्त नामांकन सीनेट मे लंबित है।

## डब्ल्यूएचओ कर्मियों ने एशिया में नस्लभेद का शिकार होने के आरोप लगाए

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कुछ पूर्व और मौजूदा कर्मचारियों ने पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संगठन के शीर्ष निदेशक पर नस्लभेदी, अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होने दावा किया है कि इससे कोरोना वायरस महामारी पर लगाम लगाने के डब्ल्यूएचओ के प्रयास प्रभावित हो रहे है। अक्तूबर 2021 में दायर एक आंतरिक शिकायत के बाद बीते हफ्ते दो गुमनाम कर्मचारियों की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यकारी बोर्ड को भेजे गए ईमेल में भी इस तरह के आरोप लगाए गए है। ईमेल की एक प्रति एसोसिएटेड प्रेस के हाथ लगी है। शिकायतकर्ताओं ने दावा किया कि इस ईमेल को तैयार करने में डब्ल्यूएचओ के 30 से ज्यादा कर्मचारी शामिल है और यह 50 से अधिक लोगों के अनुभवों को बयां करता है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने रूस के साथ वार्ता पर जोर दिया

भाषा। पेरिस

**यूक्रेन संकट** में अब भी कूटनीति के लिए गुंजाइश बची रहने का जिक्र करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने एक संभावित युद्ध के संकेतों के बावजूद वार्ता पर जोर देना जारी रखा है। उनका रुख, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के फ्रांस के खुद के भू-राजनीतिक राह पर चलने की परंपरा की पुष्टि करता है,



जिसके तहत पेरिस ने अमेरिका के पीछे आंख मूंद कर चलने से इनकार कर दिया। यह अप्रैल में फ्रांस में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार अभियान के बीच यह मैक्रों की घरेलू राजनीतिक रणनीति का भी हिस्सा है। मैक्रों शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वार्ता करने की तैयारी कर रहे हैं और उनके आवास पर बुधवार को रूसी एवं यूक्रेनियाई सलाहकारों के बीच लंबी वार्ता हुई। यूक्रेन की सीमा के पास हाल के हफ्तों में रूस के भारी संख्या में अपने सैनिक जमा करने के बाद से दोनों पक्षों के बीच यह पहली वार्ता थी। रूसी और यूक्रेनियाई, फ्रांसीसी और जर्मन सलाहकारों के बीच बुधवार की वार्ता का उद्देश्य सभी पक्षों द्वारा संकट के समाधान के लिए और अधिक समय लेना था। वे दो हफ्तों में फिर से बैठक करने के लिए सहमत हुए। हालांकि, विशेषज्ञों ने सवाल किया है कि क्या यह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पर्याप्त होगा। फ्रांसीसी सरकार के प्रवक्ता गेब्रियल अत्ताल ने कहा कि शुक्रवार सुबह पुतिन के साथ मैक्रों की वार्ता के दो लक्ष्य हैं, वार्ता जारी रखना और रूस पर अपना रुख एवं सैन्य गतिविधि को स्पष्ट करने के लिए दबाव बनाना। मास्को ने हमले की योजना की बात से इनकार किया है, जबकि उसने हाल के हफ्तों में यूक्रेन की सीमा के पास अपने करीब एक लाख सैनिक जमा कर दिए हैं।

## पाक में जिहाद के लिए किसी को कोष जुटाने की इजाजत नहीं: लाहौर उच्च न्यायालय

भाषा। लाहौर

**लाहौर उच्च** न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि पाकिस्तान में व्यक्तियों या किसी भी संगठन को जिहाद के लिए धन जुटाने को लेकर जनता को भड़काने की अनुमति नहीं है और इसे राजद्रोह माना जाता है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन के लिए धन जुटाने के जुर्म में दोषी ठहराए गए दो आतंकवादियों की अपील ठुकराते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। फैसला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों इब्राहिम और रहमान की अपील पर सुनाया, जिन्हें लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर सरगोधा में गिरफ्तार किया गया था। इस महीने की शुरुआत में आतंकवाद रोधी अदालत ने दोनों को आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई थी। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, इस्लामिक राष्ट्र (पाकिस्तान) में व्यक्तियों या किसी संगठन को जिहाद के लिए धन जुटाने को लेकर जनता को उकसाने की इजाजत नहीं है।

## यूक्रेन के सैनिक ने गोलीबारी कर चार सहकर्मियों, एक आम नागरिक की जान ली



भाषा। कीव

**यूक्रेन के** नेशनल गार्ड के एक सदस्य ने बृहस्पतिवार को अपने सहकर्मियों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें पांच लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले सैनिक को पुलिस ने पकड़ लिया है लेकिन उसकी मंशा के बारे में अब तक पता नहीं चल पाया है। यह घटना कीव से 500 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में बृहस्पतिवार सुबह दनिप्रो शहर में हुई। हमलावर सैनिक की पहचान आर्तेमी रयाबचुक (20) के रूप में की गई है, जो ड्यूटी पर था और अपने सहकर्मियों पर गोलीबारी करने के फौरन बाद मौके से भाग गया था। इस घटना में चार सैनिक और एक आम आदमी की जान चली गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने गोलीबारी के शीघ्र बाद रयाबचुक को हिरासत में ले लिया। राष्ट्रपति वोलोदमायर जेलेंस्की ने अधिकारियों से घटना की गहन जांच करने को कहा है। गोलीबारी की यह घटना, यूक्रेन की सीमा रूस द्वारा करीब एक लाख सैनिक जमा करने की पृष्ठभूमि में हुई है।

## उत्तर कोरिया ने दो संदिग्ध मिसाइलों का परीक्षण किया

● बाइडन प्रशासन पर दबाव बनाने की रणनीति

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** ने इस महीने छठी बार अपने हथियारों का परीक्षण करते हुए बृहस्पतिवार को दो संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल समुद्र में दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। विशेषज्ञों का कहना है कि परीक्षण गतिविधि में उत्तर कोरिया की असामान्य रूप से तेजी उस पर और उसके परमाणु निरस्त्रीकरण कार्यक्रमों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रतिबंधों को कम करने के उद्देश्य से लंबे समय से रुकी वार्ता को लेकर बाइडन प्रशासन पर दबाव बनाना है। उत्तर कोरिया पर अमेरिका के नए सिरे से प्रतिबंध लगाने से स्थिति और बिगड़ चुकी है क्योंकि महामारी ने देश की अर्थव्यवस्था को हिला दिया है, जो पहले से ही अपने परमाणु हथियार कार्यक्रमों और अपनी ही सरकार द्वारा दशकों के कुप्रबंधन तथा अमेरिकी नेतृत्व द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण बिगड़ी हुई थी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि ए परमाणु हथियार संभवत: कम दूरी तक मारक क्षमता वाले थे। इन्हें पूर्वी तटीय क्षेत्र से पांच मिनट के अंतराल पर छोड़ा गया और समुद्र में गिरने से पहले मिसाइल ने जमीन से अधिकतम 20 किलोमीटर की उंचाई पर 190 किलोमीटर की रफ्तार से उड़ान भरी।

## अमेरिका : तटरक्षकों ने फ्लोरिडा तट से लापता 38 लोगों की तलाश शुरू की

भाषा। मियामी बीच (अमेरिका)

**अमेरिका में** तटरक्षक बल, उसके विमान और जहाज फ्लोरिडा तट के आसपास लापता 38 लोगों की तलाश में बुधवार को जुटे रहे। चार दिन पहले संदिग्ध मानव तस्करी नौका समुद्र में आए तूफान में डूब गई थी जिस पर ए लोग सवार थे। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक व्यक्ति के जीवित होने का पता चला है। मामले में अमेरिकी अधिकारियों ने आपराधिक जांच शुरू की। कैप्टन जो-एन एफ. बर्डियन ने कहा कि जीवित बचे व्यक्ति ने बचाव दल को बताया कि बहामास से नौका के चलने के तुरंत बाद यह तूफान की चपेट में आ गई जिससे शनिवार शाम को यह पलट गई। एक व्यापारी जहाज के चालक दल ने 25 फुट की नौका की उलटी पतवार पर बैठे व्यक्ति को देखा, उसके बाद मंगलवार सुबह तटरक्षक बल को सतर्क किया गया। व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया और गृह सुरक्षा अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने कहा कि वह स्वस्थ है।


















# शीर्ष वरीय ऐश बार्टी फाइनल में

## सेमीफाइनल में एकतरफा मुकाबले में अमेरिका की मेडिसन कीज को हराया

**● फाइनल में कोलिन्स से भिड़ेंगी**

**भाषा**। मेलबर्न



मेडिसन कीज के खिलाफ खेलतीं ऐश बार्टी

**दुनिया** की नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी ने आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाकर गुरुवार को 42 साल के सूखे को खत्म किया। बार्टी ने सेमीफाइनल में एकतरफा मुकाबले में अमेरिका की मेडिसन कीज को 6-1, 6-3 से हराया और अब उनकी नजरें एक और मुकाबला जीतकर 1978 के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाली मेजबान देश की पहली खिलाड़ी बनने पर टिकी हैं।

बार्टी की राह में डेनियल कोलिन्स खड़ी हैं। अमेरिका की इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में 2020 फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल फाइनल शनिवार को खेल जाएगा। कोलिन्स ने कहा कि बार्टी के घरेलू ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खिताबी मुकाबले में उनसे भिड़ने का मौका शानदार होगा। बार्टी 1980 में वेंडी टर्नबुल के बाद अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली आस्ट्रेलिया की पहली महिला खिलाड़ी हैं। आस्ट्रेलिया की कोई खिलाड़ी 1978 में क्रिस ओ नील के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब नहीं जीत पाई है।

शीर्ष रैंकिंग वाली बार्टी ने सेमीफाइनल तक के अपने सफर के दौरान सिर्फ 17 गेम गंवाए और उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए 2017 अमेरिकी ओपन उप विजेता कीज के खिलाफ दबदबा बनाया। बार्टी ने विंबलडन में घसियाले कोर्ट और फ्रेंच ओपन में क्ले कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वह हार्ड कोर्ट पर खिताब जीतने से एक जीत दूर हैं। कोलिन्स ने पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में जगह बनाई है। गुरुवार को दोनों ही सेमीफाइनल सीधे सेट में खत्म हुए। बार्टी ने कीज के आठ के मुकाबले 20 विनर लगाए। उन्होंने छह ब्रेक प्वाइंट में से चार पर अंक जुटाए और अपनी सर्विस पर दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। टूर्नामेंट में अब तक छह मैचों में बार्टी ने सिर्फ एक बार अपनी सर्विस गंवाई है। 27वीं वरीय कोलिन्स ने सातवीं वरीय स्वियाटेक के खिलाफ सिर्फ 78 मिनट में जीत दर्ज की। कोलिन्स ने 27 विनर लगाए जबकि सिर्फ 13 सहज गलतियां की।

कोलिन्स ने दोनों सेट में विरोधी की सर्विस तोड़कर शुरुआत की और दोनों ही सेट में 4-0 की बढ़त बनाकर दबदबा बनाया। इससे पहले 2019 में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली कोलिन्स का किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। कोलिन्स ने बार्टी के संदर्भ में कहा कि हमारे बीच कुछ शानदार मुकाबले हुए हैं। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ उसी की सरजमीं पर खेलना बेहतरीन होगा। बार्टी मेजबान देश को खिताब दिलाने से एक कदम दूर हैं लेकिन पुरुष युगल में आस्ट्रेलिया का खिताब पक्का हो गया है। निक किर्गियोस और थनासी कोकिनाकिस ने खचाखच भरे रोड लीवर एरेना में पुरुष युगल सेमीफाइनल में मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस की तीसरी वरीय जोड़ी को 7-6(4) 6-4 से हराकर आल आस्ट्रेलियन फाइनल सुनिश्चित किया। इससे पहले मैथ्यू एबडेन और मैक्स पुर्सेल ने लगभग खाली मारग्रेट कोर्ट एरेना में राजीव राम और जो सालिसबरी की दूसरी वरीय जोड़ी को सीधे सेट में 6-3 7-6(9) से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। साथ ही डाइलन एल्कोट के विदाई टूर्नामेंट का अंत व्हीलचेयर क्वाड फाइनल में नीदरलैंड के सैम श्रोडर के खिलाफ शिकस्त के साथ हुआ। राष्ट्रीय दिवस के मौके पर एल्कोट को साल का सर्वश्रेष्ठ आस्ट्रेलियाई चुना गया था। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल के बीच राजधानी कैनबरा में समारोह में हिस्सा लिया। एल्कोट ने व्हीलचेयर क्वाड में 15 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं।

**रामकुमार को टाटा ओपन महाराष्ट्र में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश**

**पुणे**। शीर्ष रैंकिंग के पुरुष टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 31 जनवरी से पुणे के बालेवाड़ी स्टेडियम में होने वाले 2022 टाटा ओपन महाराष्ट्र के एकल मुख्य ड्रॉ में वाइल्डकार्ड के जरिए प्रवेश दिया गया है। आयोजकों ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। रामकुमार ने पिछले साल नवंबर में बहरीन के मनामा में अपने करियर का पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता था और शीर्ष 200 खिलाड़ियों में दोबारा जगह बनाई थी।

# अनुभवी केमार रोच की वेस्टइंडीज टीम में वापसी

**भाषा**। सेंट जोंस (एंटीगा)



**अनुभवी** तेज गेंदबाज केमार रोच और युवा हरफनमौला एन बोनेर को भारत के खिलाफ छह फरवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की एक दिवसीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। रोच ने 2019 में आखिरी वनडे खेला था जिसके बाद कोई लिस्ट ए मैच नहीं खेला। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज डेसमंड हैंस ने मुख्य चयनकर्ता का पदभार संभालने के बाद उनकी वापसी कराई है।

आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला हारने वाली कीरोन पोलार्ड की कप्तानी वाली कैरेबियाई टीम में छह बदलाव किए गए हैं। भारत के खिलाफ वनडे मैच छह, नौ और 11 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे। टी-20 मैच कोलकाता के ईडन गार्डंस पर 16, 18 और 20 फरवरी को खेले जाएंगे। इसके लिए टीम की घोषणा शुक्रवार को होगी। रोच के अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाज बोनेर और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग की टीम में वापसी हुई है। किंग ने आखरी वनडे 2020 में खेला था। रोच अब तक 92 वनडे में 124 विकेट ले चुके हैं।

**टीम** : कीरोन पोलार्ड (कप्तान , फेबियन एलेन, एन बोनेर, डेरेन ब्रावो, शामार ब्रूक्स, जैसन होल्डर, शाइ होप, अकील हुसैन, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, निकोलस पूरन, केमार रोच, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, हेडन वॉल्श जूनियर।

# रणजी ट्राफी को दो चरणों में करने की योजना: घूमल

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने गुरुवार को कहा कि बोर्ड रणजी ट्राफी को दो चरणों में आयोजित करने की योजना बना रहा है। देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण बोर्ड को यह प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता स्थगित करनी पड़ी थी। रणजी ट्राफी में 38 टीम भाग लेती हैं।

उसका आयोजन 13 जनवरी से किया जाना था लेकिन कोविड-19 की तीसरी लहर के कारण उसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। बीसीसीआई की योजना 27 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आयोजन करने की है और ऐसे में एक चरण में रणजी ट्राफी का आयोजन संभव नहीं लगता है लेकिन कई राज्य इकाईयों के आग्रह के बाद बोर्ड इसको लेकर बैठक में चर्चा की। धूमल ने बैठक के बाद कहा कि हम रणजी ट्राफी के आयोजन की संभावना तलाश रहे हैं। जब इसे स्थगित किया गया तब मामले बढ़ रहे थे। अब लगता है कि मामले कम हो रहे हैं। संचालन टीम इस पर काम कर रही है कि क्या हम अगले महीने लीग चरण का आयोजन कर सकते हैं और बाकी टूर्नामेंट बाद में (आईपीएल) पूरा कर सकते हैं।

बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने भी हिस्सा लिया। अभी की योजना के अनुसार लीग चरण का आयोजन फरवरी से मार्च तक एक महीने करने की है जबकि अगला चरण जून जुलाई में आयोजित किया जाएगा जबकि देश के कुछ क्षेत्रों में मानसून शुरू हो जाता है जबकि कुछ हिस्सों में गर्मी अपने चरम पर होती है।

धूमल ने कहा, संचालन टीम मौसम के अलावा स्थलों की उपलब्धता और खिलाडि़यों की उपलब्धता पर भी काम करेगी।

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के समस्त नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छ सर्वेक्षण 2022
नागरिकों से अपील
स्वयं अपने स्वास्थ्य की निगरानी करें, खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ होने पर डाक्टर से परामर्श लें, साबुन से अपने हाथ दिन में कई बार धुलें, सार्वजनिक वस्तुओं को न छुएं, मास्क का प्रयोग करें

मीनू सिंह
अधिशाषी अधिकारी
समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज

धीरेन्द्र कुमार आर्य
चेयरमैन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022
नगर पंचायत समधन के समस्त नागरिकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नागरिकों से अपील
15- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ।
16- 18 एवं 45 वर्ष से ऊपर के समस्त नागरिक वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

दीपिका शुक्ला
अधिशाषी अधिकारी

सुरेश चन्द्र शाक्य वरिष्ठ लिपिक

रुबीना बेगम
अध्यक्षा

कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र

शुभकामना सन्देश एवं अपील

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोनभद्र की तरफ से 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व विभाग की ओर से सभी जनपद वासियों से निम्न अपील की जाती है–

- कोविड–19 (कोरोना) से स्वयं व अपने परिवार को सुरक्षित रखनें के लिये वैक्सीन/टीका सरकार द्वारा विभिन्न चरणों में सभी जनमानस को लगायी जा रही है, जिसमें पूर्ण सहयोग कर नियमानुसार आयुवर्गवार वैक्सीनेशन कराये तथा सभी 18–वर्ष से अधिक के सभी छूटे हुये लोग टीकाकरण अवश्य करावें।
- कोविड–19 (कोरोना) से अपनी व सबकी सुरक्षा के लिये नियमित मास्क पहनें, 2–गज दूरी बनायें, अपने चेहरे को छूने से बचें, हॉथों को नियमित रूप से साबुन से धोयें अथवा सैनीटाईज करें व सरकार द्वारा समय समय पर दिये जा रहे निर्देशों, प्रोटोकाल का पालन करें।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क प्रसव, जननी शिशु सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती व प्रसूता को निःशुल्क सेवा लाभ, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यकम में बच्चों का सभी आवश्यक टीका, परिवार को सीमित रखने के लिये स्थायी व अस्थायी विधि, टी0बी0 उन्मूलन कार्यकम में निःशुल्क उपचार, जिला संयुक्त चिकित्सालय पर निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन व अन्य सेवायें दी जाती है, इस हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आशा/ए0एन0एम0 बहन से सम्पर्क स्थापित करके लाभ उठावें।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक मास की 09–तारीख को सभी ब्लाक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में कुशल चिकित्सकों द्वारा गर्भवती की जाँच की जाती है।
- आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष, 2011 के जनगणना के आधार पर सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत चिन्हित पात्र/परिवारों को प्रतिवर्ष 5–लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्सालय/अस्पताल द्वारा प्रदान किया जाता है।
- प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत पहले बच्चे के जन्म पर रू0—5000/– का अनुदान निर्धारित 03–किश्तों में दिया जाता है।

स्वास्थ्य आपका, साथ हमारा


डा0 रमेश सिंह ठाकुर
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र


श्री टी0के0शिबु (IAS)
जिलाधिकारी, सोनभद्र

पत्रांक–मु0चि0अ0/विज्ञापन–गणतंत्र दिवस/2022/176–11 दिनांक 25.01.2022

# कर्म और भाग्य की गतिशीलता

**हिंगोरी का कहना है कि जब हम अपनी तृष्णाओं और आसक्तियों के साथ संसार का निर्माण करते हैं, तो ये स्पष्ट रूप से हमारे जरिए हमारी नियति लिख रहे हैं**



कर्म और नियति– ये शब्द काफी परिचित हैं और हमारी रोजमर्रा की बातचीत का हिस्सा हैं। हालांकि, जब हम इनके सही अर्थ में गहराई से उतरते हैं, तो हमें पता चलता है कि जो सरल लगता है वो वैसा होता नहीं है यदि हम उसे द्वैत के लेंस से देखते हैं।

तो, कर्म और भाग्य क्या हैं? यह बहुत गलत नहीं होगा, अगर हम कहें कि स्मृति और गुप्त प्रवृत्ति (मन की कंडीशनिंग) 'भाग्य' है और स्मृति और गुप्त प्रवृत्तियों के इस संयोजन द्वारा बनाई गई परिस्थितियों के परिणामस्वरूप 'कथित क्रिया' कर्म है।

आइए देखें कि यह स्मृति क्या है, और क्रिया को 'कथित' के रूप में क्यों वर्णित किया गया है। जब कर्म कथित अवचेतन में जमा हो जाते हैं, तो प्रवृत्ति और स्मृति एक ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए एक साथ आती हैं जहां कार्रवाई को अंजाम देने की आवश्यकता होती है। संचित कर्म फल की प्रतीक्षा में नियति है और फल स्वयं कर्म है। जब हम इसे द्वैत के चश्मे से देखते हैं, तो हम यह सब मन के भीतर अनुभव करते हैं।

हमारे शास्त्र कहते हैं, जो कुछ भी बनाया गया है वह अनंत चेतना या सर्वोच्च चेतना से है। जैसे जब हम सपने देखते हैं तो हम रूप, अनुभव, परिणाम और भावनाएं बनाते हैं, लेकिन जब हम सपने से जागते हैं, तो हमें पता चलता है कि यह सब असत्य था। जो लोग प्रबुद्ध या जागृत अवस्था में हैं, वे स्वयं को इस सर्वोच्च चेतना से अलग नहीं देखते हैं, और कार्य, और जो कुछ भी मौजूद है, वे सपने का एक हिस्सा हैं और इसलिए, असत्य है कि हम वास्तविक के रूप में देखते हैं, केवल अपनी अनुभूति में।

जैसे-जैसे हम अपनी तृष्णाओं और आसक्तियों के साथ संसार का निर्माण करते हैं, वैसे-वैसे ये हमारे द्वारा हमारे भाग्य को लिख रहे हैं। हालांकि, वास्तव में लिखे जाने के बजाय, इसकी कल्पना की जा रही है। चूंकि अतीत, भूत वर्तमान और भविष्य भी, मन के उपाय हैं और इसे सादगी के नाम पर, रैखिक प्रगति के विपरीत एक स्तरित किस्म के ढेर के रूप में देखा जा सकता है, फल बाद की तारीख की प्रतीक्षा नहीं कर रहा है, लेकिन यह भी उसी पल में घटित हो रहा है। यह काफी हद तक घर पर फिल्म देखने जैसा है, व्यक्ति में फिल्म में आगे बढ़ने, रिवाइंड करने, छोड़ने और कल्पना करने की क्षमता होती है कि फिल्म में क्या होने वाला है। अब कल्पना करें कि फिल्म के निर्देशक ने इसकी अपने दिमाग में सोच रखा है – सभी भागों, वार्डरोब, सेट, दृश्य संकेत और प्रत्येक दृश्य को एक दूसरे से स्वतंत्र रूप से शूट किया जा रहा है ताकि बाद में उन्हें फिट होने पर एक साथ घुमाया जा सके। जैसा कि आप देखना शुरू करते हैं कि यह कैसे चलता है, वैसे ही कर्म और भाग्य के संदर्भ में अपने जीवन को भी करें।

जब हम अपने आप को अनंत चेतना से अलग के रूप में पहचानते हैं, तो हम मन और अहंकार के परिणामस्वरूप द्वैत पैदा करते हैं, हालांकि वास्तव में शाश्वत सत्य केवल एक है – सरलतम ढंग से कहा गया है कि हम सर्वोच्च चेतना के विचार या कल्पना की रचना हैं। इसलिए, जो कुछ भी मौजूद है, सभी प्राणी, उनके मन, उनके फल, परम चेतना में मौजूद हैं।

ऋषि भृगु और नास्त्रेदमस जैसे कुछ लोगों ने इस फिल्म को भाग्य कहा है क्योंकि वे अनंत चेतना देखते हैं, और सभी यादें, प्रवृत्तियां, चरित्र और क्रियाएं अंततः इस चेतना का एक हिस्सा हैं। इसे सरल शब्दों में समझाने के लिए – यदि हम अपने द्वारा देखे गए सपने के प्रत्येक विवरण को जगा सकते हैं, उसका विवरण दे सकते हैं और उसका दस्तावेजीकरण कर सकते हैं, तो हम एक कथित भविष्यवाणी लिखने में सक्षम होंगे, क्योंकि प्रत्येक सपने में प्राणी, वातावरण, तत्व क्रियाएं और परिणाम होते हैं। एक सपने की तरह, एक प्रबुद्ध अवस्था में हम समय से आगे निकल जाते हैं क्योंकि हम एक ही समय में सब कुछ देखने में सक्षम होते हैं। किसी भी स्थिति में, जहां से हम इसे देख रहे हैं, समय युगों का माप है न कि वर्षों का।

> जब हम अपने आप को अनंत चेतना से अलग के रूप में पहचानते हैं, तो हम मन और अहंकार के परिणामस्वरूप द्वैत पैदा करते हैं, हालांकि वास्तव में शाश्वत सत्य केवल एक है - सरलतम ढंग से कहा गया है कि हम सर्वोच्च चेतना के विचार या कल्पना की रचना हैं। इसलिए, जो कुछ भी मौजूद है, सभी प्राणी, उनके मन, उनके फल, परम चेतना में मौजूद हैं।

तो, स्वतंत्र इच्छा के बारे में क्या कहेंगे? क्या यह भी एक भ्रम है? जब किसी ऐसी चीज की कल्पना की जा रही है जो अपने आप में असत्य है, तो स्वतंत्र इच्छा कैसे हो सकती है? क्रिया भी हमारे मन में मौजूद है और हमारी स्मृति और प्रवृत्तियों द्वारा निर्धारित की गई है – यह भी एक सपने की तरह बनाई जा रही है जहां हम मौजूदा के साथ व्यवहार करते हुए नई चीजों की कल्पना कर रहे हैं। हमारी व्यक्तिगत चेतना उन स्मृतियों को प्राप्त करने वाली होती है जो लंबित फलित होती हैं, और फिर हम इनका एक हिस्सा जीते हैं, और फिर फलने-फूलने के लिए कुछ और यादें निर्मित करते हैं। यही कारण है कि ऐसा कहा जाता है कि जब तक हम अपने सबकों को सीख नहीं लेते हैं, तब तक परिदृश्य दोहराते हैं। कार्रवाई इस तरह से होती है जिसे हम गलत समझते हैं, हम इससे अलग स्क्रिप्ट बनाते हैं, दूसरी बार फलने के लिए। हालांकि, जब हमारी अंतर्निहित यादें यह मानती हैं कि क्रिया फलीभूत हो गई है, तो स्मृति को त्याग दिया जाता है क्योंकि यह आगे कोई क्रिया नहीं करती है और हमें संसार से मुक्ति के मार्ग पर ले जाती है। यह सब भी असत्य है, बहुत कुछ अनुकरण की तरह या मैट्रिक्स या इंसेप्शन जैसी फिल्मों की तरह। हालांकि, फिल्मों के विपरीत आपको सच्चाई का अनुमान लगाने के लिए 'सॉफ्टवेयर कोड' या 'स्पिनिंग टॉप्स' की आवश्यकता नहीं होती है।

एक बार जब आप इसे महसूस कर लेते हैं, तो आप फिल्म को अभिनेता के बजाय निर्देशक के रूप में देखते हैं और भूमिका में इतनी गहराई से डूब जाते हैं कि वह 'वास्तविक' और 'रील' के बीच का अंतर नहीं देख पाता है।

क्या नियति बदली जा सकती है? केवल एक सिद्ध गुरु ही भाग्य बदल सकता है। प्रबुद्ध होने के कारण, वह वास्तविकता के वास्तविक स्वरूप को जानता है क्योंकि वह वास्तविकता के साथ 'एकाकार' है। उसके लिए वास्तविक और असत्य के बीच अंतर करना आसान है। वह एक साधारण विचार से असत्य को बदल सकता है। एक सिद्ध गुरु वो मार्गदर्शक होता है जो आपको आत्म-मंथन की यात्रा में ले जा सकता है और मन की लालसा से उत्पन्न होने वाली आंतरिक उथल-पुथल को दूर करने में आपकी सहायता कर सकता है।

हालांकि उपरोक्त व्याख्याएं शायद आध्यात्मिक यात्रा में 'स्कूल स्तर' पर हैं, पर आपको अपनी 'आध्यात्मिक पीएचडी' में तेजी लाने के लिए एक सिद्ध गुरु की आवश्यकता होगी। यह अनुभवों के जरिए अनुभव और अहसास की यात्रा है। और जैसा कि आप इससे होकर गुजरते हैं, आपको पता चल जाएगा कि दुनिया में ऐसी कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है जिससे हम परिचित हैं ताकि आपको वहां पहुंचने में मदद मिल सके। इसलिए धैर्य रखें और अपने अनुभवों से अवगत रहें।

**– लेखक आध्यात्मिक पुस्तकों की हिंगोरी सूत्र श्रृंखला के लेखक हैं**

# रंगों पर करें ध्यान

**आरती जवेरिक कहती हैं कि रंग ध्यान के लिए आवश्यक है कि आप एक आदर्श संतुलन बनाए रखने के लिए चक्रों और उनके रंगों पर ध्यान दें**



रंग हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न और अनिवार्य हिस्सा हैं। हमारे जीवन में उनकी भूमिका कभी नाटकीय और कभी सूक्ष्म होती है। उनका उपयोग व्यक्त करने, प्रभावित करने और बहुत कुछ करने के लिए किया जा सकता है। दुनिया भर में कई प्राचीन संस्कृतियां हैं जो रंगों की उपचार शक्तियों में विश्वास करती हैं। क्रोमो थेरेपी जिसे लाइट थेरेपी के रूप में भी जाना जाता है, एक लोकप्रिय समग्र उपचार और ध्यान उपचार है। मनोवैज्ञानिकों व चिकित्सा शोधकर्ताओं ने कई वर्षों से मानस पर रंगों के प्रभाव पर अनेक अध्ययन किए हैं। विज्ञापन उत्पादों व स्थानों के बारे में कुछ भावनाएं उत्पन्न करने के लिए रंग के सचेत उपयोग को शामिल किया जाता है। उसी कारण से, हम मानते हैं कि आपका दैनिक ध्यान के दौरान रंगों पर ध्यान केंद्रित करना आपके दैनिक ध्यान पर महत्वपूर्ण प्रभाव साबित होगा।

इससे पहले कि हम इस पर ध्यान दें, आइए रंगों और चक्रों के बीच के संबंध को समझते हैं। पहिया के लिए संस्कृत शब्द, 'चक्र' आपकी रीढ़ के साथ एक सीधी रेखा में स्थित होने के लिए जाना जाता है। शरीर के सात चक्र आपके सिर के ऊपर से आपकी रीढ़ के आधार तक, केंद्र से नीचे की ओर चलते हैं। प्रत्येक चक्र एक व्यक्तिगत ऊर्जा केंद्र है और इसका एक अनूठा रंग है जो इसका प्रतिनिधित्व करता है। रंग ध्यान के लिए आवश्यक है कि आप अपने शरीर और मन के बीच एक आदर्श संतुलन बनाए रखने के लिए अपने प्रत्येक चक्र और उनके संबंधित रंगों पर ध्यान केंद्रित करें। यह संतुलन इस प्रकार उपचार और मन की शांति को बढ़ावा देगा। चक्र पृथ्वी के तत्वों से संबंधित हो सकते हैं – वायु, अग्नि, जल, आकाश, आध्यात्मिक जागरण और ज्ञानोदय। सात चक्र और उनसे जुड़े रंग हैं :

- **लाल :** यह रंग आपकी रीढ़ की जड़ में स्थित चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। यह आपकी जीवन शक्ति के रूप में जाना जाता है और स्थिरता का प्रतिनिधित्व करता है। लाल रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपको निराशा और क्रोध की भावनाओं को साधने में मदद मिलेगी। लाल वो रंग है जो आपके शरीर और दिमाग को उत्तेजित करता है जिससे आपकी उत्तेजना बढ़ती है।
- **नारंगी :** यह नौसैनिक क्षेत्र में स्थित चक्र का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे त्रिक चक्र के रूप में भी जाना जाता है। नारंगी रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपको कामुकता, रिश्तों, शारीरिक दबाव, भावनात्मक आत्म अभिव्यक्ति और रचनात्मकता के मसलों को कम करने में मदद मिलेगी। संतरा आपके तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करने और उत्तेजना को सक्रिय करने के लिए जाना जाता है।
- **पीला:** आपकी छाती के ठीक नीचे, आपका सौर जाल चक्र स्थित है। पीला आपके सौर जाल चक्र पर केंद्रित है और आपके आशावाद, खुशी और विचार प्रक्रियाओं पर प्रभाव डालता है। पीला वो रंग है जो आपकी शारीरिक जीवन शक्ति, मानसिक जागरुकता और विश्लेषणात्मक रूप से सोचने और संसाधित करने की क्षमता को प्रभावित करता है।
- **हरा:** हृदय चक्र आपकी छाती के केंद्र में स्थित होता है। हरा रंग आपके हृदय चक्र पर ध्यान केंद्रित करता है और शांति, प्रेम और पोषण की भावनाओं को पैदा करता है। यह शारीरिक उपचार शुरू करता है। यही कारण है कि ज्यादातर अस्पताल हरे रंग में रंगे हुए हैं।
- **नीला :** आपके स्वरयंत्र के आधार पर स्थित है कंठ चक्र और नीला उस पर केंद्रित है। ध्यान करते समय, अपने कंठ चक्र पर ध्यान केंद्रित करने से आपको अपने आत्मविश्वास और आत्म अभिव्यक्ति में मदद मिलेगी। शारीरिक रूप से नीला आपके थायरॉयड ग्रंथि और लसीका तंत्र को नियंत्रित करता है।
- **इंडिगो :** यह तीसरे नेत्र चक्र का प्रतिनिधित्व करता है, यानी आपके माथे के बीच में स्थित है। ध्यान करते समय रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपके अंतर्ज्ञान और मन की शांति में मदद मिलेगी।
- **बैंगनी :** आपकी खोपड़ी के शीर्ष पर स्थित मुकुट चक्र को बैंगनी रंग द्वारा दर्शाया जाता है। रंग पर ध्यान करने से आपको सार्वभौमिक चेतना के साथ तालमेल बिठाने में मदद मिलेगी और आप स्वयं को अधिक जागरूक और स्वयं के साथ शांति बना पाएंगे।

**– लेखक एक दृश्य कलाकार हैं**

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

संदीप यादव
ग्राम प्रधान दौलतपुर हाजलपट्टी
विकास खण्ड बसखारी अम्बेडकरनगर

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

जंगजीत मौर्या
ग्राम प्रधान जैनुद्दीनपुर
विकास खण्ड बसखारी, अम्बेडकरनगर

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

विमल वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खण्ड बसखारी अम्बेडकरनगर

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

प्रधान शारदा देवी
प्रतिनिधि सीताराम यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी
श्रीमती सोनम सिंह

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

डा0 रामजीत
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र पांती
अम्बेडकरनगर

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

विजयमणि यादव
ग्राम प्रधान बनियानी
प्रधान संघ अध्यक्ष

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई

रवि पटेल
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकास खण्ड बसखारी अम्बेडकरनगर

2 | राजधानी
यूपी के विकास के लिए हमने मेधा का पलायन रोका

6 | अभिमत
आयकर का विकल्प खर्च पर टैक्स

12 | विविध
कर्म और भाग्य की गतिशीलता

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 99
लखनऊ, शुक्रवार, 28 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



घोषित प्रत्याशियों के पाला बदलने से कांग्रेस हुई असहज
चौपाल-7

# सपा सरकार बनी तो गुंडाराज लौटेगा: शाह

## ● कहा, सपा और बसपा ने सिर्फ जातिवाद और तुष्टीकरण को ही आगे बढ़ाया

**भाषा ।** मथुरा, नोएडा



मथुरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में यदि उनकी (अखिलेश की) पार्टी सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश में गुंडाराज फिर वापस आए जाएगा। घर-घर प्रचार के दौरान यहां प्रभावी मतदाताओं को संबोधित करते हुए शाह ने सपा और बहुजन समाज पार्टी पर वंशवाद और जातिवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

राज्य विधानसभा चुनाव के लिए घर-घर प्रचार अभियान की शुरुआत से पहले शाह ने यहां बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए। सपा की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि क्या तब गुंडाराज नहीं था? क्या बाहुबली लोगों को परेशान नहीं करते थे? बहन-बेटियों का उत्पीड़न नहीं होता था? सपा नेता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आजम खान को गिरफ्तार किया गया और उन पर दर्ज मुकदमों में अपराध दंड संहिता की धाराएं कम पड़ गईं। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर आलोचना करने के लिए अखिलेश यादव पर तंज कसा और कहा कि उन्हें इस बारे में शिकायत करने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहाकि अखिलेश बाबू आप कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हो। आप को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।

आपको कानून व्यवस्था पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा के शासनकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहतर हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रदेश की बागडोर एक बार फिर अखिलेश के हाथ में गई तो राज्य में फिर से गुंडाराज व्याप्त हो जाएगा। लेकिन अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह विकास को बढ़ावा देगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सपा और बसपा की पिछली सरकारों ने कुछ विशेष जातियों के लिए ही काम किया। उनमें से कोई भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास का नक्शा नहीं खींच सकीं। यह काम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ही किया। उन्होंने कहाकि भाजपा किसी जाति विशेष की नहीं बल्कि पूरे समाज की पार्टी है। वर्ष 2017 में जनता ने उन सभी दलों को नकार दिया जो जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करते थे। क्या वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए बाकी पूरे समाज की अनदेखी की जा सकती है? शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों के दौरान केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार के पांच साल के शासनकाल में भ्रष्टाचार नहीं हुआ। यहां तक कि राहुल बाबा भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा सकते। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कन्नौज और कानपुर में इत्र के कारोबारियों के यहां पड़े छापों की आड़ में तंज करते हुए कहा कि अखिलेश बाबू आप के समर्थकों के घर से नोटों से भरे बोरे निकल रहे हैं लेकिन भाजपा पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है।

## सपा ने 56 प्रत्याशियों की जारी की तीसरी सूची

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ



**सपा** की ओर से गुरुवार को 56 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। इसमें पूर्वांचल के ज्यादातर पार्टी विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। सपा की 56 प्रत्याशियों की लिस्ट में सोशल इंजीनियरिंग का ध्यान रखा गया है। लिस्ट में 7 ब्राह्मण, 7 यादव, 8 मुस्लिम, आठ अनुसूचित जाति और चार ठाकुर समाज के लोगों को टिकट दिया गया है। बीजेपी से सपा में जाने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को मऊ की घोसी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने सीएम योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखरपुर की सात विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है लेकिन गोरखपुर सदर से प्रत्याशी का अभी ऐलान नहीं किया गया है। (विस्तृत पेज 2)

## चौधरी चरण सिंह मेरे आदर्श, जाट समुदाय भाजपा से नाराज नहीं रह सकता: राजनाथ



**गाजियाबाद( भाषा )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अपना आदर्श करार देते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि जाट समुदाय भाजपा से नाराज रह ही नहीं सकता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले जाट समुदाय के बीच पहुंचने के एक दिन बाद राजनाथ ने मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में यह बयान दिया। इस क्षेत्र में जाट समुदाय के लोग बड़ी संख्या में हैं। शाह की मुलाकात को जाट समुदाय के लोगों को भाजपा के पक्ष में आकर्षित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। जाट समुदाय के लोगों ने केंद्र सरकार के विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल तक चले विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही पूर्व प्रधानमंत्री (चौ. चरण सिंह) उनके आदर्श थे।

# पूरी तरह टाटा की हुई एयर इंडिया

## ● टाटा एंड संस सत्तर साल बाद एयरलाइंस के साथ फिर भरेगी सपनों की उड़ान

## ● राष्ट्रीय एयरलाइंस की दो दशक तक चली विनिवेश प्रक्रिया अब हुई पूरी

**राजेश कुमार ।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रेशेखरन का स्वागत करते एयर इंडिया के सीएमडी विक्रम देव दत्त

**टाटा** समूह ने 70 साल बाद आधिकारिक तौर पर एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और एयर इंडिया एसएटीएस का अधिग्रहण कर लिया। टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार को मुलाकात के तुरंत बाद सरकार ने टाटा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड को 100% शेयर हस्तांतरित कर दिए। सरकार ने कंपनी का प्रबंधन नियंत्रण भी नए मालिकों को हस्तांतरित कर दिया और इसी के साथ कर्ज में डूबी एयरलाइन को टाटा समूह की कंपनी को बेचने की प्रक्रिया पूरी हो गई। चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा समूह एयर इंडिया को वापस पाकर बहुत खुश है और कंपनी इसे विश्व स्तरीय एयरलाइन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रतन एन. टाटा ने भी सरकार का धन्यवाद दिया। बाद में चंद्रशेखरन एयर इंडिया के कर्मचारियों के पास पहुंचे और उनसे उस एयरलाइन को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। एयर इंडिया के कर्मचारियों के स्वागत पत्र में चंद्रशेखरन ने एयरलाइन के शानदार अतीत का जिक्र किया और भविष्य के लिए कहा कि पूरा देश अब यह देखने के लिए इंतजार कर रहा है कि हम एक साथ मिलकर क्या हासिल करेंगे। इससे पहले, प्रबंधन अधिग्रहण को औपचारिक रूप देते हुए नए निदेशक मंडल की बैठक हुई। सरकार द्वारा अपने शेयरों को एयर इंडिया के नए मालिक को हस्तांतरित करने के बाद वित्त मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि एयर इंडिया रणनीतिक विनिवेश लेनदेन गुरुवार को पूरा हो गया है। सरकार को टाटा संस की स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड से 2,700 करोड़ कंसीड्रेशन मिला है। सरकार ने एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड (एआईएक्सएल) में 15,300 करोड़ का कर्ज बरकरार रखा है, जबकि एयर इंडिया, एआईएक्सएल के 100% शेयर और एआईएसएटीएस में राष्ट्रीय एयरलाइंस की 50% हिस्सेदारी भी टैलेस को हस्तांतरित कर दी गई है।

## नागरिक उड्डयन क्षेत्र होगा और मजबूत: सिंधिया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की विनिवेश प्रक्रिया पूरी होने पर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि एयर इंडिया नए मालिकों की देखदेख में खूब फले-फूलेगी और भारत में एक संपन्न तथा मजबूत नागरिक उड्डयन क्षेत्र बनने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की क्षमता और भविष्य में गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से विनिवेश करने के संकल्प को साबित करता है।

# सीमा मुद्दे पर भारत के साथ वार्ता का नवीनतम दौर सकारात्मक: चीन

**भाषा ।** बीजिंग



**चीन** ने भारत के साथ सैन्य-स्तरीय वार्ता के नवीनतम दौर को सकारात्मक और रचनात्मक बताया और कहा कि बीजिंग सीमा मुद्दे को समुचित ढंग से संभालने के लिए नई दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा। साथ ही चीन ने पड़ोसियों को धमकाने संबंधी अमेरिका के आरोप का खंडन किया है। भारत और चीन के बीच 14वें दौर की सैन्य वार्ता 12 जनवरी को हुई थी जिसमें दोनों पक्ष पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के शेष मुद्दों पर पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुंचने के लिए सैन्य और राजनयिक माध्यम से बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए थे।

चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने एक सवाल के जवाब में कहा, चीनी पक्ष का मानना है कि वार्ता का यह दौर सकारात्मक और रचनात्मक रहा और चीन बातचीत के माध्यम से सीमा मुद्दे को समुचित ढंग से संभालने के लिए भारतीय पक्ष के साथ मिलकर काम करेगा। वार्ता से पहले, भारतीय अधिकारियों ने 14वें दौर की वार्ता में पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स पर सैनिकों के पीछे हटने से संबंधित मुद्दों को हल करने की उम्मीद जताई थी।

वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने बृहस्पतिवार को प्रेस वार्ता में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी की उन टिप्पणियों की तीखी आलोचना की, जिसमें उन्होंने चीन पर अपने पड़ोसियों को डराने-धमकाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। भारत के साथ सीमा पर चीन के आक्रामक व्यवहार पर एक सवाल के जवाब में, साकी ने 12 जनवरी को कहा था कि अमेरिका स्थिति पर नजर रखे हुए है। साकी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नल वू कियान ने कहा कि कुछ अमेरिकी राजनेता "बलपूर्वक" शब्द का उपयोग करने के बहुत शौकीन हैं और वे यह भूल गए हैं कि अमेरिका बलपूर्वक कूटनीति का आविष्कारक है।

## अरुणाचल के लापता युवक को चीन ने भारतीय सेना को सौंपा

**नई दिल्ली( भाषा )।** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने बृहस्पतिवार को बताया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने अरुणाचल प्रदेश के लापता युवक को भारतीय सेना को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि युवक को बृहस्पतिवार को अरुणाचल प्रदेश में वाचा-दमई इंटरेक्शन प्वाइंट पर भारतीय सेना को सौंप दिया गया। अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले से 19 वर्षीय मिराम तारोन 18 जनवरी को लापता हो गया था। मंत्री ने एक ट्वीट में बताया कि लड़के की चिकित्सकीय जांच सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

# देश के 407 जिलों में संक्रमण दर 10 फीसदी से ज्यादा

## ● कोविड प्रतिबंध 28 फरवरी तक बढ़े

**भाषा ।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को मौजूदा कोविड-19 रोकथाम उपायों को 28 फरवरी तक बढ़ा दिया। मंत्रालय ने वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमण में तेजी से वृद्धि और 407 जिलों में संक्रमण दर के 10 प्रतिशत से अधिक रहने को लेकर यह फैसला किया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में कहा कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 22 लाख से अधिक हो गई है, हालांकि ज्यादातर मरीज जल्दी ठीक हो रहे हैं और कम मरीज अस्पतालों में हैं। मौजूदा कोविड प्रतिबंधों को 28 फरवरी तक बढ़ाते हुए भल्ला ने मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा, यह अब भी चिंता का विषय है कि 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 407 जिलों में संक्रमण की दर 10 प्रतिशत से अधिक है... इसलिए, कोविड के मौजूदा रुख को देखते हुए सावधानी और सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। भल्ला ने एक बार फिर कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी सावधानियों का पालन करना चाहिए और ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर, 2021 को एक पत्र में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा उल्लिखित मानक ढांचे तथा स्थिति के आकलन के आधार पर, स्थानीय और जिला प्रशासन को त्वरित और उचित रोकथाम उपाय जारी रखना चाहिए। भल्ला ने कहा कि स्थानीय स्तर पर संक्रमण के मामले और मरीजों के अस्पतालों में भर्ती होने की स्थिति के आधार पर स्थानीय प्रतिबंधों को लागू करना और हटाना चाहिए।

## पहले चरण के लिए 500 लोगों तक के साथ आज से की जा सकेंगी जनसभाएं

**नई दिल्ली( भाषा )।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत राजनीतिक दल और उम्मीदवार शुक्रवार से अधिकतम 500 लोगों के साथ खुले स्थानों पर जनसभाएं कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने 22 जनवरी को भौतिक रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया था। हालांकि आयोग ने उन क्षेत्रों में 500 लोगों तक की सीमा के साथ भौतिक सभाएं करने की अनुमति दी थी जहां पहले दो चरणों में मतदान होने हैं। आयोग ने कहा था कि 10 फरवरी को पहले चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में राजनीतिक दल और उम्मीदवार 28 जनवरी से भौतिक जनसभाएं कर सकते हैं। चुनाव निकाय ने पहले ही राजनीतिक दलों को अधिकतम 300 लोगों या किसी हॉल की क्षमता का 50 प्रतिशत के साथ इनडोर बैठकें करने की अनुमति दी थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए पहले चरण में 58 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने कहा था कि दूसरे चरण के मतदान के लिए एक फरवरी से जनसभाएं की जा सकती हैं।

# राम मंदिर के निर्माण कार्य का तीसरा चरण शुरू, मई तक होगा पूरा

**भाषा ।** नई दिल्ली



**अयोध्या** में राम मंदिर के निर्माण कार्य का तीसरा चरण शुरू हो गया है और इसके मई तक पूरा हो जाने की संभावना है। मंदिर के ट्रस्ट ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ट्रस्ट ने एक बयान में कहा, मंदिर का निर्माण कार्य तय योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है और दिसंबर 2023 तक भक्तों को भगवान श्रीराम के दर्शन का अवसर मिल सकेगा। मंदिर के निर्माण कार्य के पहले दो चरणों में, नींव आदि तैयार किए गए थे।

ट्रस्ट ने कहा कि तीसरा चरण शुरू हो गया है जिसमें प्लिंथ (चबूतरे)का निर्माण भी शामिल है। बयान के अनुसार मंदिर की मजबूती को ध्यान में रखते हुए दक्षिण भारत के सबसे मजबूत प्राकृतिक ग्रेनाइट पत्थर का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया गया है। ग्रेनाइट पत्थर के साथ प्लिंथ का निर्माण कार्य 24 जनवरी को शुरू हो गया। इस प्रकार तीसरे चरण का निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। मंदिर भवन के लिए आधार का काम करने वाले चबूतरे पर मंदिर के मुख्य ढांचे का निर्माण किया जाएगा। प्लिंथ के निर्माण में 5 फुट, 2.5 फुट व 3 फुट आकार के करीब 17,000 ग्रेनाइट पत्थरों का उपयोग किया जाएगा।

हर ऐसे पत्थर का वजन करीब ग 2.50 टन है। ग्रेनाइट पत्थर लगाने का काम मई तक पूरा हो जाने की संभावना है। प्लिंथ का काम पूरा होने के बाद मंदिर के मुख्य ढांचे का वास्तविक निर्माण शुरू होगा। लार्सन एंड टुब्रो कंपनी मंदिर का निर्माण कार्य कर रहा है और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स इस कार्य में उसकी मदद कर री है। उच्चतम न्यायालय के नौ नवंबर, 2019 के फैसले के बाद, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को फरवरी 2020 में मंदिर निर्माण का कार्यभार दिया गया था।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,276 | ↓ | 581 | |
| निफ्टी | 17,110 | ↓ | 167 | |
| सोना | 48,215 | ↓ | 563 | /10g |
| चांदी | 62,792 | ↓ | 1186 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पूर्व मंत्री आजम खान की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** विशेष एमपीएमएलए अदालत के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमरीश कुमार श्रीवास्तव ने तीन साल पुराने एक आपराधिक मामले में सीतापुर जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद खान की जमानत अर्जी खारिज करते हुए अदालत ने करते हुए कहा कि आरोपी ने ऐसे तथ्यों को प्रकाशित किया, जो लोकभय उत्पन्न करते है, जिससे कोई व्यक्ति या समुदाय लोक शांति को भंग करने के लिए उत्प्रेरित हो सकता है। ऐसी स्थिति में जमानत पर रिहा किए जाने का कोई औचित्य नही है। जमान याचिका में खान ने कहा था कि उनके खिलाफ आरोप निराधार है और वह दो साल से जेल में बंद हैं, ऐसे में उन्हें जमानत दी जानी चाहिए।

## जूही चावला को 5जी केस में हाईकोर्ट से राहत, सिर्फ दो लाख का जुर्माना लगाया

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**बॉलीवुड** अभिनेत्री जूही चावला को 5जी केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को जूही पर लगाये गये 20 लाख के जुर्माने को 90 प्रतिशत कम कर दिया है। अब जूही को दो लाख रुपये जुर्माने के तौर पर जमा करवाने होंगे। जूही के साथ ही दो अन्य पर भी जुर्माने को घटाकर दो लाख रुपये कर दिया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने 5 जी वायरलेस नेटवर्क स्थापित करने के खिलाफ दायर मुकदमे को खारिज करने के दौरान एकल न्यायाधीश की ओर से की गई टिप्पणियों को भी खारिज कर दिया। विदित हो कि जूही ने 5जी नेटवर्क के खिलाफ ये कहते हुए याचिका दायर की थी कि इससे मनुष्यों के साथ ही पशु पक्षियों पर भी गलत असर पड़ेगा। इस पर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मामले को खारिज करते हुए कहा था कि ये केस अभिनेत्री की तरफसे पब्लिसिटी के लिए किया गया लगता है।

# भारत और मध्य एशिया के देशों की चिंताएं एक समान: मोदी

**भाषा ।** नई दिल्ली



भारत और मध्य एशियाई देशों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेतागण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान के हालिया घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा को भारत और मध्य एशिया के देशों के लिए एकसमान चिंता का विषय करार दिया और बृहस्पतिवार को कहा कि सुरक्षा और समृद्धि के उद्देश्य को हासिल करने के लिए भारत और मध्य एशिया के देशों का आपसी सहयोग अनिवार्य है। डिजिटल माध्यम से पहले भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए अपने आरंभिक संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि एक समन्वित और स्थिर विस्तारित पड़ोस के लिए मध्य एशिया, भारत के विजन का केंद्र है।

इस शिखर सम्मेलन में कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जुमरात तोकाएव, उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोएव, ताजकिस्तान के राष्ट्रपति इमामअली रहमान, तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति गुरबांगुली बर्दीमुहम्मदेवो और किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सद्र जापारोप ने भाग लिया। अफगानिस्तान के हाल के घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए हम सभी की चिंता और उद्देश्य एक समान हैं। अफगानिस्तान के घटनाक्रम से हम सभी चिंतित हैं। इस संदर्भ में भी हमारा आपसी सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए और महत्वपूर्ण हो गया है। ज्ञात हो कि अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के बाद भारत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार क्षेत्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाता रहा है और इस बात पर जोर देता रहा है कि किसी भी कीमत पर अफगानिस्तान की भूमि का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं होना चाहिए। भारत का जोर अफगानिस्तान में मानवीय सहायता पहुंचाने पर भी रहा है। तालिबान के नियंत्रण के बाद अफगानिस्तान में मानवीय संकट गहरा गया है। समय-समय पर इसकी झलक भी विभिन्न माध्यमों से दुनिया के सामने आती रही हैं। सम्मेलन में मध्य एशिया के देशों के बीच रिश्तों को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों और क्षेत्रीय सुरक्षा के मौजूदा हालात पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मध्य एशिया के देशों के कूटनीतिक संबंधों ने 30 सार्थक वर्ष पूरे कर लिए हैं और पिछले तीन दशकों में आपसी सहयोग ने कई सफलताएं भी हासिल की है।

उन्होंने कहा कि आज यह रिश्ते अब इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गए हैं कि सभी को आने वाले सालों के लिए एक महत्वाकांक्षी दूरदृष्टि परिभाषित करनी चाहिए और वह दूरदृष्टि ऐसी हो, जो बदलते विश्व में लोगों की, विशेषकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। द्विपक्षीय स्तर पर मध्य एशिया के सभी देशों के साथ भारत के संबंधों की घनिष्ठता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कजाकिस्तान जहां भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार बन गया है, वहीं उज्बेकिस्तान के साथ उनके गृह राज्य गुजरात सहित भारत के विभिन्न राज्यों की सक्रिय भागीदारी भी है। उन्होंने कजाकिस्तान में हाल में हुई जान-माल की हानि पर भी संवेदना प्रकट की।

## भारत, पांच मध्य एशियाई देशों ने अफगानिस्तान पर संयुक्त कार्य समूह बनाने का निर्णय लिया

**नई दिल्ली( भाषा )।** भारत और पांच मध्य एशियाई देशों ने बृहस्पतिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर अफगानिस्तान को लेकर एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय की सचिव (पश्चिम) रीनत संधू ने यह जानकारी दी। संधू ने कहा कि शिखर सम्मेलन में मोदी ने अगले 30 साल के लिए खाका तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हुआ कि भारत और मध्य एशियाई देशों के नेता हर दो साल में शिखर सम्मेलन स्तर की बैठक करेंगे और 2024 में अगला शिखर सम्मेलन होने की संभावना है। संधू ने कहा कि बैठक में नेताओं ने अफगानिस्तान पर करीबी परामर्श जारी रखने को लेकर सहमति जताई। वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर अफगानिस्तान के संबंध में एक संयुक्त कार्य समूह गठित करने का भी फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि भारत और मध्य एशियाई देश आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संधू ने कहा कि भारत और मध्य एशिया के इच्छुक देशों के बीच आतंकवाद रोधी संयुक्त अभ्यास किया जाएगा।

# यूपी के विकास के लिए हमने मेधा का पलायन रोका

● हम पर आरोप लगाने वालों ने केवल प्रदेशवासियों को डराया है

## यूपी के विवि में 14 देशों के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज विपक्ष मुद्दा विहीन है, उनके नेता केवल गलतबयानी कर प्रदेशवासियों को गुमराह करने का ही काम कर रहे हैं। बीते पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास के हर पैमाने पर छलांग लगाई है। भाजपा ने प्रदेश की पहचान ईज आफ डूइंग बिजनेस से बनाई है। शैक्षिक माहौल बदलकर, निवेश लाकर हमने यूपी की छवि सुधारी है। आज मेधा का पलायन रुका है। इस बार भाजपा अपना ही रिकार्ड तोड़ेगी। सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल मिलकर भी तीन अंकों तक नहीं पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश से मेधा का पलायन होता था। पांच साल में हमने जो शिक्षा में कार्य किया है। उससे अब 14 से ज्यादा देशों के लोग यहां आकर अध्ययन और अध्यापन कर रहे हैं। सुखी मन अध्यापक, तनावमुक्त विद्यार्थी, रोजगारपरक शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा चार उद्देश्य हैं। अगर 100 मोबाइल देश में बनते हैं तो 70 उत्तर प्रदेश में बनते हैं। एशिया का सबसे बड़ा डाटा सेंटर भी उत्तर प्रदेश में है। उन्होंने कहा कि पहले नकल और परीक्षा केंद्र आवंटन उद्योग बन गया था। हमने व्यवस्था को आनलाइन किया। एक लाख 94 हजार सीसीटीवी कैमरे लगवाए। परिणाम यह हुआ कि परीक्षा पारदर्शी हुई। कालेजों और विद्यालयों में पढ़ाई के लिए पूरे वर्ष का टाइमटेबल बनाया गया। आजादी के बाद पहली बार पाठ्यक्रम में परिवर्तन कर रोजगारपरक बनाया गया। डॉ शर्मा ने कहा कि कोरोना संक्रमण में आनलाइन शिक्षा और परीक्षा में देश का नेतृत्व किया। आनलाइन लाइब्रेरी बनाई गई। माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत के शिक्षकों की नियुक्ति की गई। प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले संस्कृत के विद्यार्थियों को एक लाख रुपये और टैबलेट दिया गया। संस्कृत निदेशालय के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो रही है। साथ ही बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति पारदर्शी तरीके से हुई है। माध्यमिक विद्यालय में करीब 6000 पदों का सृजन एक साथ हुआ। 250 माध्यमिक विद्यालयए 78 डिग्री कालेज बनाए गए हैं और 12 विवि के गठन की प्रक्रिया की ओर अग्रसर हैं। संकल्प पत्र में जो वादे किए उससे ज्यादा कार्य किया। वहीं वित्तविहीन शिक्षकों की विसंगतियों को दूर करने की प्रक्रिया में हैं।

## बसपा ने तीसरे चरण को लेकर जारी की सूची

# अखिलेश के खिलाफ कुलदीप को उतारा

● शिवपाल की सीट जसवंतनगर से बृजेंद्र प्रताप सिंह मैदान में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** सभा चुनाव को लेकर गुरुवार को बसपा ने तीसरे चरण के लिए 53 प्रत्याशियों की सूची पार्टी ने जारी की है। जारी सूची में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के खिलाफ बसपा ने करहल सीट से कुलदीप नारायन को मैदान में उतारा है। प्रसपा प्रमुख शिवपाल यादव की सीट जसवंतनगर से बृजेंद्र प्रताप सिंह बसपा के टिकट पर मैदान में हैं।

इससे पहले गुरुवार को पार्टी की तरफ से दूसरे चरण की बची कर सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किये गए जबकि पूर्व में घोषित दो सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी बदल दिए हैं। दूसरे चरण को लेकर बरेली जिले की नवाबगंज सीट से यूसुफ खान, फरीदपुर सुरक्षित से शालिनी सिंह, बरेली से ब्रह्मानंद शर्मा और शाहजहांपुर की ददरौल सीट से चंद्रकेतु मौर्या को टिकट दिया गया है। बिजनौर की धामपुर सीट से पूर्व प्रत्याशी के स्थान पर मूलचन्द्र चौहान को और मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से मोहम्मद रिजवान को टिकट दिया गया है। हाथरस जिले की हाथरस सुरक्षित सीट से संजीव कुमार काका, सादाबाद से डॉ अरविंद शर्मा, सिकंदराराऊ से ठाकुर अवधेश कुमार सिंह, फिरोजाबाद की टूंडला सुरक्षित सीट से अमर सिंह जाटव, जसराना से सूर्य प्रताप सिंह, फिरोजाबाद से बबलू कुमार राठौर, शिकोहाबाद से अनिल कुमार यादव, सिरसागंज से ठाकुर राघवेंद्र सिंह, कासगंज से इंजीनियर प्रभु दयाल सिंह, राजपूत अमापुर सीट से सुभाष चंद्र शाक्य, पटियाली सीट से नीरज मिश्रा, अलीगंज सीट से सऊद अली खान उर्फ जुनैद मियां, एटा से अजय सिंह यादव, मरहरा से योगेश कुमार शाक्य, जलेसर सुरक्षित से आकाश सिंह जाटव, मैनपुरी सीट से गौरव नंद, भोगांव से अशोक सिंह चौहान, किशनी से प्रभु दयाल जाटव, करहल सामान्य से कुलदीप नारायन को टिकट मिला है। कायमगंज सुरक्षित सीट से दुर्गा प्रसाद, फर्रुखाबाद से विजय कुमार कटियार, छिबरामऊ सीट से वहीदा बानो जूही, तिर्वा से अजय कुमार वर्मा, कन्नौज सुरक्षित से समरजीत सिंह दोहरे, जसवंतनगर सीट से बृजेंद्र प्रताप सिंह, इटावा से कुलदीप गुप्ता, भरथना से कमलेश अंबेडकर, दिबियापुर सीट से अरुण कुमार दुबे, औरैया सुरक्षित से रवि शास्त्री दोहरे, रसूलाबाद सुरक्षित सीट से सीमा संखवार, अकबरपुर रनिया से विनोद कुमार पाल, सिकंदरा से लाल जी शुक्ला, बिल्हौर सुरक्षित सीट से मधु सिंह गौतम, बिठूर से रमेश सिंह यादव, कल्याणपुर से अरुण कुमार मिश्रा, गोविंद नगर से अशोक कुमार कालिया, सीसामऊ से रजनीश तिवारी, किदवई नगर से मोहन मिश्रा, कानपुर कैंट से मोहम्मद सफी खान, महाराजपुर सीट से सुरेंद्र पाल सिंह चौहान, घाटमपुर सुरक्षित सीट से प्रशांत अहिरवार, माधवगढ़ से शीतल कुशवाहा, कालपी से श्याम पाल उर्फ छुन्ना पाल, उरई सुरक्षित से सतेंद्र प्रसाद अहिरवार, बबीना से दशरथ सिंह राजपूत, झांसी नगर से कैलाश साहू, मऊरानीपुर सुरक्षित से रोहित रतन अहिरवार, गरौठा से वीर सिंह गुर्जर, ललितपुर से चंद्र भूषण सिंह, महरौनी सुरक्षित से किरन, हमीरपुर से रामफूल निषाद, राठ सुरक्षित से प्रसन्न भूषण अहिरवार, महोबा सीट से संजय कुमार साहू को टिकट दिया गया है।

# सपा ने 56 प्रत्याशियों की जारी की तीसरी सूची

● अरविंद सिंह गोप दरियाबाद तो राकेश वर्मा कुर्सी से लड़ेंगे चुनाव

● विनय तिवारी चिल्लूपार सीट से लड़ेंगे चुनाव

## दारा सिंह चौहान घोसी, राम अचल राजभर को अकबरपुर से दिया टिकट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** की ओर से गुरुवार को 56 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। इसमें पूर्वांचल के ज्यादातर पार्टी विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। सपा की 56 प्रत्याशियों की लिस्ट में सोशल इंजीनियरिंग का ध्यान रखा गया है। लिस्ट में 7 ब्राह्मणए 7 यादवए 8 मुस्लिमए आठ अनुसूचित जाति और चार ठाकुर समाज के लोगों को टिकट दिया गया है। बीजेपी से सपा में जाने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को मऊ की घोसी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा पार्टी ने सीएम योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर की सात विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है लेकिन गोरखपुर सदर से प्रत्याशी का अभी ऐलान नहीं किया गया है। इस सीट से सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ चुनावी मैदान में हैं। बाहुबली अभय सिंह को अयोध्या की गोसाईगंज से टिकट दिया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाराबंकी की विधानसभा सीटों पर बड़ा बदलाव कर दिया है। उनके इस निर्णय से सियासी समीकरण बदल गए हैं। बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा से सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप को टिकट मिला है जबकि कुर्सी विधानसभा से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व बेनी प्रसाद के पुत्र व पूर्व मंत्री राकेश वर्मा प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इसके अलावा रामनगर विधानसभा से पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई और बाराबंकी से धर्मराज सिंह यादव उर्फ सुरेश यादव को, बसपा से आने वाले रामअचल राजभर को अकबरपुर से और भाजपा से आए रमाकांत यादव को फूलपुर पवई से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे को उनकी परंपरागत सीट इटवा से मैदान में उतारा गया है। बसपा से आए लालजी वर्मा को कटेहरी और राकेश पांडे को जलालपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी को उनकी परंपरागत सीट बांसडीह से मैदान में उतारा गया है। समाजवादी पार्टी की ओर से अब तक प्रत्याशियों की 3 लिस्ट जारी कर जा चुकी है। पहली लिस्ट में 159, दूसरी सूची में 39 और तीसरी लिस्ट में 56 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जा चुकी है। इस तरह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने विधानसभा की कुल 403 में से अब तक 254 सीटों के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं। अब 149 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शेष है। लखीमपुर खीरी की धौरहरा सीट से वरुन चौधरी, मोहम्मदी से दाउद अहमद, हरदोई की सवाइजपुर से पदमराज सिंह पम्पू, बालामऊ सुरक्षित सीट से रामबली वर्मा, अमेठी की तिलोई सीट से मो नईम गुर्जर, प्रतापगढ़ की बाबागंज सुरक्षित सीट से गिरिजेश, कौशांबी की चायल सीट से पूजा पाल, इलाहाबाद की फूलपुर सीट से मुर्तजा सिद्दीकी, अंबेडकरनगर की आलापुर सुरक्षित सीट से त्रिभुवन दत्त, जलालपुर से राकेश पाण्डेयए बहराइच की महसी सीट से केके ओझा, बलरामपुर की गैसड़ी सीट से डॉक्टर एसपी यादव, बलरामपुर सुरक्षित सीट से जगराम पासवान, सिद्धार्थनगर की कपिलवस्तु सुरक्षित सीट से विजय कुमार, डुमरियागंज से सईदा खातून, बस्ती की कप्तानगंज सीट से अतुल चौधरी, गोरखपुर की कैंपियरगंज सीट से काजल निषाद, पिपराइच सीट से अमरेंद्र निषाद, गोरखपुर ग्रामीण से विजय बहादुर, सहजनवा से यशपाल रावत और खजनी सुरक्षित सीट से रूपवती, बांसगांव सुरक्षित सीट से डॉक्टर संजय कुमार और चिल्लूपार से बाहुबली हरिशंकर तिवारी के पुत्र विनय तिवारी को प्रत्याशी बनाया है। देवरिया की पथरदेवा सीट से ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, रामपुर कारखाना सीट से गजाला लारी, भाटपार रानी सीट से आशुतोष उपाध्याय, आजमगढ़ की अतरौलिया सीट से संग्राम सिंह यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद, आजमगढ़ से दुर्गा प्रसाद यादव, निजामाबाद से आलम बदी, फूलपुर पवई से रमाकांत यादव, दीदारगंज से कमला कांत राजभर और लालगंज सुरक्षित सीट से बेचई सरोज को सपा ने टिकट दिया है।

# प्रयागराज में छात्रों पर लाठीचार्ज की अखिलेश ने की निंदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उप्र में भाजपा सरकार ने नौजवानों को सिर्फ लाठीचार्ज और बेरोजगारी का अभिशाप दिया है। हर साल 70 लाख नौकरी का वादा करने वाली भाजपा की सरकार 4 लाख नौकरी देने की फर्जी घोषणा की लेकिन उनके नाम पता नहीं बताती है। लाखों नौजवान कोरोना संक्रमण के दौर में अपनी नौकरियां गवां चुके है। प्रदेश की डबल इंजन सरकार भी नौजवानों को कोरे आश्वासन देती रही है और भटकाने के लिए झूठे आंकड़ों के विज्ञापन छपवाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में अपने रोजगार के लिए हक की आवाज बुलन्द करने वाले बेगुनाह छात्रों पर पुलिस ने जिस बर्बरता से प्रहार किया वह घोर निंदनीय है। नौजवानों ने भी इस बार इरादा कर लिया है कि वह भाजपा के ऐतिहासक पतन का उदाहरण होगा। यूपी टीइटी परीक्षा में अभ्यर्थियों के साथ सरकार अन्याय करने से बाज नहीं आई है। सत्ता के संरक्षण में अंधी हो चुकी पुलिस की निर्ममता के उदाहरण बढ़ते ही जा रहे हैं। लखीमपुर में पिछले दिनों एक 16 साल के बच्चे को चोरी के जुर्म में थाने के अंदर पीट-पीट कर मार दिया गया। वीभत्सता के ऐसे चेहरे भाजपा सरकार में आम हो चुके है। लखीमपुर में ही शांतिप्रिय किसान प्रदर्शनकारियों को एक केन्द्रीय मंत्री के बेटे ने जीप चढ़ाकर कुचल दिया। युवाओं को रोजगार के अलावा लैपटॉप और वाईफाई का फ्री कनेक्शन का वादा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किया था। उसने इन वादों को भी वैसे ही कूड़े के ढेर में डाल दिया जैसे उसने संकल्पपत्र के पहले पन्ने में किसानों के साथ किए गए वादों का हश्र किया है।

# प्रियंका ने पीड़ित प्रतियोगी छात्रों से बात की



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने प्रयागराज में पुलिसिया दमन के पीड़ित प्रतियोगी छात्रों से बात की। अपनी वर्चुअल बातचीत के दौरान उन्होंने पीड़ित छात्रों को हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। मलूम हो कि मंगलवार को प्रयागराज में छात्रों ने नौकरी न मिलने को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। घंटों ट्रैक पर भी डेरा डाला। बाद में पुलिस ने हॉस्टल में घुसकर छात्रों संग मारपीट की, लाठीचार्ज किया। इस मामले में 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है, वहीं तोड़फोड़ की वजह से 1000 लोगों पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। बातचीत के दौरान छात्रों ने भी कांग्रेस नेत्री के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर प्रियंका ने डरे हुए छात्रों को अपना समर्थन देते हुए कहा कि हम आपके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहाए मैं हर मंच सेए हर फोरम में आपकी बात उठाऊंगी। प्रियंका ने कहा कि सरकार आपको नौकरी नहीं दे रही और आप पर दमनात्मक कार्रवाई भी करती है। ऐसे माहौल में जब नेता वोट मांगने आएं तो उनकी जवाबदेही तय करिए। भर्ती प्रक्रियाओं को सालों साल लटकने से बचाने का हल है, जॉब कैलेंडर। हमने अपने युवा घोषणा में जॉब कैलेंडर की बात की है। अपनी बातचीत के दौरान प्रियंका गांधी ने जल्द ही प्रयागराज आकर छात्रों से मिलने का वादा भी किया।

# लोकदल ने जारी की प्रत्याशियों की सूची

**लखनऊ।** विधान सभा चुनाव को लेकर रालोद ने गुरुवार को 12 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। सूची के मुताबिक बिजनौर के नूरपुर से डॉक्टर सुखविंदर कुमार, मुरादाबाद की ठाकुरद्वारा से हरीश कुमार, अमरोहा की धनौरा से हरिज्ञान सिंह, नौगांवा सादात से अनुज कुमार, शाहजहांपुर से जलालाबाद सीट से रामादेवी, पीलीभीत की बीसलपुर सीट से गया प्रसाद, संभल से अमन सिंह, चंदौसी सुरक्षित से रविंद्र कुमार, बिजनौर की नहट से जितेंद्र सिंह, इटावा से कमलेश पांडे, हाथरस से बेबी धनगर, बरेली की फरीदपुर सीट से अमिष सागर को टिकट दिया गया है।

# कांग्रेसः 89 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी

## 35 महिलाओं को दिया टिकट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए 89 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इसमें 37 महिलाएं शामिल हैं। वहीं इस सूची में 21 मुसलमान, 27 ओबीसी, 18 एससी वर्ग के प्रत्याशी शामिल हैं। 27 सवर्णों में 13 ब्राह्मण और 11 राजपूत शामिल हैं। ताजा सूची के बाद अब कांग्रेस के 255 टिकट घोषित हो चुके हैं और इनमें 103 महिलाएं शामिल हैं। कांग्रेस ने जिन सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं उसमें बेहट से पूनम कम्बोज, नकुड़ रंधीर सिंह, सहारनपुर संदीप राना, देवबंद राहत खलील, रामपुर मनिहारिन ओमपाल सिंह, गंगोह अशोक सैनी, बढ़ापुर हाजी अहसान अली अंसारी, धामपुर हुसैन अहमद अंसारी, बिजनौर अकबरी बेगम, चंदनपुर उदय त्यागी, नूरपुर बाला देवी सैनी, कांठ मो इसरार सैफी, कुंदरकी दरक्षा अहसान खान, स्वार राम रक्षपाल सिंह, मिलक कुमार एकलव्य वाल्मीकि, नौगांव सादात रेखा सुखराज रानी, हसनपुर असीम हुसैन साबरी, हाथरस सरोज देवी, सादाबाद मथुरा प्रसाद कुशवाहा, सिकंदरा राव डा छवि वार्ष्णेय, फिरोजाबाद संदीप तिवारी, अमांपुर दिव्या शर्मा, पटियाली मो इमरान अली, अलीगंज सुभाष चंद्र वर्मा, मारहरा तारा राजपूत, जलेसर नीलिमा राज, भोगांव ममता राजपूत, गुन्नौर विजय शर्मा, सहसवान राजवीर सिंह यादव, बिलसी अंकित चौहान, शेखुपुर फराह नईम, दातागंज आतिफ खान जख्मी, भोजीपुरा सरदार खान, फरीदपुर विशाल सागर, बिथरी चैनपुर अल्का सिंह, बरेली कृष्ण कांत शर्मा, बरेली कैंट मो इस्लाम अंसारी, मोहाली आशीष मिश्र, हरगांव डा ममता वर्मा, लहरपुर अनुपमा द्विवेदीए, मोहम्मदाबाद ऊषा देवी वर्मा, सिधौली कमला रावत, मिश्रिख सुभाष चंद्र राजवंशी, सवायजपुर रावर्धन सिंह राजू, हरदोई आशीष कुमार सिंह, गोपामऊ सुनीता देवी, सांडी अकांक्षा वर्मा, बालामऊ सुरेन्द्र कुमार, सफीपुर शंकर लाल गौतम, सदर अभिषेक सिंह राणा, तिरवा नीलम शाक्य, भरथना स्नेहलता दोहरे, बिधूना सुमन व्यास, डिबियापुर मनोज कुमार पाल, रसूलाबाद मनोरमा शंखवार, अकरबरपुर रनिया अमरीश सिंह गौर, सिकंदरा नरेश कटियार, भोगनीपुर गोविंद निषाद, बिठूर अशोक कुमार निषाद, मऊरानीपुर भगवान दास कोरी, गरौठा नेहा संजीव निरंजन, चरखारी निर्दोष दीक्षित, चित्रकूट निर्मला भारती, जहानाबाद कमला प्रजापति, बिंदकी अभिमन्यु सिंह, फतेहपुर मो मोहसिन खान, पट्टी सुनीता सिंह पटेल, कुर्सी जमील अहमद, बाराबंकी गौरी यादव, रुदौली दयानंद शुक्ला, मिल्कीपुर नीलम कोरी, बीकापुर अखिलेश यादव, टाण्डा सैय्यद मिराजुद्दीन किछौछी, अलापुर सत्यवदा पासवान, जलालपुर डा रागिनी पाठक, नानपारा डा अब्दुल, पयागपुर मेजर राना शिवम सिंह, भिनगा वंदना शर्मा, श्रावस्ती ज्योति वर्मा, गैंसड़ी इश्तियाक अहमद खान, बलरामपुर बबिता आर्या, शोहरतगढ़ चौ रवीन्द्र प्रताप उर्फ पप्पू, बांसी किरन शुक्ला, इटवा अरशद खुर्शीद, बस्ती सदर देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पिपराइच मेनिका पाण्डेय, पथरदेवा अम्बर जहां बांसडीह से पुनीत पाठक को टिकट दिया है।

पायनियर वर्गीकृत

आवश्यकता

सरदार सिंह शिवराज सिंह महाविद्यालय रघुवरनगर, धोंधी-सीतापुर-261207

आवश्यकता है

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (बी.एड. विभाग)
शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान–
यू0जी0सी एवं लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व चार फोटो एवं आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0 9653089100, 8090992449

आवश्यकता

सीतापुर शिक्षा संस्थान, कनवाखेड़ा रस्यौरा, सीतापुर (सम्बद्ध लखनऊ विवि, लखनऊ)

आवश्यकता : – बी0कॉम (02 पद सहा. आचार्य) तथा बी0एस–सी0 (पी.सी.एम. तथा बायो ग्रुप) पाठ्यक्र हेतु (05 पद सहा0 आचार्य)योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय नियमावली के अनुरूप। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन के साथ अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियॉ एवं दो फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 14 दिन के अन्दर आवेदन करें।
नोट :– सम्बन्धित विषय से परास्नातक के साथ पी0एच0डी0 अथवा नेट की अर्हता अनिवार्य।
सम्पर्क सूत्र :–
1. 9450908295, 2. 8931828126
E-Mail. ID :-
sss.kanwakhera@gmail.com

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों, शुभचिंतकों, मित्रों सहित समाजवादी पार्टी के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्राम कर्री के समस्त ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कौशल चौधरी
जिला उपाध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान कर्री
समाजवादी पार्टी
जनपद–संतकबीरनगर।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपदवासियों एवं राष्ट्रीय लोकदल के समस्त पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई।
अजय सिंह सैंथवार
वरिष्ठ नेता व प्रदेश प्रवक्ता
राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश

73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई
मद्रास चश्मा घर
कम्प्यूटराइज्ड आई टेस्टिंग
गांधी नगर पक्का बाजार – बस्ती

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
Majid Khan
9415037145
VIRGO LAMINATES
AADHUNIK PLYWOOD HARDWARE
Adhunik Market Gandhi Nagar Basti, 272001

समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री शिव जी
नाजिर सदर/पेशकार
ए.डीएम सिटी, कलेक्ट्रेट
जनपद–संतकबीरनगर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त जनपदवासियों, समस्त व्यापारियों, शुभचिंतको, मित्रों एवं अग्रहरि समाज के समस्त भाईयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के सभी व्यापारियों के साथ खड़ी है।
श्रवण अग्रहरि
जिलाध्यक्ष
अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल
जनपद–संतकबीरनगर

खलीलाबाद नगर सहकारी बैंक लि0
खलीलाबाद, जनपद–संतकबीरनगर
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हम अपने खाताधारकों, सदस्यों, अंशधारकों, सहकर्मियों, शुभचिंतकों एवं जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं तथा हार्दिक अभिनंदन करते हैं।
हमारी विशेषताएं:
(1)–सभी शाखाएं पूर्णतः CBS, RTGS, NEFT सुविधा से युक्त।
(2)–अन्य बैंकों से अधिक ब्याज।
(3)–ATM की सुविधा उपलब्ध।
(4)–दैनिक जमा योजना (डेली डिपाजिट स्कीम) लागू
हमारी शाखाएं :
(1)–मुख्य शाखा–गोला बाजार खलीलाबाद
(2)–कलेक्ट्रेट खलीलाबाद
(3)–मेंहदावल–संतकबीरनगर
(4)–धनघटा–संतकबीरनगर
(5)–सेमरियावां–संतकबीरनगर
राजेश प्रकाश मिश्र
सचिव/सामान्य प्रबन्धक
खलीलाबाद
नगर सहकारी बैंक लि0
खलीलाबाद–संतकबीरनगर
इन्द्रजीत मिश्र
अध्यक्ष/पूर्व सांसद
खलीलाबाद
नगर सहकारी बैंक लि.
खलीलाबाद–संतकबीरनगर

नवयुग मेडिकल सेन्टर प्रा0 लि0
मालवीय रोड, बस्ती
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY HOSPITAL
डा. नवीन कुमार
M.B.B.S. DCH (M.A. New Delhi)
(फिजिशियन एवं अल्ट्रा)
डा. श्रीमती शशि श्रीवास्तवा
M.B.B.S. D.C.O.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डा. श्रीमती श्वेता श्रीवास्तवा
M.B.B.S. D.C.O.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
डा. अभिजात कुमार
M.B.B.S. M.S., F.M.A.S.
(सर्जन)
डा. पी.के. श्रीवास्तव
M.B.B.S. DCH (M.A. New Delhi)
(बाल रोग विशेषज्ञ)
डा. पी.के. श्रीवास्तव
M.B.B.S. D.C.O.
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क नं0 – 7388037152, 9198916147
सुविधाएं : 4 डी अल्ट्रा साउण्ड 300 Ma X ray. E.C.O., Maternity Laproscopic Surgery,
24 hour Emergency Ambulance Lithoripay

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## हिण्डाल्को ने दी सीटी स्कैन की सौगात

**सोनभद्र।** हिण्डाल्को प्रबंधन सदा से ही अपने सहकर्मियों एवं उनके परिजनों तथा आस-पास के निवासियों को बेहतर एवं अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधायें देने में तत्पर रही है। फिर चाहे वो कोविड काल में जिला अस्पताल के लिए आक्सिजन कन्सनट्रेटर की व्यवस्था हो करहिया में सालों से बंद पड़े आक्सिजन प्लांट को शुरू करवाना हो या जिला अस्पताल तथा हिण्डाल्को अस्पताल में आक्सिजन प्लांट की स्थापना व सेन्ट्रल आक्सिजन सिस्टम लगवाना सभी में मानवता के प्रति कम्पनी की मानवीय दृष्टिकोण की झलक मिलती है।

## एनटीपीसी रिहंद में गणतन्त्र दिवस समारोह

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद के सोन-शक्ति स्टेडियम में बुधवार को कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के साथ पुरस्कार वितरण के बीच 73वां गणतन्त्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया । समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक देबब्रत पॉल ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर किया ।

## गर्भवती व धात्री का कोविड टीकाकरण जरूरी

**मीरजापुर।** कोविड टीकाकरण आम लोगों की तरह ही गर्भवती व धात्री माताओं के लिए भी बहुत ही जरूरी है। गर्भवती के लिए तो यह इसलिए भी अधिक जरूरी है क्योंकि उनके खुद के साथ गर्भ में पल रहे शिशु की सुरक्षा भी जो उनसे जुड़ी है। गर्भवती व धात्री माताओं की बेहतर देखभाल के लिए घर-परिवार के सदस्य भी बराबर उनके निकट संपर्क में होते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**काशी हिन्दू** विश्वविद्यालय में आज देश का 73वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम विश्वविद्यालय के एम्फि थियेटर मैदान पर हुआ, जहां कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कुलगुरू प्रो. वी. के. शुक्ला, कुलसचिव डॉ. नीरज त्रिपाठी समेत विभिन्न संस्थानों के निदेशक, संकायों के प्रमुख, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारीगण व छात्र उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को अपने संबोधन में कुलपति जी ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के पीछे महामना मदन मोहन मालवीय जी के उद्देश्य को वर्तमान संदर्भ में देखने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि महामना मानते थे कि अगर देश को गुलामी की जंज़ीरों से मुक्त कराना है तो ये देश के युवाओं के हाथ में सिर्फ बंदूकें थमा कर नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए उन्हें शिक्षित करना होगा, उनका बौद्धिक एवं शैक्षणिक विकास करना होगा और इस विचार के साथ महामना ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय जैसे महान संस्थान की स्थापना की। प्रो. जैन ने महामना के विचार को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रख कर विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों का आह्वान किया कि वे मालवीय जी के उद्देश्य को आगे लेकर जाएं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कमिश्नरी कार्यालय प्राचीर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना हमारे लिए गौरव का पल है-एएनएम रानी कुंवर' 73 वां गणतंत्र दिवस मंडल सहित जनपद में बुधवार को पूरे हर्षोल्लास एवं सादगी के साथ मनाया गया। कमिश्नरी कार्यालय के प्राचीर पर कमिश्नर दीपक अग्रवाल की मौजूदगी में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडेपुर की एएनएम रानी कुंवर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## मीरजापुर में भी उत्साह

**मीरजापुर।** में 73वें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूर जनपद में धूम धाम व हर्षोल्लास के मनाया गया। जनपद के सभी सकारी व गैर सरकारी तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहरण के साथ स्कूली बच्चों के द्वारा देश भक्ति पर आधारित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पुलिस लाइन में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र के द्वारा परेड की सलामी ली गयी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त योंगेश्वर राम मिश्र के द्वारा आयुक्त कार्यालय एवं जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के द्वारा कलेक्ट्रेटए मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस एवं जिला सूचना अधिकारी के द्वारा जिला सूचना कार्यालय में ध्वजारोहरण किया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहरण के बाद राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय एकता, अखण्डता धर्मनिरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाये रखने के दृष्टिगत शपथ भी दिलायी गयी। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के द्वारा कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहरण से पूर्व नार घाट स्थित शहीद उद्यान पहुॅचकर शहीदो की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि दी गयी।

## मऊ जिले में भी रहा उल्लास

**मऊ।** जिले में 73 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण व राष्ट्रगान किया गया। इस क्रम में नगर क्षेत्र के परदहां स्थित वेलनेस सेंटर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से वैद्य तेज बहादुर सिंहए डॉण् एसबी सिंहए डॉण् अजीत यादवए डॉण् विजय कुमारए श्रीप्रकाश बरनवालए डॉण् आलोक सिंहएहकीम सइदुर्रहमानए हकीम रुउफए डॉण् नवनीत श्रीवास्तए डॉण् सुरेन्द्र सिंहए संजीव सिंहए संजय द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। उधर शारदा नारायन हॉस्पिटल के संस्थापक व रोटरी क्लब मऊ के अध्यक्ष डॉण् संजय सिंहए लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ सुजीत सिंहए एडवोकेट सुनील सिंहए डॉ एकीका सिंह के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के बाद शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके बाद छात्रों ने मां सरस्वती की पूजा की। इंस्टिट्यूट की चेयरमैन डॉ एकीका सिंह ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि आज हम लोग के लिए बहुत ही खुशी और गर्व का दिन है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस सोशल मीडिया पर लोगों ने की अपील, जानिए मतदान का अधिकार

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**देशभर** में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। हर साल 25 जनवरी को नेशनल वोटर डे मनाया जाता है। यह देश के वोटरों का त्योहार है क्योंकि वे अपने वोट द्वारा देश की सरकार चुनते हैं। इस त्योहार को 25 जनवरी को मनाने के पीछे एक खास वजह भी है। दरअसल 25 जनवरी 1950 को देश में चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। इसी दिन को याद रखने और चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को सेलीब्रेट करने के लिए नेशनल वोटर डे मनाया जाने लगा। इस दिन चुनाव आयोग जनता को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करता है और 18 साल के युवाओं को वोटर आईडी सौंपता है।

**COLLEGE OF INNOVATIVE MANAGEMENT & SCIENCE**
**(Running: BBA, BCA, B.Com, B.Com.(H), B.Ed.)**
**Associated by University of Lucknow, Lucknow**

Application are invited for the post of **Lecturer** in following Course
**(1) Bachelor of Business Administration (BBA)**
**Eligibility Criteria:** As per Lucknow University Norms Eligible candidates are requested to send their bio-data with photocopies of all documents through email/registered post within 07 days from date of advertisement.

**Address: Management Park, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow - 226010 Contact No. 9889010040, 8417003515, 0522-3500547**
**www.cims.edu.in, cimsedu7@gmail.com**

## मऊ के घोसी से चुनाव लड़ेंगे पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान

संवाददाता। मऊ

**भारतीय जनता** पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थामने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान इस बार घोसी विधान सभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सिम्बल पर चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को समाजवादी पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद जिले का राजनीतिक पारा एक बार फिर परवान चढ़ गया है। दारा सिंह चौहान ने अपना राजनीतिक सफर आजमगढ़ जनपद से छात्र राजनीति के रुप में शुरु किया था। वे वे काफी दिनों तक कांग्रेस संगठन में बतौर पदाधिकारी रहे। वर्ष 1996 में सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने उन्हें राज्यसभा भेजा था।




**Format C-7**

**Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates.**
**(As per the Commission's direction issued in pursuance of the order dated 24.03.2020,of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)**

**Name of Political Party :** AAM AADMI PARTY
***Name of the Election :** LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION-2022
**Name of the Sate/UT :** UTTAR PRADESH

| Sl.No | | Name of the constituency : **Saharanpur** | Name of the constituency : **Rampur** | Name of the constituency : **Muradabad** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents : | Name of the Candidate : **Yogesh Kumar Dahiya** | Name of the Candidate : **Faisal Khan** | Name of the Candidate : **Arun Prakash Singh** |
| | a) Nature of the offences | **a,b,c,d : 420,467,468,471,120B of IPC e) 506 of IPC, f) U/s 420,406,504,506- IPC** | **a) 147,341,7 of IPC, b) 147,341,353,504,506-IPC, c) 147,148,149,307,452,323,188,504,506-IPC, d) 500,504 -IPC, e) 7,147,148,352,504-IPC, f) 147,149,153,341,353-IPC, g) 143,188,341-IPC, h) 147,186-IPC, i) 171,126(2)-RPAct.** | **a) 188 -IPC b) 124A -IPC c) 174 Railway Act** |
| | b) Case No. | **a) 98/AC/14, b) 98/BC/14, c) 98/CC/14, d) 98/C/14, e) NCR/11/11, f) 32/2022** | **FIR: a)1606/2010, b) 1607/2010, c) 95A/2014, d) 98/2016, e) 751/2016, f) 230/2019, g) 1000/2019, h) 14/2019, i) 16/2017** | **a) 5322/2017 b) 380/16 c) 2956/2018 RPF** |
| | c) Name of the Court | **a,b,c,d, f : CJM, Saharanpur e) ACJM, Saharanpur** | **a,b,d,e.f.g,i : CJM- Rampur. c & h : ACJM Rampur.** | **a) ACJM-05, Muradnagar b) CJM, Moradabad c) ACJM Railway, Moradabad** |
| | d) Whether charges have been framed or not: Yest /No | No | No | No |
| | e) Date of conviction (if any) : | NA | NA | NA |
| | f) Details of punishment undergone (if any) | NA | NA | NA |
| | g) Any other Information required to be given | NA | NA | a,c- NA, b-FR |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate, Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mer " winnablilty" atg the polis (not more than 100 words) | He has worked tirelessly while maintaining his integrity & character & upholding the values ideal for an AAP candidate. FIRs are politically motivated. | A young, dynamic and bold leader who has questioned the wrong doings of a cabinet minister & resultantly we believe that the cases were instituted falsely against him. | A party volunteer working to implement the vision of AAP in the state of UP. FIRs are politically motivated. |
| 3. | Reasons as to why other individuals withour criminal antecedents could not to be selected as candidates (not more than 100 words) | He worked to implement the vision of AAP, in comparison to any other person from the area. | No other prospect with similar popularity among the constituents. | No other candidate with similar ground support. |

| Sl.No | | Name of the constituency : **Jalalabad** | Name of the constituency : **Badapur** | Name of the constituency : **Muradabad Grameen** | Name of the constituency : **Chhata** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents : | Name of the Candidate : **Santram Singh Chauhan** | Name of the Candidate : **Nirmal Mishra** | Name of the Candidate : **Ishrat Ali** | Name of the Candidate : **Prahlad Singh Chaudhary.** |
| | a) Nature of the offences | **a) 447,323-IPC, b) 427,323 -IPC** | **IPC 506 -3A SC ST Act** | **120 B,420,406 506** | **a) 3,4-PDPP Act** |
| | b) Case No. | **a) 5227/17, b) 457/17** | **259/2018** | **C C No. 0002/16** | **FIR no: 416/2018** |
| | c) Name of the Court | **ACJSD** | **2nd ADJ (SC ST Act)** | **High Court, Allahabad.** | **a) J.M Chhata Mathura.** |
| | d) Whether charges have been framed or not: Yest /No | No | No | No | No |
| | e) Date of conviction (if any) : | NA | NA | NA | NA |
| | f) Details of punishment undergone (if any) | NA | NA | NA | NA |
| | g) Any other Information required to be given | NA | NA | NA | NA |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate, Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mer " winnablilty" atg the polis (not more than 100 words) | A dedicated ground worker with immense support vociferously raising his voice against the injustice perpetuated by the system. | A grass-root worker working at the village level. The candidate complained about corruption in the Govt Girl center college Afzalgarh, false cases were leveraged against him. | The Candidate has worked tirelessly while maintaining his integrity & character. | A social worker of 20 years. A person of repute with strong credentials of working for the marginalized section. Very popular and loved by all. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not to be selected as candidates (not more than 100 words) | The Candidate enjoys more support in comparison to any other prospect from the constituency. | He is determined to fight against the corrupt practices of the established forces & no such prospect exists. | No other candidate with a similar zeal to stand up against injustice. | No other candidate was found of similar stature. |

राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से

# वर्ष भर में निस्तारित होने वाले वादों की संख्या रही एक करोड़

संवाददाता। फतेहपुर

**जिला** विधिक सेवा प्रधिकरण सचिव श्रीमती अनुराधा शुक्ला ने बताया कि इस बार लोक अदालत की थीम एक मुट्ठी आसमां है ये थीम गरीबों तथा समाज के हासिये पर रहने वाले वर्गों के लिए भरोसा, द्रष्टनिश्चत तथा आशा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्रधिकरणो का गठन समाज के कमजोर वर्गो को मुक्त एवं सक्षम विधिक सेवाओं को प्रदान करने के लिए किया गया है कि आर्थिक या किसी अन्य करणो से कोई भी नागरिक न्याय पाने से वंचित न रहे, का गठन लोक अदालत का आयोजन करने के लिये भी किया गया है। जिससे न्यायिक प्रणाली सामान्य अवसर के आधार पर सबके लिये न्याय सुगम बना सके। कहा कि लोक अदालत कानूनी विवादों का सुलह की भावना से न्यायालय से बाहर समाधान करने का वैकल्पिक विवाद निष्पादन का अभिनव तथा सर्वाधिक लोकप्रिय माध्यम है। जहां आपसी सूझ-बूझ से विवादों का समाधान किया जाता है। लोक अदालत सरल एवं अनोपचारिक प्रक्रिया को अपनाती है तथा विवादों का अभिल ब निपटारा करती है। इसमें पक्षकारों को कोई शुल्क भी नही लगता है। लोक अदालत से न्यायालय में लंबित मामले का निष्पादन होने पर पहले से भुगतान किये गये अदालती शुल्क को भी वापस कर दिया जाता है।

कार्यालय उप निदेशक (वि0/यॉ0)
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0**
किसान मण्डी भवन, द्वितीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
पत्रांक – नि0ख0/लखनऊ/ई-निविदा/2022-3807 दिनांक : 27-01-2022
अति-अल्पकालीन ई-निविदा शुद्धि पत्र (द्वितीय आमंत्रण)
इस कार्यालय पत्रांक-नि0ख0/लखनऊ/ई-निविदा/2022-3709 दिनांक 12.01.2022 के माध्यम से दिनांक 27.01.2022 को ई-निविदा आमंत्रित की गयी थी किन्तु निविदायें प्राप्त न होने के कारण दिनांक 04.02.2022 को पुनः आनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.02.2022 की अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.02.2022 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी। शेष नियम व शर्ते यथावत् रहेंगी।
नोट : 2022_RKUMP_675201_1 दिनांक 27.01.2022. वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर नियम शर्तों सहित उपलब्ध है।
उपनिदेशक (निर्माण)

Fullerton Grihashakti
Iraada hai toh Raasta hai
**फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय : तल 5 एवं 6, बी-विंग, सुप्रीम आईटी पार्क, सुप्रीम सिटी, पोवाई, मुंबई-400076
पंजी. कार्यालय : मेघ टावर्स, तल 3, पुराना नंबर 307, नया नंबर 165, पूनामल्ली हाई रोड, मदुरावोयाल, चेन्नई-600095
**मांग सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के प्रावधानों के तहत
अधोहस्ताक्षरी ने फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड (एफआईएचएफसी) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधिनियम के तहत और अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना(एं) जारी की थी/थीं, जिसमें/जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशि उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। अधोहस्ताक्षरी का तर्कसंगत विश्वास है कि कर्जदार मांग सूचना(ओं) की तामील से बच रहा/रहे हैं, अतएव सूचना की तामील नियमों के अनुसार चस्पा करने और प्रकाशन द्वारा अमल में लाई जा रही है। मांग सूचना(ओं) की विषय-वस्तु का सार नीचे दिया गया है :-

| क्र.सं. | कर्जदार/सह-कर्जदारों सम्पत्ति धारकों का नाम, जैसा भी मामला है | धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और कुल बकाया राशि |
|---|---|---|
| 1 | ऋण खाता सं. : 610407210450303<br>(1) मोहम्मद अजीम शाद, पुत्र जाकिर हुसैन (कर्जदार)<br>(2) जाकिर हुसैन, पुत्र खलील अहमद (सह-कर्जदार)<br>पता 1 : आर/ओ. 732, मलूकपुर, बाजार, मलूकपुर चौकी, बरेली, उत्तर प्रदेश-243 003. | तिथि : 21-01-2022 एवं<br>रू. 40,81,857.12 (रू. चालीस लाख इक्यासी हजार आठ सौ सत्तावन तथा पैसे बारह मात्र)<br>एनपीए तिथि : 31-12-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्लॉट स्थित खेत नंबर 276 एम, 277 एम, जगतपुर, लाला बेगम बहार, चुंगी, तहसील सदर एवं जिला बरेली, उत्तर प्रदेश, परिमाप 100 वर्ग गज | |
| 2 | ऋण खाता सं. : 610607210609436<br>1. देवेश कुमार यादव पुत्र मुन्नी सिंह यादव (कर्जदार)<br>2. मोनिका यादव पत्नी देवेश कुमार यादव (सह-कर्जदार)<br>पता 1 : आर/ओ. प्लॉट नंबर 40 पर निर्मित मकान, खसरा नंबर 837-एस, विकास विहार कालोनी, छोटा भारवारा, गोमती नगर, उत्तर प्रदेश-226 010 | तिथि : 21-01-2022 एवं<br>रू. 62,68,218.80 (रू. बासठ लाख अड़सठ हजार दो सौ अठारह तथा पैसे अस्सी मात्र)<br>एनपीए तिथि : 31-12-2021 |
| | प्रतिभूत आस्ति/बंधक सम्पत्ति का विवरण :- प्लॉट नंबर 85 एवं 86 पर निर्मित मकान मय भूमि परिमाप 199.814 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 1013, स्थित भारवारा (छोटा भारवारा) परगना तहसील एवं जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश चौहद्दी निम्नानुसार :- पूरब : अन्य की भूमि, पश्चिम : 24 फीट चौड़ी रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर 87, दक्षिण : प्लॉट नंबर 87 | |

कर्जदार(रों) को एतद्द्वारा मांग सूचना(ओं) का अनुपालन करने और उसमें तथा यहां ऊपर वर्णित मांग राशि इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर, भुगतान की तिथि तक लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस प्रभार, लागत और खर्चों सहित चुकाने की सलाह दी जाती है। कर्जदार नोट करें कि एफआईएचएफसी एक प्रतिभूत लेनदार है तथा कर्जदार(रों) द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा कर्जदार(रों) द्वारा बंधक रखी गई प्रतिभूत आस्ति(यों) के रूप में अचल सम्पत्ति/सम्पत्तियों के ऐवज में प्रतिभूत ऋण है। यदि कर्जदार पूरी बकाया राशि निर्धारित समयसीमा के भीतर चुकाने में असफल रहते हैं, तो एफआईएचएफसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने की हकदार होगी, जिसमें प्रतिभूत आस्ति(यों) का कब्जा लेना, परंतु उसी तक सीमित नहीं, अपितु भुगतान वसूली के लिए उसको बिक्री द्वारा हस्तांतरित करना अथवा अधिनियम और तदधीन विरचित नियमों के तहत उपलब्ध अन्य उपाय करना शामिल है। एफआईएचएफसी को बिक्री अथवा हस्तांतरण के अधिकार प्रयोग से पहले प्रतिभूत आस्ति(यों) को कुर्क तथा/अथवा सील करने का भी अधिकार है। प्रतिभूत आस्ति(यों) की बिक्री करने के बाद, एफआईएचएफसी को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि बंधक सम्पत्तियों के मूल्य से एफआईएचएफसी की पूरी बकाया राशि वसूल नहीं हो पाती है। यह उपाय, एफआईएचएफसी को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध अन्य सभी उपायों के अतिरिक्त है।
कर्जदार(रों) का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधान की ओर तथा अधिनियम की धारा 13 (13) आकृष्ट किया जाता है, जिसके द्वारा कर्जदार एफआईएचएफसी की पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी भी प्रतिभूत आस्ति(यों) का हस्तांतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से (व्यवसाय की आम विधि को छोड़कर) करने अथवा निपटान अथवा संव्यवहार करने हेतु प्रतिबंध/पाबंदी लगी है और उपरोक्त का पालन नहीं करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है तथा कर्जदार, यदि वे ऐसा चाहते हैं, अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्यदिवस को कार्यालय के सामान्य कार्यसमय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।
स्थान : बरेली/लखनऊ, उत्तर प्रदेश हस्ता./-
तिथि : 28-01-2022 प्राधिकृत अधिकारी, फुलरटन इंडिया होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालपी-जालौन**










"स्वच्छ कालपी सुन्दर कालपी"
" 26 जनवरी 2022, गणतंत्र दिवस" के पावन पर्व पर
समस्त नगर वासियों एवं शुभचिन्तकों को नगर पालिका परिषद
कालपी की ओर से हार्दिक बधाई "

नगर में सफाई, रोशनी, जल प्रदूषण नियंत्रण, विधान सभा सामान्य निर्वाचन-22 में मतदान, चौमुखी विकास एवं कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन हेतु नगर के नागरिकों से निम्नलिखित अपेक्षा की जाती है कि : -

1. स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर को साफ-सुथरा रखने में नगर पालिका को सहयोग प्रदान करें।
2. पालिका के चिन्हित स्थलों/कूड़ादानों में ही अपने घरों का कूड़ा-कचरा डालें।
3. अपने घर के आस-पास नालियों एवं रास्तों में गन्दगी न फैलायें एवं प्लास्टिक/पॉलीथीन का प्रयोग बिल्कुल न करें।
4. कोविड-19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये मास्क का उपयोग करें, आपस में शोसल डिस्टेन्सिंग अपनायें तथा बार-बार हांथों को साबुन से धोयें अथवा सेनेटाइज करें।
5. आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।
6. रोड पटरी पर जानवरों को न बांधे, घरों के बाहर निर्माण सामग्री न रखें, आवागमन में सहयोग प्रदान करें।
7. नगर की स्ट्रीट लाइटों को क्षति न पहुंचायें अनावश्यक रूप से दिन में लाईट जलने पर पालिका को सूचित करें।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
9. भवनकर, लाईसेन्स शुल्क, किराया दुकान एवं व्यापार एवं व्यवसाय शुल्क आदि की समय से अदायगी कर नगर के विकास में सहयोग प्रदान करें।
10. नगर पालिका द्वारा नगर में कराये जा रहे विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें यदि कोई समस्या हो तो पालिका को तत्काल सूचित करें।
11. मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु गन्दा पानी न रहने दें।
12. नगर पालिका की नजूल भूमि एवं नाला-नालियों पर अतिक्रमण न करें तथा रास्तों में जानवर न बांधे।






| (हरिभूषण सिंह चौहान) | समस्त सदस्यगण/ | (के0के0 सिंह) | बैकुंठी |
|---|---|---|---|
| लेखाकार/प्रधान लिपिक | समस्त स्टाफ | पं0 अधिशासी अधिकारी/S.D.M. | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| कालपी -जालौन | कालपी -जालौन | कालपी -जालौन | कालपी -जालौन |

# मतदान कार्मिक प्रशिक्षण को भली प्रकार से लें, लापरवाही नहीं होगी क्षम्य: जिलाधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**विधान** सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रथम प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर वहां जायजा लिया जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों से भली प्रकार लेए प्रशिक्षण में जिन कार्मिकों को प्रशिक्षण में कोई दिक्कत या समस्या हो तो उसे अवगत अवश्य करायेए जिलाधिकारी ने कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा जो प्रशिक्षण स बन्धी जानकारियां दी जा रही है उसे भली भांति पढ़ ले व समझ ले जिन बिन्दुओं में प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों को संशय हो उनको बार-बार पूछ लेए मतदान के दौरान उनके द्वारा कार्य में हीला हवाली किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबन्धी मिलने वाले दस्तावेजों को किस तरीके से भरा जायेंगा व उन्हें सील किया जायेगा इसकी भी जानकारी अवश्य हासिल कर लेए इसके साथ-साथ ईवीएम मशीनों को खोलनेए मतदान के उपरान्त लॉक करने आदि की गतिविधियों की भली प्रकार से जानकारी हासिल करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में अपना सहयोग करेंए कोरोना गाइडलाइन के प्रति जानकारी देते हुए कहा कि अभी भी जिन व्यक्तियों का टीकाकरण छूटा हुआ है वह कक्ष के बाहर बने वैक्सीनेशन सेन्टर पर पहुंचकर अपना टीकाकरण अनिवार्य रूप से करा ले। वहीं जिलाधिकारी ने कक्षों में चल रहे प्रशिक्षण का भी जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अच्छी तरीके से प्रशिक्षु प्रशिक्षण ले तथा आपके प्रशिक्षण से ही विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सफल बनाया जा सकता है।

## दिव्यांग मतदाताओं के लिए सम्पूर्ण व्यवस्थाएं करें दुरस्त

**कानपुर देहात।** डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में संपूर्ण व्यवस्थाओं के संबन्ध में बैठक आयोजित हुईए बैठक में डीएम ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा सुगम्य निर्वाचन पर विशेष बल दिया जाये आयोग के निर्देशानुसार जनपद तहसीलों तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर स्वीप कोर कमेटी तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए एक कमेटी का गठन करे जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी समस्त एसडीएम जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी आदि को शामिल जाये इन कमेटी के सदस्यों द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन दिव्यांग मतदाताओं के सुगमतापूर्ण आवागमन हेतु मतदान केन्द्रों पर रैप शौचालय ट्राईसाइकिल इत्यादि संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरस्त कर ली जाये।

## टिकट न मिलने पर खफा कई दलो के नेताओं ने पार्टी बदली

**फर्रुखाबाद।** जो नेता कुछ दिन पहले तक अपनी पार्टी का गुणगान और दूसरे दल की बुराई करते नहीं थकते थे, उन्हीं नेताओं की आस्था तब बदल गई। जब उन्हें उनकी पार्टी ने टिकट नहीं दिया। फर्रुखाबाद सदर सीट से कांग्रेस में टिकट मांग रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय कटियार बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए तो भोजपुर में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चना राठौर कांग्रेस में शामिल हो गईं। अमृतपुर से समाजवादी पार्टी से टिकट कटा तो पूर्व मंत्री बाबू नरेंद्र सिंह यादव ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। सभी राजनीतिक दल विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी घोषित कर रहे हैं। एक एक पार्टी में सभी सीटों पर कई दावेदार थे। ऐसे में जैसे ही पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित कर रही। तो टिकट से वंचित दावेदारों की निष्ठा भी बदल रही है। इसी क्रम में सदर सीट पर टिकट की मांग कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय कटियार बुधवार को बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गए।

# दुर्घटना में दो युवकों की मौत

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**मंगलवार** को देर रात घने कोहरे ने दो बाइक सवार युवकों की जान ले ली। वेजिबिल्टी शून्य होने के कारण तेज र तार अज्ञात वाहन ने हरदोई मार्ग पर स्थित चंद्रलोक शीतालय के सामने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार वेटर का काम करने वाले दो युवकों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही दोनों मृतकों के परिजनों तथा ग्रामीणों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर रुझ निवासी विमल पुत्र संतोष कुमार 18 वर्ष व नगर के मोहल्ला प्रेमगंज निवासी हिमांशु पुत्र मुन्ना 22 वर्ष दोनों युवक मांगलिक कार्यक्रमों में वेटर का काम करते हैं। दोनों युवक बीते मंगलवार को कस्बा गंज मुरादाबाद स्थित अतिथि गृह में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में वेटर का काम करने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों युवक देर रात बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे। तभी उन्नाव.हरदोई मार्ग पर चंद्रलोक कोल्ड स्टोरेज के सामने तेज र तार अज्ञात वाहन का चालक घने कोहरे की धुंध के चलते बाइक को देख नहीं सका और उसने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दोनों युवक सड़क पर सिर के बल जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची गंज मुरादाबाद चौकी पुलिस ने आनन फानन घायलों को सरकारी एंबुलेंस से यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को दी।

मौत की खबर मिलते ही दोनों मृतकों के परिजनों तथा गांव में कोहराम मच गया। परिजन रात में ही रोते बिलखते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

भाजपा ने किया डैमेज कंट्रोल

# सदर प्रत्याशी असीम अरूण के समर्थन में एकजुट हुए दिग्गज



संवाददाता। कन्नौज

**भारतीय** जनता पार्टी की टिकट पर सदर विधानसभा सीट से उम्मीदवार असीम अरूण के समर्थन में सांसद सुब्रत पाठक के नेतृत्व में गुरूवार को नेताओं ने प्रेस वार्ता कर एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान पूर्व विधायक बनवारी लाल दोहरे की भूमिका महत्वपूर्ण रही। गौरतलब है कि सदर विधानसभा सीट पर भाजपा में टिकट के लिए पूर्व विधायक बनवारी लाल दोहरे समेत भाजपा नेता तरूण चन्द्रा, आरएस कठेरिया व रामेन्द्र कटारा ने आवेदन किया था लेकिन ऐन वक्त पर पुलिस कमिश्नर पद से इस्तीफा देकर राजनीति में आए असीम अरूण को भाजपा ने सदर विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया था। जिससे टिकट के दावेदारों में निराशा थी। भाजपा से जुड़े सूत्रों की माने तो कन्नौज सदर से असीम अरूण को पक्ष में सभी नेताओं को लामबंद करने के लिए केन्द्रीय नेतृत्व ने मोर्चा सम्भाला था और पिछले दिनों भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के साथ पूर्व विधायक बनवारी लाल की बैठक भी हुई थी।

## चौथे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**उन्नाव।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी रवींद्र कुमार द्वारा नामांकन के पूर्व नामांकन कक्ष एवं सुरक्षा के दृष्टि से बैरीकेटिंग आदि का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रत्याशी को अनावश्यक परेशानी न हो इसकी तैयारी पूर्ण रूप से कर ली जाए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोग्राफी वीडियोग्राफी एवं सुरक्षा की दृष्टि से सभी नियमों का पालन कड़ाई से कराया जाए। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आज पहले दिन भारतीय जनता पार्टी सदर विधानसभा से निवर्तमान विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा से निवर्तमान विधायक अनिल सिंह व भगवंत नगर से अजय मिश्रा ने अपना नामांकन पत्र संबंधित नामांकन कक्ष में दाखिल किया। इसी कड़ी में नामांकन प्रपत्र भी प्रत्याशियों द्वारा खरीदे गए जिसमें बांगरमऊ से 06, सफीपुर से 05, भगवंत नगर से 04,मोहान से 10, सदर से 10, तथा पुरवा से 06 पर्चे खरीदे गए।

## क्विक न्यूज

### धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, लहराए तिरंगा

**पुखरायां, कानपुर देहात।** बीते बुधवार को क्षेत्र के सरकारी प्रतिष्ठानों एवं विद्यालयों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस समारोह धूमाधाम से मनाये गए। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने प्रभातफेरियां निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। कस्बा अमरौधा के श्री बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रबंधक यतीश चंद्र मिश्र ने ध्वाजारोहण किया। इस दौरान उपाध्यक्ष हुब्बलाल यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के रईस अहमद राईन, रामकिशोर शुक्ल भी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया। शिक्षक विनीत कुमार वाजपेयी, पुष्पेंद्र कुमार पांडेय, नंदलाल पाल, गंभीर सिंह, अखिलेश कुमार विश्वकर्मा, अवनीश शुक्ला, रामबाबू एवं सारिक अली ने विचार व्यक्त किए। गया प्रसाद शुक्ल, विकास कुमार मिश्र, राजूबाबू गुप्त, रामविलास गुप्त भी मौजूद रहे। विकासखंड कार्यालय में ब्लाक प्रमुख प्रमिला कटियार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डा. आदित्य सचान, नगरपंचायत कार्यालय में अधिशाषी अधिकारी ईओ पंकज सिंह, प्राथमिक विद्यालय हलधरपुर में ग्राम प्रधान परवीन बेगम, जलपुरा में धर्मेंद्र यादव, चौरा में नीरज कुमार, अटवा में गोपाल कृष्ण ने ध्वजारोहण कर मिठाई बांटी।

### बीजेपी से मेजर,नागेन्द्र, सुशील का नामांकन

**फर्रुखाबाद।** गुरूवार को दोपहर भाजपा से घोषित तीनो प्रत्याशियों ने सदर,अम्रतपुर,भोजपुर से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। तीनों प्रत्याशियों ने अपना जीत को मजबूत बताया। गुरूवार दोपहर 12 बजे सदर सीट से प्रत्याशी मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भोजपुर से प्रत्याशी नागेन्द्र सिंह राठौर व अमृतपुर से प्रत्याशी सुशील शाक्य ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। तीनो प्रत्याशीओ ने जीत के दावे को मजबूत बताते हुए कहा की सरकार की योजनाये व बेहतर कानून व्यवस्था उन्हें पुन: विजय बनायेगी। कायमगंज सीट पर भाजपा व अपना दल गठबंधन प्रत्याशी डॉ सुरभि को टिकट दी गयी है उनकी टिकट घोषणा आज ही की गयी। लिहाजा उनका नामांकन अभी नहीं हुआ।

### सामुदायिक शौचालय में मिला युवक का शव

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** पांच दिन पहले घर से लापता हुए युवक का शव कस्बे के सामुदायिक शौचालय में पड़ा मिला। लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने क्षेत्र में फोटो वायरल की तो उसका पिता मौके पर पहुंचा और शिना त कर अन्य जानकारी दी। गुरुवार सुबह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर बने माडल सामुदायिक शौचालय में 32 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। सुबह करीब सात सामुदायिक शौचालय प्रभारी अजय कुमार वहां पहुंचे तो शौचालय में शव पड़ा देख सूचना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मुन्ना कुमार पासी को दी। उसके बाद पुलिस ने युवक के शव की फोटो इंटरनेट मीडिया पर डाल दी। जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव रठौरा मोहद्दीनपुर निवासी रामप्रकाश ने शव की शिना त अपने पुत्र प्रमोद के रूप में की। रामप्रकाश ने बताया कि प्रमोद मानसिक रूप से बीमार रहता था और वह शनिवार से लापता था। रामप्रकाश ने बताया कि उन्होंने गुमशुदगी जहानगंज थाने में दर्ज कराई थी। कस्बा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का कारण पता चलेगा। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन से कटकर पीएसी जवान की मौत

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र में कानपुर झांसी रेलवे लाइन पर नोनापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास देवराहट थाना क्षेत्र के चैन का पुरवा निवासी पीएसी के जवान राघवेंद्र (55) की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई है। उपनिरीक्षक विकल्प चतुर्वेदी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### अंशिका आर्ट झांकी ने मनाई तीसरी वर्षगांठ

**पुखरायां, कानपुर।** अंशिका आर्ट झांकी एवं जागरण पार्टी के ओपनिंग अवसर पर गुरूवार की रात कस्बे के श्यामनगर मंडी समिति में जागराता आयोजित किया गया। जिसमें कलाकारों ने आकर्षक झांकियों एवं गीतों से लोगों का मन मोह लिया। अंशिका आर्ट झांकी एंड जागरण पार्टी के संयोजक वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि 26 जनवरी 2019 को अंशिका आर्ट झांकी एंड जागरण पार्टी की ओपनिंग हुई थी। इसके उपलक्ष्य में गुरूवार की रात ग्रुप की तीसरी वर्षगांठ पूरी होने की खुशी में मां भगवती का विशाल जागरण का आयोजन रखा गया। जिसमें बाहर से पधारे हुए कलाकारों के माध्यम से देवी जागरण हुआ। कानपुर से आए शैलेंद्र शुक्ला भगवान गणेश जी की पूजन किया और देवा हो देवा गणपति देवा भजन सुना कर प्रोग्राम का शुभारंभ किया। वहीं शोभित सरगम ने बम भोले बम भोले भजन सुना कर दर्शकों का मन मोह लिया। कानपुर की दिव्या शास्त्री जी के द्वारा सुंदर सा भजन मेरा दिल तुझपे कुर्बान मुरलिया वाले रे भजन सुनाया। औरैया की टिंकू नादान जी प्रियंका सोनी, शीला सोनी ने झांकियों का भी सुंदर प्रदर्शन किया। वहीं अंशिका-अन्नू के द्वारा राधा किशन की सुंदर से झांकियां , साथ में बाबा भोलेनाथ जी का सुंदर सा तांडव और साथी कलाकार बजरंगी, अमित, अंकित, शिवम् छालिया, प्रशांत, सोहिल, दिव्या लोग मौजूद रहे।

### दो तमंचा एवं 64 किलो गांजा समेत तीन अभियुक्तों गिरफ्तार

**पुखरायां, कानपुर देहात।** सीओ भोगनीपुर प्रभात कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियुक्तों की धरपकड़ के तहत गुरूवार की रात भोगनीपुर पुलिस व एसओजी टीम ने जालौन के बॉर्डर पर चेकिंग अभियान 64 किलो गांजे के साथ तीन अभियुक्तों को गिर तार करके जेल भेज दिया है। सीओ प्रभात कुमार ने बताया कि जालौन और कानपुर सीमा पर गुरूवार की रात चेकिंग कर रहे थे तभी कालपी की ओर से आ रही दो गाड़ियों को रोका गया। तलाशी लेने पर उन गाड़ियों मैं सवार फुरकान निवासी मटियामऊ हरदोई के पास से 23 किलो गांजा एवं तमंचा तनु दुबे निवासी कन्नौज के पास से 20 किलो गांजा और रमेश पाल निवासी फर्रुखाबाद के पास से 21 किलो गांजा व तमंचा बरामद हुआ। भोगनीपुर कोतवाल राजेश कुमार सिंह व एसओजी प्रभारी प्रभात गौतम द्वारा उक्त माल बरामद किया गया।

# समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों ने किया नामांकन



## विधानसभा चुनाव

## ● कन्नौज सदर से अनिल दोहरे, छिबरामऊ से अरविंद यादव ने किया नामांकन

संवाददाता। कन्नौज

**विधानसभा** चुनाव में समाजवादी पार्टी की टिकट से जिले की कन्नौज सदर व छिबरामऊ विधानसभा के प्रत्याशियों ने गुरूवार को नामांकन किया। उम्मीदवारों ने कोविड गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए सादगी से नामांकन किया। समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा सीट से प्रत्याशी अनिल दोहरे, छिबरामऊ विधानसभा सीट से प्रत्याशी अरविन्द यादव ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन किया। इस दौरान सपा प्रत्याशियों ने दावा किया जनपद की तीनों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत होगी और प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।

**44 नामांकन पत्रों की हुई खरीद**

कन्नौज। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के लिए 25 जनवरी से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन गुरूवार को कुल 44 पर्चों की बिक्री हुई। इस दौरान छिबरामऊ के 7 उम्मीदवार, तिर्वा के 5 उम्मीदवार व कन्नौज के 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्रों की खरीद की।

**बसपा ने कन्नौज से तीनों सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार:** कन्नौज। बहुजन समाज पार्टी ने गुरूवार को कन्नौज जिले की तीनों विधानसभा सीटों से अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी। बसपा ने कन्नौज सदर से समरजीत सिंह दोहरे व छिबरामऊ विधानसभा सीट से वाहिदा बानो की टिकट दी है। तिर्वा विधानसभा सीट से बसपा ने भाजपा छोड़कर आए ब्लाक प्रमुख अजय कुमार वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है।

## पूर्व विधायक की बहू एवं चेयरमैन की पत्नी बनी बसपा प्रत्याशी



गुरसहायगंज (कन्नौज)। विधान सभा 2022 सामान्य निर्वाचन के चलते बसपा हाईकमान द्वारा विधान सभा छिबरामऊ से पूर्व विधायक की बहू एवं समधन के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय अहमद सुल्तान उर्फसिब्बू की पत्नी वहीदा बानो जूही को बसपा अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए जाने से कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा जारी की गई विधान सभा चुनाव के प्रत्याशियों की सूची में विधान सभा छिबरामऊ क्षेत्र से पूर्व विधायक की बहू एवं समधन के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय अहमद सुल्तान उर्फसिब्बू की पत्नी बहीदा बानो जूही पर भरोसा जताते हुए बसपा अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। पूर्व चेयरमैन की पत्नी को बसपा प्रत्याशी घोषित किए जाने की खबर पर कार्यकर्ताओं सहित समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर विधान सभा चुनाव में जीत दर्ज कराने की हुंकार भरी। इस दौरान उन्होनें कहा कि क्षेत्र के अबाम के सहयोग एवं आशीर्बाद से ऐतिहासिक जीत का मार्ग प्रस्स्त होगा। इस दौरान सैयद उसैब अहमद, राजू आदि मौजूद रहे।

## घटिया निर्माण देख सीडीओ का चढ़ा पारा, कार्रवाई की कही बात

**सफीपुर उन्नाव।** नाला निर्माण में घटिया सामग्री व पीली ईट प्रयोग होने पर ग्रामीणों ने विरोध कर सीडीओ तक शिकायत पहुंचाई। शिकायत पर सीडीओ ने जांच कर ठेकेदार को फटकार लगायी। सीडीओ ने निर्माण संबन्धी पत्रावली तलब कर कार्यवाही की बात कही है। सफीपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत महदीखेड़ा में करीब आठ लाख से नाला का निर्माण किया जा रहा है। नाला निर्माण में घटिया सामग्री स्टोन डस्ट पीली ईट का प्रयोग होते देख ग्रामीणों ने सीडीओ दिव्यांशु पटेल को सूचना दी। गौशाला का निरीक्षण करने निकले सीडीओ सूचना मिलते ही निर्माण स्थल पर जा पहुंचे। सीडीओ के पहुंचने की सूचना मिलते ही विकास खण्ड अधिकारियो में हड़कंप मच गया। आनन फानन सहायक पंचायत अधिकारी तेजपाल मौके पर जा पहुंचे। सीडीओ दिव्यांशु पटेल ने घटिया सामग्री व पीली ईट का प्रयोग होते देख ठेकेदार को फटकार लगायी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस, फहराया गया तिरंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

- सरकारी और गैर सरकारी सहित संस्थाओं के कार्यालयों में श्रद्धा के साथ हुआ ध्वजारोहण
- काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**73 वें** गणतंत्र दिवस पर बुधवार को सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।इलाहाबाद विश्वविद्यालय सीनेट हॉल परिसर में कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद परेड की सलामी ली। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यूट्यूब और फेसबुक के जरिए कार्यक्रम लाइव किया गया। कुलपति ने अमर शहीदों को श्रद्धा से याद किया। इस मौके पर कुलसचिव प्रो एन के शुक्ल प्रो हर्ष कुमार प्रो ए के मालवीय पीआरओ डा जया कपूर एपीआरओ डा चितरंजन कुमार आदि रहे।

कांशीराम आवास योजना कालिंदीपुरम इरबो कालोनी देवघाट झलवा और नमस्ते भारत सुलेमसराय द्वार आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम पर कैबिनेट मंत्री एवम प्रवक्ता सिद्धार्थ नाथ सिंह ने ध्वज फहराया। इफ्को फूलपुर इकाई परिसर में इकाई प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय कुदेसिया ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान केन्द्रीय विद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया गया। इकाई प्रमुख ने परेड का निरीक्षण किया। सुरक्षा गार्ड एवं पीएसी बैण्ड द्वारा मार्च पास्ट किया गया।परेड का नेतृत्व कर रहे सूबेदार कमलेश दुबे को इकाई प्रमुख ने पुरस्कृत किया। इकाई प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय कुदेसिया ने आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सर्वप्रथम स्वतंत्रता सेनानियों याद किया। इस दौरान महाप्रबंधक गिरिधर मिश्र उप महाप्रबंधक दानवीर सिंह संयुक्त महाप्रबंधक संजय भंडारी के मोहन राव पीके सिंह पी के पटेल ए पी राजेन्द्रन संतोष कुमार शुक्ला संतोष कुमार सिंह इफ्को ऑफीसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र महामंत्री स्वयं प्रकाश इफ्को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय महामंत्री विनय यादव मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो सीमा सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्रो सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लिए सम्मान उल्लास एवं भारतीयता का समारोह है। इस मौके पर कुलसचिव वित्त अधिकारी और पीआरओ डा प्रभात चंद्र मिश्र उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त संजय गोयल ने आयुक्त कार्यालय में ध्वाजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय सविधान की उद्देशिका की शपथ दिलायी। कहा कि विकास की मुख्यधारा में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो। प्रत्येक नागरिक धर्म जाति क्षेत्रवाद सम्प्रदायवाद एवं भाषावाद से ऊपर उठकर अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश को विकास के सर्वोच्च शिखर पर ले जाने का कार्य करें। इस दौरान कमिश्नर संजय गोयल ने पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। जहां कमिश्नर ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर आईजी डा राकेश सिंह एसएसपी अजय कुमार पांडेय एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह एसपी यातायात अरुण कुमार दीक्षित एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित आदि रहे। माधव ज्ञान केंद्र इण्टरमीडिएट कॉलेज नैनी में मुख्य अतिथि काबीना मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और कथा वाचक वाचक शान्तनु महाराज ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी राधे श्याम तिवारी जनार्दन त्रिपाठी दशरथ प्रसाद सुख सागर मिश्र संजय मिश्रा आदि रहे। पतंजलि और गंगा गुरुकुलम नर्सरी स्कूल में राष्ट्रगान के साथ विद्यालय की निर्देशिका रेखा व्यास और यशोवर्धन गुप्ता ने झंडा फहराया। प्रधानाध्यापिका विभा श्रीवास्तव ने देशभक्तों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए एकजुट होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की बात कही। गंगा गुरूकुलम विद्यालय में प्रधानाचार्या अल्पना डे ने ध्वज फहराया। कक्षा ग्यारह की छात्रा साक्षी सिंह ने गणतंत्र दिवस पर विचार प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। सचिव महोदया डा कृष्णा गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।हिन्दुस्तानी एकेडेमी परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन हुआ। एकेडेमी के सचिव देवेंद्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया। सचिव ने महात्मा गांधी एवं सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डा फाजिल अहसन हाशमी डा अनिल सिंह गोपाल जी पांडेय रतन पांडेय संतोष तिवारी उपस्थित रहे। जागृति विहार अपार्टमेंट कालिंदीपुरम में गणतंत्र दिवस मना।ध्वजारोहण प्राण देवी मिश्रा सुभद्रा कुमारी चौहान ने किया। अपार्टमेंट के लोगों ने प्रभात फेरी निकाली।अध्यक्षता पूर्व कार्यवाहक महासचिव हाईकोर्ट राजेश खरे ने की। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता सुधाकर सिंह ने किया। इस दौरान संजय श्रीवास्तव राम मिलन मिश्रा सुभाष चंद्र वर्मा आदित्य राणा जय कुमार सिंह राकेश कुमार कश्यप जगदीप वर्मा राजेश पांडेय रवि सिंह आलोक श्रीवास्तव मनोज गुप्ता संतोष पांडेय निधि खरे प्रियंका सिंह शिप्रा श्रीवास्तव ममता सिंह रीना राणा पूनम वर्मा सीमा श्रीवास्तव आदि रहे। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से हीरा वाटिका क्लाइव रोड में गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण पूर्व मंडलायुक्त आर एस वर्मा ने किया।कार्यक्रम में डा पी के सिंह सुधा प्रकाश उमेश शर्मा सुरेन्द्र सिंह भगवती प्रसाद जयश्री श्रीवास्तव आर डी कुशवाहा सर्वेश चन्द्र मिश्रा किरण बाला पांडेय फरहाना सिद्दकी शंभू नाथ भारती तुलसी राम डा सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव वेद प्रकाश रेखा वर्मा अमृता लव वर्मा मिठाई लाल यादव श्रद्धा संजय श्रीवास्तव रत्नेश आदि रहे। भारतीय सूचना प्रद्योगिकी संस्थान में प्रशासनिक भवन के सामने निदेशक प्रो पी नागभूषण ने ध्वजारोहण किया। निदेशक ने कहा कि संविधान में वर्णित मूल अधिकारों के प्रति हमें जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। ध्वजारोहण का कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण किया गया। इस मौके पर पीआरओ पंकज मिश्र आदि रहे। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डारोहण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को पुष्प एवं शाल देकर सम्मानित किया। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कायस्थ पाठशाला मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि हम लोगों को सामाजिक हित में कुछ नया करना चाहिए जिससे कायस्थ पाठशाला का नाम हो और समाज का उत्थान हो सके। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मुमताज़ अहमद पूर्व अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह एस डी कौटिल्य प्रवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव रमेश चन्द्र श्रीवास्तव बी एस लाल पवन श्रीवास्तव बिल्लू भारती वर्मा रवि श्रीवास्तव कुलदीप नारायण सत्य प्रकाश श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव अखिलेश श्रीवास्तव अवधेश श्रीवास्तव मुन्नु लाल आदि उपस्थित रहे। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि सीएमपी डिग्री कॉलेज के ऐसोसिएट प्रोफेसर राज बिहारी लाल ने ध्वजारोहण किया। सर्वप्रथम भारत माता के सम्मुख ऐसोसिएट प्रोफेसर राज बिहारी लाल रज्जू भैया शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष अव्यक्त राम विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक डा पीयूष विद्यालय के अध्यक्ष च्यवन भार्गव एवं बाल कल्याण समिति के मंत्री डा संजय ने दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन किया। भारत माता की वन्दना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने कहा भारत देश की गरीबी बेरोजगारी अशिक्षा ग्लोबल वार्मिंग असमानता आदि जैसे चीजों को अच्छी तरह समझना होगा और इनका हल निकालना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक डा पीयूष ने कहा कि यह दिवस बिना भेदभाव के मनाया जाता है। कार्यक्रम के अन्त में शिशु मन्दिर के प्रधानाचार्य सुमन्त पाण्डेय ने अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। संचालन विद्यालय के आचार्य सन्तोष पाण्डेय के निर्देशन में मृदुल बाजपेयी तथा नितिन तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव मोहन जी टण्डन अर्चना चहल कमलाकार तिवारी हरेन्द्र राय उपस्थित रहे।




## माघमेले में संत महात्माओं ने किया ध्वजारोहण

**प्रयागराज।** माघमेले में संत महात्माओं ने अपने अपने शिविर में गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। संस्था ओम नमः शिवाय के गुरुदेव ने परेड स्थित शिविर में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के साथ ध्वजारोहण किया। गुरुदेव ने कहा कि आज विश्व की स्थितियां और परिस्थितियां बदलती जा रही हैं। सनातन धर्म के लिए अब और खतरनाक स्थिति और परिस्थितियां बनती जा रही हैं। माघमेला के सेक्टर चार स्थित मठ मछली बंदर में अखिल भारतीय दंडी संन्यासी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीठाधीश्वर दंडी स्वामी विमलदेव आश्रम जी महाराज ने अपने शिविर में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर महेंद्र स्वरूप ब्रम्हचारी योगेंद्र स्वरूप ब्रम्हचारी आदि रहे। खाक चौक में विनायका बाबा ने अपने शिविर में ध्वजारोहण किया। हरिशचंद्र मार्ग पर लगे नागेश्वर धाम में अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक जगदगुरु स्वामी महेशाश्रम महाराज ने ध्वजारोहण किया। हरिश्चंद्र मार्ग पर स्थित लालेश्वर आश्रम के शिविर में दंडी स्वामी लालेश्वर आश्रम फाफामऊ वाले ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज महामंत्री स्वामी शंकराश्राम राष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज सहित सभी संत महात्मा और बड़ी संख्या में शिष्य मौजूद थे। इसी प्रकार से खाक चौक में महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास सतुआ बाबा आचार्य वाड़ा के जगद्गुरु स्वामी डा कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य सहित अन्य संत महात्माओं के शिविर में भी ध्वजारोहण हुआ। ओल्ड जीटी चौराहे पर स्थित किन्नर अखाड़ा के शिविर में उत्तर भारत की प्रभारी महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंद गिरी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान किन्नर अखाड़ा के प्रदेश अध्यक्ष किन्नर वेलफेयर बोर्ड की सदस्य महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरी महामंडलेश्वर स्वामी पवित्रनंद गिरी महामंडलेश्वर स्वामी कनकेश्वरी नंद गिरि महंत वैष्णोनंद गिरि सहित अन्य संत महात्मा और बड़ी संख्या में शिष्य मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### टांडा से कांग्रेस ने मेराजुद्दीन को बनाया उम्मीदवार

**अम्बेडकरनगर।** बात की जाए टांडा की तो किसान आंदोलन बिजली तथा बुनकरों की समस्याओं को लेकर हमेशा मुखर रहे टांडा विधानसभा से कद्दावर नेता और दो बार जिलाध्यक्ष रहे मेराजुद्दीन किछौछवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। मेराजुद्दीन किछौछवी की गिनती कांग्रेस के कद्दावर नेताओ में होती है। वह कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। इससे पहले वह कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष भी थे। टांडा मुस्लिम बाहुल्य सीट है। वह पिछले कई सालों से इस सीट पर अपना प्रचार.प्रसार करते चले आ रहे हैंए जैसे टांडा विधानसभा की लड़ाई अब दिलचस्प हो चली है।

### पति की राजनीतिक हैसियत और सक्रियता ने दिलाया पत्नी को टिकट

**अम्बेडकरनगर।** जलालपुर विधानसभा से आधी आबादी के कंधों पर विधानसभा की चुनावी समर की जिम्मेदारी सौंप कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व ठाकुरदीन पाठक स्मृति महाविद्यालय के प्रबंधक आलोक पाठक की पत्नी डॉण् रागिनी पाठक को कांग्रेस ने टिकट दिया हैए जबकि इससे पहले उनके पति आलोक पाठक विधानसभा का चुनाव कांग्रेस पार्टी के और से लड़ चुके हैं। हालांकि रागिनी पाठक राजनीतिक बैक ग्राउंड के अतिरिक्तए राजनीतिक फलक पर कभी सक्रिय नहीं दिखींए लेकिन कांग्रेस पार्टी के चुनावी स्लोगन 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' के आधार पर जनपद की तीन विधानसभा सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया है।

### आलापुर से सत्यमवदा पासवान को मिला टिकट

**अम्बेडकरनगर।** आलापुर विधानसभा से प्रत्याशी बनाई गई कांग्रेस नेत्री सत्यमवदा पासवान के परिवार का कांग्रेस से काफी पुराना जुड़ाव रहा है। आलापुर तहसील क्षेत्र के कवहीं अंजनपुर गांव निवासी सत्यमवदा पासवान के पति रजनीश पासवान वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक हैं। अध्यापक बनने से पूर्व वह कांग्रेस पार्टी में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष से लेकर संगठन के विभिन्न पदों पर कई सालों तक काम कर चुके हैं। वहीं इनके देवर अजय पासवान कवहीं अंजनपुर के प्रधान रह चुके हैं। इस तरह कांग्रेस पार्टी ने जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से चार सीटों पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है जबकि कटेहरी अभी बाकी है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि भागम भाग के दौर में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा तथा सपा और बसपा अपने पत्ते कब खोलते हैं।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भीटी, अंबेडकर नगर।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत भीटी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ युवक को दबोचा लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने अपने हमराही सिपाहियों के साथ सुरेंद्र पुत्र राम पाल निवासी गोसाई का पूरा कस्बा भीटी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न

**भीटी, अम्बेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी खजुरी मण्डल की मण्डल बैठक आज भीटी बाजार के रामजानकी मैरिज लान में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि विधानसभा प्रवासी सुरेश पटेल जी रहेए विशिष्ट अतिथि विधानसभा विस्तारक दिलीप शुक्ला जी रहे। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष दिलीप तिवारी जी ने कियाए बैठक में मुख्य अतिथि जी ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को निर्देशित किया और महत्वपूर्ण जानकारी एवं दिशानिर्देश दियाए मण्डल अध्यक्ष दिलीप तिवारी जी ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से पार्टी के होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन के बारे में बताया। बैठक में मुख्य रूप से मण्डल महामंत्री रानेश पाण्डेय जीए अयोध्या प्रसाद जीए पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी जीए भूमि विकास बैंक अध्यक्ष रामबख्श सिंह जीए विधानसभा आईटी संयोजक कुलदीप अग्रहरि जीए मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णकुमार पाण्डेय जीए इन्द्रप्रताप पाण्डेय जीए शक्ति केन्द्र संयोजक शत्रुघ्न सिंह जीए राममूर्ति विश्वकर्मा जीए विनय गुप्ता जीए विनोद दूबे जीए राकेश सिंह जीए योगेशराज सिंह जीए शक्ति केन्द्र प्रभारी द्वारिकानाथ मिश्रा जीए संदीप तिवारी जीए अरविन्द द्विवेदी जीए मंजुमणि मिश्रा जी उपस्थित रहे।

### मंडलायुक्त ने की धान क्रय की समीक्षा

**अयोध्या।** मंडलायुक्त नवदीप रिनवा की अध्यक्षता में अयोध्या सम्भाग में धान ऋय की समीक्षा की गयी। उन्होंने बताया कि सम्भाग के कुल धान ऋय लक्ष्य 657,500 एमटी के सापेक्ष अभी तक 517,668 एमटी धान ऋय किया जा चुका है, जो का 80 प्रतिशत है। ऋीत धान पर रू0 1023 करोड़ के देय भुगतान के सापेक्ष 833 करोड रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जनपद सुल्तानपुर में ऋीत धान पर देय सीएमआर (कस्टम चावल) के एफसीआई में भण्डारण की स्थिति अच्छी नहीं पायी गयी। एजेंसीवार धान ऋय की समीक्षा में खाद्य विभाग के भुगतान की स्थिति अच्छी पायी गयी। एफसीआई की भी किसानों को धान के भुगतान की स्थिति संतोषजनक पाई गई हैए लेकिन पीसीएफए यूपीसीयू नैफेड एवं मण्डी समिति की स्थिति अपेक्षाकृत अच्छी नहीं पायी गयी। मंडलायुक्त ने पीसीएफएवं पीसीयू के प्रबंध निदेशकए मण्डी निदेशक एवं नैफेड के स्टेट हेड से दूरभाष पर बात की गयी एवं किसानों से ऋय किये गये धान पर देय भुगतान के सापेक्ष धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मंडल के समस्त जिलाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए उन्हें धान की धान के मिलों पर प्रेषण देय सीएमआर का एफसीआई के गोदामों में भण्डारण एवं किसानों को धान के भुगतान की स्थिति पर निरंतर दृष्टि बनाये रखने के निर्देश दिये।

### फाइलेरिया पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**मिर्जापुर।** फाइलेरिया को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला फाइलेरिया आफिस में पाथ के सहयोग किया गया। जिसमें फाइलेरिया रोग से ग्रसित 09 लोगों को फाइलेरिया सम्बन्धी सामग्री भी दिया गया । इस आशय की जानकारी जिला मलेरिया व फाइलेरिया अधिकारी संजय द्विवेदी ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि फइलेरिया दुनिया की दूसरे नंबर की ऐसी बीमारी है जो बड़े पैमाने पर लोगों को विकलांग बना रही है। रोग के शुरू होने पर फाइलेरिया की पहचान आसान नहीं है एवं इस बीमारी के लक्षण बीमारी के कीटाणुओं के शरीर में प्रवेश के कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं जो हाथी पांव, हाइड्रोसील का यूरिया आदि के रूप में प्रकट होते हैं हाथी पांव का कोई इलाज नहीं है। फाइलेरिया रोग को लेकर ही महिला चिकित्सालय स्थित फाइलेरिया आफिस के मैदान में पाथ संस्था से आये हुए डाक्टर करन पारिख ने मरीजों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया।

### जी टीवी ला रहा सिंगिंग रियलिटी शो स्वर्ण स्वर भारत

**प्रयागराज।** महामारी के मुश्किल दौर में संगीत एक ऐसा पवित्र माध्यम है जो हमें आत्मीय रूप से उनसे जोड़ता है। इस दिव्य स्वरूप से हमारे मजबूत संबंध के जरिए दर्शकों के मन में आस का दीया जलाते हुए ज़ी टीवी अपनी तरह का एक अनोखा सिंगिंग रियलिटी शो स्वर्ण स्वर भारत लेकर आ रहा है। भक्ति गायन रियलिटी शो स्वर्ण स्वर भारत में जजों के रूप में पद्मश्री कैलाश खेर नजर आएंगे। पद्मश्री सुरेश वाडकर एवं डा कुमार विश्वास और पापुलर एक्टर एवं राजनेता रवि किशन शुक्ल शो को होस्ट करेंगे।

# गणतंत्र दिवस के मौके पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया संविधान का संकल्प

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा 73 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अनुपालन में कलेक्ट्रेट प्रांगण में प्रात: 8: 30 बजे ध्वजारोहण तथा राष्ट्रीय गान किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी की उपस्थिति में संविधान का संकल्प लिया गया।

हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, लोकतंत्रात्मक, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रताए प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित एवं आत्मार्पित करते हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में ही जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे के महत्त्व, महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए समाज को बेहतर बनाने के लिए चर्चा किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने भारत के महान सेनानियों को याद करते हुए कहा कि हमारे देश के महापुरुषों ने कई वर्षों तक कड़े संघर्ष करने के बाद ब्रिटिश शासन से भारत को आजादी दिलाईए उन सभी महापुरुषों के बलिदानी को याद करते हुए इस पावन पर्व को बड़े उल्लास के साथ मनाना चाहिए।उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि हम सबको शासकीय सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ हैए हमें अपने संविधान के मूल कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलते हुए समाज को बेहतर बनाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा कोविड.19 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 चिकित्सक, कोविड.19 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने वाले 5 ग्राम प्रधानए शत प्रतिशत टीका कराने में सहयोग करने वाले पांच सफाई कर्मीए अंबेडकरनगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच एएन एम कोविड.19 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच आशाओए बूथों पर मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने वाले 5 ग्राम सचिव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा 73 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के 8 परिजनों को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणाए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ओम प्रकाश एअपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी टांडा में 73वॉ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना




**अंबेडकरनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड की टांडा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 73वॉ गणतंत्र दिवस आवासीय परिसर स्थित रामलीला मैदान में कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री संजय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया, राष्ट्रगान के बाद उन्होनें भव्य परेड का निरीक्षण किया। आयोजित परेड में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं स्थानीय सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर केऔसुब (सुरक्षा शाखा) ने आधुनिक राइफलों एवं मशीनगनों के साथ सशस्त्र युद्ध का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद केऔसुब (अग्निशमन शाखा) द्वारा औद्योगिक बचाव का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिंह ने परियोजना परिवार के समस्त सदस्यों तथा आसपास के ग्रामीणजनों को हार्दिक शुभकामनायें दी। अपने सम्बोधन में उन्होंने देश के विकास में एनटीपीसी के योगदान की चर्चा करते हुये कहा कि वर्तमान में एनटीपीसी 74 परियोजनाओं से 67,907.50 मेगावाट विद्युत का उत्पादन कर रहा है। 1975 में स्थापित भारत की यह महारत्न कंपनी ऊर्जा उत्पादन में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। एनटीपीसी टांडा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। इस दौरान एनटीपीसी टांडा को पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इण्डिया नेशनल एवार्ड 2021 में कोविड-19 प्रबंधन मे उत्कृष्टता एवं सार्वजनिक उद्यमों में उत्कृष्ट कोविड-19 प्रबंधन के लिए प्रथम एवं गृह पत्रिका 'ई-किरण' को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्होनें नैगमिक सामाजिक दायित्व के कार्यो पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण खेलकूद तथा आसपास के गॉवों में बुनियादी जरूरतों के विकास के लिए हम चरणबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। श्री सिंह ने बिजनेस यूनिट हेड (बी.यू.एच.) मेरिटोरियस एवं सेफ्टी पुरस्कार के अन्तर्गत कर्मचारियों, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं टाउनशिप सुरक्षा के जवानों एवं संविदाकर्मियों को पुरस्कृत किया। इसके अलावा मेधा प्रतियोगिता के विजेताओं एव सुझाव मेला में चयनित होने वाले संविदा कर्मियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के अन्त में परियोजना के अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्री एस.एन.पाणिग्राही ने सभी को कोविड-19 की तीसरी लहर से बचाव के लिए प्रोत्साहित किया एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सबका धन्यवाद् ज्ञापन किया। इसके उपरांत मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) ने आवासीय परिसर गेट स्थित संविदा कर्मी प्रबंधन प्रणाली (क्लिम्स) का उद्घाटन किया।

# मतदान के समय वोटर को अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा: जिला निर्वाचन अधिकारी

**अयोध्या।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा जैसे मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंसए पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रधाज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्रए सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र एवं यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार मान्य होंगे। एपिक के सम्बन्ध में लेखन अशुद्धि वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजर अंदाज कर देना चाहियेए बशर्ते निर्वाचक की पहचान म्च्प्ब् से सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता हैए जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नामए जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न होए तब निर्वाचक को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं। उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

# मण्डलायुक्त ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य पालन के लिए संकल्प दिलाया



**अयोध्या।** जनपद में 73वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मण्डलायुक्त श्री नवदीप रिनवा ने मण्डलायुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया तथा उक्त अवसर पर सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य पालन के लिए संकल्प दिलाया। उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह गणतंत्र दिवस हमें बड़े त्याग एवं बलिदान से प्राप्त हुआ है। हमारे देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महापुरूषों ने इसके लिए त्याग दिया है और देश को स्वतंत्रता दिलायी है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ तब से हम गणतंत्र दिवस मनाते है। इस संविधान में सभी को बराबरी का अधिकार है तथा इसमें किसी प्रकार का भेद भाव नही है। हम आज जो संकल्प लिए है उसी के पथ पर चलकर इस देश का विकास करना है वास्तविक गणतंत्र वही है कि सभी का संतुलित विकास हो उसमें सभी की भागीदारी हो एवं आम जनमानस में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव हो तभी हम इस देश को आगे बढ़ा सकते है। मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि अयोध्या में विकास के अनेक योजनाए चल रही है। इसको समय से पूरा करना हम सब की जिम्मेदारी है तथा मण्डलायुक्त ने कहा कि बड़े सौभाग्य का विषय है कि मुझे भगवान श्रीराम की जन्म स्थली में काम करने का मौका मिला है हमें सभी संकल्पों के साथ विकास करना है। विकास के पथ पर राष्ट्र के विकास में योगदान देना है। इसमें पूर्व मण्डलायुक्त द्वारा शिविर कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी।

संकल्प.ष्हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित एवं आत्मार्पित करते है। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन शिव पूजन, अपर आयुक्त न्यायिक रवि श्रीवास्तव, संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द जैन, उप निदेशक सूचना डा. मुरली धर सिंह, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या के अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, सहायक गण, विशेष कार्याधिकारी, विशेष सहायक सच्चिदानन्द, बार के सदस्य व कार्मिक उपस्थित थे। पुलिस महानिरीक्षक केपी सिंह ने 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय परिसर पर ध्वजारोहण करते हुये तिरंगे को सलामी दी एवं वहां उपस्थित सभी अधिकारी गण एवं कार्मिक को संकल्प की शपथ दिलायी। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश फैजाबाद श्री वीर नायक सिंह ने जिला सत्र न्यायालय कार्यालय परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराते हुये सलामी दी और वहां उपस्थित न्यायिक अधिकारी एवं कार्मिकों को संकल्प दिलाया गया।

जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण करते हुये राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। तत्पश्चात कलेक्टेऊट परिसर में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिमा एवं डा0 भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारा गणतंत्र 72 वर्ष पुराना है। 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था किसी देश की प्रशासनिक व्यवस्था को चलाने के लिए स्वयं का संविधान एवं कानून होना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान हमें बराबरी का दर्जा प्रदान करते हुये गौरव का बोध कराता है। आज इस बात की परम आवश्यकता है कि राष्ट्रीय एकताए अखण्डता, पथ निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को और बलवती बनाया जाये और पंचायतों, सार्वजनिक संस्थाओं और कार्यकर्ताओं तथा गांधी जी के विचारों में विश्वास रखने वाली अन्य समितियों की सहायता से साक्षरता को बढ़ावा देने व छुआछूत की विभीषिका को दूर करने का प्रयास किया जाये।

## चुंबन पर विवाद

### शेट्टी-गेरे मामला

**आज** जब हम भारतीय गणतंत्र की 73वीं वर्षगांठ मना चुके हैं, क्या हम स्वतंत्रता और नायकत्व से थोड़ा अलग हट कर स्वयं से यह सवाल पूछ सकते हैं कि चुंबन के मामले में हमारा क्या दृष्टिकोण है? यह बात मुंबई की एक अदालत ने पूछी जब उसने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी व हालीवुड अभिनेता रिचर्ड गेरे के चुंबन संबंधी एक मामले का निपटारा किया। 2007 में एड्स जागरूकता प्रोत्साहित करने वाले एक आयोजन में गेरे ने अचानक शेट्टी का हाथ चूम लिया था। इसके बाद उन्होंने जल्दी से उनको गले लगा लिया और उनको पीछे की ओर थोड़ा झुका दिया। बाद में उन्होंने बताया कि यह उनकी मूवी 'शैल वी डांस' का एक डांस है और उनको गाल पर चूम लिया। इस पर बहुत से भारतीय गुस्सा थे। उन्होंने इसे अशोभनीय बताया। उन्होंने शेट्टी पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने चुंबन पर आपत्ति नहीं की। उन्होंने दोनों के खिलाफमामला दर्ज करा दिया। उनके खिलाफमामला फौरन खारिज हो गया। गेरे ने यह कहते हुए माफी मांग ली कि उनका कोई बुरा इरादा बिल्कुल नहीं था। लेकिन शेट्टी के खिलाफमामला चलता रहा और यह उनके गले में लटके पत्थर जैसा हो गया। चुंबन पर आपत्ति न करने के कारण उनको षडयंत्रकारी या अपराध उकसाने वाला कहा गया। भारी बोझ से लदी भारतीय न्यायिक प्रणाली को यह मामला 'निपटाने' में इतने साल लग गए। उसने कहा कि यह 2007 में ही स्पष्ट था कि उनको बरी कर दिया गया है। इस मामले को उसी दिन खारिज कर दिया जाना चाहिए था, लेकिन यह इतने साल चलता रहा। पीछे की ओर नजर डालें तो सवाल उठता है कि हम 2007 में किस चीज से चिन्तित थे? इसका जवाब देना आसान नहीं है क्योंकि हम प्रेम संबंधी वास्तविक व आभासी घटनाओं पर विचार करते समय अपनी संवेदनशीलताओं को उनमें मिला देते हैं। पहले हम इनका विरोध करते हैं, और बाद में आनन्द उठाते हैं।



याद करें जब अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने मुंबई में 1980 में प्रिंस चार्ल्स को चूम लिया था? इस पर कट्टरपंथियों ने कई दिन शोर मचाया था। क्या शबाना आजमी को कट्टरपंथी मुसलमानों का गुस्सा उस समय नहीं झेलना पड़ा था जब नस्लवाद-विरोधी नायक नेल्सन मंडेला ने केपटाउन के एक आयोजन में 1993 में उनको चूम लिया था? उस समय कोई सोशल मीडिया नहीं था नहीं तो इसके विजुअल उसी तरह वाइरल हो जाते जिस प्रकार 2016 में गिरिजा श्रीनिवास के वीडियो वाइरल हुए थे। इस पंचायत सदस्य ने कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को चूम लिया था। क्या हम व्यावहारिक या कट्टरपंथी हैं कि चुंबन के ये मामले हमें झकझोर देते हैं। याद करें कि 1930 के दशक में भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला देविका रानी द्वारा कर्मा में हिमांशु राय के साथ गहन चुंबन दृश्य देने पर क्या प्रतिक्रिया हुई थी। बालीवुड ने सुनिश्चित किया कि हमारी बातचीत आधुनिकता के नाम पर इस सीमा तक न गिरे कि फिल्मों में चुंबन के दृश्य नियमित रूप से दिखें। बॉबी ने दर्शकों को उत्तेजित किया, सत्यम शिवम् सुंदरम ने उनको उत्तेजित किया और यही काम धूम2 ने किया। राजा हिंदुस्तानी ने पारिवारिक फिल्मों में चुंबन की शुरुआत की। हे राम नामक फिल्म में भी ऐसा दृश्य था। यदि अधिकांश भारतीय दर्शकों ने नहीं तो भी बालीवुड ने निश्चित रूप से लगातार बदलते संबंधों पर ध्यान दिया है। शबाना आजमी और नंदिता दास ने फायर में लेस्बियन प्रेम प्रदर्शित किया था। साकिब सलीम ने बांबे टाकीज़ में रणदीप हुड्डा के ओठों पर चुंबन किया था। चुंबन प्रेम की अभिव्यक्ति है। प्रत्येक चुंबन का संबंध यौनिकता से होना जरूरी नहीं है, यह सभ्य व सहज भी हो सकता है। यदि फिल्मों की हर बात पर गुस्सा होने वाला सेंसर बोर्ड चुंबन दृश्यों की अनुमति दे सकता है तो हमें पूर्वाग्रही या अत्यधिक आलोचनात्मक होना उचित नहीं है।

# आयकर का विकल्प खर्च पर टैक्स

**यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी।**



सुभाष चंद्र पांडेय
(लेखक केंद्र सरकार के पूर्व विशेष सचिव हैं)




अगले वित्त वर्ष का बजट आने वाला है और गुलाबी प्रेस इस समय टिप्पणियों व सुझावों से भरा है। वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक बेहतरी की उम्मीदें बहुत हैं। कुछ लोगों के लिए बजट का अर्थ टैक्स लगने, खासकर व्यक्तिगत आयकर से है। आम शिकायत है कि निश्चित आय वाले वेतनभोगी व पेंशनधारक वर्ग को आयकर का बोझ उठाना पड़ता है, जबकि अनिश्चित आय वाले पेशेवरों व बिजनेसों को काफी कानूनी लूपहोल मिलते हैं जिससे वे आयकर अदा करने से बच जाते हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो आय पर टैक्स लगाने के विचार के ही खिलाफ हैं क्योंकि इससे कम खर्च करने और अधिक खर्च करने वालों पर समान रूप से बोझ पड़ता है और वास्तव में बचत हतोत्साहित होती है। इस दिलचस्प बहस को विभिन्न प्रकार से देखा जा सकता है। 10 जनवरी, 2021 की विस्तारित अंतिम सीमा तक वित्त वर्ष 2019-20 में 5.95 करोड़ रिटर्न फाइल किए गए। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 29 दिसंबर, 2021 तक पांच करोड़ से अधिक आईटीआर फाइल हुए थे। इस प्रकार 130 करोड़ की कुल जनसंख्या में से केवल 1.46 करोड़ ही वास्तव में 2019-20 वित्त वर्ष के लिए टैक्स दे रहे थे। 2017-18 में फाइल 5.87 करोड़ आईटीआर में से 5.53 करोड़ व्यक्तिगत करदाता, 11.3 अविभाजित हिंदू परिवार, 12.7 लाख फर्म तथा 8.4 लाख कंपनियों से थे। 51.33 लाख करोड़ की सकल आय में बिजनेस का हिस्सा 24.37 लाख करोड़ तथा वेतन-पेंशन आय का 20.04 करोड़ था।

कर योग्य वेतन व पेंशन के रिटर्न 15.55 लाख करोड़ थे जिनका कर दायित्व लगभग 3.95 लाख करोड़ था। वेतन-पेंशन आय आयकर का एक बड़ा हिस्सा है, पर इसका वर्चस्व नहीं है। 2018-19 में कुल आयकर प्राप्ति 11.37 लाख करोड़ थी जिसमें से केवल कंपनियों ने 6.64 लाख करोड़ का भुगतान किया था। ऐसे में यह तर्क सही नहीं ठहरता कि वेतन-पेंशन आय की तुलना में बिजनेस व पेशेवर आय से ज्यादा करापवंचन होता है। बड़े खर्च की निगरानी कर करापवंचन रोकने के प्रयास जारी हैं और विदेश यात्रा, बिजली उपभोग, आदि से उच्च उपभोग का पता चलता है। पैन- आधार जोड़ने के बाद कर अधिकारी ज्यादा उपभोग और निवेश का पता आसानी से लगा लेते हैं। क्या खर्च पर टैक्स से 11 लाख करोड़ से अधिक धनराशि मिल सकती है जिससे खर्च पर टैक्स लगाया जा सके? वर्तमान मासिक जीएसटी संग्रह 1.3 लाख करोड़ है जो वार्षिक संग्रह के रूप में 15.6 लाख करोड़ से अधिक हो सकता है।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि कर संग्रह को ज्यादा सक्षम व समतापूर्ण बनाने के लिए आय पर कर लगाया जाए या खर्च पर लगाया जाए? एक व्यक्ति का खर्च दूसरे की आय होता है और इसका उलट भी सही है। चाहे आप कर्मचारी के वेतन पर टैक्स लगाएं या सेवायोजक के वेतन खर्च पर, इसका प्रभाव समान होगा। जैसे कि कर अधिकारियों के लिए कुछ आय का पता लगाना कठिन होता है, उसकी तरह कुछ खर्च भी हैं। कुछ लोगों की आय बड़े हिस्सों में होती है, जबकि अन्य की छोटे-छोटे टुकड़ों में। कुछ खर्च बड़े होते हैं, जबकि अन्य छोटे-छोटे भुगतानों के रूप में। ऐसे में यह तय करना होगा कि खर्च पर टैक्स खर्च के किस वर्ग पर लगाया जाए।

थामस हाब्स ने सत्रहवीं शताब्दी में ही आय के बजाय खर्च पर टैक्स लगाने का सिद्धान्त पेश किया था। उनका विचार था कि कम खर्च करने वालों और अधिक खर्च करने वालों पर समान आय कर लगाना अनुचित है। कुछ अर्थशास्त्रियों ने बचत को टैक्स से बाहर रखने का प्रस्ताव किया है, पर किसी औद्योगिक देश ने कभी खर्च पर टैक्स लागू नहीं किया। कैंब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निकोलस कालडर ने 1955 में खर्च पर टैक्स की मजबूत पैरवी की। उनका प्रस्ताव था कि ब्रिटेन में ज्यादा आयकर देताओं पर लगने वाले सरटैक्स की जगह खर्च पर टैक्स हो सकता है। भारत और सीलोन ने कुछ साल तक खर्च पर टैक्स का कालडर का सुझाव कुछ साल लागू किया, पर अंततः इसे 1966 में छोड़ दिया गया। यह टैक्स कालडर के सुझावों से अलग था और इससे मिलने वाले थोड़े राजस्व पर प्रक्रिया व प्रशासन का खर्च अधिक था। भारत में बहुत सीमित क्षेत्र में 1987 में खर्च पर टैक्स पुनः शुरू करने पर कालडर पर फिर ध्यान गया। खर्च टैक्स कानून के अनुसार, उच्चस्तरीय होटल को किए जाने वाले भुगतान पर 10 प्रतिशत खर्च टैक्स लिया गया जिनके कमरे का किराया 3,000 रुपये प्रतिदिन से अधिक था। खर्च पर टैक्स के पैरोकारों का मानना है कि आयकर का बोझ वेतनभोगी-पेंशनर वर्ग पर अधिक पड़ता है और आयकर समाप्त होने से उनको बहुत राहत मिलेगी। उनको टैक्स रिटर्न भरने से मुक्ति मिलेगी, लेकिन इससे चार्टर्ड एकाउंटेंटों को बहुत नुकसान होगा तथा राष्ट्रीय आय में कमी आएगी।

आयकर विभाग लाखों रिटर्न की जांच करता है जिसके बाद पूछताछ, स्पष्टीकरण, रिफंड तथा लंबे पत्र व्यवहार का सिलसिला शुरू होता है। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि खर्च पर टैक्स से ज्यादा रिकार्ड नहीं रखने पड़ेंगे। अधिकांश आय एकसाथ होती है, जबकि खर्च ज्यादा बिखरे होते हैं। खासकर नकद में होने पर बिक्री-खरीद के करोड़ों अनुबंधों का पता लगाना आसान नहीं है। नकद में ज्यादा आय प्राप्त करना नकद में खर्च की तुलना में ज्यादा कठिन है। छोटा कर आधार खर्च पर टैक्स को आयकर समाप्त होने पर नुकसान होने वाले राजस्व की भरपाई नहीं कर सकेगा। इसी प्रकार यदि जीएसटी जैसे उपाय न किए जाएं तो व्यापक खर्च पर टैक्स ज्यादा प्रतिगामी होगा तथा उसके प्रभाव नकारात्मक होंगे।

पैसे का हर बार हस्तांतरण तथा हर हस्तांतरण या भुगतान हमेशा खर्च नहीं होता है। जब कोई बैंक वेतन या पेंशन या डिविडेंट बांटने के लिए पैसा देता है तो खर्च केवल सेवायोजक या कंपनी करती है और बैंक मध्यस्थ होता है। पैसा बैंक का नहीं होता है। नकद पैसा देने वाला पोस्टमैन कोई खर्च नहीं करता है। इस प्रकार सभी भुगतान खर्च पर टैक्स के दायरे में नहीं हैं। हम खर्च पर टैक्स की बात कर रहे हैं, लेनदेन पर टैक्स की नहीं। यदि हम वेतन, पेंशन, ब्याज, किराया भुगतान को खर्च पर टैक्स में शामिल कर दें तो प्राप्तकर्ता को न केवल प्रभावी आयकर देना पड़ेगा, बल्कि प्राप्त आय को खर्च करने पर फिर टैक्स देना पड़ेगा। विभिन्न प्रकार के खर्च पर विभिन्न दरों से टैक्स लगाना ज्यादा जटिल काम होगा। ऐसे में कर विवाद निपटाना भी जटिल होगा।

यदि आयकर समाप्त कर केवल कार्पोरेट टैक्स जारी रखा जाए, जैसा कि कुछ देशों में है तो इससे बड़े पैमाने पर हेराफेरी की संभावना पैदा होगी। इससे शेयरधारकों और कर्मचारियों के व्यक्तिगत खर्च कार्पोरेट व प्रमोटरों के खर्च में शामिल हो जाएंगे तथा कार्पोरेट का मुनाफा कम होगा क्योंकि वह उसके कर्जदाताओं, भूस्वामियों व कर्मचारियों को चला जाएगा। बड़े देशों ने खर्च पर टैक्स इसलिए भी पसंद नहीं किया है क्योंकि इससे खर्च हतोत्साहित होगा तथा प्रगति में बाधा आएगी। कर विभाग को बताने वाले खर्च के हतोत्साहित होने के कारण समग्र आर्थिक विकास पर और बुरा प्रभाव पड़ेगा। इससे लोग सरकार के इन प्रयासों का भी विरोध करेंगे जो उनकी आय जांचने के बारे में होते हैं। सरकार द्वारा खर्च का पता लगाने का प्रयास करने पर लोग उत्पीड़ित अनुभव करेंगे तथा सरकार का विरोध करेंगे। इस प्रकार मेरे विचार से खर्च पर टैक्स का विचार करने का समय बीत गया है।

# लोकतांत्रिक राज्य बनाम तानाशाही हुकूमतें



भूपिंदर सिंह
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

सरकारी रीढ़ की परवाह किए बिना, ऑस्ट्रेलिया में लोकप्रिय मनोदशा अजीब पहेली का सार है: चीन के साथ संघर्ष के लिए कोई भूख नहीं है। इंडो-पैसिफिक जल में चीन के डराने वाले विस्तारवाद के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने कोविड-19 की उत्पत्ति की एक स्वतंत्र जांच के सुझावों के साथ वापसी की थी - एक उग्र बीजिंग ने आर्थिक संबंधों को समाप्त करके तुरंत जवाब दिया, और कैनबरा ने परमाणु पनडुब्बियों की मांग करके और गठन किया। एयूकेयूएस (ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के बीच साझेदारी)। ऑस्ट्रेलिया के शांतिवाद और परमाणु प्रौद्योगिकी की चेतावनी को देखते हुए, आधिकारिक रुख का यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था, हालांकि सामाजिक उदासीनता के अनुरूप नहीं, क्योंकि चीन के साथ किसी भी संभावित संघर्ष में ऑस्ट्रेलिया के लिए भागीदारी शुल्क व्यापक रूप से बहुत अधिक होने की कल्पना की जाती है। चीनी समाज को अपने विस्तारवादी शासन के विपरीत विचारों को रखने की अनुमति नहीं है, इसलिए, ताइवान, जापान, ऑस्ट्रेलिया या यहां तक ?कि भारत की ओर निर्देशित युद्ध के ड्रम हमेशा के लिए धड़क रहे हैं। यदि अशांत मध्य पूर्वी रंगमंच में अमेरिका के लिए संघर्ष की भूख स्पष्ट रूप से आईएसआईएस के कब्जे वाले क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करने के लिए निर्णायक लड़ाई में ईरानी-सीरियाई विजय की अनकही स्वीकृति के साथ कम हो गई थी, तो अफगानिस्तान से नम्र डाउन ने तस्वीर को पूरा किया। कार्यालय में एक वर्ष, जो बिडेन ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि दुनिया भर में ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम हल नहीं कर सकते हैं - हाथ पर मुद्दा तथाकथित दुनिया में सबसे शक्तिशाली सेना की क्षमता थी। अफगानिस्तान में तालिबान मुजाहिदीन को हराने के लिए।

इससे पहले भी, 2020 में खूनी भारत-चीनी सीमा गतिरोध के दौरान, डोनाल्ड ट्रम्प की स्पष्ट रूप से मांसपेशी राजनीति के कारण पोटस ने केवल मध्यस्थता या मध्यस्थता की पेशकश की थी क्योंकि वह तैयार, इच्छुक और सक्षम थे। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा मानदंडों और यथास्थिति को बदलने के लिए लगातार चीनी प्रयास भारत को रोकने के लिए छोड़ दिया गया था। आज, ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में नियमित रूप से घुसपैठ करने वाले चीनी लड़ाकू विमानों की एक रिकॉर्ड संख्या के रूप में, सावधान ताइवानी वास्तव में विचार करते हैं क्या अमेरिका दिखाएगा? मामले में शी जिनपिंग पूर्ण एकीकरण के ऐतिहासिक कार्य के अपने खतरे को अच्छा रखने का फैसला करते हैं। भले ही बाइडेन प्रशासन ने आधिकारिक स्थिति के साथ अपनी पारंपरिक रणनीतिक अस्पष्टता को स्पष्ट रूप से छोड़ दिया है और ताइवान की सैन्य रूप से रक्षा करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है, चीन द्वारा हमला किया जाना चाहिए, उस प्रतिबद्धता की विश्वसनीयता थोड़ी संदिग्ध है, हाल के इतिहास को देखते हुए और संघर्ष के लिए भूख की स्पष्ट कमी। हाल ही में, कजाकिस्तान के मध्य एशियाई गणराज्य में दंगे भड़क उठे, और दुनिया ने सांस रोककर देखा कि कौन सी अंतरराष्ट्रीय शक्ति कदम रखेगी। एक दूसरे के खिलाफ अलोकतांत्रिक, दमनकारी और अनुदार कजाख शासन था (अपने स्वयं के सत्ता संघर्षों को दिया गया था और अभिजात वर्ग के बीच साज़िश) पीड़ित जनता के खिलाफ जिन्होंने सुधार और आर्थिक कठिनाइयों से राहत की सख्त मांग की। अपेक्षित रूप से, सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को मारकर क्रूरता और अनुपातहीन रूप से जवाब दिया, यहां तक कि 20,000 डाकुओं, अच्छी तरह से समन्वित आतंकवादी समूहों द्वारा सशस्त्र आक्रमण, कट्टरपंथी इस्लामी समूहों आदि के बेजोड़ दावों को सरकार द्वारा बेतरतीब ढंग से पोस्ट किया गया था। बेशर्म शूट टू किल ऑर्डर। अमेरिका, जिसका वास्तव में इस क्षेत्र में कोई लाभ नहीं है, को गहराई से चिंतित जैसे बयानबाजी के लिए छोड़ दिया गया था, जबकि सामूहिक सुरक्षा खतरा संगठन (सीएसटीओ) के तत्वावधान में रूसियों ने 2500 सैनिकों को स्थिति को स्थिर करने के लिए भेजा था। यहां तक कि चीनियों ने भी रंग क्रांति (पश्चिम समर्थित लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों के लिए व्यंजना) के अंशों को दूर करने के लिए आतंकवाद का विरोध के लिए समर्थन की पेशकश की। मूल रूप से, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के निरंकुश शासन ने एक इरादे का प्रदर्शन किया और एक अचूक संदेश भेजा कि जब भी निरंकुश संकट में हों, तो वे साथी निरंकुश लोगों से मदद मांग सकते हैं क्योंकि वे थके हुए मुक्त दुनिया के विपरीत संघर्ष की भूख को बनाए रखेंगे।

पड़ोसी यूक्रेन में बुद्धि का समवर्ती युद्ध तेज हो रहा है, रूसी सैनिकों ने संभावित आक्रमण के लिए तैयारी करते हुए, सीमाओं पर खतरनाक रूप से जमा किया है। इससे पहले 2014 में भी, रूस ने यूक्रेन से क्रीमिया को जबरन कब्जा कर लिया था और अमेरिका के नेतृत्व वाले वेस्ट ने तब से प्रतिबंधों के साथ बदतमीजी की, कोई फायदा नहीं हुआ। अब भी, बिडेन ने स्वीकार किया है कि यूक्रेन पर हमला करने से रूस का सामना करने के लिए अमेरिका एकतरफा बल का उपयोग करने जा रहा है ... अभी कार्ड पर नहीं है, असंबद्ध रूप से जोड़ा कि गंभीर परिणाम होंगे। फिर भी, यूक्रेन में किसी को भी उस तरह की बैक-अप योजना के बारे में आश्वस्त नहीं किया जाएगा क्योंकि वे जानते हैं कि रूस को रोल करना चाहिए, कुछ भी नहीं और कोई भी इसे रोक नहीं पाएगा। बिडेन ने यह स्वीकार करते हुए प्रकाशिकी को खराब कर दिया कि उनके सहयोगी रूस द्वारा यूक्रेन की एक मामूली घुसपैठ के जवाब कैसे दें, इस पर विभाजित थे, अकेले पूर्ण आक्रमण को छोड़ दें।

इस बीच, रूस (या चीन) जैसे अर्ध-तानाशाही शासन अपने कथित हितों की रक्षा के लिए अंतराष्ट्रीय निंदा के बारे में दो हूट परवाह करते हैं; इस मामले में, नाटो में शामिल होने के लिए यूक्रेन की बोली को रोकना।

असुरक्षित एक-पक्षीय शासन, चीन की तरह, अपनी सीमा पार आक्रामकता के साथ एक अमूल्य संदेश एम्बेड करते हैं, जिसका उद्देश्य उनके अपने घरेलू दर्शकों के लिए उतना ही है जितना कि उन देशों के लिए है जिन पर हमला किया गया है। महामारी के युग ने पहले से ही मुक्त दुनिया की आर्थिक स्थिति को खराब कर दिया है, और लोकतंत्र में मतदाताओं की सभी महत्वपूर्ण राय किसी बाहरी हस्तक्षेप के लिए नहीं हैं। हालांकि, चीनी या रूसी शासन जो अपने नैतिक आचरण के लिए किसी के प्रति जवाबदेह नहीं हैं, और आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत अच्छी तरह से स्थापित हैं, संघर्ष के लिए एक बड़ी भूख बनाए रखते हैं। वन-एगेंस्ट-वन (अमेरिका बनाम चीन), एल्स एक और (रूस) के त्रिकोणीय तनाव का विकास, अंततः, सभी संघर्षों की भूख के बारे में होगा।



## आप की बात

### कठिन है भाजपा की डगर

**इतना** तो दिख रहा है। इस बार यूपी विधान सभा चुनाव, सत्तारूढ़ भाजपा को नाको चने चबवा देने वाला है। क्योंकि कुछ सप्ताह पहले तक, ये लोग कह रहे थे, हम एक तरफा रूप से यूपी जीत रहे हैं। 350 से ऊपर हमारी सीटें आ रही हैं। 26 जनवरी को भी जब कुछ जाट नेताओं के साथ, गृह मंत्री अमित शाह ने, दिल्ली स्थित जाट सांसद परवेश वर्मा के घर बैठक करते हैं। उसके बाद भी ये लोग पुरे आशावादी भाव के साथ दावा करते हैं की जाट भाई बहन शुरू से बीजेपी के साथ थे,हैं और रहेंगे। मगर थोड़ी ही देर में परवेश वर्मा को संवादाताओं से, न सिर्फ, ये कहते हुए सुना बल्कि करबद्ध हो कर आरएलडी के श्री जयंत चौधरी को याचना के मुद्रा में वापस बीजेपी के साथ आ जाने के लिए गिड़गिड़ाते हुए देख कर लगा। इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इनका हालत एकदम खस्ता है। किसानों से पंगा लेकर इनलोगों ने अपने लिए मुसीबत मोल लिया है। इसीलिए तो शायद इस बार साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का खेल भी फ्लॉप साबित होने जा रहा है। पूरी देश की तरह यूपी के लोगों का भी केवल कागजी विकास हुआ है। तभी तो उप मुख्यमंत्री जैसे हस्तियों को भी गांवों से खदेड़ा जा रहा है।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### लोकलुभावन वादे

**सुप्रीम** कोर्ट में एक याचिका दायर कर ऐसे राजनीतिक दलो पर कार्रवाई करनी की मांग की गई है। जो सत्ता में आने पर तरह तरह की सुविधाएं देने का वादा करते है। याचिका में निर्वाचन आयोग को यह अधिकार देने की मांग की गई है जो दल वादा करे उनका चुनाव चिन्ह जब्त कर लिया जाए। आज देश मे सत्ता में आने के लिये दलों द्वारा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये रेवड़ियां बाटने की बातें करते है। चुनाव जीतने के लिये मुफ्त उपहार देकर राजनीतिक दलों की प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिये बड़ा खतरा होने के साथ संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने वाला भी है।अक्सर किये गए वादे सरकार आने पर भी पूरे नही होते।आज राजनीतिक दलों को देश के सबसे बड़े मुद्दे लचर प्रशासनतन्त्र को सुधारने और आजाद भारत मे लोगो तक सुशासन पहुचाने का वादा करना चाहिये।आजादी के दीवानों ने बलिदान लोगो को अंत्योदय और सर्वोदय के लिये किया था।लेकिन आज लोकतंत्र में जनता सुशासन के लिये तरस रही है।निम्नश्रेणी का कर्मी जनता का अपमान कर रही है। अधिकारीवर्ग अपने को शासक समझ कर जनता के साथ व्यवहार करते हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### सीमा पर सजगता जरूरी

**बर्फबारी** भले ही पर्यटकों को लुभाए मगर सीमा पार घात लगाने वालों के लिए यह एक बड़ा उत्तम अवसर होता है जब उन्हें घुसपैठ करने का मौका मिलता है। ताजे हालातों में इस बार भी बड़ी संख्या में आतंकवादी टकटकी लगाए सीमा के पार बैठे हैं। सेना की चौकसी के चलते आतंकवादियों के मंसूबों का पूरा हो पाना संभव नहीं लगता। हर साल बर्फबारी का सीजन हमारे लिए सजगता बरतने का संदेश लेकर आता है। इसी समय पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकवादी भारत में घुसने की फिराक में रहते हैं। इस वर्ष भी लगभग 135 आतंकवादी भारतीय सीमा के पास घात लगाकर बैठे हैं ताकि मौका मिलते ही वे अंदर प्रविष्ट हो जाएं और अपने मंसूबों को अंजाम दे लेकिन भारतीय सेना की कड़ी चौकसी उनके लिए अवसर नहीं छोड़ रही है। पिछले सालों में इस सीजन में घुसपैठ में घटनाओं में कमी हमारी सजगता का ही परिणाम है। इस तरह की घटनाओं को पूरी तरह खत्म करने के लिए सेना के हाथ पूरी तरह खुले रहना चाहिए।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**दिल्ली** सरकार के अच्छे कामों पर वीडियो बनाएं और सोशल मीडिया पर शेयर करें, लोगों से केजरीवाल को मौका देने की अपील करें।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हमारे** देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण है कि यूरोपीय संघ के सभी सदस्यों के बीच एकता का संरक्षण हो।

- **वोलोदीमिर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**पीएम** नरेंद्र मोदी जी ने मेरी तबीयत जानने के लिए फोन किया। मैं उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं।

- **शरद पवार**
राकांपा प्रमुख

# फार्मूला वही पर साथ नया

## ● मतदाताओं को कितनी पसंद भाएगी यह युगलबंदी?

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**2017** के यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पटखनी देने के लिए अखिलेश यादव और राहुल गांधी गठबंधन करके साथ मैदान में उतरे थे। इसे यूपी के लड़कों से लेकर यूपी को ये साथ पसंद है तक ले जाया गया। नतीजे आये तो पता चला कि 2017 के चुनाव में सपा 232 सीट से घटकर 47 पर और कांग्रेस सात सीटों पर सिमट गई। इस बार 2022 के यूपी विधानसभा के पहले चरण के मतदान में कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इस बार भी दो युवाओं की जोड़ी साथ है। फर्क इतना है कि इस बार अखिलेश तो हैं पर उनके साथ राहुल गांधी की जगह जयंत चौधरी ने ले ली है।

पश्चिमी यूपी के जाटलैंड में सियासी आधार माने जाने वाली आरएलडी के सितारे भले ही आज गर्दिश में हों लेकिन एक दौर में किंगमेकर की भूमिका अदा करती रही है। मुजफ्फरनगर दंगे से बिगड़े जाट-मुस्लिम समीकरण के किसान आंदोलन से फिर एक बार साथ आने के कयास लगाए जा रहे हैं। यह बात दीगर है कि यह कयास सार्थक साबित होगा या फिर दंगों की टीस चुनावी बेला में फिर उभर जाएगी। इसके बारे में सिर्फ नतीजे ही बयां कर सकेंगे। फिलहाल जाट-मुस्लिम समीकरण को साथ लेकर आरएलडी के साथ सपा ने गठबंधन कर चुनाव में उतरने का फैसला किया है। जयंत-अखिलेश एक साथ मिलकर पश्चिमी यूपी में माहौल बनाने का प्रयास भी कर चुके हैं। कई चुनावी जनसभाएं दोनो नेताओं ने अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में साथ साथ की हैं।

अखिलेश को यकीन है कि किसान आंदोलन के बाद जाट-मुस्लिम समीकरण पार्टी के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। जिसको लेकर गठबंधन में अभी तक आरएलडी के खाते में 33 सीटें आई हैं। सभी दलों ने पहले



और दूसरे चरण को लेकर अपने अपने पत्ते भी खोल दिये हैं। कोरोना के चलते वर्चुअल प्रचार का दौर जारी है। हर प्रत्याशी अपने अपने हिसाब से सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के बीच अपनी बात रख रहा है। डोर टू डोर कैम्पेनिंग भी चल रही है। अब यह तो चुनावी नतीजे ही बता पाएंगे कि इस बार दो युवाओं की जोड़ी कितना करिश्मा कर पाती है।

### 2012 के विधानसभा चुनाव में सपा को 21 व रालोद को नौ सीटें

2012 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो पहले चरण के अंतर्गत आने वाली 58 सीटों में से सपा के खाते में 21 सीटें आई थीं। जबकि 10 ऐसी सीटें रहीं जिन पर सपा दूसरे स्थान पर रही। वहीं 2012 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आरएलडी मिलकर मैदान में उतरी लेकिन कोई बड़ा सियासी करिश्मा नहीं दिखा सकी। 2012 चुनाव में आरएलडी ने नौ सीटें जीती जबकि कांग्रेस ने पांच सीटें जीती थी। वहीं दो सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। आरएलडी नौ सीटों दूसरे नंबर पर रही।

### 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा को एक, आरएलडी को भी एक सीट

**यूपी** के लड़कों की जोड़ी जिस अंदाज में मैदान फतेह करने उतरीं थी कुछ उसी अंदाज में सिमट भी गई। पहले चरण की 58 सीटों में से समाजवादी पार्टी के खाते महज एक सीट कैराना की आई जबकि पार्टी 14 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। वहीं कांग्रेस की स्थिति यह रही कि वह 5 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। यानी पार्टी के खाते में एक भी सीट नही आई। बात अगर आरएलडी की करें तो इस चुनाव में घर की सीट छपरौली को ही बचा पाई। दो सीटों पर पार्टी उपविजेता की भूमिका में नजर आई।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश से सपा को है बड़ी उम्मीद

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव 2022 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी को बड़ी उम्मीदें हैं। सही मायने में सपा की यह उम्मीदें किसान आंदोलन के बाद से जगी हैं। यह वही पश्चिमी उत्तर प्रदेश है जिसने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को काफी बुरी तरह से नकार दिया था और भाजपा को जीत के रथ पर चढ़ाने का काम किया।

वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिमी यूपी की 80 फीसदी यानि 109 सीटें जीती थीं। समाजवादी पार्टी के हिस्से मात्र 21 सीटें आई थीं। कांग्रेस को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। बीएसपी को तीन सीटें मिली थीं जबकि आरएलडी को सिर्फ एक सीट से संतोष करना पड़ा था। दो साल बाद 2019 में लोकसभा चुनाव हुए तो इस बार भी पश्चिमी यूपी ने बीजेपी को निराश नहीं किया। 27 लोकसभा सीटों में से 19 सीटें बीजेपी की झोली में डाल दी थीं।

दरअसल बीजेपी के लिए पश्चिमी यूपी का समीकरण काम कर रहा था लेकिन किसान आंदोलन से शुरू हुई नाराजगी से ये समीकरण बिगड़ता दिख रहा है और बदले हुए हालात का फायदा उठाने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने हाथ मिला लिया है। यदि हम पश्चिमी यूपी के मतदाताओं पर नजर डालें तो देखने को मिलेगा की पश्चिमी यूपी में करीब 27 फीसदी मुस्लिम हैं। 17 फीसदी जाट हैं। दलितों की संख्या 25 फीसदी है। गुर्जर करीब चार और राजपूत आठ फीसदी हैं।

पश्चिमी यूपी में 26 जिले आते हैं जहां विधानसभा की 136 सीटें हैं। पहले चरण में 10 फरवरी को 11 जिलों की 58 और दूसरे चरण में 14 फरवरी को नौ जिलों में 55 सीटों पर वोटिंग होनी है। बाकी के जो छह जिले हैं उनमें तीसरे चरण में चुनाव है। समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल की नजर



मुस्लिम और जाट वोटों पर है जो कुल वोटों का करीब 44 फीसदी है। पश्चिमी यूपी में 25 फीसदी अनुसूचित जाति के वोटर हैं जिन पर मायावती की पार्टी बीएसपी की नजर है। बीजेपी को घेरने के लिए इन्हीं जातियों के गणित के हिसाब से समाजवादी पार्टी गठबंधन और मायावती की पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवारों की जो पहली लिस्ट जारी की उसमें से कुछ नामों को लेकर माहौल गर्म है और बीजेपी उन्हीं नामों के सहारे समाजवादी पार्टी को हिंदू विरोधी बताने की कोशिश कर रही है। अखिलेश यादव को शायद पहले से मालूम था कि उनके टिकट बंटवारे पर सवाल उठेंगे और हो सकता है इसीलिए इस विवाद से अलग समाजवादी पार्टी और आरएलडी के गठबंधन ने एक अलग समीकरण बनाने की कोशिश भी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले व दूसरे चरण में जिन सीटों पर चुनाव होना है। उनमें से प्रथम चरण के अंतर्गत आने वाली सीटों में मात्र कैराना व मेरठ सीट ही मौजूदा समय में समाजवादी पार्टी के पास हैं जबकि दूसरे चरण के अंतर्गत आने वाली 55 सीटों में से नजीबाबाद,नगीना, ठाकुरद्वार,मुरादाबाद, ग्रामीण, बिलारी, सहारनपुर, कुंदरकी, असमोली, संभल, चमरौआ,अमरोहा, जलालाबाद, सहसवान,रामपुर व नूरपुर कुल 15 विधानसभा सीट ही 2017 में समाजवादी पार्टी के खाते में आई थी शेष पर उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस दृष्टि से देखा जाए तो पश्चिम उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को जबरदस्त तरीके से मेहनत करनी पड़ेगी।

# गेम चेन्जर की भूमिका में छोटे दल

**कमल दुबे।** लखनऊ

**देश के** सबसे बड़े राज्य की चुनावी जंग में बड़ी पार्टियों की कामयाबी बहुत कुछ छोटे दलों पर निर्भर रहती है। यही वजह है कि शीर्ष पार्टियां जातीय तथा सामाजिक दायरे में खास असर रखने वाली छोटी पार्टियों की अहमियत को अनदेखा नहीं कर पाती। ये छोटे-छोटे दल अपने दम पर पूरे नतीजों पर तो बहुत असर नहीं डालते लेकिन किसी बड़ी पार्टी के साथ जुड़ जाएं तो सारे गेम चेन्जर बन जाते हैं। यही वजह है कि मुख्य लड़ाई में नजर आ रहीं भाजपा और सपा जाति और समाज के हिसाब से प्रभावशाली छोटे दलों को अपने साथ जोड़ने की मुहिम में लगातार जुटी हैं। रालोद, अपना दल, सुभासपा, पीस पार्टी व निषाद पार्टी जैसे दल पिछले चुनावों में अपना प्रभाव दिखाते आए हैं। विधानसभा चुनाव की बढ़ती सरगर्मी के बीच बड़े दल छोटे दलों को साध रहे हैं तो छोटे दलों ने बड़ों से सौदेबाजी चल रही है।

विधानसभा चुनाव में भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस पूरी ताकत से तैयारी के दावे कर रही हैं लेकिन मुख्य लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। ये दोनों ही दल क्षेत्रीय व सामाजिक समीकरण साधने के लिए अपनी-अपनी जाति व समाज में काम करने वाले अलग-अलग क्षेत्रों के प्रभावशाली छोटे दलों को अपने साथ जोड़ने की मुहिम में पूरी ताकत से लगे हुए हैं। जिस भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद दो वर्ष तक एनडीए की











पुरानी सहयोगी पार्टीअपना दल की मुखिया अनुप्रिया पटेल को मंत्री नहीं बनाया, उसी ने विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही न सिर्फ अनुप्रिया को केंद्र में राज्यमंत्री बनाया बल्कि महत्वपूर्ण वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में जिम्मेदारी भी दी। इसी तरह 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए के सहयोगी बने निषाद पार्टी के नेता संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद भाजपा के टिकट पर सांसद बन गए। भाजपा ने विधानसभा चुनाव की गहमागहमी बढ़ते ही संजय निषाद को भी एमएलसी बना दिया। संजय ने अपनी ताकत दिखाने के लिए रैली की तो मुख्यमंत्री योगी व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ गृहमंत्री अमित शाह तक पहुंचे। इसी तरह हिस्सेदारी मोर्चा के घटक दलों भारतीय मानव समाज पार्टी, मुसहर आंदोलन (गरीब पार्टी), शोषित समाज पार्टी, मानवहित पार्टी, भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी, पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी, भारतीय समता समाज पार्टी और प्रगतिशील समाज पार्टी को जोड़ने का काम किया है। इन पार्टियों ने भाजपा के समर्थन में चुनाव में काम करने का एलान किया है।

छोटे दलों को जोड़ने की जंग में सपा भी पीछे नहीं है। अखिलेश अब तक रालोद, सुभासपा, महान दल, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी, गोंडवाना पाटी, अपना दल कमेरावादी तथा कांशीराम बहुजन मूल निवास पार्टी से हाथ मिला चुकी है। अखिलेश यादव रालोद, सुभासपा तथा कांशीराम बहुजन मूल निवास पार्टी की रैलियों में शामिल होकर उनकी ताकत की थाह ले चुके हैं। चुनावी विशेषज्ञों का मानना हैं कि छोटे दलों के लिए चुनाव केवल जीतने के लिए नहीं अपने वर्गों की भावना की अभिव्यक्ति का माध्यम भी है। इन्हें लगता है कि बड़े दल उनके हितों से जुड़े मुद्दों को महत्व नहीं दे रहे हैं इसलिए चुनाव में अपने मुद्दों के साथ सामने आते हैं। इनका ऐसा आधार नहीं होता कि ये खुद के बलबूते राजनीतिक ताकत हासिल कर लें। इसके लिए ये बड़े दलों से जुड़ने की कोशिश करते हैं और फिर सौदेबाजी शुरू हो जाती है। भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी निषाद पार्टी के लिए सीटों का निर्धारण भले ही न हुआ हो, लेकिन पार्टी अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद कम से कम 24 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर चुके हैं। मछुआरा समाज में शामिल सभी जातियों को अनुसूचित जातियों में आरक्षण दिए जाने के मुद्दे पर भाजपा के साथ आए संजय को इस बात का भरोसा है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनने पर सभी मांगों का समाधान होगा।

पिछले दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव में बुरी तरह से मात खाए रालोद की चाहत इस बार आसमान छूने की है। जाटों के प्रभाव वाली 136 सीटों पर रालोद का असर है। मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़ यानी छह मंडल के 26 जिलों में रालोद का प्रभाव है। माना जा रहा है सपा के साथ रालोद की 37 सीटों पर बात बन चुकी है। वर्ष 2017 के चुनाव की बात करें तो 277 सीटों पर रालोद ने उम्मीदवार उतारे थे लेकिन महज छपरौली का दुर्ग ही बच पाया। हालांकि छपरौली से जीते विधायक सहेंद्र रमाला भी भाजपा में चले गए। यही हाल लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में रहा। दोनों ही बार रालोद का खाता ही नहीं खुला।

सपा से अलग होने के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया बनाई। उन्होंने पूरे प्रदेश में संगठनात्मक ढांचा तैयार किया। अपनी ताकत का एहसास भी कराया। पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्र में संगठन तैयार कर चुकी थी। इसी बीच सपा से गठबंधन हो गया। प्रसपा को कितनी सीटें मिलेंगी अभी तय नहीं है। कुर्मी जाति पर खासा प्रभाव रखने वाले अपना दल का गठन 1995 में हुआ था। 2002 में तीन विधानसभा सीटों पर जीत के साथ खाता खोला था। हालांकि पार्टी का गठन करने वाले डॉ. सोनेलाल पटेल ने कभी चुनाव नहीं जीता। वर्ष 2007 के विस चुनाव में भाजपा के साथ चुनाव लड़ने पर भी उसे एक भी सीट पर जीत नहीं मिली था। अलबत्ता 2012 के चुनाव में वाराणसी की रोहनिया सीट पर ही सफलता मिल पाई थी। वर्ष 2017 के विस चुनाव में भाजपा गठबंधन के साथ 9 सीटें जीतीं। लोकसभा चुनाव पहली बार अपना दल को 2014 में दो सीटों पर जीत मिली थी। 2019 में इन दोनों सीटों पर पार्टी कब्जा बरकरार रखा है। प्रदेश की करीब 203 सीटों पर कुर्मी जाति का अच्छा खासा प्रभाव है। पार्टी ने पूर्वांचल और बुंदेलखंड के 32 जिलों की करीब 76 सीटें ऐसी चिह्नित की हैं जिन पर कुर्मी और इनकी उपजातियों की संख्या एक लाख से लेकर दो लाख तक है।

# पश्चिम में बागियों की धार कुंद करेगी शाह की रणनीति



**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

**चुनाव में** टिकट न मिलने से हर दल के लोग नाराज होते हैं लेकिन बीजेपी इस चिरपरिचित समस्या से निपटने के लिए अपनी पुरानी रणनीति के अनुसार ही काम कर रही है। 2017 के विधान सभा चुनाव में पार्टी के चाणक्य कहे जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह डेमेज कंट्रोल किया था उसी प्रकार शाह ने पश्चिम यूपी से प्रचार अभियान के साथ-साथ बागी तेवरों को शांत करने का काम भी शुरू कर दिया है। हालांकि बीजेपी को बागियों से भीतरघार की संभावना नजर आ रही है।

कमल खिलाने के लिए अपने चुनावी चाणक्य गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम यूपी के लिए मोर्चा संभाला है। वेस्ट यूपी में टिकट नहीं मिलने से बागी हुए अपनों को मनाकर अमित शाह फतह की रणनीति बनाने का काम कर रहे है। 21 जनवरी को अमित शाह मेरठ में वेस्ट यूपी की सभी 71 विधानसभा सीटों के भाजपा प्रत्याशियों से बात कर उन्हें जीत का मंत्र दिया। टिकट वितरण के बाद पार्टी में शुरू हुई अंदरुनी कलह को रोकने के लिए अमित शाह मैदान में उतरे हैं। 2017 की ही तरह अमित शाह ने अपनी रणनीति के तहत कुछ जाति के बड़े नेताओं से संवाद किया है और बागी प्रत्याशियों को अपने पाले में करने की कवायद भी तेज हो गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं में अंदरुनी कलह काफी दिनों से चल रही है लेकिन टिकट वितरण के बाद कलह खुलकर सामने आ गई।

गृह मंत्री अमित शाह लगातार पिछले तीन चुनावों से यूपी में भाजपा के विकास की पटकथा लिख रहे हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव 2017 विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव में अमित शाह ने लगातार यूपी आकर मंथन किया। जनता से लेकर कार्यकर्ताओं को भाजपा की रणनीति की जानकारी देकर चुनाव में बीजेपी के लिए माहौल बनाया है। इस बार भी अमित शाह पर चुनाव की बड़ी जिम्मेदारी है। पश्चिम यूपी के इस चरण में चुनाव धीरे-धीरे गाढ़ा रंग ले रहा है और बीजेपी के कद्दावर नेताओं कैराना, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ जैसे शहरों में घर-घर जनसर्पक तेज कर दिया है। इस बीच बीजेपी से जिन्हें टिकट नहीं मिला है वह अब अपनी ही पार्टी के खिलाफ ताल ठोंकने को तैयार है। पश्चिम की जिन सीटों पर बागी मैदान में उतर आए हैं वहां बीजेपी का प्लान बी काम कर रहा है।

विपक्षी दलों के साथ अपनों ने भी बढ़ाई मुश्किलें: मेरठ के हस्तिनापुर सीट पर बीजेपी से पूर्व विधायक गोपाल काली ने अपने बेटे को निर्दलीय चुनाव लड़ाने की घोषणा की थी लेकिन वह समय से पर्चा नहीं दाखिल कर पाए। अब वह खुलकर बीजेपी के खिलाफ सोशल मीडियाा पर प्रचार कर रहे हैं। गोपाल काली राज्यमंत्री दिनेश खटीक के खिलाफहैं। हस्तिनापुर सीट पर गोपाल काली टिकट की दावेदारी में थे लेकिन टिकट न मिलने से नाराज हैं। जब दिनेश खटीक को राज्यमंत्री बनाया गया था तब भी गोपाल काली ने मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर मोर्चा खोला था। गोपाल काली बीजेपी के पुराने नेता है और संघ में भी सक्रिय रहे हैं। गोपाल काली बीजेपी से 1991 में विधानसभा और 1994 में उपचुनाव लड़े थे। मेरठ की सिवालखास सीट पर बीजेपी ने मौजूदा विधायक जाट जितेंद्र सतवाई का टिकट काटकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह को टिकट दिया है। उनको लेकर पार्टी में विरोध शुरू हो गया।

## ● कैराना से जनसपंर्क के जरिए जाट, ब्राह्मण, जाटव नेताओं से संवाद कर रहे केंद्रीय गृहमंत्री

जितेंद्र सतवाई अब घर बैठे हैं और उनके करीबी जो बीजेपी के लिए काम रहे थे वह भी नाराज होकर घर बैठ गए हैं। मेरठ में बीजेपी की शहर सीट बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी की मानी जाती थी। 2017 में वाजपेयी हार गए थे। इस बार उहोंने खुद ही चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। इस बार पार्टी ने वाजपेयी के शिष्य कमलदत्त शर्मा को टिकट दिया है लेकिन कमलदत्त शर्मा के विरोध में राज्यमंत्री सुनील भराला के समर्थक आ गए। भराला ने भी चुनाव से किनारा कर लिया है। पश्चिम यूपी के प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा का कहना है कि थोड़ी बहुत नाराजगी लोकतंत्र में हमेशा होती है। बीजेपी अनुशासित संगठन है। टिकट को लेकर कोई विरोध नहीं है। जल्द ही सभी एकजुट होकर चुनाव लड़ाएंगे और यूपी में फिर बीजेपी की सरकार बनाएंगे। अमरोहा से पूर्व मंत्री चेतन चौहान की पत्नी संगीता चौहान टिकट की दावेदार थीं लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया गया। वह मुरादाबाद मंडल में इकलौती बीजेपी विधायक हैं जिनका पार्टी ने टिकट काटा है। इस तरह बुलंदशहर की सदर सीट से पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिरोही की पत्नी ऊषा चौहान का टिकट काट दिया गया। इसके साथ ही सिकंदराबाद सीट से मौजूदा विधायक विमला सोलंकी का भी टिकट उम्र की सीमा को देखते हुए नहीं दिया गया है। डिबाई से महिला विधायक डा अनीता लोधी राजपूत का टिकट काटने से भी नाराजगी हैं। उनकी जगह बीजेपी के पूर्व विधायक स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह के बड़े भाई सीपी सिंह को टिकट दिया गया है। आगरा से पूर्व सांसद प्रभु दयाल कठेरिया ने प्रदेश उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। तीन बार के सांसद प्रभु दयाल कठेरिया अपने बेटे के लिए टिकट मांग रहे थे लेकिन टिकट नहीं मिलने से नाराज कठेरिया ने बागी सुर छेड़ा है। प्रभु दयाल कठेरिया के बेटे अरुण कांत ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। प्रभु दयाल कठेरिया ने साल 2012, 2014 और 2017 में अपने लिए टिकट मांगा था। इस सीट से बीजेपी ने बेबी रानी मौर्य को टिकट दिया है। बरेली में पूर्व मंत्री राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल को टिकट नहीं मिलने से नाराजगी है। मंत्री के बेटे ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की है। मनीष ने ट्वीटर पर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। राजेश अग्रवाल वर्तमान में बीजेपी के कोषाध्यक्ष हैं। माना जा रहा था कि उनके बेटे को टिकट जरूर मिलेगा लेकिन बीजेपी ने टिकट के लिए दूसरा चेहरा चुना है। इस सीट से आरएसएस के करीबी संजीव अग्रवाल को टिकट मिला है। बरेली की बिथरी चैनपुर सीट से राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल को टिकट नहीं दिया है। बीजेपी ने इस सीट से आरएसएस के नजदीकी डॉक्टर राघवेंद्र शर्मा को टिकट दिया है। पप्पू भी घर बैठ गए हैं।

# घोषित प्रत्याशियों के पाला बदलने से कांग्रेस हुई असहज

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ

**प्रदेश** में पिछले तीन दशक से अधिक समय से सत्ता का वनवास झेल रही कांग्रेस इस विधानसभा चुनाव में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाशने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महासचिव प्रियंका वाड्रा जहां लगातार पार्टी संगठन को नए सिरे से खड़ा करने का दावा कर रही हैं वहीं दूसरी ओर एक के बाद एक पार्टी के घोषित प्रत्याशियों द्वारा टिकट मिलने के बाद पाला बदल लेने से कांग्रेस की स्थिति चुनाव से पूर्व ही असहज होती जा रही है। इतना ही नहीं कांग्रेस में चल रही उठापटक के बाद प्रियंका के नेतृत्व पर भी अंदर खाने से सवाल उठने शुरू हो गए हैं। पिछले छह महीने के भीतर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता यूपी में पार्टी का साथ छोड़कर चले गए हैं और दूसरे दलों से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका उन नेताओं से लगा है जिनका टिकट पार्टी ने फइनल कर दिया था और टिकट मिलने के बाद उन्होंने दूसरे दलों की सदस्यता ली है। अब कार्यकर्ता भी कहने लगे हैं कि कांग्रेस के नीतिनिर्धारकों को उम्मीदवारों की पहचान नहीं है। जो नेता जमीन पर काम कर रहे हैं उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। लिहाजा नेता पार्टी को अलविदा कह रहे हैं।

सबसे पहले रामपुर की चमरौआ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए पूर्व विधायक युसूफअली ने पार्टी छोड़ दी। जिसके बाद वो सपा में शामिल हो गए थे लेकिन अखिलेश ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इसके बाद रामपुर जिले की ही स्वार टांडा से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए गए हैदर अली खान उर्फ हमजा मियां ने पार्टी छोड़ दी। हमजा रामपुर से सांसद रहीं बेगम नूरबानो के पोते हैं। काजिम अली रामपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हैं और आजम खान के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। हमजा मियां ने कांग्रेस छोड़ अपना दल एस की सदस्यता ले ली है। अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने



उन्हें स्वारटांडा से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इनके अलावा बरेली कैंट सीट से घोषित कांग्रेस उम्मीदवार सुप्रिया ऐरन और उनके पति और पूर्व सांसद प्रवीण ऐरन ने भी पार्टी छोड़ सपा की सदस्यता ले ली।

### पूरब से पश्चिम तक असंतोष, दिग्गज भी कर रहे किनारा

पूर्वांचल में कांग्रेस की आवाज बुलंद करने वाले दिग्गज नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने भी पार्टी से किनारा कर लिया है। कांग्रेस छोड़ने वाले कुछ और ऐसे बड़े नाम हैं जिनका अपना जनाधार है। यह लोग न सिर्फ चुनाव जीतते रहे हैं बल्कि पार्टी को भी जिताते रहे हैं लेकिन अब इनका मानना है कि कांग्रेस पार्टी में फिलहाल दम नहीं है। इमरान मसूद सहारनपुर बेल्ट में प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में जीते कांग्रेस के दो विधायक नरेश सैनी बेहट और मसूद अख्तर सहारनपुर की जीत में इमरान का ही प्रभाव माना जाता है। नरेश सैनी भाजपा और मसूद अख्तर अब सपा में जा चुके हैं।

पश्चिमी यूपी में कांग्रेस के दिग्गज नेता और जाट समुदाय का चेहरा माने जाने वाले पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक और उनके बेटे पूर्व विधायक पंकज मलिक भी चुनाव से पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। प्रियंका के करीबी रहे ललितेशपति त्रिपाठी कांग्रेस को अलविदा कहकर टीएमसी में शामिल हो गए। प्रियंका बुंदेलखंड में जिन कांग्रेस नेताओं के दम पर पार्टी को मजबूत करने के लिए मशक्कत कर रही थीं उन सभी ने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व विधायक व प्रियंका की सलाहकार समिति के सदस्य विनोद चतुर्वेदी, पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, महोबा के पुराने कांग्रेसी खानदान के मनोज तिवारी भी सपा में शामिल हो गए। कांग्रेस ने इन तीनों ही नेताओं को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी की थी। ऐसे ही कानपुर देहात में कांग्रेस के मजबूत चेहरा माने जाने वाले पूर्व सांसद राजाराम पाल भी पार्टी छोड़कर साइकिल पर सवार हो गए हैं। कांग्रेस सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहे जितिन प्रसाद ने भाजपा का दामन थामा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व बदायूं से पूर्व सांसद सलीम शेरवानी उन्नाव की पूर्व सांसद अन्नू टंडन, मिर्जापुर के पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, सीतापुर की पूर्व सांसद कैसर जहां, अलीगढ़ के पूर्व सांसद विजेन्द्र सिंह पूर्व मंत्री चौधरी लियाकत पूर्व विधायक राम सिंह पटेल पूर्व विधायक जासमीन अंसारी, अंकित परिहार और रमेश राही जैसे नेता कांग्रेस छोड़ चुके हैं।

### सात में चार विधायक भी छोड़ चुके हैं साथ

2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटों पर जीत हासिल की थी। इन सात विधायकों में चार कांग्रेस छोड़कर दूसरे दलों में शामिल हो चुके हैं। इनमें तीन विधायकोंने बीजेपी का दामन थामा है तो एक सपा में शामिल हुए हैं। रायबरेली से विधायक अदिति सिंह, हरचंदपुर विधायक राकेश सिंह और सहारनपुर के बेहट से विधायक नरेश सैनी बीजेपी में शामिल हो चुके हैं, जिन्हें बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया है। सहारनपुर देहात से कांग्रेस विधायक मसूद अख्तर पार्टी के दिग्गज नेता इमरान मसूद के साथ सपा में चले गए हैं। अब केवल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और तमकुहीराज से विधायक अजय कुमार लल्लू व कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और कानपुर कैंट से विधायक सोहिल अख्तर अंसारी ही बचे हैं।

# चुनाव के दौरान अधिकारी कर्तव्यों के प्रति रहें सजगः मंडलायुक्त

संवाददाता। उरई (जालौन)

**गुरुवार को** मंडलायुक्त डॉ. अजय शंकर पांडे व पुलिस उप महानिरीक्षक जोगेंद्र कुमार ने रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में विधानसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव करने के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथ पर मूलभूत सुविधाएं वहां जाने के लिए सुगमता और बेहतर क युनिकेशन की व्यवस्था होनी चाहिए।

मंडलायुक्त ने आचार संहिता के अनुपालन के प्रति स त रुख दिखाते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसके प्रति सचेत रहें। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से कोई शिकायत आती है तो तत्परता से कार्यवाही हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव में गलती माफी योग्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इसलिए जब ट्रेनिंग दी जाए तो उस समय ध्यान लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण

## ● अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखें, अपराधियों को चिन्हित कर कार्रवाई करें:जोगेंद्र कुमार

के दौरान कुछ समझ में नहीं आए तो बार-बार पूछे लेकिन जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मशीनों के रखरखाव आदि के बारे में भी सजग रहे किसी को भी ओवरकॉन्फिडेंस में नहीं रहना है और क्रमवार चुनावी प्रशिक्षण में भाग लेना है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के साथ साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी को भी प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमणसील रहेंगे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि असामाजिक या अवांछनीय तत्वों को अनिवार्य रूप से चिन्हित करने की कार्यवाही करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के जो भी निर्देश आते हैं उनका अध्ययन अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दोनों को भी चुनाव आयोग के निर्देशों से अवगत करा दें और निर्देशों का पालन भी कराएं। उन्होंने प्रत्याशियों को भी मतदाता सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी स्तर पर अवैध शराब का संचालन नहीं होना चाहिए उन्होंने कहा कि जनपद के अन्य राज्य लगने वाले बॉर्डर पर सघन अभियान चलाया जाए।

पुलिस उप महानिरीक्षक जोगेंद्र कुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्य हेतु बाहर से आ रहे पुलिस बलों के ठहरने के स्थान पर पर्याप्त शौचालय साफ सफाई खानपान आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखें अपराधियों को चिन्हित कर कार्रवाई करें। मंडलायुक्त ने ईवीएम, वीवीपैट व कार्मिक रेंडमाइजेशन, अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही शांति व्यवस्था के दृष्टिगत निरोधात्मक कार्यवाही वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों का चिह्नित कर पुलिस बल की तैनाती, मतदान कार्मिकों को कोविड-19 प्रथम दूसरी व बूस्टर डोज लगाने की स्थिति मतदान कार्मिकों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने हेतु वाहनों का अधिग्रहण एवं नोटिस तमिला की स्थिति जेंडर रेशियो की स्थिति ईपिक वितरण आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु विभिन्न प्रकार की टीमों द्वारा की जा रही कार्यवाही आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, अपर जिलाधिकारी पूनम निगम, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, मु य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव आदि सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नवीन गल्ला मंडी, कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण



अधिकारियों की मीटिंग में दिशा निर्देश देते मंडलायुक्त व आईजी।

**उरई (जालौन)।** मंडलायुक्त अजय शंकर पांडे व पुलिस उप महानिरीक्षक ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु गुरुवार को नवीन गल्ला मंडी व कलेक्ट्रेट परिसर में बने नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम उन्होंने नवीन गल्ला मंडी परिसर पहुंच कर निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियां को रवाना होने से पहले गाड़ी खड़ी करने की पार्किंग की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि तीनों विधानसभा को बैरिकेडिंग कर ली जाए। उन्होंने कहा कि बिजली पानी साफसफाई व पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम में नंबरिंग कर ली जाए ताकि ईवीएम व वीवीपैट को रखने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पोलिंग पार्टियां रवानगी होने से पहले नवीन गल्ला मंडी परिसर में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर निरीक्षण किया सभी विधानसभा नामांकन कक्ष में पहुंच कर सभी संबंधित आरओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, अपर जिलाधिकारी पूनम निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल कुमार यादव, नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य आदि सहित संबंधित अधिकारी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### संयुक्त परिवार संचालित करने वाली दो बहुओं को प्रधान ने किया सम्मानित

**जालौन (उरई)।** ग्राम पंचायत रूरा मल्लू में इस बार गणतंत्र दिवस पर एक नई पहल सामने आई है। गांव के प्रधान प्रमोद कुमार पाल ने प्राथमिक विद्यालय में आयोजित एक समारोह में गांव की ऐसी दो बहुओं को स मानित किया जो अपने संयुक्त परिवार को पूरी तत्परता से चला रही हैं। सास, ससुर की सेवा के साथ ही परिवार के सुख दुख में मिलकर भागीदारी निभाती हैं। जिनमें प्रभा पत्नी नरोत्तम गोस्वामी व पूनम पत्नी पिंटू को शॉल व 2100 रुपये नगद देकर स मानित किया। इस मौके पर प्रधान ने घोषणा की वह प्रत्येक गणतंत्र दिवस पर गांव में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को स मानित करेंगे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव सौनकिया, ज्योति श्रीवास्तव, पूनम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### 95 लीटर कच्ची शराब सहित दो गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने अलग अलग स्थान से 2 लोगों को गिर तार किया है जिसके पास से 95 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। गणतंत्र दिवस के मौके पर शराब की बिक्री प्रतिबंधित थी। बंदी का लाभ लेकर शराब बेचने के आरोप में छोटे लाल निवासी सहाव को पुलिस ने गिर तार किया है जिसके पास से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है तथा मुरलीमनोहर निवासी गजेंद्र सिंह को गिर तार किया जिनके पास 45 लीटर शराब बरामद हुई है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफआबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### घटिया निर्माण की एसडीएम से की शिकायत

**जालौन (उरई)।** आवास विकास कॉलानी में सीसी रोड निर्माण के साथ ही नाली निर्माण का भी कार्य किया जा रहा है। लेकिन उक्त कार्य मानक के अनुरूप न होने का आरोप कॉलोनी के निवासियों ने लगाया है। उन्होंने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्य की जांच कराने एवं मानक के अनुसार कार्य कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र में आसरा कॉलोनी निवासी नरेंद्र बाबू द्विवेदी, नगेंद्र सिंह सेंगर आदि ने एसडीएम को शिकयती पत्र देकर बताया कि कॉलोनी में कुछ स्थानों पर सीसी रोड और नाली नहीं है। ऐसे में कॉलोनी में रहने वाले लोगों को दिक्कत होती है। कालोनी में रहने वाले लोगों की मांग पर सीसी रोड व नाली निर्माण का कार्य तो शुरू हो गया है। लेकिन ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं कराया जा रहा है। जिससे आशंका है कि जल्द ही रोड व नाली क्षतिग्रस्त हो जाएगी। जबकि मानक के अनुसार कार्य गुणवत्तापूर्ण होता है। जो काफी समय तक टिकेगा। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में ठेकेदार से बात की है लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं है। कॉलोनी के लोगों ने एसडीएम से कार्य की जांच कराने एवं मानक के अनुरूप कार्य कराने की मांग की है।

### गणतंत्र दिवस पर की हनुमान जी की पूजा अर्चना

**जालौन (उरई)।** गणतंत्र दिवस के मौके पर देश में सुख शांति व समृद्धि के लिए हनुमानजी की पूजा-अर्चना की। श्री वीर बालाजी हनुमान जी में सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ किया है जिसमें 108 पाठ किये गये। उरई मार्ग पर स्थित श्री वीर बालाजी हनुमान जी के में पुजारी कमलेश के नेतृत्व में हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की गयी। देश में फैली कोरोना की महामारी व देश पर आने वाले संकटों से रक्षा के सामुहिक 108 सुंदरकांड के पाठ किये। संकटमोचन से देश के सभी संकटों से रक्षा करने तथा भारतीयों में सुख शांति के समृद्धि की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में बड़ी सं या में भक्तों ने भाग लिया।

### मानसिक बीमार युवक सप्ताह भर से लापता

**जालौन (उरई)।** मानसिक रूप से कमजोर युवक 1 सप्ताह से लापता है। पिता ने पुत्र की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी हरीराम ने बताया कि उनका 35 वर्षीय पुत्र तिलक सिंह का मानसिक संतुलन ठीक नही है। 22 जनवरी की सांय 6 बजे वह अचानक घर से कही गायब हो गया है। उसकी काफी तलाश की किन्तु कहीं उसका पता नहीं चल रहा है। पिता ने पुत्र की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस की है तथा पुत्र की तलाश कराने की मांग की है।

### खुले आसमान तले रहने को विवश परिवारों की मदद को आगे आये समाजसेवी

**जालौन (उरई)।** नगर में खुले आसमान के नीचे डेरे में रहने वाले व्यक्तियों को सर्दी के मौसम में राहत पहुंचाने के लिए समाजसेवी आगे आए हैं। समाजसेवियों ने डेरों में पहुंचकर खुले आसमान के नीचे रात बिताने वाले व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। उधर भदवां गांव में भी समाजसेवियों ने कंबल वितरित किए। नगर में एलआईसी के पीछे और छत्रसाल इंटर कॉलेज मैदान परिसर में डेरों में लगभग तीन दर्जन परिवार प्लास्टिक की पन्नी तानकर उसके नीचे रह रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों को अभी तक शासन की ओर न तो कंबल वितरित किए गए थे और न ही कोई अन्य मदद मुहैया कराई गई है। इस बारे में खबर प्रकाशित होने के बाद समाजसेवी आगे आए और समाजसेवी जर्रार व गौरीश ने इनके डेरों में जाकर आधा सैंकड़ा कंबल वितरित किए। कंबल पाकर इन डेरों में रहने वाले लोगों के चेहरे खिल गए। उधर, ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भदवां में प्रधान जगत निरंजन, क्षेत्र पंचायत सदस्य संतकुमार की उपस्थिति में दो दर्जन से अधिक व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर इंद्रवीर सिंह, देवेंद्र वर्मा, विनय कुमार, वीरबहादुर, लोकेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**कुठौंद (जालौन)।** शंकरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम हर शंकरपुर में खड़े युवक को नशे में धुत बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे युवक के सिर में गंभीर चोटें आयी। आनन फानन में युवक को एसआई बलराम शर्मा कॉन्स्टेबल घायल अवस्था में घायल गयाप्रसाद पुत्र रघुनाथ राजपूत निवासी हर शंकर पुर को पीएचसी कुठौंद लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना कर भाग रहे बाइक सवार का पुलिस ने पीछा कर गिर तार कर लिया जिसमें एक का नाम गणेश उम्र 24 वर्ष निवासी औरैया दूसरा संजीव कुमार पुत्र अशोक निवासी ग्राम भदेख थाना कुठौंद निवासी बताया जा रहा है।

### जेल गेट पर फायरिंग का आरोपी जेल वार्डन गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** उरई जेल परिसर के गेट पर बुधवार की शाम को हुई फायरिंग की गूंज झांसी तक जा पहुंची, जिसके बाद गुरुवार को डीआईजी जेल झांसी व वरिष्ठ अधीक्षक उरई जेल जा पहुंचे, जहां पहुंचने के बाद उन्होंने शिकायतकर्ता सिपाही व अन्य प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत की व जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, मीडिया कर्मियों से बातचीत में डीआईजी ने बताया कि गोली चलाने वाले जेल वार्डन वीरेन्द्र सिंह को गिर तार कर जेल भेज दिया है व मामले की जांच की जा रही है। इस दौरान जेल परिसर में डीआईजी जेल आरएस छावी व वरिष्ठ अधीक्षक के साथ जेलर सुनीत चौहान व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### तंमचे के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)।** तमंचा कारतूस लिए खड़े युवक को पुलिस ने गिर तार करने में सफलता हासिल की। विधानसभा चुनाव को लेकर मुस्तैद कोतवाली की सुरई चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा ने गुरुवार को हमराही सिपाही अमित कुमार व विवेक कुमार के साथ मिलकर क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में खड़े नूर मोह मद उर्फनूरी उर्फनरुल हक पुत्र मजारुल हक उर्फनजरुल निवासी आजाद नगर को पकड़ लिया। जामा तलाशी में पुलिस ने उसके पास से अबैध 315 बोर का तमंचा व 5 जिंदा कारतूस बरामद कर आ र्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज।

# एसडीएम, सीओ ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ निकाला रूट मार्च



**कोंच( जालौन )।** आसन्न विधानसभा चुनाव में खलल डालने वालों को कड़ा संदेश देने और शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने नगर तथा संवेदनशील गांवों में रूट मार्च किया। बुधवार को कोतवाली पुलिस के साथ सैकड़ों की सं या में नगर की सड़कों पर जब अर्द्धसैनिक बलों के भारी बूटों की थाप सुनाई दी तो अराजकतत्व सहम गए। इसके अलावा क्षेत्र के संवेदनशील गांवों में भी लैग मार्च निकाल कर मतदाताओं को सुरक्षा का भरोसा दिया गया। बुधवार को एसडीएम राजेश सिंह, सीओ शाहिदा नसरीन, कोतवाल बलिराज शाही व सीआरपीएफ अधिकारियों की अगुवाई में कोतवाली पुलिस व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने नगर के मु य राजमार्ग, सर्कुलर रोड और संवेदनशील इलाकों में लैग मार्च किया। इसके बाद संवेदनशील गांवों चांदनी व बसोव में भी मार्च निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से भयमुक्त, सुरक्षित और निष्पक्ष वातावरण में बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने तथा मादक पदार्थों के वितरण आदि की शिकायत एसडीएम, सीओ व कोतवाली पुलिस से करने का आह्वान किया।

# जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया 73वां गणतंत्र दिवस



**चित्रकूट।** पुलिस लाइन में 73वें गणतंत्र दिवस पर बतौर मु य अतिथि जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने सीओ हर्ष पाण्डेय की प्रथम कमांड परेड व सेकेण्ड कमांड परेड दरोगा एपी अब्दुल कदीर तथा थर्ड कमांड दरोगा अयोध्या प्रसाद से परेड की सलामी ली। जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर परेड का निरीक्षण किया। गणतंत्र दिवस पर्व पर परेड में हर्ष फायर के बाद मार्च पास्ट करती मंच की ओर प्रस्थान कर राष्ट्रीय ध्वज व मु य अतिथि को सलामी देते हुए का दृश्य लोगों को देशभक्ति के प्रति रोमांचित कर रहा था। मु य अतिथि ने प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह को उत्कृष्ट सेवा स मान चिन्ह, मु य आरक्षी उमेशचन्द्र तिवारी को सराहनीय सेवा स मान चिन्ह, दरोगा सूबेदार बिन्द को उत्कृष्ट सेवा पदक भारत सरकार से प्रशस्ति पत्र देकर स मानित किया। कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने वाले डायल यूपी 112 के नौ पुलिस कर्मियों को मु य अतिथि ने स मानित किया। पुलिस कर्मियों के आश्रितों को अंगवस्त्र व उपहार भेंट किये। मु य अतिथि ने परेड के सभी कमांडरों से परिचय लिया। बेहतरीन परेड के लिए सभी की सराहना की। शानदार आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह का संचालन दरोगा एपी आफाक खां ने किया। मु य अतिथि व पुलिस अधीक्षक ने मोमेन्टो देकर स मानित किया। एसपी व डीएम को स्मृति चिन्ह भेंट किये।

## पुलिस ने ग्रामीण के घर मचाया उत्पात

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के इटवां गांव के मजरा छोटी पाटिन में विक्की पाण्डेय गांव समाज की जमीन से जेसीबी से मिट्टी खोदकर अपने खेत में डाल रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी कब्जे में ले लिया है। मारकुण्डी थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पर आरोप है कि रात में साढ़े 12 बजे शराब के नशे में विक्की के घर पहुंचकर तोडफोड की है। गुरुवार को छोटी पाटिन गांव के विक्की पाण्डेय की मां मीरा पाण्डेय ने बताया कि घर में पति चन्द्रपाल, देवरानी प्रतिभा व सोनू पुत्री देवनारायण पाण्डेय थी। पुलिस ने घर में आते ही दोनों दरवाजे तोडकर सभी के साथ गाली-गलौज की। घर के सभी बक्सों व अलमारी खोलकर सामान इधर-उधर फेंक दिया। अलमारी में रखे जेवर व नकदी उठा ले गये। रात साढे तीन बजे पुलिस जबरन गाडी में बैठाकर उन्हें थाने ले गई। साढे चार बजे महिला पुलिस के साथ घर छोडा। मारकुण्डी थानेदार इस दौरान लगातार बद्सलूकी करते रहे।

## महामंडलेश्वर ने किया भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

**उरई ( जालौन )।** गुरुवार को उरई-जालौन विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन महामंडलेश्वर उमाकांतनंद सरस्वती महाराज के मु य अतिथि के रूप में फीता काटकर उद्घाटन किया। जबकि समारोह की अध्यक्षता ठड़ेश्वरी मंदिर के महंत सिद्धन महाराज की।चुनाव कार्यालय के षुभारंभ अवसर पर जहां भाजपा पूरी तरह से एकजुट नजर आयी। इस अवसर पर कालपी विधायक नरेंद्र सिंह जादौन जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जिला महामंत्री दिलीप दुबे, रविंद्र सिंह हसनपुर, अग्निवेश चतुर्वेदी, विवेक कुशवाहा, देवेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष सुनीता वर्मा, रेखा वर्मा, रामप्रकाश मुखिया मंजूरानी, हर किशोर गुप्ता रिप्पू, अबध शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदीश तिवारी, नागेंद्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख जालौन रामराजा निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, शंभू दयाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सूर्य नायक, बृजभूषण मुन्नू, दिनेश तिवारी के साथ नूरउद्दीन भाई अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे।

# कोरोना नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का डीएम ने किया सम्मान

संवाददाता। चित्रकूट



**कोविड-19** संक्रमण की रोकथाम तथा वैक्सीनेशन में अच्छा कार्य करने वाले उप जिलाधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम प्रधान सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मु य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन कर माल्यार्पण व अंग वस्त्र, डायरी भेंट कर स मानित किया गया।वहीं जिलाधिकारी को मु य चिकित्सा अधिकारी डा0भूपेश द्विवेदी ने भी स मानित किया।

जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हमारे जनपद में कोरोना वैक्सीनेशन में अच्छा कार्य हुआ है जो आज हम राष्ट्रीय पर्व पर लोगों को स मानित कर रहे हैं। कहा कि अधिकारियों कर्मचारियों ने कार्यालय तथा फील्ड से अच्छा कार्य किया है। जिसका आज यह रिजल्ट प्राप्त हुआ है। कहा कि महामारी का संक्रमण तेजी से फैल रहा है,लेकिन वैक्सीनेशन की वजह से काफी बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। सामूहिक प्रयास से ही सफलता को प्राप्त किया जा सकता है मैं सभी को बधाई देता हूं। कहा की वैक्सीनेशन में पहले कठिनाई थी लेकिन बाद में लोगों ने रुचि लेकर वैक्सीन लगवाया है ग्राम प्रधानों ने गांव में लोगों को अच्छा प्रेरित करके कार्य किया है इसी प्रकार विद्यालयों ने भी सहयोग देकर समाज के सभी लोगों का इस कार्य में सहयोग मिला है। मु य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोविड-19 को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के साथ सभी विभागों ने अच्छा सहयोग किया है। जिससे आज जनपद में अच्छा वैक्सीन का कार्य किया गया है। इस कार्य को पूरे जिले की मशीनरी लगा कर जिलाधिकारी के निर्देशों पर वैक्सीनेशन का कार्य किया गया। जिसकी समीक्षा भी प्रतिदिन जिलाधिकारी द्वारा की जाती है। उन्होंने कहा कि जनपद में 98 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीन लोगों को लगाई गई है, द्वितीय डोज भी लगभग 70 प्रतिशत लग चुकी है। इसके साथ ही साथ 15 से 18 वर्ष के आयु के बच्चों को भी 64 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है आगे आने वाले समय में 12 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य बच्चों को भी टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों कर्मचारियों ने बच्ची ने सन में अच्छा कार्य किया गया है। उनको आज स मानित किया जा रहा है और जो भी अच्छा कार्य करेंगे उनको भी स मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरके करवरिया तथा ज्ञान चंद शुक्ला ने किया।कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, अपर उपजिलाधिकारी राजबहादुर, सत्यम मिश्रा, अपर मु य चिकित्सा अधिकारी डॉ इ तयाज, बाल विकास परियोजना अधिकारी पहाड़ी महेंद्र कुमार पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा अच्छा कार्य करने वाले अन्य अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने कोठिलिहाई गांव का दौरा कर किया वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने आज विकासखंड मानिकपुर की ग्राम पंचायत कोठिलिहाई में चल रहे वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण किया। गुरूवार को जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से कहा कि कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए आप लोग जिन लोगों को अभी तक बैक्सीन प्रथम डोज, ड्यू लिस्ट के अनुसार द्वितीय डोज नहीं लगी है, वह अपना वैक्सीनेशन करा ले। साथ ही जो बच्चे 15 से 18 वर्ष के थे उन्हें भी वैक्सीनेशन कराएं ताकि इस बीमारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि जो शासकीय कर्मचारी हैं वह भी अपना बुस्टर डोज अवश्य लगवा ले।

जिलाधिकारी ने गांव में चौपाल लगाकर खाद्यान्न वितरण, पेंशन, राशन कार्ड, शौचालय, आवास, वरासत आदि विभिन्न बिंदुओं पर भी ग्राम वासियों से जानकारी की। उन्होंने लेखपाल को निर्देश दिए कि जिन लोगों कि गांव में मृत्यु हो गई है। उनके परिजनों के नाम वरासत दर्ज कर खतौनी उपलब्ध कराए।सचिव को निर्देश दिए कि जो पात्र लोग हैं उनके राशन कार्ड तत्काल बनवा दिया जाए। ग्राम वासियों से कहा कि जो पेयजल की समस्या है तो जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्य हो रहा है जल्द पेयजल की समस्या का निस्तारण हो जाएगा। उन्होंने उप जिलाधिकारी मानिकपुर से कहा कि गांव की जो आज समस्याएं ग्राम वासियों ने बताया है वह संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करके तत्काल निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों से यह भी कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान आप लोग मतदान केंद्र पर जाकर अधिक से अधिक मतदान करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मानिकपुर डॉ राजेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी सचिव लेखपाल ग्राम प्रधान आशा एएन एम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए केशव शिवहरे को किया सम्मानित



**चित्रकूट।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर चित्रकूट पुलिस लाइन्स में आयोजित रैतिक परेड में कुशल उद्घोषक एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए वरिष्ठ समाज सेवी केशव शिवहरे को मु य अतिथि जिलाधिकारी चित्रकूट शुभ्रांत कुमार शुक्ला और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह देकर स मानित किया गया । केशव शिवहरे विगत 25 वर्षों से इंटर नेशनल पायनियर्स क्लब के माध्यम से जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में सामाजिक कार्य करने का दायित्व निभाने का कार्य करते आ रहे है।केशव शिवहरे इंटर नेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है , इनको हाल में ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्राण्ड ए बेसडर भी बनाया गया है । स मानित किए जाने पर शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए बधाई भी दिया ।

## तमंचे की नोंक पर डंफर लेकर भागे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जालौन ( उरई )।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर डंपर से मिट्टी खालीकर उरई की ओर आ रहे डंपर को रास्ते में कार खड़ी कर कुछ लोगों ने रोक लिया। इसके बाद चालक को तमंचा लगाकर वह ट्रक लेकर भाग गए। एसपी के निर्देश पर सक्रिय हुई डायल 112 टीम ने सातमील के पास से डंपर को डंपर चला रहे व्यक्ति के साथ पकड़ा। पुलिस चालक से पूछतांछ कर रही है। हरियाणा के हिसार थाना क्षेत्र के ग्राम गावर निवासी उरवीर सिंह का डंपर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में कार्य कर रहा था। गुरूवार की सुबह डंपर को उसके चालक राजस्थान के भरतपुर निवासी हरवीर सिंह मिट्टी खाली करने एट के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर गए थे। वहां से दोपहर करीब 12 बजे वह मिट्टी खाली करके वापस उरई की ओर लौट रहे थे। तभी रास्ते में एट थाने के आगे कुछ दूरी पर कुछ कार चालकों ने डंपर के आगे कार खड़ी कर डंपर को रोक लिया। इसके बाद उक्त व्यक्तियों ने कार से उतरकर तमंचे की दम पर चालक को डंपर से नीचे उतार दिया।

## पुलिस ने नाबालिग पुत्री के अपहरण की नहीं लिखी रिपोर्ट

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाने के सेमरदहा गांव के मजरा पिपरौहीपुरवा के उमेश पुत्र स्व लल्लू ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री को मोहल्ले की रुबी पत्नी राजू अपने रिश्तेदार कल्लू पुत्र भइया निवासी बडी पाटिन मारकुण्डी के साथ 16 जनवरी की रात आठ बजे साजिश कर भगवा दिया है। गुरुवार को पीडित ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि घटना की तहरीर बहिलपुरवा थाने में देने के बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पीड़ित की पुत्री व कल्लू को बहिलपुरवा थाना पुलिस 25 जनवरी से थाने में बैठाये है। पीडित को पुलिस ने थाने बुलवाकर आरोपियों के रिश्तेदार मेवालाल सविता व दयाप्रसाद सविता के दबाव में उल्टा जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित ने नाबालिग पुत्री को अपनी सुपुर्दगी में देने तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया 73वां गणतंत्र दिवस

- मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट व पुलिस लाइन में हुआ सम्पन्न
- कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण
- पुलिस लाइन में जिलाधिकारी ने ली परेड की सलामी

संवाददाता। अमेठी

**73वां** गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में बडे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 8◌ु30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फ्हराया गया और समारोह में उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सामुहिक रूप से संकल्प ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व डाण्भीमराव आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज का दिन अमर शहीदों से प्रेरणा लेने का दिन हैए जिन्होने अपने प्राणो की आहूति दी जिसकी वजह से हम आजादी से जी रहे है। उन्होने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना। जिलाधिकारी ने कहा की हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहियेए यह सबको बराबरीए स्वतंत्रता एवं समान अवसर प्रदान करता है। हमें इस आजादी की रक्षाए देश व समाज का निर्माणए प्रेम तथा सद्भावना व मेलजोल से रहना तथा सभी धर्मो का आदर करते हुए देश में अशांति और अराजकता फैलाने वाली शक्तियों के नापाक इरादों को पराजित करना होगा। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करेंए साथ ही वर्तमान में कोविड.19 संक्रमण के दृष्टिगत मास्कए सैनिटाइजर तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।


पुलिस लाइन में झण्डारोहण करते हुए जिलाधिकारी व एसपी पायनियर

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी को सामुहिक रूप से संकल्प दिलाते हुए कहा कि श्हम भारत के लोगए भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व.सम्पन्न समाजवादीएधर्म निरपेक्षए लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिएए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिकए आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्तिए विश्वासए धर्म और उपासना की स्वतन्त्रताए प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिएए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृतए अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। झण्डा रोहण के उपरान्त विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किये गए। इसके अलावा प्रातः 9◌ु30 बजे पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया गया तथा समारोह के मुख्य अतिथि रहे जिलाधिकारी द्वारा आयोजित परेड की सलामी ली गई। वहीं पुलिस लाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारियोंए कर्मचारियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयाए इसके अलावा जिला मुख्यालय एवं पूरे जिले में शासकीय एवं अशासकीय स्तर पर गणतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाए जिसमें छात्रध्छात्रओं और विशेषकर युवा वर्ग ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंहए मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठरए अपर जिलाधिकारी न्यायिक आरके द्विवेदीए अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडेयए उप जिला मजिस्ट्रेट गौरीगंज सविता यादवए वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक राजवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद रहे।

### राजर्षि रणंजय सिंह समूह के संस्थानों में भव्य समारोह

**अमेठी।** राजर्षि रणंजय सिंह समूह (आरआरएसजीआई) के संस्थानों मे 73वाँ गणतंत्र दिवस धूम.धाम से मनाया गया। राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में प्रधानाचार्य प्रवेश श्रीवास्तवए रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में प्राचार्य डॉ ओ पी त्रिपाठी ने झंडारोहण किया तथा उच्च शिक्षा निदेशक के संदेश का वाचन किया। एनसीसी के कैडेट्स? एएनओ डा उमेश सिंह के नेतृत्व में मार्च पास्ट करते हुए ? राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राजर्षि रणंजय सिंह आसलदेव पीण् जीण् कालेज पीपरपुर में प्राचार्या डॉ0 संगीता सिंहए राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टिट्यूट ऑफमैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी मे डॉ0 चंदारानीए फार्मेसी कालेज में डॉ0 अनूप मैतीए रानी सुषमा देवी महिला कॉलेज मे डॉ0 पूनम सिंह ए श्री रणवीर इंटर कालेज में डॉ0 राजेश सिंहए ने ध्वजारोहण किया। रानी सुषमा देवी बालिका विद्यालयए रणवीर जूनियर हाई स्कूल एयर आर्य समाज वैदिक बाल विद्या मंदिर में भी ध्वजारोहण के साथ 73वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने मार्च किया तथा प्राचार्य और शिक्षकों ने देश के शहीदों को याद करते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए उनके बलिदानों को याद किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### प्रसिद्व व्यापारी बाबी की मौत के महज 24 घंटे बाद ही पिता ने भी अपने प्राण त्याग दिये

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के प्रसिद्व व्यापारी राजीव सिंह(बाबी) की मौत के महज 24 घंटे बाद ही पिता राजेंद्र सिंह(70) ने भी अपने प्राण त्याग दिये। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार बडे पुत्र बाबी की बीमारी की वजह से पिता राजेंद्र काफी परेशान रहते थे तथा उसकी मौत के बाद से टूटजाने के चलते उनकी भी मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी व छोटा बेटा अंशुमान सिंह भी बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती बताये गये है। राजेंद्र सिंह का अंतिम संस्कार गुरूवार को गेंगासो तट पर किया गया जबकि बुधवार को इसी स्थान पर उनके पुत्र की अंत्येष्टि की गई थी।

### छात्रा को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद

**लालगंज रायबरेली।** कोचिंग पढने साईकिल से घर जा रही छात्रा को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया लेकिन उसका ड्राईवर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पूरे चौहानन मजरे गौरा रूपई गांव निवासी इंद्रभान सिंह की 15 वर्षीय पुत्री मीनाक्षी साइकिल से कोचिंग पढ़ने लालगंज आ रही थी। दो सड़का के पास अनियंत्रित ट्रक ने उसे साइकिल समेंत रौंद दिया। जिससे देखते ही देखते मौके पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। भीड़ का फायदा उठाते हुए ट्रक का ड्राईवर व क्लीनर फरार हो गया है।

### दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 16 फरमा तथा चोरी में प्रयुक्त पिकअप को भी पकडा है। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि काफी समय से क्षेत्र में घर निर्माण में प्रयुक्त होने वाले फर्मा आदि की चोरियां हो रही थी। जिसके चलते मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर मौलवीगंज के पास से एक पिकअप को पकडा गया जिसमें दो व्यक्तियों के पास से चोरी के 16 फरमा आदि बरामद गये गये। पकडे गये आरोपियों इरफान पुत्र सहजा निवासी रायपुर मझिगवा तथा सत्यम पुत्र रामविलास निवासी मदाखेड़ा के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने पिकअप को सीज करते हुए दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने कई विद्यालयों का किया भ्रमण

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने गुरुवार को विधानसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत थाना सोनवा व गिलौला क्षेत्र अंतर्गत प्राचार्य रामसमुझ मिश्र शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान लक्ष्मणपुरए राजकीय हाई स्कूल हुसैनपुर खुरहुरीए आचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल धुसवाए श्री मनोहर लाल जवाहर लाल चौधरी पब्लिक इंटर कॉलेज मोहरनियाए श्री राम उजागर सरदार वल्लभभाई पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज भारी गांवए श्री काशी विश्वनाथ इंटर कॉलेज खैरा कलाए राजकीय महाविद्यालय लंगडी गूलरए राजकीय महामाया पॉलिटेक्निक आफइनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी लंगड़ी गूलर आदि का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओंध्सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की कंपनियों का व्यवस्थापन होना हैए उनकी मूलभूत सुविधाओं के लिए विद्यालयों का भ्रमण किया जा रहा है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा लेंगड़ी गूलर मे भारी संख्या पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्चध्एरिया डोमिनेशन किया गया तथा जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

### आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों को अभ्यर्थी बनाये जाने पर 48 घंटे के अन्दर प्रकाशित करानी होगी सूचनाः डीईओ

**रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दलों द्वारा आपराधिक मामले वाले व्यक्तियों को अभ्यर्थी बनाये जाने पर अभ्यर्थी के चयन के 48 घंटे के अन्दर प्रारूप सी-7 पर समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं पार्टी वेबसाइट पर सूचनाएं प्रकाशित करानी होगीं। तत्पश्चात उम्मीदवारों के चयन के 72 घंटे के अंदर राजनैतिक दलों द्वारा प्रारूप सी-8 पर सूचनाएं भारत निर्वाचन आयोग को भेजनी होगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा की है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आपराधिक मामले वाले व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने की दशा में आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर विभिन्न माध्यमों में प्रकाशन कराने के साथ ही आयोग की वेबसाइट पर भी सूचनाएं अपलोड कराने के साथ ही आयोग को समय से सूचनाएं प्रेषित कराएं।

### केंद्रीय नेतृत्व की कार्यशैली से पशोपेश में है भाजपा व सपा के स्थानीय कार्यकर्ता

**बछरावां रायबरेली।** जनपद रायबरेली में होने वाले चौथे चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई ह बसपा, आम आदमी, कांग्रेश पार्टी सहित कई अन्य दलों ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। परंतु भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की अब तक घोषणा ना होने से दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता बड़ी ही असमंजस की स्थिति में पड़े हुए हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि वह इस किस का प्रचार करें, सबसे बड़ी बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि वह अपना पार्टी प्रत्याशी ना उतारकर समझौते में यह सीट अपना दल को देने जा रही है। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता यह नहीं समझ पा रहे कि विधानसभा चुनाव का उनके दल का प्रत्याशी कौन होगा।

# अब साइकिल पर सवार हो गए दिग्गज कांग्रेसी नेता मोहम्मद नईम

- तिलोई सीट से लड़ेंगे विधानसभा का चुनाव

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी

**राहुल** गांधी व प्रियंका गांधी के करीबी हाजी मोहम्मद नईम कांग्रेस का हाथ छोड़कर सपा की साइकिल पर सवार हुए हैं और उन्हें सपा पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है जब कि वहीं से कांग्रेस ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल को मैदान में उतारा है ।

### दो बार गौरीगंज सीट से रनर रहे हैं नईम

तिलोई से सपा प्रत्याशी बनाए गए मोहम्मद नईम मूल रुप से जगदीशपुर विधानसभा के कमरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे बुध्धू के निवासी हैं। उनका शुमार कद्दावर कांग्रेसी नेता में होता था राहुल गांधी के करीबी भी गिने जाते रहे। उन्होंने 2012 और 2017 में गौरीगंज सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा। दोनों बार वो रनर रहे। 2012 में उन्हें 43784 वोट मिले और उन्हें 503 सीटों से हार मिली जब कि 2017 की मोदी लहर में उन्हें 51496 वोट मिले इन्हें इस चुनाव में 26419 वोटों से शिकस्त मिली थी।


सपा में शामिल होने के बाद कांग्रेसी नेता नईम पायनियर

### तिलोई सीट से आजमा रहे भाग्य

तिलोई मुस्लिम बाहुल्य सीट होने के नाते इस बार मोहम्मद नईम सपा की साइकिल पर सवार होकर अपनी किस्मत आजमाएंगे ।जब कि तिलोई सीट से दावेदारी की थी लेकिन जनाधार विहीन निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया जब कि यहां गुजर समुदाय के वोटर निर्णायक भूमिका में हैं ऐसे में अंतिम समय में नईम ने सपा में पैठ बनाया और टिकट हासिल करके कांग्रेस की जीत पर अभी से पानी फेर दिया है। उल्लेखनीय रहे कि प्रदीप सिंघल के टिकट की घोषणा के बाद यह कहा जाने लगा कि वो तो स्वयं तिलोई के बीजेपी विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के आगे नतमस्तक रहते हैं चुनाव क्या लड़ेंगे।

# विधानसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों के व्यय को लेकर हुई अहम बैठक


राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते हुए एडीएम पायनियर

संवाददाता। अमेठी

**उप जिला** निर्वाचन अधिकारी आरके द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार.प्रसार के दौरान उपयोग में लाई जाने वाली विभिन्न सामग्रियों क्रमशरू टेंटेजए कुर्सीए वाहनए जनरेटरए पोस्टरध्बैनरए जलपानए भोजनए इत्यादि सामग्रियों के दर निर्धारण के संबंध में व्यय लेखा कमेटी एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में कमेटी द्वारा पूर्व में निर्धारित दरों की समीक्षा की गई तथा पूर्व में निर्धारित वाहन की दरों में बढ़ोतरी की गई एवं अन्य सामग्रियों की दर हेतु कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि उपरोक्त दरें यथावत रहेंगी। बैठक में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट फाल्गुनी सिंहए वरिष्ठ कोषाधिकारी आलोक राजवंशीए अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमारए एआरटीओ प्रशासनध्प्रवर्तनए जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादवए सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चौबीस घंटे बीते लहरा रहा तिरंगा

- जगदीशपुर में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रध्वज फहराकर भूले स्कूल के जिम्मेदार

**जगदीशपुर अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में गणतंत्र दिवस के मौके पर जिस तरह तिरंगे का अपमान हुआ उस तरह तो आसपास के जिलों में भी नहीं हुआ। यहां स्कूल में गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडा फ्हराने के बाद प्रिंसिपल और अध्यापक अपने घरों को चले गए तो वापस नहीं लौटे। नतीजा यह हुआ कि 24 घंटे बाद राष्ट्र ध्वज लहरा रहा है।

### मामला कहाँ का है ...

**जगदीशपुर** ब्लॉक अंतर्गत नसीराबाद स्कूल का प्रकाश में आया है। बताया



जा रहा कि बुधवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापक ध्वजारोहण के लिए आए और राष्ट्र ध्वज फ्हराया कर सभी वापस चले गए। इसके बाद अंधेरा हो गया और इसे उतारने तक कोई नहीं आया। जब कि नियम यह है कि अंधेरा होने से पहले झंडा उतार लिया जाए।दरअस्ल जिले के अधिकारी तो चुनाव कराने में मस्त है नसीराबाद के जिस प्रायमरी स्कूल में 24 घंटे बाद तिरंगा लहरा रहा ।इस सम्बंध में एसडीएम राकेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है प्रधान जी को फोन करके तत्काल ध्वज को उतरवाने के लिए कहा गया और बाकी आगे कार्यवाही की जाएगी।

### एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने पकड़ी शीशम की लकड़ी

**श्रावस्ती, सिरसिया।** एस एस बी व पुलिस की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान मुखविर की सूचना पर जंगल से काट कर ठेले से लाए जा रहे दो बोटे शीशम को पकड़ कर ककरदारी वन रेन्ज के शुपुर्द कर दिया। एस एस बी 62 वीं वाहिनी द्वतीय कमान अधिकारी भिनगा रविन्द्र कुमार राजेश्वरी को मुखविर से सूचना मिली कि कुछ वन माफिया भारतीय सीमा क्षेत्र के जंगल से पेड़ काट कर उसके बोटे निकालने के फिराक में है सूचना मिलते ही तुरुषमा एस एस बी चौकी पर तैनात निरीक्षक सामान्य चरण सिंह को आदेश दिए गए आदेश मिलते ही जवान बृजेन्द्र कुमार सिंहएगोपाल जी यादव आदि जवानों के साथ पुलिस विभाग के विजय पाल सिंहएराम प्यारे यादवएप्रांशु पाल सीमा गस्त तेज कर दी।

# निर्वाचन के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक टीम का हुआ गठनः जिला निर्वाचन अधिकारी

संवाददाता। श्रावस्ती

**जिला** मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सहायक व्यय प्रेक्षक टीम का गठन किया जा चुका है। उन्होने बताया कि अधिसूचना के दिन से ही सहायक व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति निर्वाचन क्षेत्र मे कर दी जायेगी और सहायक व्यय प्रेक्षक बिना व्यय प्रेक्षक की अनुमति के बिना निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं जायेंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक वीडियो सी डी की रिपोर्ट देखेगाए प्रत्येक अभ्यर्थी से सम्बन्धित रिपोर्ट एवं शिकायतें पढेगाए और छाया प्रेक्षण रजिस्टर तथा अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का अध्ययन करेगा। सहायक व्यय प्रेक्षक छाया प्रेक्षण रजिस्टर और साक्ष्यों के फोल्डर के रख.रखाव का पर्यवेक्षण करता रहेगा। सहायक व्यय प्रेक्षक को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा और व्यय प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य करेगा। सहायक व्यय प्रेक्षक व्यय अनुवीक्षण में लगी टीमों से प्रत्येक अभ्यर्थी के सम्बन्ध में व्यय से सम्बन्धित रिपोर्टध्आदेश प्राप्त कर लिए गए है और अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के दिन.प्रतिदिन के लेखाओं में उचित रूप से दर्शाए गए है। भ्रष्ट आचरण की शिकायत होने पर वह इस शीघ्र कार्रवाई के लिए उड़न दस्तों को हस्तान्तरित करेगा और व्यय प्रेक्षक को तुरन्त सूचित करेगा। उड़नदस्तो द्वारा यदि कार्रवाई नही की जाती है या देरी की जाती है तो इसे व्यय प्रेक्षक के नोटिस में लाएगा जो बदले में आयोग को रिपोर्ट करेगा और एक प्रति मुख्य निर्वाचन अधिकारी को देंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक सभी कार्य की दैनिक रिपोर्ट ;संलग्नद्ध व्यय प्रेक्षक को प्रस्तुत करेगा। सहायक व्यय प्रेक्षक अपनी रिपोर्ट व्यय प्रेक्षक के पहुचने तक जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेगा। समय समय पर सहायक व्यय प्रेक्षक अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का निरीक्षण करेगा एवं किसी भी प्रकार के व्यय को छुपाने पर इसकी रिपोर्ट व्यय प्रेक्षक महोदय को देगें एवं निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थी के रजिस्टर में अपनी टिप्पणी लिखेगा एवं अपने हस्ताक्षर करेगा। इसे छाया प्रेक्षण रजिस्टर मे नोट किया जायेगा।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**एनटीपीसी** ऊंचाहार में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत गणतंत्र दिवस अत्यंत उल्लासपूर्वक मनाया गया। दुल्हन की तरह सजे स्टेडियम परिसर में मुख्य महाप्रबंधक कमलेश सोनी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी कंपनी के साथ-साथ ऊंचाहार परियोजना की उपलब्धियों तथा सभी क्षेत्रों में चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों की चर्चा की। उन्होंने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व के सभी गणतांत्रिक देशों के संविधान का अद्भुत समन्वय है जो समता, समरसता तथा सद्भावना एवं विश्वबंधुत्व को निरुपित करता है। सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने राष्ट्र के चहुमुखी विकास में एनटीपीसी की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य महाप्रबंधक



ने कर्मचारी वर्ग में मेरिटोरियस अवार्ड, कर्मचारी सुझाव योजना अवार्ड, वर्ष का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी अवार्ड, सीआईएसएफ अवार्ड और नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बच्चों को सोलर लालटेन का वितरण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एस के झा, प्रियदर्शिनी लेडिज क्लब की अध्यक्ष अनु सोनी, उपाध्यक्ष विद्या झा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) वंदना चतुर्वेदी, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कोरोना संबंधित नियमों का पालन किया गया।

### 73वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र में 73वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए। तहसील में एसडीएम विजय कुमार ने झंडारोहण करते हुए क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस मौके पर तहसीलदार ज्ञानप्रकाश सिंह समेंत कानूनगो रवीद्रं, राजबहादुर आदि मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सीओं महिपाल पाठक ने झंडारोहण किया। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने, नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता ने ध्वज फ्हराया। अरेडिका में महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव, विकास खण्ड कार्यालय में बीडीओं अंजू रानी वर्मा, एसजेएस पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्या अंजू सिंह, बक्सी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक सुनील सिंह, डिग्री कालेज में प्राचार्य डा0 उदयभान सिंह, इंटर कालेज में प्रधनाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह, काशी ब्राईट में प्रबंधक श्यामचरण शुक्ला, विद्या मंदिर में प्रबंधक प्रदीप मिश्रा, सीएमपीएस में प्रधानाचार्य दीपप्रकाश शुक्ला तथा पीपल ट्री वेचर्स में प्रबंधक अनंत विजय सिंह ने झंडारोहण कर क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस मौके पर राजू प्रजापति, संदीप पटेल, मो0 युसुफ आदि मौजूद रहे।

# न्यू स्टैडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स में 73वां गणतन्त्र दिवस मनाया गया



**रायबरेली** में 73वाँ गणतन्त्र दिवस मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ न्यू स्टैडर्ड ग्रुप ऑफस्कूल्स के संस्थापक-प्रबन्धक डॉ0 शशिकान्त शर्मा जी ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर किया। इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति पूर्ण भाषण, गीत व विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। संस्थापक-प्रबन्धक जी ने अपने अभिभाषण में राष्ट्रीय पर्व के महत्व को समझाते हुए समाज को अपने दायित्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय पर्व की बधाई देते हुए संविधान की मूल भावना का आदर करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से मो0 फैजान खान, सी.एस.दास मिश्र, राकशे अवस्थी, अवधेश शर्मा, रामदेव, शिवकरन पाल, जितेन्द्र सिंह, शाहीन खान, संचिता त्रिवेदी, अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ0 बाला प्रसाद, बालजी पाण्डेय, अनुज कुमार, गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव, देवशंकर शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# गरीब 'संजय' के लिए जिला पंचायत की दरियादिली!

संवाददात। बस्ती

● गरीब अध्यक्ष ने अमीरी दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, बंगले पर खर्च करवा दिया 45 लाख ● 'फौव्वारा' के बाद 'बार' और 'स्वीमिगं पूल' की कमी जताई गई ● भव्य रुप देने को दो आवासों को एक कर दिया ● कगांल जिला पंचायत ने अध्यक्ष के आवास में दिखाई दरियादिली





**सादगी,** गरीबी और ईमानदारी के बल पर जिला पंचायत अध्यक्ष बने 'संजय चौधरी' की सादगी और गरीबी देखना हो तो विकास भवन के सामने उनके उस भव्य बंगले में आ जाइए, जिस पर जिला पंचायत ने 45 लाख खर्च कर दिया। यह उस जिला पंचायत की अमीरी का हाल हैं, जिसे अपने कर्मियों को वेतन देने के लिए घर-घर और दुकान-दुकान वसूली के लिए जाना पड़ता है। कंगाल जिला पंचायत पर लगभग 20 करोड़ का कर्ज है, जो उसने बिना धन के टेंडर निकाल दिया। इसे चुकता करने में जिला पंचायत का एक साल का बजट चला जाएगा। 26 जनवरी 22 को स्थानीय सांसद हरीश द्विवेदी ने भव्य भवन का उदघाटन किया। उदघाटन के बाद लगभग सभी ने बगंले पर खर्च किए इतनी बड़ी धनराशि को लेकर दबी जबान से सवाल उठाए और कहा कि यह तो सरकारी धन का दुरुपयोग है। जिले का यह पहला ऐसा बंगला है, जहां पर फौव्वारा का निर्माण हुआ। इसे और अधिक आलीशन बनाने के लिए एक अन्य मकान को बगंले के साथ जोड़ दिया गया। नवागत अध्यक्ष ने अपनी सादगी से दिखा दिया कि वह भी शानोशौकत में किसी बड़े अधिकारी या नेता से कम नहीं है, इस भवन की उपयोगिता और इसके रखरखाव पर खर्च होने वाले धन पर भी सवाल उठ रहा है, और पूछा जा रहा है, इसे मेनटेन करने के लिए धन और कर्मचारी कहां से आएगें। यह वही 'संजय चौधरी' हैं, जिन्हें अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाने के लिए माननीयगण यह कहते हुए नहीं थकते थे कि पहली बार किसी गरीब परिवार का सदस्य अध्यक्ष बनने जा रहा है। आज आमजनमानस माननीयगण से सवाल कर रही है, कि कहां हैं, वह ईमानदारी, सादगी और गरीबी, जिसका बखान किया जाता था। कहा जा रहा है, कि जिस भाजपा ने वीआईपी कल्चर को समाप्त कर दिया था? आज उसी कल्चर को जिला पंचायत ने जिंदा कर किया। जो काम थोड़े से धन में चल सकता था, उसके लिए 45 लाख खर्च करने की क्या आवश्यकता आन पड़ी, और वह भी ऐसे गरीब अध्यक्ष के लिए जो सादगी से रहने का दावा करते आ रहे है। कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है, कि इतने धन से तो एक बड़ा सा गेस्ट हाउस बनाया जा सकता था। कार्यालय के अंदरखाने की खबर है, कि अध्यक्ष के डायरेक्शन पर ही सब कुछ हुआ। मंहगें पलंग से लेकर मंहगें टायल्स, बाथरुम, किचेन सभी का निर्माण अध्यक्ष की इच्छानुसार हुआ। जिला पंचायत ने सब कुछ यह उस अध्यक्ष के लिए किया, जिसके पास 70 हजार चल और एक लाख 25 हजार की अचल संपत्ति है। कुछ लोग तो यह भी आशंका जता रहे हैं, कि अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह इस भवन को एलाट करा लिया जाएगा, ताकि भवन का मजा लिया जा सके। हालांकि ऐसा इस लिए नहीं हो सकता क्यों कि नियमानुसार यह बंगला किसी व्यक्ति के नाम न होकर अध्यक्ष के नाम एलाट है। जिस जनपद में 80 फीसद गरीब जनता सरकार के अनुदान पर निर्भर हो, अगर ऐसे में गरीबों की नुमांदगी करने वाले जनप्रतिनिधि के शानोशौकत के नाम पर इतनी बड़ी रकम खर्च की जाती है, तो यह गरीबो के साथ मजाक करने जैसा होगा। बस्ती का जिला पंचायत ही नहीं पूरे पूर्वांचल में आज तक किसी अध्यक्ष के लिए बंगला नहीं बना। पूर्व विधायक दूधराम की पत्नी भी अध्यक्ष रही, मगर उन्होंने कभी बगंले की मांग नहीं की, यहां तक कि वर्तमान विधायक दयाराम चौधरी खुद अध्यक्ष रहे मगर इन्होंने भी इस तरह सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं किया। अध्यक्ष बनने से पहले अधिकतर की यह धारणा थी, कि चलो अब तो कम से जिला पंचायत में अनावश्यक खर्च तो नहीं होगा। मगर लोगों का सोचना गलत साबित हुआ, और इसके लिए उन लोगों को दोषी माना जा रहा है, जिन्होंने चयन किया। ऐसे मकान को आंवटित करके उस पर लाखों खर्च कर दिया, जो पहले से ही सुसज्जित था, और जिसमें पूर्व मंत्री रामकरन आर्य रहते थे। इतना ही नहीं लगभग तीन साल पहले इसी भवन पर लाखों रुपया रखरखाव के नाम खर्च हुआ, कहने का मतलब जिसकी भी सत्ता रही, उसी ने अपनी सुविधानुसार मकान के साजोसज्जा के नाम सरकारी धन का दुरुपयोग किया। जबकि नियमानुसार किसी भवन पर किराए का 25 फीसद ही रखरखाव के नाम पर खर्च किया जा सकता है। एएमए ने बताया कि उक्त धनराशि जिला निधि से खर्च हुआ। बताया कि यह धनराशि जिला पंचायत की परिसंपत्तियों के रखरखाव के मद में किया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अध्यक्ष के आवास का नियम है। बताया कि अलबत्ता यह आवास किसी व्यक्ति के नाम न होकर अध्यक्ष पद के नाम रहेगा। लोकसभा में पहले दिन ही डा. लोहिया ने अपने भाषण में कहा था, कि जिस देश में प्रति व्यक्ति की आय तीन आना हो और उस देश के पीएम पर 25 हजार खर्च हो तो ऐसे पद को समाप्त कर देना चाहिए।

# दो गज की दूरी लेकिन दिलों में रहे प्रेमः डीएम

● पुलिस लाइन में जिलाधिकारी ने ली परेड सलामी, सराहनीय कार्य पर वीरेन्द्र सिंह यादव सहित पुलिस अधिकारियों और समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

● नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने दिलाया शपथ

संवाददाता। संतकबीरनगर







**73वां गणतंत्र** दिवस जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के सरकारी, अर्द्व सरकारी कार्यालयों सहित शैक्षणिक संस्थाओं पर ध्वजारोहण कर सलामी ली व राष्ट्रगान के साथ देश की एकता व अखण्डता पर शपथ लिया। जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल ने न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण किया, जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने जिलाधिकारी कार्यालय पर ध्वजारोहण की, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने ध्वजारोहण कर सलामी ली तथा शपथ दिलाया महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ई0ओ0 सुरेश कुमार मौर्य सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया। डीएम ने कलेक्ट्रेट में शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीएम मनोज कुमार सिंह सहित अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने नाजिर शिव कुमार सहित सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर मनोबल बढ़ाया। गणतंत्र दिवस पर विशेष रूप से पुलिस लाईन में आयोजित परेड कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुची जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के साथ ध्वजारोहण कर सलामी ली। तदोपरान्त डीएम ने परेड सलामी ली। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि दो गज की दूरी रहे लेकिन दिलो के बीच रहे प्रेम। उन्होंने पुलिस फोर्स सदैव जनपदवासियों की सुरक्षा में अपना योगदान देती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव ने अपनी जान की बाजी लगाकर नदी में डूब रहे लोगो को बचाया वह बहुत ही सराहनीय है। महिला पुलिसकर्मी भी अपनी उत्कृष्ट सेवा देने में पीछे नही हटती है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन प्रांगण मे ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय सलामी दी गयी तथा गुब्बारा छोड़ा गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से परेड का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस कर्मियों ने हर्ष फायरिंग किया। पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए संकल्प दिलाया गया। जिलाधिकारी ने उ0नि0 ना0पु0 वीरेन्द्र सिंह यादव को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आपरेशनल कार्य के आधार पर प्रदत्त 卐प्रसंशा चिन्ह सिल्वर卐 को देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा को रिजर्व पुलिस लाइन रोड से जोड़ने वाले नवनिर्मित खड़जा व क्वार्टर गार्द के सामने बने पराग मिल्क बार का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीष भदौरिया, क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, आशुलिपिक एसपी अविनाश कुमार सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अमित कुशवाहा सहित समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष एवं जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर याद किए गए महापुरुष

● आयुक्त भवन में झंडारोहण करते कमिश्नर, पुलिस लाइन में सलामी लेती डीएम

संवाददाता। बस्ती





**गणतन्त्र** दिवस जिले में समारोहपूर्वक हर्षोल्लास के बीच मनाया गया। सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, राष्ट्रगान हुआ तथा संविधान का संकल्प दिलाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी, देशभक्ति गीत गाये गये। अधिकारियों, संभ्रान्त नागरिको द्वारा मुख्यालय के विभिन्न चौराहों पर स्थापित महापुरूषों के मूर्तियो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मण्डलायुक्त कार्यालय पर मण्डलायुक्त गोविंद राजू एन.एस. ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान एवं संविधान का संकल्प दिलाने के बाद मण्डलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ तथा देश के सभी नागरिको को राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक समानता का अधिकार प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। केन्द्र एंव राज्य सरकारों के बीच समन्वित संबंध के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाये गये है। गोष्ठी को उप निदेशक पंचायतीराज बी.बी. सिंह, मण्डलीय औषधि निदेशक डा. शशि पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का सचालन जितेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव, सिराज अहमद, सुहेल अहमद, रविन्द्र श्रीवास्तव, अयाज अहमद तथा आयुक्त कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहें। पुलिस लाईन में पुलिस परेड की सलामी डीएम सौम्या अग्रवाल ने लिया। उन्होने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सेना एंव पुलिस बल के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में देश कोविड महामारी से ग्रसित है। देश के नागरिको को इससे बचाने के लिए टीकाकरण महाअभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश में प्रथम डोज 25 करोड़ तथा जिले में शतप्रतिशत लोगों को लगाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गयी है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने पुलिस अधिकारियों को संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया। आईजी राजेश मोदक डी राव ने मुख्य अतिथि/जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेट किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया। इस अवसर पर राजकीय कन्या इण्टर कालेज, बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज, श्रीकृष्ण पाण्डेय गर्ल्स इण्टर कालेज, मिस्टीरियस डांस एकेडमी पुलिस लाईन के वामासारथी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर जिला जज विनोद कुमार, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, डीएफओ नवीन कुमार शाक्य, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी, श्रीमती ज्योति मोदक, श्रीमती आकांक्षा गुप्ता, डा. श्रेया, श्रीमती निशा चौधरी, सीओ आलोक प्रसाद, मोहनलाल, महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पाण्डेय, पुलिस, राजस्व, विकास विभाग के अधिकारीगण तथा सम्मानित नागरिक उपस्थित रहें। समारोह को अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्र, सीआरओ नीता यादव, मुख्य कोषाधिकारी डा. श्रीनिवास त्रिपाठी, अपर एसडीएम अतुल आनन्द, शैलेष दूबे ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर राजकीय कन्या इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। उत्कृष्ट कार्यक्रम के लिए प्रतिभागी छात्राओं व शिक्षिका पूर्णिमा श्रीवास्तव को एडीएम अभय कुमार मिश्र ने पुरस्कृत किया। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर स्वीप आईकान डा. श्रेया, परियोजना निदेशक कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, रामदुलार, सावित्री देवी, प्रेमचन्द्र प्रजापति, संदीप वर्मा, डा. राजेश, डॉ. अश्वनी तिवारी, देवेन्द्र सिंह, विनय तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुलदीप कुशवाहा
एडवोकेट प्रत्याशी
भागीदारी परिवर्तन मोर्चा
230 महोबा सदर विधानसभा सीट

# हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

● मण्डलायुक्त ने पुलिस लाइन में फहराया राष्ट्रध्वज

संवाददाता। गोंडा





**जनपद** में 73वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाण्टन मण्डल एमपी अग्रवाल ने ध्वजारोहण के उपरान्त परेड कमान्डर सीओ सौरभ वर्मा के नेतृत्व में शानदार परेड की सलामी ली तथा पुलिस विभाग की विभिन्न टोलियों एवं झांकियों का अवलोकन किया। बतौर मुख्य अतिथि आयुक्त ने आजादी की लड़ाई में अपना रक्त बहाने और प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश अमर शहीदों के बलिदान को कभी भुला नहीं पाएगा। उनके बलिदान के कारण ही आज हम सब खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं और आजादी के बाद हमारा देश हर क्षेत्र में विकसित हुआ है। परन्तु अमर शहीदों ने जो स्वराज का सपना देखा उसे हम अभी तक पूरी तरह हासिल नहीं कर पाए हैं इसके लिए हम सबको उनके बताए हुए मार्गों का अनुकरण कर अपने में आत्मसात करने की जरूरत है तभी हमारा राष्ट्र तरक्की कर पाएगा। इस अवसर पर स्कूली छात्र.छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। आयुक्तए डीआईजीए डीएम व एसपी द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए छात्र.छात्राओं को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं शानदार परेड व झांकियों के आयोजन पर परेड कमांडर सौरभ वर्माए आरआई यशवंत प्रताप सिंहए एसआई अंकित सिंह सहित कई पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक उपेन्द्र अग्रवालए जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाहीए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्राए सीजेएम गोण्डाए सीआरओ जयनाथ यादवए अपर जिलाधिकारी राकेश सिंहए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराजए नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ताए एसडीएम सदर विनोद सिंहए सीओ लाइन्स लक्ष्मीकान्त गौतमए सहित अन्य बुद्धिजीवी वर्गए पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीए पत्रकार बंधु तथा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण व बच्चे उपस्थित रहे।

## धनलाल तिवारी बने जिलाध्यक्ष

**गोंडा।** बार एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त मंत्री व अधिवक्ता परिषद के महामंत्री धनलाल तिवारी एडवोकेट को संयुक्त अधिवक्ता महासंघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी देते हुए मंडल प्रभारी ज्ञान प्रकाश मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्ष सदैव मुखर रहने वाले धनलाल तिवारी को उनकी नेतृत्व शैली को पहचानते हुए प्रदेश संगठन ने उन्हें जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। इस अवसर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठीए महामंत्री रितेश यादवए वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरीशंकर चतुर्वेदीए अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंहए कृष्ण कुमार द्विवेदीए चंद्र शेखर सिंहए अजय शंकर श्रीवास्तव श्बंटीश्ए अशोक सिंहए रमेश चंद्र गुप्ताए मदनमोहन त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।


क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गंगादीन अहिरवार
जिलाध्यक्ष
बहुजन समाज पार्टी महोबा

क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वी.पी. सिंह
जिला कृषि अधिकारी
महोबा

क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


निर्दोष दीक्षित
प्रत्याशी
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
231 चरखारी विधान सभा सीट

क्षेत्रवासियों व नगरवासियों को 26 जनवरी 2022 की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छ महोबा
सुंदर महोबा
नगर पालिका परिषद महोबा
वीरभूमि के विकास की ओर बढ़ते कदम
नागरिकों से अपील
● नगर आपका है इसे साफ सुथरा रखें
● सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति न पहुंचायें
● करों की समय से अदायगी करें।

जितेन्द्र कुमार
उपजिलाधिकारी
प्र0अधि0 अधिकारी
अरुण शुक्ला
लेखाकार
दिलाशा सौरभ तिवारी
चेयरमैन
एवं समस्त सभासद गण न0पा0प0 महोबा

क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मायावती

संजय साहू
प्रत्याशी
बहुजन समाजपार्टी
230 महोबा सदर विधानसभा सीट
निवेदक : बहुजन समाजपार्टी
जनपद महोबा

# योगेश व मंजू सहित तीन ने भरे पर्चे

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**विधानसभा चुनाव** की कड़ी में खीरी जिले में ब्रहस्पतिवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें दो भाजपा व एक निर्दलीय प्रत्याशी शामिल थे। नामांकन के पहले दिन सदर विधानसभा से वर्तमान विधायक योगेश वर्मा ने पर्चा दाखिल किया। उनके साथ इसी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नरेश सिंह भदौरिया ने नामांकन भरा। वहीं श्रीनगर विधानसभा से भाजपा की वर्तमान विधायक मंजू त्यागी ने पर्चा भरा।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु जनपद खीरी में अवस्थित सभी आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी संजीव सुमन एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित सभी आठों नामांकन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रेनू एवं इला प्रकाश मौजूद रही ।डीएम-एसपी ने सभी नामांकन स्थलों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सभी रिटर्निंग अफसरों को नामांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित, सुचारु ढंग से कराने के निर्देश दिए। वही नामांकन प्रक्रिया के दौरान मा. भारत निर्वाचन आयोग से जारी दिशा-निर्देशों, नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

नामांकन स्थल देखने के बाद डीएम-एसपी ने सीडीओ संग कलेक्ट्रेट परिसर से अंबेडकर पार्क, लोहिया चौराहा, पुलिस लाइन होते हुए कलेक्ट्रेट तक पैदल भ्रमण कर लगाए गए बैरिकेडिंग एवं गेटो का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान अफसरों ने कलेक्ट्रेट की ओर आने वाली सभी रोड पर लगाई बैरिकेडिंग देखी, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए ।जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र लखीमपुर (सदर) में दो (भाजपा से योगेश वर्मा व निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया) ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वही श्रीनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा की मंजू त्यागी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावा कस्ता से एक व्यक्ति ने एक नामांकन पत्र, पलिया से 05 व्यक्तियों ने आठ नामांकन पत्र, धौराहरा से दो व्यक्तियों ने चार नामांकन पत्र, मोहम्मदी से 07 व्यक्तियों ने 18 नामांकन पत्र, सदर से 10 व्यक्तियों ने 25 नामांकन पत्र, श्रीनगर से 04 व्यक्तियों ने चार नामांकन पत्र, निघासन से 04 व्यक्तियों ने 11 नामांकन पत्र, गोला से 04 व्यक्तियों ने 09 नामांकन पत्र प्राप्त किए।

## चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू

**लखीमपुर खीरी।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए गुरुवार को धर्म सभा इंटर कॉलेज में निर्वाचन कार्मिकों का दो पालियों में प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रथम पाली में एक हजार के सापेक्ष 72, दूसरी पाली में एक हजार के सापेक्ष 45 कार्मिक अनुपस्थित रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि किन्ही कारणों से अनुपस्थित रहे सभी कार्मिक 31 जनवरी को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। अन्यथा उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उनके विभागाध्यक्ष संबंधित के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्यवाही अमल में लाएंगे। डीएम ने कहा कि सभी निर्वाचन कार्मिकों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण में निर्वाचन संबंधी सभी जानकारियां प्राप्त कर ली जाए, ताकि निर्वाचन के दौरान कोई असुविधा ना हो। कोई भी संशय मन में ना रखें, निसंकोच मास्टर ट्रेनर से पूछकर शंकाओ का समाधान करा ले। उन्होंने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में पीठासीन व मतदान अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में सभी लोग ठीक ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। यदि प्रशिक्षण में ठीक से जानकारी हासिल करेंगे तो कार्य के दौरान परेशानी नहीं होगी। इसके बाद डीएम डीएम ने प्रशिक्षण स्थल पर मॉडल पोलिंग बूथ एवं पोस्टल बैलट कैंप भी देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्मिकों को मॉडल पोलिंग बूथ अवश्य दिखाया जाए। इस दौरान प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण पीडी केके पांडेय डीडीओ अरविंद कुमार समेत मास्टर ट्रेनर संजीव सक्सेना मौजूद रहे।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में लकड़ी उतार रहे मजदूर की मौत

**संडीला( हरदोई )।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लाई वुड फैक्ट्री में टैऊक्टर ट्राली से लकड़ी उतारते समय एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र की प्लाई वुड फैक्ट्री में बिहार के जनपद चंपारन के ग्राम लालबगिया थाना चिरइया निवासी जीतेन्द्र साहनी अपने दो भाइयों हरेन्द्र और महेन्द्र और अशोक के साथ काम करता था। वह ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी उतार रहा था। इसी बीच वह एक लकड़ी का भारी टुकड़ा उठाते समय सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन उठाकर सीएचसी ले जाया जा रहा था। जब उसको सीएचसी पहुंचाया गया तो डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधन और परिवार के बीच समझौता हो जाने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजन को सौंप दिया है।

## शस्त्र लाइसेंस जमा न कराने के लिए दिया ज्ञापन

**मोहम्मदी-खीरी।** प्रशासन द्वारा विधान सभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए शस्त्र लाइसेंस जमा कराने के लिए बाध्य किए जा रहे बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव को सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा शस्त्र लाइसेंसी अधिवक्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जमा करने के लिए बाध्य किया जा रहा है तथा संबंधित थाना प्रभारी द्वारा अधिवक्ताओं के शस्त्र निरस्तीकरण की धमकी दी जा रही है।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

संवाददाता। संडीला( हरदोई)



**गणतंत्र दिवस** समारोह क्षेत्र में अत्यंत धूम धाम से मनाया गया। स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कॉलेज प्रबंध तंत्र के सदस्य श्रीयुत श्रीराम ने ध्वजारोहण किया। मेजर इम्तियाज़ अली ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबंधक बेगम इशरत रसूल ने सभी छात्र छात्राओं तथा स्टाफ को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 ओम प्रकाश ने भी अपने विचार रखे। कॉलेज के शिक्षक यशवंत सिंह ने काव्य पाठ करते हुए कहा "देश की आन बान शान पर वारि गए, हिन्दू मुस्लिम सिख लाज देश की बचाई है। जनता के ख्वाब में संडीला के नवाब साहब ने आईआर ज्ञान की गंगा बहाई है, हिन्दू और मुसलमान रहे यहां हिल मिल, प्रीति रीति यहां बेगम साहब ने सिखाई है।" इसी अवसर पर कॉलजे के वरिष्ठ शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री आशीष सिंह, रमाकांत शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम, अजय शुक्ला आदि ने भी अपने विचार रखे। टीआरएस कॉन्वेंट स्कूल में वर्चुअल गणतंत्र दिवस मनाया गया। कॉलेज की डायरेक्टर विभा सिंह ने संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर के विशेष योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। गौसगंज रोड पर सरांय मारुखपुर स्थित कारगिल अमर शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ब्लाक संडीला के एपीओ आलोक कुमार अस्थाना, अतुल तिवारी, शकील महमूद, विवेक द्विवेदी, पियूष गुप्ता आदि ने कारगिल शहीदों कैप्टन विक्रम बतरा, मनोज पाण्डेय और लांस नायक आबिद खां की मूर्तियों का माल्यार्पण किया तथा इसके बाद एक तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। नगर पालिका परिषद में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में चेयरमैन मो0 रईस अंसारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने विचार रखे। इसी अवसर पर अजय नागर ,मो0 हारून, मौलाना मो0 दाऊद तथा नरेन्द्र वर्मा एडवोकेट को संडीला रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न सरकारी विभागों में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। अमर जवान चौक तथा अंबेडकर पार्क में भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

## अनुराग अस्थाना बने अवध पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष




**संडीला( हरदोई )।** वरिष्ठ पत्रकार अनुराग अस्थाना को अवध पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश अधयक्ष मनोनीत किया गया है। प्रेस क्लब पर आयोजित पत्रकारों की बैठक में पत्रकार मुईज सागरी ने अनुराग अस्थाना के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसे उपस्थित पत्रकारों ने सर्व सम्मति से स्वीकृत कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत होने पर अनुराग अस्थाना ने कहा कि वे पत्रकारों की समस्याओं को शासन स्तर तक उठाएंगे। इस अवसर पर नगर के अनेक पत्रकार मौजूद रहे।







# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र

## शुभकामना सन्देश एवं अपील

**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोनभद्र की तरफ से 26 जनवरी 2022 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व विभाग की ओर से सभी जनपद वासियों से निम्न अपील की जाती है–**

- कोविड–19 (कोरोना) से स्वयं व अपने परिवार को सुरक्षित रखनें के लिये वैक्सीन/टीका सरकार द्वारा विभिन्न चरणों में सभी जनमानस को लगायी जा रही है, जिसमें पूर्ण सहयोग कर नियमानुसार आयुवर्गवार वैक्सीनेशन कराये तथा सभी 18–वर्ष से अधिक के सभी छूटे हुये लोग टीकाकरण अवश्य करावें।
- कोविड–19 (कोरोना) से अपनी व सबकी सुरक्षा के लिये नियमित मास्क पहनें, 2–गज दूरी बनायें, अपने चेहरे को छूने से बचें, हॅाथों को नियमित रूप से साबुन से धोयें अथवा सैनीटाईज करें व सरकार द्वारा समय समय पर दिये जा रहे निर्देशों, प्रोटोकाल का पालन करें।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत निःशुल्क प्रसव, जननी शिशु सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती व प्रसूता को निःशुल्क सेवा लाभ, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में बच्चों का सभी आवश्यक टीका, परिवार को सीमित रखने के लिये स्थायी व अस्थायी विधि, टी0बी0 उन्मूलन कार्यक्रम में निःशुल्क उपचार, जिला संयुक्त चिकित्सालय पर निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन व अन्य सेवायें दी जाती है, इस हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आशा/ए0एन0एम0 बहन से सम्पर्क स्थापित करके लाभ उठावें।
- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक मास की 09–तारीख को सभी ब्लाक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय में कुशल चिकित्सकों द्वारा गर्भवती की जाँच की जाती है।
- आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत वर्ष, 2011 के जनगणना के आधार पर सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत चिन्हित पात्र/परिवारों को प्रतिवर्ष 5–लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज सूचीबद्ध सरकारी एवं प्राईवेट चिकित्सालय/अस्पताल द्वारा प्रदान किया जाता है।
- प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत पहले बच्चे के जन्म पर रू0—5000/– का अनुदान निर्धारित 03–किश्तों में दिया जाता है।

**स्वास्थ्य आपका, साथ हमारा**



डा0 रमेश सिंह ठाकुर
मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
सोनभद्र



श्री टी0के0शिबु (IAS)
जिलाधिकारी, सोनभद्र

पत्रांक–मु0चि0अ0/विज्ञापन–गणतंत्र दिवस/2022/176–11 दिनांक 25.01.2022

# कर्म और भाग्य की गतिशीलता

**हिंगोरी का कहना है कि जब हम अपनी तृष्णाओं और आसक्तियों के साथ संसार का निर्माण करते हैं, तो ये स्पष्ट रूप से हमारे जरिए हमारी नियति लिख रहे हैं**



कर्म और नियति– ये शब्द काफी परिचित हैं और हमारी रोजमर्रा की बातचीत का हिस्सा हैं। हालांकि, जब हम इनके सही अर्थ में गहराई से उतरते हैं, तो हमें पता चलता है कि जो सरल लगता है वो वैसा होता नहीं है यदि हम उसे द्वैत के लेंस से देखते हैं।

तो, कर्म और भाग्य क्या हैं? यह बहुत गलत नहीं होगा, अगर हम कहें कि स्मृति और गुप्त प्रवृत्ति (मन की कंडीशनिंग) 'भाग्य' है और स्मृति और गुप्त प्रवृत्तियों के इस संयोजन द्वारा बनाई गई परिस्थितियों के परिणामस्वरूप 'कथित क्रिया' कर्म है।

आइए देखें कि यह स्मृति क्या है, और क्रिया को 'कथित' के रूप में क्यों वर्णित किया गया है। जब कर्म कथित अवचेतन में जमा हो जाते हैं, तो प्रवृत्ति और स्मृति एक ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए एक साथ आती हैं जहां कार्रवाई को अंजाम देने की आवश्यकता होती है। संचित कर्म फल की प्रतीक्षा में नियति है और फल स्वयं कर्म है। जब हम इसे द्वैत के चश्मे से देखते हैं, तो हम यह सब मन के भीतर अनुभव करते हैं।

हमारे शास्त्र कहते हैं, जो कुछ भी बनाया गया है वह अनंत चेतना या सर्वोच्च चेतना से है। जैसे जब हम सपने देखते हैं तो हम रूप, अनुभव, परिणाम और भावनाएं बनाते हैं, लेकिन जब हम सपने से जागते हैं, तो हमें पता चलता है कि यह सब असत्य था। जो लोग प्रबुद्ध या जागृत अवस्था में हैं, वे स्वयं को इस सर्वोच्च चेतना से अलग नहीं देखते हैं, और कार्य, और जो कुछ भी मौजूद है, वे सपने का एक हिस्सा हैं और इसलिए, असत्य है कि हम वास्तविक के रूप में देखते हैं, केवल अपनी अनुभूति में।

जैसे-जैसे हम अपनी तृष्णाओं और आसक्तियों के साथ संसार का निर्माण करते हैं, वैसे-वैसे ये हमारे द्वारा हमारे भाग्य को लिख रहे हैं। हालांकि, वास्तव में लिखे जाने के बजाय, इसकी कल्पना की जा रही है। चूंकि अतीत, भूत वर्तमान और भविष्य भी, मन के उपाय हैं और इसे सादगी के नाम पर, रैखिक प्रगति के विपरीत एक स्तरित किस्म के ढेर के रूप में देखा जा सकता है, फल बाद की तारीख की प्रतीक्षा नहीं कर रहा है, लेकिन यह भी उसी पल में घटित हो रहा है। यह काफी हद तक घर पर फिल्म देखने जैसा है, व्यक्ति में फिल्म में आगे बढ़ने, रिवाइंड करने, छोड़ने और कल्पना करने की क्षमता होती है कि फिल्म में क्या होने वाला है। अब कल्पना करें कि फिल्म के निर्देशक ने इसकी अपने दिमाग में सोच रखा है – सभी भागों, वार्डरोब, सेट, दृश्य संकेत और प्रत्येक दृश्य को एक दूसरे से स्वतंत्र रूप से शूट किया जा रहा है ताकि बाद में उन्हें फिट होने पर एक साथ घुमाया जा सके। जैसा कि आप देखना शुरू करते हैं कि यह कैसे चलता है, वैसे ही कर्म और भाग्य के संदर्भ में अपने जीवन को भी करें।

जब हम अपने आप को अनंत चेतना से अलग के रूप में पहचानते हैं, तो हम मन और अहंकार के परिणामस्वरूप द्वैत पैदा करते हैं, हालांकि वास्तव में शाश्वत सत्य केवल एक है – सरलतम ढंग से कहा गया है कि हम सर्वोच्च चेतना के विचार या कल्पना की रचना हैं। इसलिए, जो कुछ भी मौजूद है, सभी प्राणी, उनके मन, उनके फल, परम चेतना में मौजूद हैं।

ऋषि भृगु और नास्त्रेदमस जैसे कुछ लोगों ने इस फिल्म को भाग्य कहा है क्योंकि वे अनंत चेतना देखते हैं, और सभी यादें, प्रवृत्तियां, चरित्र और क्रियाएं अंततः इस चेतना का एक हिस्सा हैं। इसे सरल शब्दों में समझाने के लिए – यदि हम अपने द्वारा देखे गए सपने के प्रत्येक विवरण को जगा सकते हैं, उसका विवरण दे सकते हैं और उसका दस्तावेजीकरण कर सकते हैं, तो हम एक कथित भविष्यवाणी लिखने में सक्षम होंगे, क्योंकि प्रत्येक सपने में प्राणी, वातावरण, तत्व क्रियाएं और परिणाम होते हैं। एक सपने की तरह, एक प्रबुद्ध अवस्था में हम समय से आगे निकल जाते हैं क्योंकि हम एक ही समय में सब कुछ देखने में सक्षम होते हैं। किसी भी स्थिति में, जहां से हम इसे देख रहे हैं, समय युगों का माप है न कि वर्षों का।

> जब हम अपने आप को अनंत चेतना से अलग के रूप में पहचानते हैं, तो हम मन और अहंकार के परिणामस्वरूप द्वैत पैदा करते हैं, हालांकि वास्तव में शाश्वत सत्य केवल एक है - सरलतम ढंग से कहा गया है कि हम सर्वोच्च चेतना के विचार या कल्पना की रचना हैं। इसलिए, जो कुछ भी मौजूद है, सभी प्राणी, उनके मन, उनके फल, परम चेतना में मौजूद हैं।

तो, स्वतंत्र इच्छा के बारे में क्या कहेंगे? क्या यह भी एक भ्रम है? जब किसी ऐसी चीज की कल्पना की जा रही है जो अपने आप में असत्य है, तो स्वतंत्र इच्छा कैसे हो सकती है? क्रिया भी हमारे मन में मौजूद है और हमारी स्मृति और प्रवृत्तियों द्वारा निर्धारित की गई है – यह भी एक सपने की तरह बनाई जा रही है जहां हम मौजूदा के साथ व्यवहार करते हुए नई चीजों की कल्पना कर रहे हैं। हमारी व्यक्तिगत चेतना उन स्मृतियों को प्राप्त करने वाली होती है जो लंबित फलित होती हैं, और फिर हम इनका एक हिस्सा जीते हैं, और फिर फलने-फूलने के लिए कुछ और यादें निर्मित करते हैं। यही कारण है कि ऐसा कहा जाता है कि जब तक हम अपने सबकों को सीख नहीं लेते हैं, तब तक परिदृश्य दोहराते हैं। कार्रवाई इस तरह से होती है जिसे हम गलत समझते हैं, हम इससे अलग स्क्रिप्ट बनाते हैं, दूसरी बार फलने के लिए। हालांकि, जब हमारी अंतर्निहित यादें यह मानती हैं कि क्रिया फलीभूत हो गई है, तो स्मृति को त्याग दिया जाता है क्योंकि यह आगे कोई क्रिया नहीं करती है और हमें संसार से मुक्ति के मार्ग पर ले जाती है। यह सब भी असत्य है, बहुत कुछ अनुकरण की तरह या मैट्रिक्स या इंसेप्शन जैसी फिल्मों की तरह। हालांकि, फिल्मों के विपरीत आपको सच्चाई का अनुमान लगाने के लिए 'सॉफ्टवेयर कोड' या 'स्पिनिंग टॉप्स' की आवश्यकता नहीं होती है।

एक बार जब आप इसे महसूस कर लेते हैं, तो आप फिल्म को अभिनेता के बजाय निर्देशक के रूप में देखते हैं और भूमिका में इतनी गहराई से डूब जाते हैं कि वह 'वास्तविक' और 'रील' के बीच का अंतर नहीं देख पाता है।

क्या नियति बदली जा सकती है? केवल एक सिद्ध गुरु ही भाग्य बदल सकता है। प्रबुद्ध होने के कारण, वह वास्तविकता के वास्तविक स्वरूप को जानता है क्योंकि वह वास्तविकता के साथ 'एकाकार' है। उसके लिए वास्तविक और असत्य के बीच अंतर करना आसान है। वह एक साधारण विचार से असत्य को बदल सकता है। एक सिद्ध गुरु वो मार्गदर्शक होता है जो आपको आत्म-मंथन की यात्रा में ले जा सकता है और मन की लालसा से उत्पन्न होने वाली आंतरिक उथल-पुथल को दूर करने में आपकी सहायता कर सकता है।

हालांकि उपरोक्त व्याख्याएं शायद आध्यात्मिक यात्रा में 'स्कूल स्तर' पर हैं, पर आपको अपनी 'आध्यात्मिक पीएचडी' में तेजी लाने के लिए एक सिद्ध गुरु की आवश्यकता होगी। यह अनुभवों के जरिए अनुभव और अहसास की यात्रा है। और जैसा कि आप इससे होकर गुजरते हैं, आपको पता चल जाएगा कि दुनिया में ऐसी कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती है जिससे हम परिचित हैं ताकि आपको वहां पहुंचने में मदद मिल सके। इसलिए धैर्य रखें और अपने अनुभवों से अवगत रहें।

**– लेखक आध्यात्मिक पुस्तकों की हिंगोरी सूत्र श्रृंखला के लेखक हैं**

# रंगों पर करें ध्यान

**आरती जवेरिक कहती हैं कि रंग ध्यान के लिए आवश्यक है कि आप एक आदर्श संतुलन बनाए रखने के लिए चक्रों और उनके रंगों पर ध्यान दें**



रंग हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न और अनिवार्य हिस्सा हैं। हमारे जीवन में उनकी भूमिका कभी नाटकीय और कभी सूक्ष्म होती है। उनका उपयोग व्यक्त करने, प्रभावित करने और बहुत कुछ करने के लिए किया जा सकता है। दुनिया भर में कई प्राचीन संस्कृतियां हैं जो रंगों की उपचार शक्तियों में विश्वास करती हैं। क्रोमो थेरेपी जिसे लाइट थेरेपी के रूप में भी जाना जाता है, एक लोकप्रिय समग्र उपचार और ध्यान उपचार है। मनोवैज्ञानिकों व चिकित्सा शोधकर्ताओं ने कई वर्षों से मानस पर रंगों के प्रभाव पर अनेक अध्ययन किए हैं। विज्ञापन उत्पादों व स्थानों के बारे में कुछ भावनाएं उत्पन्न करने के लिए रंग के सचेत उपयोग को शामिल किया जाता है। उसी कारण से, हम मानते हैं कि आपका दैनिक ध्यान के दौरान रंगों पर ध्यान केंद्रित करना आपके दैनिक ध्यान पर महत्वपूर्ण प्रभाव साबित होगा।

इससे पहले कि हम इस पर ध्यान दें, आइए रंगों और चक्रों के बीच के संबंध को समझते हैं। पहिया के लिए संस्कृत शब्द, 'चक्र' आपकी रीढ़ के साथ एक सीधी रेखा में स्थित होने के लिए जाना जाता है। शरीर के सात चक्र आपके सिर के ऊपर से आपकी रीढ़ के आधार तक, केंद्र से नीचे की ओर चलते हैं। प्रत्येक चक्र एक व्यक्तिगत ऊर्जा केंद्र है और इसका एक अनूठा रंग है जो इसका प्रतिनिधित्व करता है। रंग ध्यान के लिए आवश्यक है कि आप अपने शरीर और मन के बीच एक आदर्श संतुलन बनाए रखने के लिए अपने प्रत्येक चक्र और उनके संबंधित रंगों पर ध्यान केंद्रित करें। यह संतुलन इस प्रकार उपचार और मन की शांति को बढ़ावा देगा। चक्र पृथ्वी के तत्वों से संबंधित हो सकते हैं – वायु, अग्नि, जल, आकाश, आध्यात्मिक जागरण और ज्ञानोदय। सात चक्र और उनसे जुड़े रंग हैं :

- **लाल :** यह रंग आपकी रीढ़ की जड़ में स्थित चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। यह आपकी जीवन शक्ति के रूप में जाना जाता है और स्थिरता का प्रतिनिधित्व करता है। लाल रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपको निराशा और क्रोध की भावनाओं को साधने में मदद मिलेगी। लाल वो रंग है जो आपके शरीर और दिमाग को उत्तेजित करता है जिससे आपकी उत्तेजना बढ़ती है।
- **नारंगी :** यह नौसैनिक क्षेत्र में स्थित चक्र का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे त्रिक चक्र के रूप में भी जाना जाता है। नारंगी रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपको कामुकता, रिश्तों, शारीरिक दबाव, भावनात्मक आत्म अभिव्यक्ति और रचनात्मकता के मसलों को कम करने में मदद मिलेगी। संतरा आपके तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करने और उत्तेजना को सक्रिय करने के लिए जाना जाता है।
- **पीला:** आपकी छाती के ठीक नीचे, आपका सौर जाल चक्र स्थित है। पीला आपके सौर जाल चक्र पर केंद्रित है और आपके आशावाद, खुशी और विचार प्रक्रियाओं पर प्रभाव डालता है। पीला वो रंग है जो आपकी शारीरिक जीवन शक्ति, मानसिक जागरुकता और विश्लेषणात्मक रूप से सोचने और संसाधित करने की क्षमता को प्रभावित करता है।
- **हरा:** हृदय चक्र आपकी छाती के केंद्र में स्थित होता है। हरा रंग आपके हृदय चक्र पर ध्यान केंद्रित करता है और शांति, प्रेम और पोषण की भावनाओं को पैदा करता है। यह शारीरिक उपचार शुरू करता है। यही कारण है कि ज्यादातर अस्पताल हरे रंग में रंगे हुए हैं।
- **नीला :** आपके स्वरयंत्र के आधार पर स्थित है कंठ चक्र और नीला उस पर केंद्रित है। ध्यान करते समय, अपने कंठ चक्र पर ध्यान केंद्रित करने से आपको अपने आत्मविश्वास और आत्म अभिव्यक्ति में मदद मिलेगी। शारीरिक रूप से नीला आपके थायरॉयड ग्रंथि और लसीका तंत्र को नियंत्रित करता है।
- **इंडिगो :** यह तीसरे नेत्र चक्र का प्रतिनिधित्व करता है, यानी आपके माथे के बीच में स्थित है। ध्यान करते समय रंग पर ध्यान केंद्रित करने से आपके अंतर्ज्ञान और मन की शांति में मदद मिलेगी।
- **बैंगनी :** आपकी खोपड़ी के शीर्ष पर स्थित मुकुट चक्र को बैंगनी रंग द्वारा दर्शाया जाता है। रंग पर ध्यान करने से आपको सार्वभौमिक चेतना के साथ तालमेल बिठाने में मदद मिलेगी और आप स्वयं को अधिक जागरूक और स्वयं के साथ शांति बना पाएंगे।

**– लेखक एक दृश्य कलाकार हैं**




















